इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 466] भोपाल, गुरूवार, दिनांक 25 अगस्त 2022—भाद्र 3, शक 1944

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 2022

क्र. 6458—12—2022—पचास—2.— राज्य शासन एतद्द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देख—रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 110 में दिए प्रावधानों के परिपेक्ष्य में मध्यप्रदेश किशोर न्याय (बालकों की देख—रेख और संरक्षण) नियम 2022 विभाग द्वारा तैयार की गई है, एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

अजय कटेसारिया, उपसचिव.

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (2016 का 2) की धारा 110 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः–

नियम

अध्याय-1

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) नियम 2022 है।

(2) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. **परिभाषाएं.–**

(1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(1) "**अधिनियम**" से अभिप्रेत है किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (2016 का 2);

(2) "**मामला कार्यकर्ता**" से अभिप्रेत है पंजीकृत स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठन का ऐसा प्रतिनिधि जो कि बालक के साथ बोर्ड या समिति के समक्ष जाएगा और ऐसे कार्य करेगा, जो कि बोर्ड या समिति द्वारा उसे सौंपे जाएं;

(3) "**बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली**" से अभिप्रेत है बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली से ऐसी ऑनलाइन प्रणाली जो कि दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में सहायता करे व उस कार्यक्रम की निगरानी करे;

(4) "**बाल अध्ययन रिपोर्ट**" से अभिप्रेत है वह रिपोर्ट जिसमें बालक के ब्यौरे जैसे, बालक की जन्मतिथि और सामाजिक पृष्ठभूमि का उल्लेख हो;

(5) "**सामुदायिक सेवा**" से अभिप्रेत है विधि का उल्लंघन करने वाले चौदह वर्ष से अधिक आयु के बालकों द्वारा समाज को प्रदान की जाने वाली ऐसी सेवा जो अपमानजनक और अमानवीय नहीं हो और इसमें सहायता गतिविधियाँ जैसे उद्यान या स्कूल या सार्वजनिक पुस्तकालय का रखरखाव, वृद्धाश्रमों में वृद्धों की सेवा, यातायात स्वयंसेवियों के रूप में कार्य करना, बाल देखरेख संस्थाओं या दिव्यांग बालकों के गृहों में सेवा करना, खेल सुविधाओं में सेवा प्रदान करना सम्मिलित है किंतु जो इन्हीं

तक सीमित नहीं है, अथवा कोई अन्य सेवा जो समुदाय को प्रदान की जाए जिसे यथास्थिति बोर्ड या न्यायालय बालक के हित में उचित समझे;

(6) सामान्यतः बोर्ड या बालक न्यायालय की कार्यवाहियों के संबंध में **'अंतिम निपटान** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 17 या धारा 18 के अधीन अथवा बोर्ड द्वारा इन नियमों के नियम 10 (1) ;पपद्ध के अधीन पारित कोई आदेश या अधिनियम की धारा 19 या धारा 20 के अधीन बालक न्यायालय द्वारा पारित कोई आदेश, जैसा भी मामला हो :

परंतु ऐसा अंतिम निपटान बोर्ड या बालक न्यायालय के समक्ष की कार्यवाहियों को समाप्त करने के रूप में नहीं माना जाएगा और यथास्थिति, जांच या निगरानी के जारी रहने की अवधि तक, लम्बित माना जाएगा।

(7) समिति की कार्यवाहियों के संबंध में **'अंतिम निपटान** से सामान्यतः वह चरण अभिप्रेत है जब देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के संबंध में समिति द्वारा निम्नलिखित सात आदेशों में से एक या अधिक आदेश पारित कर दिए गए हों –

(क) अधिनियम की धारा 37 (1) (ख) के अनुसार बाल कल्याण अधिकारी या पदाभिहित सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा पर्यवेक्षण के लिए आदेश सहित या रहित बालक का माता–पिता या अभिभावक के साथ या परिवार में पुनर्स्थापन;

(ख) दत्तक ग्रहण या दीर्घ अवधि देखरेख के प्रयोजन के लिए अधिनियम की 37 (1) (ग) के अनुसार बाल गृह या विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण में बालक को रखा जाना या तो इस निष्कर्ष पर पँहुचने के पश्चात् कि बालक का परिवार खोजा नही जा सकता है या अगर खोज भी लिया जाता है तो परिवार में बालक की पुनर्स्थापना बालक के सर्वोत्तम हित में नहीं है।

(ग) अधिनियम की धारा 37 (1) (घ) के अनुसार बालक को दीर्घ अवधि के लिए उपयुक्त व्यक्ति के साथ रखना;

(घ) अधिनियम की धारा 44 के अधीन पालन पोषण देखरेख आदेश, जबकि ऐसा पालन पोषण देखरेख आदेश विस्तारित अवधि के लिए पारित किया गया हो;

(ड़) यह घोषणा कि बालक अधिनियम की धारा 38 के अधीन दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त है;

(च) यह घोषणा कि व्यक्ति अधिनियम की धारा 94 के अनुसार बालक नहीं है;

(छ) यह घोषणा कि कोई बालक अधिनियम की धारा 37 (1) (क) के अनुसार देखरेख और संरक्षण हेतु जरूरतमंद नहीं है:

परन्तु अगर किसी प्रकरण का निपटान उपरोक्त वर्णित आदेशों के अनुसार न किया गया हो तो वह लंबित माना जाएगा।

परंतु यह और कि अंतिम निपटान का अर्थ समिति के समक्ष कार्यवाहियों का समापन नहीं समझा जाएगा जब तक कि समिति अनुवर्ती कार्रवाई जारी रखना आवश्यक समझे।

(8) "अन्तिम प्रतिवेदन" से अभिप्रेत है बोर्ड या बालक न्यायालय, जैसा भी मामला हो के समक्ष बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या पुलिस के अन्वेषण अधिकारी, जैसा भी मामला हो द्वारा बालक की अभिकथित संलिप्तता के संबंध में अपराध के अन्वेषण के पूर्ण होने पर दायर की गई रिपोर्ट और इसकी वही स्थिति और प्रभाव दंड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 173 के अधीन एक पुलिस रिपोर्ट के रूप में समझा जाएगा।

(9) **'प्रथम संक्षिप्त जांच'** से अभिप्रेत है बोर्ड के समक्ष बालक को सर्वप्रथम प्रस्तुत करने की तारीख पर बोर्ड द्वारा प्रारंभ की गई समीक्षा।

(10) प्रारूप से अभिप्रेत है इन नियमों के साथ संलग्न प्रारूप या इन नियमों के अधीन विहित प्रारूप : परन्तु ऐसे प्ररूप और प्रारूप केवल नमूना हैं और जब और जैसा आवश्यक हो और संबंधित विभाग द्वारा उपयुक्त समझा जाए परिवर्तन किया जा सकेगा;

(11) धारा 27 की उपधारा 10 के तहत् के अधीन **'शिकायत'** से अभिप्रेत है, बालक या बालक से संबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा किया गया दावा, कि बालक को समिति के कुप्रशासन के परिणामस्वरूप अन्याय या अनुचित कठनाई का सामना करना पडा है;

(12) **"गृह अध्ययन रिपोर्ट"** से ऐसी रिपोर्ट अभिप्रेत है, जिसमें भावी दत्तक माता–पिता या पालक माता–पिता के ब्यौरे हों और इसमें सामाजिक और आर्थिक स्थिति, पारिवारिक पृष्ठभूमि, घर और माहौल का विवरण तथा स्वास्थ्य की स्थिति शामिल होंगे;

(13) **"व्यक्तिगत देखरेख योजना"** किसी बालक के लिए आयु और लिंग–विशिष्ट आवश्यकताओं तथा उस बालक के मामले के पूर्ववृत्त पर

आधारित ऐसी व्यापक विकास योजना है, जिसे बालक का आत्मसम्मान, गरिमा और स्वाभिमान लौटाने और उसे जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से बालक के साथ परामर्श करके तैयार किया गया हो और तदनुसार इस योजना में बालक की निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी किंतु जो इन तक सीमित नहीं होगी अर्थात्:–

(क) स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताएं जिसके अंतर्गत कोई विशेष आवश्यकताएं भी हैं;

(ख) भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताएं;

(ग) शैक्षणिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएं:

(घ) आराम, रचनात्मकता और खेलकूद;

(ड) सभी प्रकार की शोषण, उपेक्षा और बुरे व्यवहार से संरक्षण;

(च) प्रत्यावर्तन और अनुवर्तन;

(छ) समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करना;

(ज) जीवन कौशल प्रशिक्षण।

(14) अधिनियम की धारा 5, 6, 12, 14, 16, 17, 18, 19, और 23 के प्रयोजन के लिए **'जांच'** से अभिप्रेत है, वे कार्यवाहियां जिनके माध्यम से यथास्थिति, बोर्ड या न्यायालय बालक की अभिकथित अपराध या अन्यथा संलिप्तता के संबंध में विनिश्चय करता है। ऐसी जांच बोर्ड के समक्ष व्यक्ति के प्रथम प्रस्तुतीकरण की तारीख से प्रारंभ होती है और अधिनियम की धारा 17 या धारा 18 या धारा 19 या धारा 20 अथवा इन नियमों के नियम 10(1) ;पद्ध या नियम 10(1);**ii)** के अधीन बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा आदेश पारित करने के साथ समाप्त होती है और अधिनियम की धारा 30, 35 एवं 36 के प्रयोजन के लिए **'जांच'** से अभिप्रेत है कार्यवाहियां जिनके माध्यम से समिति बालक की पुनर्स्थापना या पुनर्वास के संबंध में कोई विनिश्चय करती है और अंतिम निपटारे के चरण तक पंहुचती है;

(15) "**देश में दत्तकग्रहण**" से अभिप्रेत है भारत में निवास कर रहे भारत के नागरिक द्वारा किसी बालक का दत्तक ग्रहण;

(16) "**चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट** से अभिप्रेत है, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम,**1971 की धारा 2 (ग)** में यथा परिभाषित पंजीकृत चिकित्सक द्वारा दी गई बालक की रिपोर्ट;

(17) "सदस्य", से बोर्ड और समिति के उद्देश्य के लिए, अभिप्रेत है बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट, बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य, समिति के सदस्य, समिति के अध्यक्ष, जब तक कि मुख्य मजिस्ट्रेट और अध्यक्ष को सम्मिलित न करना संदर्भ से अपेक्षित न हो;

(18) "**प्रभारी व्यक्ति**' से अभिप्रेत है बाल देखरेख संस्था के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति, यह विचार में लिए बिना कि नियुक्ति पत्र में उसे किसी भी नाम या पदनाम से संबोधित किया गया हो;

(19) '**पॉक्सो**' से अभिप्रेत है यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (2012 का 32) एवं (संशोधित 2019)

(20) '**पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी**' से अभिप्रेत है ; बच्चों के पुनर्वास के प्रयोजन के लिए प्रत्येक बाल देखरेख संस्था में नियुक्त या अभिहित अधिकारी;

(21) '**विद्यालय**' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 94 के प्रयोजन के लिए केन्द्र सरकार या कोई भी राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई विद्यालय और जिसमें कोई प्ले स्कूल सम्मिलित नहीं है;

(22) '**चयन समिति**' से अभिप्रेत है इन नियमों के नियम 92 के अधीन राज्य सरकार द्वारा जिला स्तर पर गठित समिति;

(23) "**सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट**" से अभिप्रेत है, विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक की बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट जिसमें बालक की पृष्ठभूमि की जानकारी का उल्लेख हो;

(24) "**सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट**" से अभिप्रेत है, किसी बालक की रिपोर्ट जिसमें उस बालक की परिस्थितियों, आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और अन्य सुसंगत कारकों के अनुसार उसकी परिस्थितियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी और उन पर सिफारिशों का उल्लेख हो;

(25) "**सामाजिक कार्यकर्ता**" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत हैं, जो सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो या जो स्नातक उपाधि धारक हो और बाल शिक्षा तथा विकास या संरक्षण मामलों में न्यूनतम सात वर्ष का अनुभव हो और जिसे बालक की

सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट या व्यक्तिगत देखरेख योजना, बाल अध्ययन रिपोर्ट, भावी दत्तक माता–पिता या पालक माता–पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने, दत्तकग्रहण के उपरांत सेवाएं प्रदान करने और अधिनियम या इन नियमों के अधीन ऐसे व्यक्ति को सौंपे गए अन्य कृत्यों का निष्पादन करने के लिए किसी बाल देखरेख संस्था द्वारा नियुक्त किया गया हो या जिला बाल संरक्षण इकाई या राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी या राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण या केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किया गया हो;

स्पष्टीकरण : इस परिभाषा के प्रयोजन के लिए, यह स्पष्ट किया गया है कि बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य की योग्यताएं अधिनियम की धारा 4 के अनुसार होंगी;

(26) **'विशेष शिक्षक'** का वही अर्थ होगा, जो यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम, 2020 में उसके लिए समानुदिष्ट है;

(27) **'राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी'** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 106 के अधीन गठित सोसाइटी;

(2) उन सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों का जो अधिनियम में परिभाषित और प्रयुक्त हैं, किंतु इन नियमों में परिभाषित नहीं है, के वही अर्थ होंगें जो अधिनियम में समानुदिष्ट किया गया है।

अध्याय–2

किशोर न्याय बोर्ड

3. बोर्ड का गठन और जिले में अतिरिक्त बोर्ड के गठन की प्रक्रिया.–

(1) प्रत्येक जिले के लिए एक या अधिक बोर्ड, जैसा कि अपेक्षित हो, राज्य सरकार द्वारा, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा गठित किया जाएगा और तत्पश्चात उसमें सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी।

(2) अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (1) के अधीन किए गए दो निरंतर पुनर्विलोकन के आधार पर तथा अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (3) के अधीन बोर्ड द्वारा दी गई त्रैमासिक जानकारी को ध्यान में रखते हुए, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट यथास्थिति, छह माह की अवधि के लिए एक रिपोर्ट बोर्ड के समक्ष लाए गए बालकों की माह वार संख्या, बोर्ड के समक्ष निपटाए गए और लंबित प्रकरणों की संख्या, ऐसी लंबितता की प्रकृति, उसके कारण, और संख्या, और बोर्ड द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं और जेल के निरीक्षण की संख्या तथा बोर्ड की बैठकों की संख्या बढ़ाने या जिले के लिए अतिरिक्त बोर्ड के गठन के लिए अनुशंसा, यदि अपेक्षित हो, का विवरण देते हुए तैयार करेगा और उसकी एक प्रति अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रस्तुत करेगा।

(3) उप–नियम (2) के अधीन रिपोर्ट में की गई अनुशंसाओं के आधार पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा दी गई सहमति पर यथास्थिति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट बोर्ड की बैठक में वृद्धि करने हेतु बोर्ड को आवश्यक निर्देश जारी करेगा या जिले में अतिरिक्त बोर्ड के गठन के लिए राज्य सरकार को अनुशंसा करेगा।

(4) यथास्थिति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट नियम 3 के उप–नियम (3) के अधीन जारी की गई अनुशंसाओं या निर्देशों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए बोर्ड या राज्य सरकार , जैसा भी मामला हो ,के साथ समन्वय रखेगा और जानकारी लेगा तथा उच्च स्तरीय समिति की आगामी बैठक में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

4. बोर्ड की संरचना.

(1) बोर्ड में एक महानगर मजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी का एक न्यायिक मजिस्ट्रेट जिसे कम से कम तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त हो, होगा और उसे बोर्ड का प्रधान

मजिस्ट्रेट अनिहित किया जाएगा तथा दो सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य होंगे, जिनमें कम से कम एक महिला होगी, इस प्रकार पीठ का गठन होगा।

(2) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कम से कम पांच वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और उसका स्थानांतरण ऐसी अवधि के अवसान के पूर्व पदोन्नति या किसी विशेष कारण से ही किया जा सकेगा जिन्हे लिखित में अभिलिखित किया जाएः

परंतु किसी जिले में जहां किसी तिमाही मे किसी बोर्ड के समक्ष लंबित प्रकरणों की औसत संख्या, सौ से अधिक है वहां प्रधान मजिस्ट्रेट अनन्य रहेगाः

परंतु यह और कि ऐसे न्यायिक अधिकारी के पास किसी न्यायालय में तीन वर्ष का कार्यानुभव हो, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट न हो, विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के सुधार के लिए कार्य करने की आवश्यक अभिक्षमता, इच्छा और रूचि हो।

(3) सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य, इन नियमों के नियम 92 के अधीन गठित चयन समिति की अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएगा।

(4) सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों की आयु बोर्ड में नियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्त करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित प्रथम विज्ञापन की दिनांक को पैंतीस वर्ष से कम और पैंसठ वर्ष से अधिक नहीं होगी तथा कम से कम स्नातक के साथ शिक्षा, सामाजिक कार्य, स्वास्थ्य या कल्याणकारी गतिविधियों के क्षेत्र में बालको के साथ कार्य करने का न्यूनतम सात बर्ष का अनुभव होगा अथवा बाल मनोविज्ञान या मनश्चिकित्सा या समाज विज्ञान या विधि क्षेत्र में डिग्री प्राप्त व्यवसायरत कृतिक होने चाहिए तथा न्यूनतम तीन वर्ष का अनिवार्यतः कार्य अनुभव होना चाहिएः

परंतु बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पदभार ग्रहण करने के समय, ऐसा व्यक्ति किसी भी क्षमता में किसी राजनैतिक दल से जुड़ा नहीं रहेगा या कोई व्यवसाय या लाभ का पद धारण नहीं करेगा या कोई अन्य वृत्तिक के रुप में कार्य नहीं करेगा या किसी बाल देखरेख संस्था में किसी पद पर नहीं रहेगा या किसी संगठन से कोई वेतन प्राप्त नहीं करेगा और तदनुसार ऐसे पद या कार्यालय को त्याग देगा एवं बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य पद स्वीकार करने के पूर्व इस संबंध में राज्य सरकार को एक शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा।

(5) चयनित सामाजिक कार्यकर्ता, वृत्ति, व्यवसाय या शैक्षणिक योग्यता के भिन्न–भिन्न क्षेत्र से होंगे।

(6) बोर्ड के समस्त सदस्य जिसमें प्रधान मजिस्ट्रेट भी सम्मिलित है, को पृथक एवं संयुक्त रुप से, नियुक्ति की तारीख से साठ दिवस की अवधि के भीतर प्रारंभिक प्रशिक्षण और उसके पश्चात् वार्षिक रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा और संवेदीकरण किया जाएगा।

(7) कोई व्यक्ति जिसकी बोर्ड में नियुक्ति समाप्त कर दी गई हो, मध्यप्रदेश राज्य में इस अधिनियम या नियमों के अधीन किसी नियुक्ति का पात्र नहीं होगा और ऐसे सदस्यों की एक सूची अभिलेख और संदर्भ के लिए संधारित की जाएगी।

(8) जिस जिले के बोर्ड के लिए सदस्य का चयन होगा वह सदस्य, उस जिले का स्थानीय निवासी होना चाहिए और उसका नाम उस जिले की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए।

5. बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल

(1) बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य का कार्यकाल नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष से अधिक नहीं होगा।

(2) बोर्ड का सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य, पूर्व के कार्यकाल के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन के आधार पर अधिकतम दो कार्यकालों हेतु पात्र होगा, जो निरंतर हो सकता है।

(3) बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के कार्यकाल की अवधि को, इन नियमों के नियम 93 के उप–नियम (6) में निर्धारित प्रकिया के अनुसार चयन समित द्वारा पुनः चयन के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा विस्तारित किया जा सकेगा।

(4) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट,जैसा भी प्रकरण हो राज्य बाल संरक्षण सोसइटी द्वारा इस संबंध में निर्धारित किये गये प्रारुप में, प्रत्येक छह माह में एक बार बोर्ड के सदस्यों के कार्य की उपलब्धि का मूल्यांकन करेगाः

परन्तु मध्यप्रदेश बाल संरक्षण सोसइटी द्वारा कार्य मूल्यांकन के प्रपत्रों का निर्माण इन नियमों के प्रभावशील होने के तीन माह के भीतर किया जायेगा।

(5) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट जैसा भी मामला हो अधिनियम के कियान्वयन के लिए उत्तरदायी विभाग के आयुक्त या संचालक जैसा भी मामला हो, के माध्यम से राज्य सरकार को प्रदर्शन मूल्यांकन प्रेषित करेगा।

(6) कोई भी सदस्य किसी भी समय संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से राज्य सरकार को एक माह पूर्व की लिखित सूचना देते हुए त्याग–पत्र दे सकता है।

(7) अवकाश की सुविधा प्राप्त करने का इच्छुक कोई सदस्य, प्रधान मजिस्ट्रेट को सूचित करेगा और यह भी उल्लेख करेगा कि क्या ऐसा सदस्य बोर्ड की बैठक या रोस्टर ड्यूटी या दोनों से अवकाश ले रहा है और उसकी एक प्रति अवकाश प्रारंभ होने के कम से कम कम तीन कार्य दिवस पूर्व जिला बाल संरक्षण इकाई को अग्रेषित करेगा।

(8) यदि कोई सदस्य, तीन बैठकों से अधिक अवकाश का लाभ प्राप्त कर रहा है तो यथास्थिति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त की जाएगी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई तथा राज्य सरकार को इसकी सूचना दी जाएगी।

(9) यदि प्रधान मजिस्ट्रेट अवकाश ले रहा हो तो जैसे ही अवकाश स्वीकृत होता है, एक लिखित सूचना प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई और बोर्ड के सदस्यों को भेजी जाएगीः

परंतु प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा एक सप्ताह से अधिक का अवकाश या मातृत्व अवकाश लने की दशा में, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किसी अन्य उपयुक्त न्यायिक अधिकारी को जिसके पास किशोर न्याय का प्रशिक्षण और ज्ञान हो, ऐसी अवकाश अवधि के लिए प्रधान मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करने के लिए बोर्ड में प्रतिनियुक्त करेगा।

(10) बोर्ड में किसी भी रिक्ति की स्थिति में चयन समिति द्वारा तैयार किए गए नामों के पैनल में से अन्य व्यक्ति की नियुक्ति, पद छोड़ने वाले सदस्य की नोटिस अवधि की समाप्ति के पूर्व, कर ली जाएगी।

परंतु चयनित व्यक्तियों का पैनल, अंतिम चयन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि तक के लिए मान्य होगा।

परंतु यह और भी कि बोर्ड का सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य, राज्य सरकार के विस्तार आदेश के आधार पर, कार्यकाल के पूर्ण होने के पश्चात् भी, उसके उत्तराधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने तक, पद पर बना रहेगा किन्तु ऐसा विस्तार किसी भी परिस्थिति में छह माह से अधिक का नहीं होगा।

(11) राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए बोर्ड के सामाजिक सदस्य की सेवा समाप्त की जा सकेगी, यदि सदस्य उसके पद से जुड़े कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का या इन नियमों में किए गए विभिन्न अन्य उपबंधों के अनुसार निर्वहन करने में असफल रहता है या सम्यक जांच के पश्चात् कदाचरण का उत्तरदायी ठहराया जाता है।

बोर्ड की बैठकें :

(1) बोर्ड अपनी बैठकें किसी संप्रेक्षण गृह में अथवा संप्रेक्षण गृह के निकट स्थित स्थान पर अथवा विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए अधिनियम के अधीन चलाई जा रही किसी संस्था के उपयुक्त परिसर में आयोजित करेगा और किसी भी परिस्थिति में बोर्ड किसी न्यायालय या कारागार परिसर में अपनी बैठकें आयोजित नहीं करेगा।

(2) बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि जब मामले की सुनवाई चल रही हो तब कमरे में मामले से असंबंधित कोई भी व्यक्ति उपस्थित न रहेः

परंतु बोर्ड ऐसे व्यक्तियों को उनके द्वारा प्रस्तुत प्रारूप 48 मे अनुज्ञात कर सकेगा जो कि बाल अधिकार और किशोर न्याय के क्षेत्र में शोध, नीति कार्य और प्रक्रिया में संलग्न है।

(3) बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि केवल उस/उन व्यक्ति/व्यक्तियों को ही बैठक के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए, जिनकी उपस्थिति में बालक सहज महसूस करे।

परन्तु पीड़ित बालक के साक्ष्य देते समय परिवार का सदस्य, अभिभावक, मित्र या रिश्तेदार जिस पर पीड़ित बालक को भरोसा या विश्वास हो और/या बालकों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति द्वारा नियुक्त सहायक व्यक्ति को उपस्थित रहने की अनुमति दी जा सकेगी।

(4) बोर्ड अपनी बैठकें, बालकों के अनुकूल परिसरों में आयोजित करेगा तथा ये परिसर किसी भी स्थिति में न्यायालय जैसे नहीं दिखना चाहिए और बैठने की व्यवस्था इस प्रकार हो कि बोर्ड बालक से आमने–सामने बात कर सके।

(5) बालक से बात करते समय, जिसमें पीड़ित बालक भी सम्मिलित है, बोर्ड अपने आचरण के माध्यम से बालकों के अनुकूल तकनीकों का प्रयोग करेगा और बालक को संबोधित करते हुए शारीरिक हाव–भाव, चेहरे के भावों, नज़रों, बोलचाल के लहजे और बालक को संबोधित करते समय आवाज की तीव्रता के संदर्भ मे बालकों के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाएगा। बोर्ड दोषारोपण या अभियोगात्मक शब्दों का प्रयोग नहीं करेगा जो बालक के आत्मसम्मान या गरिमा को दुष्प्रभावित करते हों। साथ ही बोर्ड बालक के साथ आवश्यक जानकारियां साझा करेगा तथा बालक को अपनी बात रखने योग्य बनाने वाली सहभागी तकनीकों का प्रयोग करेगा।

(6) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अधीन, जांच करने की दशा में, बोर्ड, अधिनियम की धारा 33, धारा 36, धारा 37, धारा 38 और धारा 40 में विहित की गई प्रक्रिया का अनुसरण करेगा।

(7) बोर्ड के सदस्यों के आसन ऊंचे मंच पर नहीं होंगे तथा बोर्ड और बालक के मध्य साक्षियों के कटघरे या अवरोध जैसी बाधाएं नहीं होगी तथा राज्य सरकार बोर्ड के भवन के निर्माण के समय यह सुनिश्चित करेगी। यदि बोर्ड का भवन पूर्व से अस्तित्व में है तो राज्य सरकार, इस नियम के उपबंधों के अनुसार या तो एक नए भवन का निर्माण करेगी या अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों की अपेक्षाओं का पालन करने के लिए पुनर्निर्माण करेगी।

(8) बोर्ड, समस्त कार्य दिवसों पर मजिस्ट्रेट न्यायालय के कार्य समय के अनुरूप, न्यूनतम छह घंटे अपनी बैठकें आयोजित करेगा, जब तक कि जिला विशेष में लंबित मामलों की संख्या कम न हो और राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई आदेश जारी न किया हो या राज्य सरकार ने जिले में लंबित मामलों की संख्या, क्षेत्र या भू–भाग, जनसंख्या घनत्व या अन्य किसी कारक पर विधिवत विचार करने के बाद राजपत्र में अधिसूचना द्वारा जिले में एक से अधिक बोर्ड का गठन न किया हो।

(9) जब बोर्ड की बैठक न हो तब विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को बोर्ड के किसी एकल सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकेगा। उक्त प्रयोजन के लिए बोर्ड का एक सदस्य किसी आपातकालीन मामले का संज्ञान लेने के लिए सदैव उपलब्ध या पहुंच में रहेगा और ऐसे सदस्य द्वारा आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश जिले के विशेष किशोर पुलिस इकाई या स्थानीय पुलिस को दिए जाएंगे। प्रधान मजिस्ट्रेट उन सदस्यों का ड्यूटी रोस्टर तैयार करेगा, जो कि रविवार और छुट्टी के दिनों सहित हर दिन इस प्रकार उपलब्ध और पहुंच में रहेंगे। यह रोस्टर अग्रिम में सभी पुलिस थानो, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महानगर मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट, समितियों, जिला बाल संरक्षण इकाई और विशेष किशोर पुलिस इकाई को परिचालित किया जाएगा। इस रोस्टर में उस सम्पर्क सदस्य का विवरण सम्मिलित रहेगा जिससे डयूटी रोस्टर के सदस्य के अवकाश पर चले जाने या उसके सुगम्य न होने पर सम्पर्क किया जा सके।

(10) ऐसे जिले में जहां किसी सप्ताह के समस्त कार्य दिवसों पर बोर्ड की बैठक आयोजित न होती हो, वहां समस्त कार्यवाहियां उन दिनों में जब बोर्ड नहीं बैठ रहा हो, ड्यूटी रोस्टर के सदस्य द्वारा की जाएंगी और किसी भी परिस्थिति में, वह न्यायिक अधिकारी जो बोर्ड में प्रधान मजिस्ट्रेट का पद धारण करता है, उस न्यायालय से इस अधिनियम के अधीन किसी भी तरह की कार्यवाही

संचालित नहीं करेगा जहां वह मजिस्ट्रेट किसी अन्य न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर रहा है और किसी ड्यूटी मजिस्ट्रेट को ऐसी स्थिति में विधि का उल्लंघन करने वाले बालक से संव्यवहार करने की शक्ति नहीं होगी।

(11) जब किसी बालक को, जिस पर विधि का उल्लंघन करना अभिकथित है, ड्यूटी रोस्टर पर कार्य कर रहे बोर्ड के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हो तब ऐसे समस्त आदेश जो बोर्ड द्वारा प्रस्तुत करने के प्रथम दिवस पारित किए जा सकते हैं, जिसमें अधिनियम की धारा 12 के अधीन आदेश सम्मिलित है, ऐसे सदस्य द्वारा पारित किया जा सकता है।

(12) बोर्ड के किसी सदस्य के असहमतिकारी अभिमत, जिसमें प्रधान मजिस्ट्रेट सम्मिलित है, को ऑर्डर शीट पर संबंधित सदस्य के हस्ताक्षर सहित अभिलिखित किया जाएगा।

(13) बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों को प्रत्येक बैठक के लिए कम से कम 1500/– रूपए दिए जाएंगे, जिसके अंतर्गत बैठक भत्ता, यात्रा भत्ता और अन्य कोई भत्ता भी है, जो राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाए।

(14) बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता को जेल, बाल देखरेख संस्थाओं, पुलिस स्टेशन के भ्रमण तथा प्रशिक्षण, कार्यशालाओं या शासकीय बैठकों के लिए अतिरिक्त यात्रा भत्ता उपलब्ध कराया जाएगा यदि इसके लिए शासकीय व्यवस्था उपलब्ध न कराई गयी हो।

(15) राज्य सरकार द्वारा बोर्ड को अधोरसंरचना और स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें कम से कम दो कार्यालय सहायक और एक परिचारक सम्मिलित होगा, प्रकरणों की लंबितता के आधार पर पर्याप्त संख्या में परिवीक्षा अधिकारी/स्वैच्छिक परिवीक्षा अधिकारी/मामला कार्यकर्ता/बाल कल्याण अधिकारी बोर्ड को उपलब्ध कराए जाएंगे।

राज्य सरकार, बोर्ड को सुसज्जित बोर्ड कक्ष, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश और पंखों, विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के तथा ऐसे बालक जो पीड़ित है, के लिए पृथक प्रतीक्षालय, अभिलेख कमरा, सुरक्षित पीने के पानी की सुविधा तथा साफ शौचालय एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा उपलब्ध कराएगी।

फर्नीचरः अर्थात् कुर्सियां, टेबलें, फाइल केबीनेट, कम्प्यूटर, बोर्ड कक्ष, चेम्बर्स एवं कार्यालय के लिए आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराएगी।

लॉजिस्टिक आधारित सूचना प्रौद्योगिकी :–प्रिंटर के साथ कम्प्यूटर, वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधाएं, स्केनर के साथ फोटो कॉपी मशीन, इंटरनेट ब्राड बैंड

कनेक्शन के साथ टेलीफोन, प्रतीक्षालय के लिए टेलीविजन, और राज्य सरकार द्वारा विहित के अनुसार कार्यालय भ्रमण के लिए सदस्यों को यात्रा भत्ता।

समस्त दस्तावेज बैठक के स्थान में व्यवस्थित किए जाएंगे तथा बोर्ड के समस्त सदस्यों की पहुंच में होंगे।

(16) सदस्य, बोर्ड का प्रधान मजिस्ट्रेट, बोर्ड के समक्ष उपस्थित हो रही पुलिस और अधिवक्ता सामान्य कपड़ों में रहेंगे न कि यूनीफार्म में। इस संबंध में बोर्ड के परिसर में एक सार्वजनिक सूचना, सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।

7 **बोर्ड के अतिरिक्त कृत्य :**

(1) अधिनियिम की धारा 8 की उपधारा (3) के अधीन बोर्ड के कृत्यों के अतिरिक्त, बोर्ड अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करेगा, अर्थात :–

(एक) जब कभी आवश्यक हो, बोर्ड एक अनुवादक या विशेष शिक्षक उपलब्ध कराएगा, जिसे प्रतिदिन कम से कम 1500 रूपये का भुगतान किया जाएगा और अनुवादक के मामले में प्रति पृष्ठ अधिकतम सौ रूपए का भुगतान किया जाएगा। उक्त प्रयोजन के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई अनुवादकों, दुभाषियों और विशेष शिक्षकों का पैनल रखेगा और इस पैनल की जानकारी बोर्ड को देगा। अनुवादक, दुभाषिए और विशेष शिक्षक की अर्हताएं वही होंगी, जो यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 और उसके अधीन बनाए गए नियमों में विहित की गई हैं;

(दो) जहां कहीं अपेक्षित हो वहां विधि का उल्लंघन करने वाले बालक की प्रगति को मानीटर करने के लिए प्रारूप 14 में पुनर्वास कार्ड जारी करना;

(तीन) जहां कहीं अपेक्षित हो वहां उस स्कूल में बालक का पुनः दाखिला कराने या शिक्षा जारी रखने के लिए समुचित आदेश पारित करना, जहां बालक को जांच के लंबित रहने या कितनी भी समयावधि के लिए किसी बाल देखरेख संस्था में रहने के कारण अपनी शिक्षा जारी रखने से अननुज्ञात किया गया हो; या किसी अन्य कारण से बोर्ड, समक्ष में प्रस्तुत पीड़ित बालक के लिए भी इसी प्रकार का आदेश जारी कर सकता है, यदि उसका मामला समिति के समक्ष न आया हो;

(चार) बालक को मध्यप्रदेश राज्य के अन्य जिलों में या किसी अन्य राज्य में विधि की सम्यक प्रकिया के माध्यम से प्रकरणों की त्वरित जांच और निपटान को सुकर बनाने के लिए जिसमें म.प्र. राज्य के अन्य जिलों में या

राज्य में किसी बोर्ड को जांच या पुनर्वास के प्रयोजन के लिए भेजना भी सम्मिलित है, के संबंध में बोर्ड या न्यायालयों या समितियों के साथ समन्वय रखना;

(पांच) प्रतिमाह कम से कम एक, विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों संबंधी बाल देखरेख संस्थाओं, जिसमें संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह और सुरक्षित गृह सम्मिलित है, का निरीक्षण करना, ध्यान दिए जाने योग्य किन्हीं त्रुटियों का संज्ञान लेना, सुधारों के सुझाव देना, निर्देश जारी करना, अनुपालन की मांग करना कर्तव्यों के अनुपालन में लापरवाही करते पाए जाने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई सहित उपयुक्त कार्रवाई की सिफारिश जिला बाल संरक्षण इकाई एवं राज्य सरकार को करना;

(छह) बोर्ड के परिसरों में किसी प्रमुख स्थान पर सुझाव पेटिका रखना, ताकि बालकों और वयस्कों सभी को अपने सुझाव और प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और इन पेटिकाओं का प्रचालन प्रधान मजिस्ट्रेट या उनके द्वारा लिखित में मनोनीत बोर्ड सदस्य के द्वारा किया जावेगा;

(सात)विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए चलाई जा रही बाल देखरेख संस्थाओं में बाल समितियों का सहज कार्यकरण सुनिश्चित करना, ताकि ऐसी बाल देखरेख संस्थाओं के कार्यों ओर प्रबंधन में बालकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके;

(आठ) प्रत्येक मास में कम से कम एक बार सुझाव पुस्तिका की समीक्षा करना और संबंधित अधिकारी को विधि का उल्लंघन करने वाले बालक की शिकायत के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश जारी करना;

(नौ) निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता की सूचना दर्शाता हुआ सूचना बोर्ड, किशोर न्याय बोर्ड के परिसर के भीतर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करना, तथा यह सुनिश्चित करना कि इसी प्रकार की सूचना विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों हेतु बाल देखभाल संस्थानों के परिसरों के भीतर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित हो, विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों को निःशुल्क विधिक सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, जैसा कि अपेक्षित हो, राज्य या जिला विधिक सहायता प्राधिकारी के साथ समन्वय और अनुवर्ती कार्रवाई करना, विधिक सेवा अधिवक्ताओं के कृत्यों का निरीक्षण करना तथा निःशुल्क विधिक सेवाओं की कार्यप्रणाली में आने वाली समस्याओं तथा ऐसी चिन्ताओं पर ध्यान देने के लिए उठाए जाने

वाले कदमों के संबंध में राज्य और जिला विधिक सहायता सेवा प्राधिकारी को फीड बैक रिपोर्ट भेजना;

(दस) यदि आवश्यक हो तो अर्ध–विधिक और अन्य कार्य जैसे विधि का उल्लंघन करने वालों बालकों के पालकों से संपर्क करना या उनके पास भ्रमण करना तथा बालक के बारे में शोध या आंकडों के संग्रहण या सुसंगत सामाजिक और पुनर्वासी जानकारी इकट्ठा करने हेतु छात्र स्वयं सेवकों या गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ताओं या पैरा–लीगल स्वयं सेवकों की सेवाएं लेना। परन्तु इस प्रकार के स्वयं सेवक उक्त कार्य हेतु पर्याप्त प्रशिक्षित होने चाहिए और विषय संबंधी विशेषज्ञों द्वारा पर्यवेक्षित होना चाहिए ;

(ग्यारह) स्वयं की जानकारी के लिए कि बालकों को पुलिस लॉक–अप में नहीं रखा जा रहा है, पुलिस थाने में अवैध रूप से रोका नहीं जा रहा है और अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों का पालन हो रहा है, अपनी अधिकारिता के भीतर के पुलिस स्टेशनों का आकस्मिक निरीक्षण करना। अधिनियम और इन नियमों के अनुपालन न होने की दशा में, बोर्ड ऐसे अनुपालन पर ध्यान देने के लिए संबंधित प्राधिकारी को समुचित आदेश पारित करेगा;

(बारह) जब कभी कोई बालक किसी पुलिस लॉक–अप में या पुलिस थाने में अवैध रूप से रखा पाया जाता है तो बोर्ड ऐसी टिप्पणी अभिलिखत करेगा और अधिनियम की धारा 75 या किसी अन्य विधि जो समुचित हो, के उपबंध के अधीन पुलिस थाने के प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश करेगा;

(तेरह) यदि आवश्यक हो तो दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357–ए, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के सुसंगत उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों, बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियम) अधिनियमय, 1986, और अन्य तत्समय प्रवृत्त अन्य ऐसी विद्यमान विधियों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित को अंतरिम और अंतिम प्रतिकर के भुगतान की अनुशंसा करेगा;

(चौदह)आधिनियम की धारा 24 और धारा 74 (2) के उल्लंघन का पर्यवेक्षण करना और ऐसे उल्लंघन के लिऐ उत्तरदायी व्यक्ति या प्राधिकारी को समुचित निर्देश देना तथा यह सुनिश्चित करना कि अनर्हता समाप्त हो जाए;

(पन्द्रह) देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक के विरूद्ध किसी अपराध के होने के संबंध में, अधिनियम की धारा 8 की उप–धारा (3) के उप–खण्ड (एक) के अधीन समिति द्वारा किसी लिखित शिकायत के प्राप्त होने पर बोर्ड, ऐसी लिखित शिकायत की प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर समुचित आदेश पारित करेगा और ऐसे आदेश की एक प्रति संबंधित समिति को उसकी जानकारी और अभिलेख के लिए भेजी जाएगी;

(सोलह) विधि का उल्लंघन करने वाले ऐसे बालकों के संबंध में जिन्हें बोर्ड द्वारा देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता के बालक के रूप में घोषित किया है और अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (3) के खंड (छ) के अधीन समिति को निर्दिष्ट है, के संबंध में समिति के साथ समन्वय करना;

(सत्रह) जहां बालक को दूसरे जिले या राज्य या देश में भेजना या प्रत्यावर्तित करना हो, बोर्ड जिला बाल संरक्षण इकाई को वांछित अनुमतियां, जैसी की आवश्यकता हो, जैसे– विदेशी पंजीयन कार्यालय और विदेश मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, संबंधित बोर्ड से सम्पर्क या कोई अन्य संबंधित प्राधिकरण, जैसा भी प्रकरण हो, दूसरे जिले या राज्य या देश, जहां बालक को भेजना है, हेतु निर्देश देगा।

7(2) प्रत्येक बोर्ड उसके क्षेत्राधिकार में स्थित जेलों की, धारा 8 की उपधारा (3) के खंड (ड) के अधीन विहित इसके कृत्यों के निर्वहन में, माह में कम से कम एक बार निरीक्षण निम्नलिखित रीति में करेगा :–

(एक) ऐसा निरीक्षण सम्पूर्ण बोर्ड द्वारा किया जाएगा तथा किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य प्रकार के जेल भ्रमण या निरीक्षण के साथ नहीं जोड़ा जाएगा,

(दो) ऐसे निरीक्षण का अर्द्ध वार्षिक कार्यक्रम प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा बोर्ड के अन्य सदस्यों के परामर्श से अग्रिम रुप से तैयार किया जाएगा, और सम्बंधित जेल को सूचनार्थ एवं ऐसे निरीक्षणों की तैयारी हेतु अग्रेषित किया जाएगा।

(तीन) बोर्ड ऐसे निरीक्षण के दौरान ऐसे विचाराधीन बंदियों और दोष सिद्ध कैदियों की पहचान करेगा जो अपराध के घटित होने की तारीख को अठारह वर्ष से कम आयु के थे तथा जेल में बंद हैं।

(चार) ऐसे निरीक्षण के दौरान, संबंधित जेल अधीक्षक बंदियों से संबंधित ऐसे अभिलेख बोर्ड को प्रस्तुत करेगा जैसा कि बोर्ड द्वारा अपेक्षा की जाए

और जेल में बोर्ड की बंदियों के पास सरल और आसान पहुंच को सुगम बनाएगा। यदि जेल के महिला वार्ड का निरीक्षण करना बोर्ड के लिए संभव न हो तो ऐसी परिस्थिति में महिला और ट्रांसजेंडर बंदी से संवाद करने हेतु जेल अधीक्षक द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की जाएंगी;

(पांच) यह ज्ञात होने पर कि जेल में भर्ती व्यक्ति अपराध के घटित होने की तारीख पर बालक था, बोर्ड ऐसे निरीक्षण की तारीख से तीन कार्य दिवस के भीतर प्रारुप –49 में संबंधित न्यायालय को प्रत्येक ऐसे व्यक्ति का पृथक रूप से संदर्भ देगा। विचाराधीन बंदी की दशा में ऐसे संदर्भ का उपयोग उस न्यायालय में किया जाएगा, जहां वर्तमान में प्रकरण लंबित है और दोषसिद्ध बंदी की दशा में ऐसा संदर्भ उस न्यायालय को किया जाएगा, जहां प्रकरण का निपटारा किया गया था।

(छह) जेल निरीक्षण से संबंधित समस्त अभिलेख जिसमें अर्द्ध वार्षिक कार्यक्रम, जेल अधीक्षक से किया गया पत्र व्यवहार और संदर्भ सम्मिलित है, बोर्ड द्वारा अभिलेख और अनुवर्ती कार्यवाही के लिए संधारित किया जाएगा।

(सात) यदि जेल में बंद व्यक्ति अपराध घटित होने के समय बालक पाया जाता है, तथा संबंधित न्यायालय द्वारा बोर्ड को अंतरित कर दिया जाता है तो इस त्रुटि के लिए उत्तरदायी अधिकारी की पहचान करने हेतु बालक की प्रथम प्रस्तुति की तारीख को ही बोर्ड द्वारा उस अधिकारी का अभिकथन अभिलिखित किया जाएगा। यदि कोई पुलिस अधिकारी इस संबंध में जानबूझकर उपेक्षा का उत्तरदायी पाया जाता है तो बोर्ड द्वारा ऐसे अधिकारी को सुनवाई का सम्यक अवसर प्रदान करने के पश्चात् अधिनियम की धारा 75 और भारतीय दण्ड संहिता की धारा 166–क के अधीन ऐसे पुलिस अधिकारी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने या अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुशंसा करेगा।

(आठ) यदि किसी बोर्ड को ऐसे व्यक्ति का प्रकरण अंतरित किया जाता है जिसे पूर्व में जेल में सौंपा गया था, किन्तु वह बालक साबित हुआ है तो बोर्ड, जेल में गलत तरीके से कैद किए जाने पर ऐसे व्यक्ति को अंतरण आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर राज्य सरकार द्वारा किशोर न्याय निधि से पर्याप्त प्रतिकर के भुगतान का आदेश देगा।

(नौ) ऐसी दशा में जहां किसी व्यक्ति को जिसका बोर्ड द्वारा इस नियम के उपनियम 5 संदर्भ किया गया है, उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष आयु निर्धारण कार्यवाही के लिए या किसी अपील या पुनरीक्षण आदि फाइल करने के लिए विधिक सहायता की आवश्यकता है तो बोर्ड इस संबंध में

संबंधित विधिक सेवा प्राधिकारी के साथ समन्वय करेगा और सुनिश्चित करेगा कि ऐसे व्यक्ति को विधिक सहायता तत्काल उपलब्ध हो जाए।

7(3) बोर्ड का प्रधान मजिस्ट्रेट जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1969 के अधीन उसके क्षेत्राधिकार के भीतर बालकों के संबंध में जन्म का रजिस्ट्रार समझा जाएगा और यदि ऐसा जन्म प्रमाण पत्र पूर्व से अस्तित्व में न हो तो अधिनियम की धारा 94 के अधीन बोर्ड द्वारा की गई जन्म अवधारणा के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र जारी करेगा एवं एक प्रति बालक को उपलब्ध कराई जाएगी। जन्म के पंजीयन के लिए बालक से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगाः

परंतु राज्य सरकार, इस संबंध में बोर्ड और जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार के कार्यालय के बीच संबंध स्थापित करने के लिए ऐसे नियम के प्रवृत्त होने के 6 माह के भीतर आवश्यक कदम उठाएगी तथा समस्त संबंधितों द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया जारी करेगी।

अध्याय–3

विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संबंध में प्रकिया

8. पेशी के पूर्व पुलिस एवं अन्य अभिकरणों द्वारा की जाने वाली कार्रवाईः

(1) जिन मामलों में बालक द्वारा किया गया जघन्य अपराध अभिकथित हो, या जब ऐसा अपराध वयस्कों के साथ संयुक्त रूप से किए जाने का अभिकथन किया गया हो, के सिवाय, कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाएगी। अन्य सभी मामलों में, विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बालक द्वारा किए गए अभिकथित अपराध की सूचना साधारण दैनिक डायरी में अभिलिखित करेगा तत्पश्चात् प्रारूप–1 में बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि और, जहां कहीं लागू हो, बालक को पकड़े जाने की परिस्थितियों की रिपोर्ट प्रथम सुनवाई से पहले बोर्ड को अग्रेषित करेगाः

परंतु पकड़े जाने की शक्ति का प्रयोग केवल जघन्य अपराधों के विषय में ही किया जाएगा, जब तक यह बालक के सर्वोत्तम हित में न हो। छोटे–मोटे और गंभीर अपराधों के अन्य मामलों में, जहां बालक के हित में उसे पकड़ा जाना आवश्यक न हो, पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बालक कल्याण पुलिस अधिकारी, प्रारूप–1 में बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि की रिपोर्ट के साथ उनके द्वारा किए गए अभिकथित अपराध के स्वरुप की जानकारी बोर्ड को भेजेगा तथा उस बालक के माता–पिता या अभिभावकों को यह सूचित करेगा कि बालक को बोर्ड के समक्ष सुनवाई के लिए कब प्रस्तुत किया जाना है।

(2) जब विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित किसी बालक को पुलिस द्वारा पकड़ा जाता है तो संबंधित पुलिस अधिकारी उस बालक को, विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को प्रभार में सौंपेगा, जो तत्काल इन सबको सूचित करेगा :–

(एक) बोर्ड को घटना, अभिकथित अपराध के लिए बालक को पकड़ा जाना और उस तारीख एवं समय के बारे में, जब बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

(दो) बालक के माता–पिता या संरक्षक को बालक को पकड़े जाने के कारणों एवं उस स्थान जहां बालक को रखा गया है, की जानकारी के साथ, यह सूचित किया जाएगा कि बालक को पकड़ा गया है, और साथ ही बोर्ड का पता बताया जाएगा, जिसके समक्ष बालक को प्रस्तुत किया

जाएगा तथा उस तारीख व समय की जानकारी दी जाएगी, जब माता–पिता या संरक्षक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होना है।

(तीन) संबंधित परिवीक्षा अधिकारी को सूचित किया जाएगा ताकि वह बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त कर सके, जो जांच कार्य में बोर्ड के लिए सहायक सिद्ध हो सकती हो; और

(चार) संबंधित व्यक्ति या एजेन्सी या मामला कार्यकर्ता, जिसे बोर्ड के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने में पुलिस की सहायता करना है।

(3) विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक के प्रकरण में कार्यवाही करने वाला पुलिस अधिकारी :–

(एक) बालक की आयु के बिन्दु पर समस्त आवश्यक अन्वेषण शीघ्रता से करेगा और आयु के समस्त उपलब्ध दस्तावेज एकत्रित करेगा या इस संबंध में अभिकथन अभिलिखित करेगा और ऐसे दस्तावेज या कथन प्रथम बार प्रस्तुति के समय रखेगा। आयु के संबंध में ऐसे अन्वेषण को प्रारूप–47 में विहित आयु मेमो में सम्यक रूप से अभिलिखित किया जाएगा;

(दो) बालक को हवालात में नहीं रखेगा या बालक को निकटतम पुलिस स्टेशन के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभार में देने में विलंब नहीं करेगा। वह पुलिस अधिकारी पकड़े गए बालक को अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (2) के अधीन, जब तक कि उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दिया जाता है अर्थात उसको अभिरक्षा में लिए जाने से 24 घंटे के भीतर, इन नियमों के नियम 9 के अनुसार समुचित आदेश प्राप्त किए जाने तक किसी संप्रेक्षण गृह में तब तक के लिए भेज सकता है;

(तीन) बालक को कोई हथकड़ी, जंजीर या अन्यथा बेड़ी नहीं पहनाएगा तथा बालक पर किसी भी प्रकार के दबाव या बल का प्रयोग नहीं करेगा;

(चार) बालक को तुरंत और सीधे उन आरोपों की जानकारी उसके माता–पिता या संरक्षक के माध्यम से दी जाएगी, जो उस पर लगाए गए हैं और यदि कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है तो उसकी प्रति बालक या उसके माता–पिता या संरक्षक को उपलब्ध कराई जाएगी;

(पांच) बालक को, यथास्थिति, उपयुक्त चिकित्सकीय सहायता, दुभाषिए या विशेष शिक्षक की सहायता या ऐसी कोई अन्य सहायता उपलब्ध कराएगा, जो बालक द्वारा अपेक्षित की जाए;

(छः) बालक को न तो किसी कथन पर हस्ताक्षर करने, और न ही स्वीकारोक्ति करने के लिए बाध्य करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि बालक का साक्षात्कार पुलिस थाने में ऐसे बाल अनुकूल स्थान में किया जाए जहां बालक को ऐसा प्रतीत न हो कि वह पुलिस थाने में है या उसे हिरासत में रखकर उससे परिप्रश्न किए जा रहे हैं। माता–पिता या संरक्षक या किसी ऐसे व्यक्ति को, जिस पर बालक विश्वास करता हो, पुलिस द्वारा साक्षात्कार करने के दौरान उपस्थित रहने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा;

(सात) ऐसे बालक की दशा में जिसने 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है या 16 वर्ष से अधिक आयु का है और जिसके द्वारा जघन्य अपराध कारित किया जाना अभिकथित है तो बालक को इस अधिकार के बारे में सूचित किया जाएगा कि उसे उसके विरूद्ध साक्षी होने के लिए विवश नहीं किया जा सकता है; और

(आठ) बालक को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकारी को सूचित करेगा तथा बालक को भी सूचना देगा कि बालक, निःशुल्क विधिक सेवा का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है और ऐसा पुलिस अधिकारी बालक को पुलिस थाने में ही किसी विधिक सेवा अधिवक्ता या बालक की इच्छा अनुरुप अधिवक्ता से भेंट करने देगा ।

(4) बालक कल्याण पुलिस अधिकारी सादे कपड़े में होगा और वर्दी में नहीं होगा। बालक को अभिरक्षा में लेने वाला पुलिस अधिकारी बालक और बालक के माता–पिता या संरक्षक को निम्नलिखित जानकारी देगा :

(एक) उनका नाम और पदनाम;

(दो) पता और टेलीफोन नंबर; और

(तीन) बच्चे को अभिरक्षा में लेने वाले अधिकारी के वरिष्ठ/पर्यवेक्षक अधिकारी का नाम, पदनाम और संपर्क विवरण।

(5) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि और किसी अपराध में बालक की अभिकथित संलिप्तता के प्रत्येक मामले में उसे पकड़े जाने की परिस्थितियों की जानकारी कारणों सहित प्रारूप–1 में अभिलिखित

करेगा, जिसे तुरंत बोर्ड को भेजा जायेगा। सर्वोत्तम उपलब्ध जानकारी एकत्रित करने के लिए बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह बालक के माता पिता या संरक्षक से सम्पर्क करें।

(6) किसी जिले में सभी अभिहित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, बाल कल्याण अधिकारियों, परिवीक्षा अधिकारियों, अर्ध-विधिक स्वयं सेवियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और रजिस्ट्रीकृत स्वैच्छिक और गैर–सरकारी संगठनों, बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट और सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों, विशेष किशोर पुलिस इकाई के सदस्यों और चाइल्ड लाइन सेवाओं की सूची और उनसे संपर्क के ब्यौरे प्रत्येक पुलिस थाने में प्रमुख रूप से दर्शाए जाएंगे।

(7) ऐसी दशा में जहां बालक को अभिरक्षा में लिया जाना वांछित नहीं है वहां बाल कल्याण पुलिस अधिकारी बालक को उसके मात पिता या संरक्षक को सौंपेगा तथा प्रारूप–2 में उनसे वचन–बद्धता प्राप्त करेगा कि वे बोर्ड के समक्ष, बालक की उपस्थिति, जब और जहां आवश्यक हो, सुनिश्चित करेंगे।

ऐसे समस्त मामलों में, जहां बालक को पकड़ा नहीं गया है वहां बाल कल्याण पुलिस अधिकारी प्रारूप–1 में बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि, प्रारूप–2 में वचन बद्धता और बालक के कथन के साथ, यथास्थिति, प्रथम सूचना रिपोर्ट या सामान्य दैनिक डायरी, बोर्ड को प्रथम सूचना रिपोर्ट या सामान्य दैनिक डायरी में मामला दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करेगा। ऐसे दस्तावेजों की प्राप्ति पर बोर्ड, बालक को आगामी तारीख को उसके समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देश देगा तथा ऐसी उपस्थिति की अपेक्षा के बारे में जानकारी बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा बालक और बालक के माता पिता या संरक्षक को बोर्ड का पता, ऐसी उपस्थिति की तारीख और समय उल्लिखित करते हुए शीघ्रातिशीघ्र दी जाएगी।

(8) महिला और बाल विकास विभाग ऐसे स्वैच्छिक या गैर सरकारी संगठनों या व्यक्तियों का पैनल संधारित करेगा जो परिवीक्षा, परामर्श, मामला कार्य सेवाएं प्रदान करने और पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ ही सहयुक्त होने की स्थिति में हो और जिन्हें बालक को 24 घंटे और कार्यवाही लंबित रहने की अवधि में बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने में सहायता करने के लिए अपेक्षित विशेषज्ञता प्राप्त हो और ऐसे स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठनों या व्यक्तियों के पैनल की जानकारी बोर्ड को भेजी जाएगी।

(9) पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के साथ व्यवहार करते समय, संबंधित व्यक्ति या

एजेन्सी या मामला कार्यकर्ता की, जिसे बोर्ड के समक्ष बालक को प्रस्तुत करना है, सहायता लेगा और यथास्थिति ऐसे व्यक्ति या एजेन्सी या मामला कार्यकर्ता को, ऐसी सहायता का लाभ लेने के लिए यथाशीघ्र सूचित करेगा।

(10) ऐसा पुलिस या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी जिसकी अभिरक्षा में पकड़े गए बालक को तत्समय रखा है, या ऐसे बालक को जिसे उनकी जिम्मेदारी पर रखा गया है, उक्त अवधि के दौरान बालक की सुरक्षा और भोजन एवं बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होगा।

(11) राज्य सरकार, पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या व्यक्ति जिसे बालक का प्रभार सौंपा गया है, को पकड़े गए या उनकी देखरेख में रखे गए बालकों को उनके साथ रहने की अवधि के दौरान उन बालकों के लिए भोजन और यात्रा खर्च तथा आकस्मिक चिकित्सीय देखरेख सहित आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए निधियां उपलब्ध कराएगी ।

(12) ऐसे समस्त प्रकरणों में, जहां किसी बालक के अपराध का अभियुक्त होने का तथ्य किसी भी स्तर पर अन्वेषण अधिकारी के ध्यान में आता है, वहां संबंधित पुलिस अधिकारी, पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को तुरंत सूचना देगा, जो बिना विलम्ब के बालक को पदाभिहित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को सौंपेगा और आगे की कार्यवाहियां अंतरित करेगा और यदि ऐसा व्यक्ति, बोर्ड से अन्यथा किसी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है, तब ऐसे, व्यक्ति के, बालक होने का तथ्य अन्वेषण अधिकारी या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या जिले या शहर की विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारी द्वारा संबंधित न्यायालय के संज्ञान में लाया जाएगा।

(13) कोई बालक जिसे भले ही गैर–जमानतीय अपराध में पकड़ा गया हो, जमानत पर रिहा किया जा सकेगा। पुलिस थाने के प्रभारी द्वारा इस संबंध में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी या विशेष किशोर पुलिस इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता से परामर्श किया जा सकेगा तथा जमानत देने से इंकार करने या जमानत देने की दशा में, कारणों को अभिलिखित किया जायेगा तथा नियम 8 के उपनियम (7) में यथाविहित प्रकिया का अनुसरण किया जाएगा।

(14) यदि बालक के कथन से यह प्रकट होता है कि बालक की उपेक्षा, शोषण, दुरूपयोग या किसी के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है या किसी अपराध को कारित करने के लिये किसी गैंग द्वारा उपयोग मे लाया गया है तो बाल

कल्याण पुलिस अधिकारी अभिकथित दोषी के विरूद्ध विधि अनुसार तुरन्त कार्रवाई करेगा ।

(15) पुलिस, अन्वेषण के लिये किसी बालक की पुलिस अभिरक्षा नहीं मांगेगी। यदि बालक का सहयोग अन्वेषण के लिये आगे और अपेक्षित है तो बोर्ड संप्रेक्षण गृह के परिसर या सुरक्षित स्थान पर जहां बालक को रखा गया है ऐसे अन्वेषण के लिये अनुज्ञात कर सकेगा। पुलिस, संप्रेक्षण गृह या सुरक्षित स्थान के परिसर में सादे कपड़ों में, न कि यूनीफार्म में प्रवेश करेगी। बालक का साक्षात्कार माता पिता या संरक्षक या सम्प्रेक्षण गृह या सुरक्षित स्थान के किसी उत्तरदायी अधिकारी या बोर्ड द्वारा उसके आदेश में नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में किया जायेगा। बोर्ड और सम्प्रेक्षण गृह या सुरक्षित स्थान का प्रभारी व्यक्ति यह सुनिश्चित करेगा कि पुलिस द्वारा साक्षात्कार बाल मैत्रीपूर्ण रीति से किया जाए। किसी बालिका का साक्षात्कार महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में ही किया जाएगा।

9. **विधि का उल्लंघन करने के लिये अभिकथित बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना–**

(1) जब विधि का उल्लंघन करने के लिये अभिकथित बालक को पकड़ा जाता है, तब बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बालक को प्रस्तुति–पूर्व-बातचीत के लिये विशेष किशोर पुलिस इकाई ले जाएगा, जिसके बाद बालक को पकड़े जाने के 24 घंटे के भीतर, पुलिस स्टेशन से बोर्ड तक की यात्रा में लगे समय को छोड़कर, उन कारणों और परिस्थितियों को समाविष्ट करते हुए जिनके अधीन बालक को पकड़ा गया है, और प्रस्तुति-पूर्व-बातचीत की रिपोर्ट जिसमें बालक का कथन सम्मिलित है, प्रारूप–1 में बालक की सामाजिक पृष्ठ भूमि की रिपोर्ट बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगा:

परंतु विशेष किशोर पुलिस इकाई, प्रस्तुति-पूर्व-बातचीत संचालित करने के लिए इकाई को समुनदेशित किये गए सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहायता लेगा और बालक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर एक प्रतिवेदन तैयार करेगा।

(2) पकड़े गए बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने पर बोर्ड ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जैसा कि उसके द्वारा आवश्यक समझा जाए, जिसमें कि जमानत या रिहाई या बालक को संप्रेषण गृह में या यथास्थिति सुरक्षित स्थान या किसी उपयुक्त सुविधा या उपयुक्त व्यक्ति की अभिरक्षा में भेजना सम्मिलित है।

(3) जहां बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया बालक अधिनियम की धारा 83 के अधीन आता हो, जिसके अंतर्गत वह बालक भी सम्मिलित है जिसने आत्मसमर्पण किया है, वहां बोर्ड विधिवत जांच और बालक की परिस्थितियों के विषय में अपनी संतुष्टि पश्चात उस बालक को देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के रूप में घोषित किये जाने के पश्चात् समिति द्वारा आगामी आदेश या पुनर्वास के लिए उपयुक्त निर्देश पारित कर सकता है, जिसके अंतर्गत बालक की सुरक्षित अभिरक्षा और संरक्षण तथा इस प्रयोजनार्थ मान्यता–प्राप्त उपयुक्त सुविधा को अंतरित करने के आदेश, जो उपयुक्त संरक्षण प्रदान करने में सक्षम होंगी, तथा बालक के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उसे जिले या राज्य से बाहर किसी अन्य राज्य में भेजने के विषय में विचार करना भी शामिल है।

(4) जहां विधि का उल्लंघन करने वाले अभिकथित बालक को पकड़ा न गया हो या उन प्रकरणों में जहां अधिनियम की धारा 12(2) और नियम 8 (13) के अनुसार पुलिस थाने के प्रभारी द्वारा जमानत दे दी गई हो और इस संबध में पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा बोर्ड को जानकारी प्रस्तुत की गयी हो तो बोर्ड, बालक से यथाशीघ्र उसके समक्ष प्रस्तुत होने की अपेक्षा करेगा जिससे कि पुनर्वास के उपाय, जहां आवश्यक हो, किए जा सके, हालांकि अंतिम रिपोर्ट बाद में फाइल की जा सकती है।

(5) बोर्ड की बैठक न होने की दशा में, विधि का उल्लंघन करने वाले अभिकथित बालक को, ड्यूटी–रोस्टर के अनुसार बोर्ड के एक सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(6) यदि विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक के बेवक्त या दूरदराज के स्थान से पकडे जाने के कारण, बोर्ड या एकल सदस्य के समक्ष प्रस्तुत न किया जा सकता हो या ऐसे सदस्य के उपलब्ध न होने की दशा में, इस संबंध में एक दैनिक डायरी बनाई जाएगी और बालक को इन नियमों के नियम 74(घ) के अनुसार बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा संप्रेक्षण गृह में या उपयुक्त सुविधा में ले जाया जाएगा और तत्पश्चात् बालक को उसके पकड़े जाने के चौबीस घंटे के भीतर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(7) किसी बालक को बोर्ड के किसी एक सदस्य के समक्ष प्रस्तुत करने एवं आदेश जारी किये जाने की स्थिति में, वह सदस्य बालक को बोर्ड के समक्ष, उस सदस्य के द्वारा जारी किए गए आदेश की प्रति के साथ, आगामी कार्य दिवस पर उपस्थित होने या उपस्थित किए जाने का आदेश करेगा।

(8) बालक की प्रथम बार प्रस्तुति पर, बोर्ड बालक की पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बच्चे से व्यक्तिशः बातचीत करेगा और बालक को पुलिस

द्वारा बालक के विरूद्ध दर्ज किए गए प्रकरण की सूचना देगा तथा निःशुल्क विधिक सहायता तथा बोर्ड की कार्यवाहियों को समझने में बालक की मदद करेगा एवं पुलिस या किसी अन्य व्यक्ति या प्राधिकारी द्वारा कारित किसी लापरवाही या अतिशयता का संज्ञान लेगा।

(9) प्रथम प्रस्तुति के समय बोर्ड स्वयं का समाधान करेगा कि :–

(एक) विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के पूर्व पुलिस लॉक–अप में न रखा गया हो, अवैध रूप से निरुद्ध या जेल में बंद न किया गया हो, किसी भी तरह की क्रूरता न की गयी हो, तथा बालक को, यात्रा समय को छोडकर, बिना समय व्यतीत किए बालक का प्रभार लेने के चौबीस घंटे के भीतर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया हो। इस प्रयोजन के लिए, बोर्ड द्वारा बालक से निजी रूप से बातचीत की जाएगी तथा बालक के विचार प्राप्त किये जाएगें। बालक के विचार एवं अभिव्यक्तियों को अभिलिखित किया जाएगा;

(दो) यह कि बालक का प्रभार लेने पर पुलिस ने संबंधित परिवीक्षा अधिकारी को सूचित कर दिया है तथा अधिनियम की धारा 13 के अधीन यथा अपेक्षित परिवीक्षा अधिकारी और माता पिता या संरक्षक को सूचित कर दिया है तथा इस संबंध में पुलिस से एक लिखित कथन की अपेक्षा करेगा।

(10) बोर्ड द्वारा जांच करने के दौरान, यदि किसी बालक पर अत्याचार करने या उसका शोषण करने की कोई शिकायत बोर्ड के समक्ष या तो बालक द्वारा प्रत्यक्ष रूप से की जाती है या चिकित्सा अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट से संज्ञान में आती है या किसी अन्य सत्यापन–योग्य साधनों द्वारा संज्ञान में आती है तो बोड, पुलिस को प्रकरण दर्ज करने, अन्वेषण करने और कृत कार्रवाई के सम्बंध में एक नियत समय के भीतर, बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित करेगा।

(11) हथियार या किसी अन्य साक्ष्य की बरामदगी की दशा में निम्नलिखित प्रकिया का पालन किया जाएगा :–

(एक) पुलिस अभिकथित अपराध को कारित करने में उपयोग में लाए गए हथियार की बरामदगी या बेची या चुराई गई सम्पत्ति या अन्य किसी साक्ष्य के लिए बालक की उपस्थिति की उपलब्धता हेतु समुचित आदेश के लिए बोर्ड के पास जाएगी।

(दो) बोर्ड, संप्रेक्षण गृह या सुरक्षित स्थान, यथास्थिति, से बालक का प्रभार लेने के लिए पुलिस को अधिकृत करने का समुचित आदेश पारित करेगा। पुलिस अधिकारी, बालक को साथ ले जाते समय वर्दी में नहीं होगें।

(तीन) विशेष किशोर पुलिस इकाई का सामाजिक कार्यकर्ता या जिला बाल संरक्षण इकाई का सामाजिक कार्यकर्ता या मामला कार्यकर्ता, जैसा भी आदेश बोर्ड द्वारा दिया जाए, बालक को ऐसी बरामदगी के लिए बाहर ले जाते समय साथ रहेगा।

(चार) बालक के लड़की होने की दशा में उसके साथ महिला अनुरक्षक रहेंगे।

(पांच) बालक को बरामदगी के लिए शहर के भीतर सूर्योदय के पश्चात और सूर्यास्त के पूर्व ले जाया जाएगा। शहर या राज्य के बाहर बरामदगी की दशा में बालक की सुरक्षा और आवास सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिला या शहर स्तर के विशेष किशोर पुलिस इकाई या राज्य में सुसंगत पदाधिकारियों की सहायता से आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

10. **प्रस्तुति पश्चात बोर्ड की प्रक्रियाएं :–**

(1) बोर्ड के समक्ष बालक की प्रथम प्रस्तुति के समय, प्रथम संक्षिप्त जांच बोर्ड द्वारा की जाएगी, प्रथम सूचना रिपोर्ट या दैनिक डायरी, यथास्थिति, सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट जिसमें बालक को पकड़ने के कारण और परिस्थितियां सम्मिलित हैं, पूर्व–प्रस्तुति–बातचीत का प्रतिवेदन, जिसमें बालक का कथन सम्मिलित है, और कोई अन्य दस्तावेज या प्रतिवेदन जैसा कि अधिकारियों, व्यक्तियों, बालक को प्रस्तुत करने वाली ऐजेन्सियों द्वारा उपलब्ध कराया जाए, और आयु के दस्तावेज, यदि कोई हो, का बोर्ड द्वारा प्रथम संक्षिप्त जांच में पुनर्विलोकन किया जाएगा तथा बोर्ड बालक के संबंध में ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जैसा कि वह उचित समझे, जिसमें अधिनियम की धारा 17 और 18 के अधीन आदेश सम्मिलित हैं, अर्थात् :–

(एक) यदि बालक की पहली पेशी के समय प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और अभिलेखों पर विचार करने पर उसके द्वारा विधि का उल्लंघन किए जाने का अभिकथन निराधार प्रतीत हो या जहां बालक द्वारा छोटे मोटे अपराध किए जाने का अभिकथन किया गया हो, वहां मामले का निपटान करना;

(दो) जहां बोर्ड को समाधान हो जाता है कि बालक को देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता है, बोर्ड, मामले का निपटान करते हुए, बालक को समिति, जो क्षेत्राधिकार रखती हो, को बालक की संरक्षण व देखरेख की

आवश्यकता की व्याख्या करते हुए विस्तृत आदेश सहित, प्रकरण हस्तांतरित करेगा;

(तीन) ऐसे मामलों में जहां बालक को पुलिस द्वारा अवैधानिक तरीके से पकड़ा गया है, वहां प्रारूप–3 में आदेश द्वारा बालक को माता पिता या संरक्षक को रिहा करना, तथा संबंधित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को प्रारूप–2 में बालक को आगामी तारीख को जांच में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करते हुए, वचन पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देशित करना, और

(चार) प्रारूप–4 में आदेश के अनुसार जांच के लंबित रहने के दौरान, यदि आवश्यक हो तो बालक को बाल देखरेख संस्था में रखने के लिए निर्देश देना।

(2) जांच के लंबित रहने के दौरान छोड़ने या जमानत देने के समस्त प्रकरणों में बोर्ड, सुनवाई की आगामी तारीख अधिसूचित करेगा, जो प्रथम संक्षिप्त जांच की तारीख से अधिकतम पन्द्रह दिन बाद होगी और प्रारूप–5 में आदेश के माध्यम से परिवीक्षा अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी के उपलब्ध ने होने के मामले में बाल कल्याण अधिकारी या सम्बंधित सामाजिक कार्यकर्ता से सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग भी करेगा।

(3) जब विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक जमानत दिए जाने के पश्चात्, सुनवाई के लिए नियत तारीख पर यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है और बालक की ओर से पेशी से छूट के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता है या बालक को पेशी से छूट देने के लिए कोई पर्याप्त कारण नहीं है तब बोर्ड या बालक न्यायालय, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी और सम्बंधित पुलिस थाने के थाना प्रभारी को बालक को प्रस्तुत करने के लिए निर्देश जारी करेगा और ऐसे बालक के पता चलने और प्रस्तुत करने तक, यथास्थिति, जांच या विचारण लंबित रहेगी और तब ही प्रारंभ की जा सकेगी, जब बालक खोज लिया जाता है तथा, यथास्थिति, बालक न्यायालय या बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है ।

(4) यदि प्रस्तुत किए जाने के निर्देश होने के बाद भी बाल कल्याण पुलिस अधिकारी बालक को यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय में प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 82 के अधीन आदेशिका जारी करने के स्थान पर अधिनियम की धारा 26 के अधीन समुचित आदेश जारी करेगा।

(5) समस्त मामलों में अंतिम रिपोर्ट यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय के समक्ष यथाशीघ्र दायर की जाएगी और किसी भी स्थिति में पुलिस को सूचना की

तारीख से अधिकतम दो माह की समयावधि में दायर की जाएगी, सिवाय उन मामलों के, जिनमें यथोचित रूप से यह ज्ञात नहीं था कि अपराध में संलिप्त व्यक्ति एक बालक था:

परंतु जहां यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय को यह समाधान हो जाता है कि अंतिम रिपोर्ट दायर करने के लिए और अधिक समय दिए जाने का युक्तियुक्त औचित्य विद्यमान है, वहां पुलिस द्वारा समय के भीतर अन्वेषण पूर्ण करने में विलम्ब के कारणों और औचित्य को तथा समयावधि विस्तार की आवश्यकता स्पष्ट करते हुए फाइल किए जाने वाले आवेदन पर, अंतिम रिपोर्ट दायर करने के लिए समुचित समय का विस्तार किया जा सकेगा।

(6) अधिनियम की धारा 14(2) में विहित की गई समय सीमा के भीतर जांच पूर्ण करने के अनुक्रम में बोर्ड प्रस्थिति प्रतिवेदन दायर करने के लिए पुलिस को निर्देश दे सकता है और विलम्ब तथा समय के विस्तार की आवश्यकता को स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् बोर्ड, पुलिस द्वारा विलम्ब को अभिलिखित करने के उपरांत कार्यवाहियों को समाप्त कर सकेगा तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी एवं जिले की विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल अधिकारी को एक प्रति अग्रेषित करेगा ।

(7) विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित किसी बालक से संबंधित जांच में परीक्षण के लिए साक्षी को प्रस्तुत करने के समय, बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि जांच कार्य पूर्णतः प्रतिकूल कार्यवाही के रुप में न किया जाए तथा बोर्ड, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 (1872 का 1) की धारा 165 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा, ताकि बालक का साक्षात्कार किया जा सके और उसके पक्ष में उपधारणाओं के आधार पर कार्यवाही की जा सके।

(8) जांच के दौरान विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक का परीक्षण करने व अधिनियम की धारा 14 के अधीन उसका कथन अभिलिखित करते समय, बोर्ड, बालक से बाल अनुकूल रीति से सवाल जवाब करेगा, ताकि वह बालक सहज हो सके और जिन अपराधों का आरोप उस पर लगाया गया है, न केवल उनके बारे में, बल्कि जिस घर, सामाजिक परिवेश में और प्रभाव के अधीन वह रहा या उसके साथ जो अपराध हुए हों, उन सभी के विषय में तथ्यों तथा परिस्थितियों का वर्णन बिना किसी भय के कर सके।

(9) बोर्ड, बालक द्वारा कारित किए गए अभिकथित अपराध, प्रस्तुति-पूर्व-बातचीत जिसमें बालक का कथन सम्मिलित है, की रिपोर्ट और किसी परिवीक्षा अधिकारी या स्वैच्छिक या गैर–शासकीय संगठन द्वारा प्रारूप–6 में तैयार की गई सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट या अपराध के कारित करने में बालक की अभिकथित

संलिप्तता के संबंध में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के साथ पुलिस के किसी अन्य सुसंगत दस्तावेज पर विचार करेगा।

बोर्ड द्वारा जघन्य अपराधों का प्राथमिक निर्धारणः–

1) बोर्ड, प्रथम दृष्टया यह अवधारित करेगा कि क्या बालक की आयु सोलह वर्ष या उससे अधिक है, यदि नहीं है तो वह अधिनियम की धारा 14 के उपबंधों के अनुसार कार्यवाही करेगा। बोर्ड आयु का निर्धारण करने के पश्चात् समुचित प्रकरणों में प्राथमिक निर्धारण करेगा तथा धारा 18 की उपधारा (3) के अधीन आदेश पारित करेगा या अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन आदेश पारित करेगा।

2) बोर्ड निम्नलिखित तरीकों से मनोवैज्ञानिकों या मनो–सामाजिक कार्यकर्ताओं या अन्य विशेषज्ञों की सहायता ले सकता है :

(एक) जघन्य अपराधों के प्राथमिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ बोर्ड ऐसे सक्षम मनोवैज्ञानिकों या मनो–समाजिक विशेषज्ञों या अन्य विशेषज्ञों की सहायता ले सकेगा, जिन्हें कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बालक के साथ कार्य करने का अनुभव हो।

(दो) मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी प्रत्येक जिले के लिए अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1) के अधीन मनोवैज्ञानिकों, मनो–सामाजिक विशेषज्ञों और सुसंगत विशेषज्ञों को जिनकी सहायता बोर्ड द्वारा ली जा सकती है, सूचीबद्ध करेगी।

(तीन) बोर्ड उन मनोवैज्ञानिकों या मनो–सामाजिक विशेषज्ञों या अन्य विशेषज्ञों की भी सहायता ले सकेगा जो मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी द्वारा पैनल में सूचीबद्ध नहीं हैं।

(चार) ऐसे मामलों में जहां बोर्ड का यह दृष्टिकोण है कि मनोवैज्ञानिकों या मनो–सामाजिक विशेषज्ञों या अन्य विशेषज्ञों की सहायता की आवश्यकता नहीं है, वहां बोर्ड बिना ऐसी सहायता लिए आगामी कार्यवाही करेगा।

(पांच) यदि बोर्ड प्राथमिक निर्धारण के दौरान मनोवैज्ञानिकों या मनो-सामाजिक विशेषज्ञों या अन्य विशेषज्ञों की सहायता लेने का विनिश्चय करता है तो बोर्ड अपने आदेश में उन पहलुओं का स्पष्ट उल्लेख करेगा जिन पर अभिमत चाहा गया है और यह भी कि यह मनोवैज्ञानिक या मनो–सामाजिक विशेषज्ञ या किसी अन्य विशिष्ट विशेषज्ञ में से किससे चाहा गया है।

(छह) किसी भी परिस्थिति में बोर्ड प्राथमिक निर्धारण के लिए प्रकरण, किसी मनोवैज्ञानिक या मनो–सामाजिक विशेषज्ञ या अन्य विशेषज्ञ को प्रत्यायोजित नहीं करेगा।

(सात) मनोवैज्ञानिकों, मनो–सामाजिक विशेषज्ञों या अन्य विशेषज्ञों द्वारा दिए गए अभिमत की प्रति, बालक या बालक के माता–पिता या संरक्षक को दी जाएगी, ताकि वे अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो, लिखित में दायर कर सकें।

(आठ) मनोवैज्ञानिकों या मनो–सामाजिक विशेषज्ञों या अन्य विशेषज्ञों को, जो पैनेल में है या जिनकी सहायता बोर्ड द्वारा चाही गई है, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अधिनियम की धारा 105 के अधीन संधारित निधि से ऐसी फीस का भुगतान किया जाएगा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत किया जाए।

(3) प्राथमिक निर्धारण करते समय बालक के निर्दोष होने की उपधारणा की जाएगी और बालक के विधि का उल्लंघन करने की पूर्व की या तदोपरांत की घटनाएं, यदि कोई हो, पर विचार नहीं किया जाएगा।

(4) जहां, बोर्ड अधिनियम की धारा 15 के अधीन प्राथमिक निर्धारण पश्चात् धारा 18 की उपधारा (3) के अधीन यह आदेश पारित करता है कि उक्त बालक पर विचारण वयस्क के रुप में करने की आवश्यकता है, तो बोर्ड ऐसे आदेश के कारणों को लिखित में निर्धारित करेगा और विनिश्चय तथा अपील करने के अधिकार के बारे में बालक को सूचित करेगा एवं बालक या उसके माता–पिता या संरक्षक को विनिश्चय की तारीख को ही आदेश की एक सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराएगा।

(5) बोर्ड, बालक न्यायालय में प्रकरण अंतरित करने का आदेश पारित करते समय, तारीख और समय तथा उस न्यायालय को विनिर्दिष्ट करेगा जहां बालक को यथास्थिति, उपस्थित होना या प्रस्तुत किया जाना है ।

(6) बोर्ड, ऐसे अपराधों का विचारण करने की अधिकारिता रखने वाले बालक न्यायालय को प्रकरण अंतरित करते समय उसके पास उपलब्ध संपूर्ण अभिलेख, मूल प्रति में बालक न्यायालय को भेजेगा और उसकी एक प्रमाणित प्रति स्वयं के रिकार्ड के लिए बोर्ड में रखी जाएगी।

(7) बोर्ड या प्रधान मजिस्ट्रेट या बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य या विशेष किशोर पुलिस इकाई के साथ वार्तालाप के दौरान बालक द्वारा दिए गए किसी भी कथन या परामर्शदाताओं, शिक्षकों और पाठ्यक्रम अनुदेशकों, अन्य सेवा प्रदाताओं या स्टॉफ और यथास्थिति, संप्रेक्षण गृह या सुरक्षित स्थान के अधिकारियों से किए गए प्रकटन को बालक के विरूद्ध अभिलिखित, विचारित या उपयोग में नहीं लाया जाएगा।

(8) प्राथमिक निर्धारण की संपूर्ण प्रक्रिया में भागीदारी की पूर्ण सूचना रखने के बालक के अधिकार का बोर्ड, बालक के अधिवक्ता, संबंधित परिवीक्षा अधिकारी, बाल देखरेख संस्था के प्रभारी या जांच के लंबित रहने के दौरान बालक के साथ वार्तालाप करने वाले मनोवैज्ञानिक, मनो–सामाजिक कार्यकर्ता या विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के दौरान बालक के साथ वार्तालाप करने वाले विशेषज्ञ और ऐसे अन्य व्यक्ति जो बालक के प्राथमिक निर्धारण के संबंध में निर्णय करने में बोर्ड की सहायता करने की प्रक्रिया में संलिप्त हो, द्वारा सम्मान किया जाएगा एवं सुनिश्चित किया जाएगा।

(9) प्राथमिक निर्धारण की कार्यवाही का लंबित रहना, उस बालक के जमानत आवेदन तथा उसके निपटान पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा।

(10) बालक या बालक के माता–पिता या संरक्षक को बोर्ड के समक्ष प्राथमिक निर्धारण के प्रयोजन के लिए, बोर्ड द्वारा विचारण में लाए जा रहे किसी तथ्य, अभिमत, दृष्टिकोण, सूचना या दस्तावेज से संबंधित किसी साक्ष्य को प्रस्तुत करने, खंडन करने, व्याख्या करने या स्पष्टीकरण देने के लिए या तो स्वयं या किसी अधिवक्ता को अनुज्ञात किया जाएगा तथा किसी भी व्यक्ति को जिसके दृष्टिकोण, अभिमत या जानकारी का बोर्ड द्वारा विचारण किया जा रहा है, प्रतिपरीक्षण हेतु अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) बोर्ड का यह कर्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि अधिनियम की धारा 101 (2) के अधीन अपील या अधिनियम की धारा 102 के अधीन पुनरीक्षण, यथास्थिति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से बालक की ओर से दायर की जाए, जिसे संप्रेक्षण गृह या सुरक्षित स्थान या उचित सुविधा में रखा गया है और जिसके संबंध में बोर्ड ने एक वयस्क के रूप में विचारित करने के प्रयोजन हेतु प्रकरण, बाल न्यायालय को अंतरित करने का आदेश पारित किया है। संबंधित प्राधिकारियों, बालक और बालक के माता–पिता या संरक्षक और उस संस्था के प्रभारी व्यक्ति, जहां बालक को रखा गया है, द्वारा आवश्यक समन्वय बोर्ड द्वारा यथाशीघ्र सुकर बनाया जाएगा।

12. **जांच की समाप्तिः–**

(1) बालक द्वारा अभिकथित रूप से किए गए जघन्य अपराधों के मामलों में जहां अधिनियम की धारा 15 के अधीन प्राथमिक निर्धारण के बाद बोर्ड मामले का निपटान करने का निर्णय लेता है वहां बोर्ड, अधिनियम की धारा 18 में यथा विनिर्दिष्ट निपटान आदेशों में से कोई एक आदेश पारित कर सकेगा।

(2) कोई भी आदेश पारित करने के पूर्व, बोर्ड, परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता, जैसा भी आदेशित हो, द्वारा **प्रारूप 6** में तैयार की गई नवीन सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट प्राप्त कर सकेगा और उस रिपोर्ट के निष्कर्षों पर विचार कर सकता है।

(3) बोर्ड द्वारा पारित सभी निपटान आदेशों में, संबंधित विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के लिए अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत देखरेख योजना को शामिल किया जाएगा। यह व्यक्तिगत देखरेख योजना उस बालक और यदि संभव हो तो उसके परिवार से विचार–विमर्श के आधार पर परिवीक्षा अधिकारी अथवा बाल कल्याण अधिकारी अथवा किसी मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संगठन द्वारा प्रारूप 7 में तैयार की जाएगी।

(4) जिन मामलों में बोर्ड को यह विश्वास हो जाए कि किसी बालक को संप्रेक्षण गृह या विशेष गृह में रखना न तो उस संबंधित बालक और न ही अन्य बालकों के हित में है, उन मामलों मे, बोर्ड उस बालक को सुरक्षित स्थान या उचित सुविधा में इस प्रकार रखे जाने का आदेश पारित कर सकता है, जिस प्रकार बोर्ड को उपयुक्त प्रतीत हो।

(5) जिन मामलों में बोर्ड बालक को सलाह या भर्त्सना या सामूहिक परामर्श में बालक की भागीदारी के पश्चात् निर्मुक्त करता है या उसे सामुदायिक सेवा करने का आदेश देता है, उन मामलों में बोर्ड द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई को ऐसे परामर्श एवं सामुदायिक सेवा की व्यवस्था कराने एवं नियमित अंतराल पर अनुवर्ती प्रतिवेदन जमा कराने का निर्देश भी जारी किया जा सकता है।

(6) जिन मामलों में बोर्ड विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को परिवीक्षा पर छोड़ते हुए उसे उसके माता–पिता या संरक्षक या किसी उपयुक्त व्यक्ति की देखरेख में रखे जाने का निर्देश देता है, उन मामलों में जिस व्यक्ति की देखरेख में उस बालक को छोड़ा जाता है, उस व्यक्ति को प्रारूप 8 में यह लिखित वचनपत्र प्रस्तुत करना होगा कि अधिकतम तीन वर्षों तक वह बालक का अच्छा व्यवहार एवं कल्याण सुनिश्चित करेगा।

(7) बोर्ड विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को प्रारूप 9 में बिना प्रतिभूति के व्यक्तिगत वचनद्धता निष्पादित करने पर छोड़ने का निर्णय ले सकेगा।

(8) यदि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को उपयुक्त सुविधा या विशेष गृह में रखा जाता है तो बोर्ड इस बात का ध्यान रखेगा कि वह उपयुक्त सुविधा या विशेष गृह उस बालक के माता–पिता या संरक्षक के निवास स्थान के ज्यादा

से ज्यादा निकट हो, सिवाए उन मामलों के, जिनमें ऐसा करना बालक के सर्वोत्तम हित में न हो।

(9) जिस मामले में बोर्ड बालक को परिवीक्षा पर निर्मुक्त करता है और उसे माता–पिता या संरक्षक या किसी उपयुक्त व्यक्ति या उपयुक्त सुविधा की देखरेख में रखता है, उस मामले में बोर्ड यह आदेश भी दे सकेगा कि उस बालक को परिवीक्षा अधिकारी की निगरानी में रहना होगा, जो प्रारूप 10 में आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और ऐसी निगरानी की अवधि अधिकतम तीन वर्ष होगी।

(10) जहां बोर्ड को इस संबंध में रिपोर्ट प्राप्ति पर ऐसा प्रतीत होता है कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक ने परिवीक्षा की शर्तों का अनुपालन नहीं किया है, उस मामले में बोर्ड संबंधित बालक को अपने समक्ष प्रस्तुत होने, उसके कारणों को समझने हेतु आगामी कार्यवाही करते हुए, समुचित उपचारी आदेश जैसे परिवार परामर्श, शाला प्रवेश, व्यसन मुक्ति केन्द्र, व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, आवासीय छात्रावास में प्रवेश देने या उचित सुविधा, विशेष गृह या सुरक्षित स्थान में पर्यवेक्षण की शेष अवधि के लिए भेज सकेगा, यदि यह बालक के हित में है ।

(11) किसी भी मामले में, किसी बालक को विशेष गृह में या सुरक्षित स्थान पर रखे जाने की अवधि अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) के खंड (छ) में उपबंधित अधिकतम अवधि से ज्यादा नहीं होगी।

(12) अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन किसी आदेश या किसी अन्य आदेश को पारित करते समय, जिसके द्वारा बोर्ड के समक्ष कार्यवाहियां बंद की जाती है, बोर्ड अधिनियम की धारा 24 की उपधारा (2) के अधीन एक आदेश सम्मिलित करेगा जिसमें संबंधित पुलिस थाना प्रभारी और संबंधित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को निर्देश होगा कि वह अपील की अवधि की समाप्ति के अधिकतम दो सप्ताह के भीतर, पुलिस स्टेशन से बालक के अभिलेख को नष्ट कर दे तथा बोर्ड इस आदेश की एक प्रति बालक और बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को इस निर्देश के साथ देगा कि वह ऐसे आदेश के पालन के एक सप्ताह के भीतर बोर्ड के समक्ष पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

(13) बाल पुलिस कल्याण अधिकारी उपधारा (12) के अधीन ऐसा आदेश, संबंधित पुलिस थाना प्रभारी के ध्यान में तुरंत लाएगा जो नियत समय के भीतर ऐसे आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा तथा यह सुनिश्चित करेगा कि अभिलेख नष्ट होने के समय तक इसे पुलिस थाने में ऐसी रीति में रखे, जिससे इसका प्रकटन न हो।

13. जांच का लंबित रहना:–

(1) अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (3) के प्रयोजनार्थ, बोर्ड प्रारूप 11 में प्रत्येक मामले और प्रत्येक बालक का मामला निगरानी पत्र रखेगा। उक्त प्रारूप प्रत्येक मामले की फाइल में सबसे ऊपर रखा जाएगा और इसमें समय–समय पर अद्यतन ब्यौरा भरा जाएगा। जहां तक प्रारूप 11 में उल्लिखित जांच कार्य की प्रगति का संबधं है, आगे दर्शाए गए बिंदुओं को ध्यान में रखा जाएगा:–

(एक) मामले के निपटान की समय–सीमा सुनवाई की पहली तारीख को निर्धारित की जाएगी।

(दो) जांच कार्य की प्रगति के स्तंभ संख्या (2) में निर्धारित तारीख वह बाहरी सीमा होगी, जिसके भीतर स्तंभ संख्या (1) में दर्शाए गए चरण संपन्न करने होंगे।

(2) बोर्ड, प्रकरणों के लंबित रहने और बोर्ड को सौंपे गये अन्य कृत्यों के बारे में प्रारूप 12 में एक तिमाही रिपोर्ट निम्न को प्रस्तुत करेगा : –

(एक) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, यथास्थिति;

(दो) जिला मजिस्ट्रेट; और

(तीन) मध्यप्रदेश राज्य में अधिनियम और इन नियमों के कियान्वयन के लिए उत्तरदायी विभाग के, यथास्थिति, आयुक्त या संचालक।

(3) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट, यथास्थिति, प्रत्येक तिमाही में एक बार बोर्ड का निरीक्षण करेगा और प्रधान मजिस्ट्रेट तथा बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों के कार्य निष्पादन का, बोर्ड की कार्यवाहियों में उनकी सहभागिता, अनुशासन और उपस्थिति आदि के आधार पर, मूल्यांकन करेगा तथा उसकी एक रिपोर्ट राज्य सरकार तथा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय को उसके रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से प्रस्तुत करेगा।

14. **बालक न्यायालय, एवं निगरानी प्राधिकरणों तथा अपील, प्राथमिक निर्धारण आदेश के विरूद्ध अपील के संबंध में प्रकिया –**

(1) प्राथमिक निर्धारण पर लिए गए निर्णय एवं संबंधित मुद्दों के विरुद्ध अपील के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा –

(एक) जहां अधिनियम की धारा 15 के अधीन प्राथमिक निर्धारण करने के पश्चात् पारित बोर्ड के आदेश के विरूद्ध अधिनियम की धारा 101 की उपधारा (2) के अधीन अपील दायर की गई है, वहां ऐसी अपील बालक

न्यायालय, जहां ऐसे मामले को अंतरित किया गया है, से अन्यथा सत्र न्यायालय में की जाएगी, और ऐसे सत्र न्यायालय को ऐसी अपील के निपटान होने तक बालक न्यायालय की कार्यवाहियों को स्थगित करने का अधिकार होगा।

(दो) जहां सत्र न्यायालय द्वारा अधिनियम की धारा 101 की उपधारा (2) के अधीन अपील का निपटान इस निष्कर्ष के साथ हुआ हो कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण करने की आवश्यकता नहीं है, अधिनियम और इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार मामले को निपटान के लिए बोर्ड को भेजा जाएगा।

(तीन) जहां अधिनियम की धारा 101 की उपधारा (2) के अधीन किसी अपील का निपटान सत्र न्यायालय द्वारा इस निष्कर्ष के आधार पर किया जाता है कि बालक का विचारण एक वयस्क के रूप में किया जाना चाहिए, वहां, वह संबंधित बालक न्यायालय को निर्देशित करेगा कि वह प्रकरण में कार्यवाही करे, किन्तु सत्र न्यायालय के विनिश्चय का, अधिनियम की धारा 19 (1) (पप) के अधीन बालक न्यायालय की, यदि वह ऐसा निर्णय करता है, एक बालक को, बालक समझने की शक्तियों पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

(चार) सत्र न्यायालय या बालक न्यायालय को अधिनियम की धारा 12 के अधीन आदेश पारित करने की शक्तियां होंगी और तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जमानत देना अधिनियम की धारा 12 के अनुसार विनिश्चित किया जाएगा, भले ही वयस्क के रुप में बालक का विचारण किया जाता है।

(2) बालक न्यायालय के मामलों को, धारा 18 की उपधारा (3) के अधीन अंतरित करने के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा –

(एक) धारा 18 की उप–धारा (3) के अधीन बोर्ड द्वारा अंतरित किए गए मामलों की प्राप्ति पर बालक न्यायालय, बोर्ड के प्राथमिक निर्धारण पर पारित आदेश एवं विशेषज्ञों की रिपोर्ट, यदि कोई हो, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा प्रस्तुत सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट, परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी द्वारा प्रस्तुत सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट, अधिनियम की धारा 99 के अधीन बालक की ओर से प्रस्तुत कोई साक्ष्य एवं बालक या बालक की ओर से उसके अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्क का परीक्षण करेगा तथा यदि यह विनिश्चिय करता है कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण करने की

आवश्यकता है, तो धारा 19 की उपधारा (1) के खण्ड (प) के अधीन, या यदि यह विनिश्चिय करता है कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण करने की आवश्यकता नहीं है तो धारा 19 की उप–धारा (1) के खण्ड (पप) के अधीन कारणों सहित, तदानुसार आदेश पारित करेगा।

(दो) जहां बालक न्यायालय विनिश्चय करता है कि वयस्क के रूप में बालक के विचारण की कोई आवश्यकता नहीं है और वह जांच करते हुए मामले को स्वयं विनिश्चिय करेगा जैसे कि वह बोर्ड के रूप में कार्य कर रहा है और मामलो का निपटान अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार करेगा। कार्यवाहियां बालअनुकूल माहौल में की जाएगी तथा विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक का विचारण किसी ऐसे व्यक्ति के विचारण के साथ संयुक्त रूप से नहीं किया जाएगा जो कि बालक नहीं है। बालक न्यायालय ऐसे प्रकरणों में अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) और (2) में यथा उपबंधित कोई निपटान आदेश पारित कर सकेगा। बालक न्यायालय द्वारा पारित अंतिम आदेश में विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के लिए प्रारूप 7 में जहां संभव हो, वहां बालक और उसके परिवार के साथ वार्तालाप के आधार पर परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संगठन द्वारा तैयार की गई व्यक्तिगत देखरेख योजना को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जायगा।

(तीन) जहां बालक न्यायालय यह विनिश्चय करता है कि व्यस्क के रूप में बालक का विचारण करने की आवश्यकता है वहां वह बाल अनुकूल माहौल में विचारण को आगे बढाएगा तथा उसके द्वारा अपनाई गई प्रकिया इस अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन होगी।

(चार) ऐसा विचारण बंद कमरे में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (2 का 1974) द्वारा विहित प्रकिया के अनुसार प्रतिकूल दांडिक न्याय प्रणाली में अभियुक्त के समस्त अधिकारों को संरक्षित करते हुए की जाएगी।

(पांच) विचारण की समाप्ति के पश्चात् बालक न्यायालय उस संबंध में अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, कोई समुचित आदेश पारित कर सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे, जिसमें अपराधी परिवीक्षा अधिनियम (20 का 1958) के साथ पठित दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 (2 का 1974) की धारा 360 के अधीन समस्त अपराध, जिसके लिए मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास का दण्ड न हो, के लिए आदेश सम्मिलित है।

(छह) कोई भी बालक न्यायालय, जिसे कि बोर्ड द्वारा प्रकरण अन्तरित किया गया है, ऐसे बालक को पेशी के प्रथम दिन सूचित करेगा कि बोर्ड के आदेश के विरूद्ध अपील या उच्च न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण दायर किया जा सकता है, तथा आगे और कार्यवाही करने के पूर्व बोर्ड द्वारा अंतरण के आदेश के विरूद्ध अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए बालक को सम्यक समय और अवसर प्रदान करेगा और यदि बालक को इस प्रयोजन के लिए विधिक सहायता की आवश्यकता है तो बालक न्यायालय, ऐसी अपील दायर करने के लिए ऐसे बालक को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकारी के साथ या पुनरीक्षण दायर करने के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के साथ समन्वय करेगा, यदि ऐसा बोर्ड द्वारा पूर्व में नही किया गया हो। बालक न्यायालय यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसे बालक के माता–पिता या संरक्षकों को बालक को उपलब्ध उपचारात्मक उपायों के बारे में पूर्ण जानकारी हो।

(3) बालक न्यायालय और निगरानी प्राधिकरणों के संबंध में निम्नलिखित प्रकिया का पालन किया जाएगा –

(एक) बालक न्यायालय के आदेश से सुरक्षित स्थान में भेजा गया कोई बालक, इक्कीस वर्ष की आयु पूर्ण होने तक वहीं रहेगा। सुरक्षित स्थान पर रहने के दौरान बालक की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए परिवीक्षा अधिकारी या जिला बाल संरक्षण इकाई या कोई सामाजिक कार्यकर्ता प्रारूप 13 में वार्षिक अनुवर्ती कार्यवाही करेगा और उसकी रिपोर्ट बालक न्यायालय को भेजी जाएगी। बालक न्यायालय व्यक्तिगत देखरेख योजना के क्रियान्वयन के लिए बालक की प्रगति और संस्था द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं का आंकलन करने के प्रयोजन के लिए आवधिक रूप से और मास में क़म से कम एक बार बालक को अपने समक्ष प्रस्तुत किए जाने का निर्देश भी दे सकेगा और किसी कमी या त्रुटि की स्थिति में, बालक न्यायालय ऐसी कमी या त्रुटि को सुधारने के लिए राज्य सरकार के संबंधित प्राधिकारियों के लिए अतिरिक्त आदेश पारित करेगा ।

(दो) जब बालक इक्कीस वर्ष की आयु पूर्ण कर ले और उसे संस्था में रहने की विनिर्दिष्ट अवधि पूर्ण करना शेष हो, बालक न्यायालय मूल्यांकन करेगा कि उसमें सुधारात्मक बदलाव आए हैं या नहीं और क्या वह बालक समाज का योगदानकारी सदस्य बन सकता है और इस प्रयोजन के लिए बालक, उसके माता–पिता या संरक्षक से बातचीत करेगा और परिवीक्षा अधिकारी या जिला बाल संरक्षण इकाई या सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा

तैयार की गई बालक की आवधिक अनुवर्ती कार्यवाही रिपोर्टों पर विचार करेगा और यदि आवश्यक हो तो सुसंगत विशेषज्ञों की एक मूल्यांकन रिपोर्ट मंगाएगा और संस्था द्वारा बालक के सुधार और उसकी मुख्यधारा में वापसी हेतु किए गए प्रयत्नों या त्रुटियों पर विचार करेगा।

(तीन) इस नियम के उपनियम 3 (II) में विहित मूल्यांकन करने के पश्चात्, बालक न्यायालय निम्न निर्णय ले सकता है –

(क) बालक को तुरंत छोड़ना;

(ख) अच्छे व्यवहार के लिए बालक को प्रतिभूति के साथ या बिना प्रतिभूति के व्यक्तिगत मुचलका निष्पादित करने पर छोड़ना;

(ग) बालक को छोड़ने और परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता, रोजगार, परामर्श और अन्य उपचारात्मक कार्यों के विषय में निर्देश जारी करना; और

(घ) बालक को छोड़ने और उसके संस्था में रहने की शेष विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निगरानी प्राधिकारी नियुक्त करने का निर्णय कर सकेगा। जिस मामले में निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जाए, उस मामले में वह प्राधिकारी बालक के लिए पुनर्वास कार्ड प्रारूप 14 में संधारित करेगा।

(चार) बालक को छोड़ते समय, परिवीक्षा अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या किसी उपयुक्त व्यक्ति को निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण इकाई ऐसे व्यक्तियों की सूची रखेगी, जिन्हें निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जा सकता है और इस सूची को द्वि–वार्षिक अद्यतनीकरण के साथ बालक न्यायालय को भेजा जायेगा।

(पांच) छोड़े जाने के बाद, पहली तिमाही में बालक पाक्षिक आधार पर या बालक न्यायालय के निर्देशानुसार अंतरालों पर निगरानी प्राधिकारी से मिलेगा। निगरानी प्राधिकारी बालक से परामर्श करके ऐसी बैठकों का समय और स्थान निर्धारित करेगा। निगरानी प्राधिकारी बालक की प्रगति के विषय में अपनी टिप्पणियां मासिक आधार पर बालक न्यायालय को भेजेगा। प्रथम तिमाही की समाप्ति पर, निगरानी प्राधिकारी बालक के लिए अपेक्षित, आगामी अनुवर्ती प्रक्रियाओं के संबंध में अनुशंसाएं करेगा।

(छह) यदि यह पाया जाए कि अब बालक की और निगरानी किए जाने की आवश्यकता नहीं है तो निगरानी प्राधिकारी सिफारिशों के साथ विस्तृत रिपोर्ट बालक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा और बालक न्यायालय निगरानी को समाप्त किए जाने या आगे जारी रखने जाने के लिए निर्देश जारी करेगा। प्रथम तिमाही के पश्चात, बालक, निगरानी प्राधिकारी द्वारा पहली तिमाही के अन्त में की गयी सिफारिशों के आधार पर बालक न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अंतरालों पर निगरानी प्राधिकारी से मिलेगाा और निगरानी प्राधिकारी अपनी रिपोर्ट बालक न्यायालय को भेजेगा जो कि प्रत्येक तिमाही में उसकी समीक्षा करेगा।

15. अभिलेखों का नष्ट किया जाना :

विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक की दोषसिद्धि से संबंधित अभिलेखों को अपील की अवधि समाप्त होने या सात वर्ष, जो भी अधिक हो, तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा और उसके बाद उन्हें यथास्थिति प्रभारी व्यक्ति या बोर्ड या बालक न्यायालय या स्थानीय पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा नष्ट किया जाएगाः

परंतु यह कि जघन्य अपराध के मामले में जहां अधिनियम की धारा 19 की उप धारा(1)के खंड (प) के अधीन बालक को विधि का उल्लंघन करते पाया जाए, वहां ऐसे बालक की दोष सिद्धि के संगत अभिलेखों को बालक न्यायालय अपने पास रखेगाः

परंतु यह भी कि राज्य सरकार पुलिस, बोर्ड, समिति और बालक न्यायालय द्वारा अभिलेखों के नष्ट किए जाने के लिए इन नियमों के लागू होने के तीन माह के भीतर प्रकिया विहित करते हुए समुचित आदेश पारित करेगा।

अध्याय–4

बाल कल्याण समिति

16. समिति की संरचना और सदस्यों की योग्यता.–

(1) प्रत्येक जिले में एक या एक से अधिक समितियाँ होंगी, जिनका गठन राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा किया जाएगा।

(2) समिति में एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होंगे, जिनमें कम से कम दो महिलाएँ होंगी।

(3) समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति इन नियमों के नियम 92 के अधीन गठित चयन समिति की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(4) अध्यक्ष और सदस्य, समिति में नियुक्ति के लिए आवेदन आंमत्रित करने वाले समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापन की पहली तारीख को पैंतीस वर्ष से कम आयु का और पैंसठ वर्ष से अधिक आयु का नहीं होगा, और शिक्षा, स्वास्थ्य या कल्याण गतिविधियों में बालकों के साथ काम करने में सक्रिय भागीदारी का कम से कम सात साल का अनुभव हो, या सामाजिक कार्य, या बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा, या समाजशास्त्र या विधि में स्नातक की उपाधि के साथ कम से कम तीन साल अभ्यासरत पेशेवर रहा हो:

परंतु यह कि–

(क) जहां तक संभव हो किसी समिति के लिए चुने गए दो से अधिक सदस्य समान व्यवसाय या पेशे से नहीं होंगे; तथा

(ख) सभी चयनित व्यक्ति स्थानीय निवासी हों और उनका नाम उसी जिले की मतदाता सूची में हो, जिस जिले की समिति हेतु उनका चयन किया गया हो।

(5) समिति के अध्यक्ष या सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण करते समय, ऐसा व्यक्ति किसी भी राजनीतिक दल के साथ किसी भी क्षमता में संबद्ध नहीं होगा, या कोई भी व्यवसाय संचालित नहीं करेगा या लाभ का पद धारण नहीं करेगा, या किसी अन्य पेशे में व्यवसाय नहीं करेगा या किसी भी बाल देखभाल संस्था में कोई पद धारण नहीं करेगा या किसी भी संस्थान के शासी निकाय में नहीं होगा और तदनुसार किसी भी पद या कार्याभार को त्याग देगा और समिति के अध्यक्ष या सदस्य के पद को स्वीकार करने से पहले इस संबंध में राज्य सरकार को एक शपथपत्र प्रस्तुत करेगा।

(6) समिति के सदस्य, जिसमें अध्यक्ष भी शामिल हैं, अधिकतम दो कार्यकालों तक नियुक्ति के लिए पात्र होंगे, जो पिछले कार्यकाल में निष्पादन के अध्यधीन, निरंतर हो सकेगी।

(7) अध्यक्ष सहित समिति के किसी सदस्य के पद का कार्यकाल राज्य बाल संरक्षण सोसायटी द्वारा इस संबंध में विहित प्रारूप में जिला दण्डाधिकारी द्वारा उनके वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर, राज्य सरकार द्वारा पुनः चयन के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है:

परंतु ऐसे निष्पादन मूल्यांकन का प्रारूप राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी द्वारा इन नियमों के प्रवर्तन के तीन माह के भीतर विकसित किया जाएगा।

(8) चयनित सभी व्यक्तियों को नियुक्ति की तिथि से साठ दिनों की अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से नियम 94 के अधीन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

(9) अध्यक्ष व सदस्य किसी भी समय संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से राज्य सरकार को लिखित में एक महीने की अग्रिम सूचना देकर त्यागपत्र दे सकेंगे।

(10) राज्य सरकार द्वारा नियुक्त समिति के किसी सदस्य, अध्यक्ष सहित को हटाया जा सकेगा, यदि सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों, जो कि पद से जुड़े हुए हों या इस अधिनियम या नियमों में किए गए किसी उपबंध से उत्पन्न हुए हों, का निर्वहन करने में विफल रहता है या सम्यक जांच के उपरांत कदाचार के लिए जिम्मेदार पाया जाता है:

परंतु कोई भी सदस्य, जिसकी समिति में नियुक्ति समाप्त कर दी गई हो, मध्यप्रदेश राज्य में अधिनियम और इन नियमों के अधीन भविष्य में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा और ऐसे सदस्यों की एक सूची अभिलेख और संदर्भ के लिए संधारित की जाएगी।

(11) समिति में कोई भी रिक्ति को, चयन समिति द्वारा तैयार नामों के पैनल से किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति द्वारा, पदधारी सदस्य के कार्यकाल की समाप्ति से पहले भरा जाएगा:

परंतु चयनित व्यक्तियों का पैनल अंतिम चयन की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा।

(12) समिति का कोई सदस्य, राज्य सरकार के एक विस्तार आदेश के आधार पर, कार्यकाल पूरा होने के बाद भी पद पर बना रहेगा, जब तक कि उसका

उत्तरवर्ती पदग्रहण नहीं कर लेता है, परंतु किसी भी परिस्थिति में ऐसा विस्तार छह माह से अधिक के लिए नहीं होगा।

17. समिति के नियम और प्रक्रियाएँ:–

(1) समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को ऐसा बैठक भत्ता, यात्रा भत्ता और कोई अन्य भत्ते का भुगतान किया जाएगा, जैसा कि राज्य सरकार निर्धारित करे, लेकिन यह भत्ता प्रत्येक बैठक के लिए 1500 रुपए से कम नहीं होगा।

(2) बाल देखरेख संस्था का भ्रमण या जिला बाल संरक्षण इकाई या राज्य बाल संरक्षण सोसायटी, या राज्य सरकार या केंद्र सरकार के विभाग द्वारा या माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण या बैठक में भाग लेना, बैठक के शुल्क के भुगतान के प्रयोजन से बैठक के रूप में माना जाएगा, परंतु यह कि समिति के संबंधित सदस्य द्वारा इस संबंध में एक रिपोर्ट प्रतिवेदन विधिवत रूप से जिला बाल संरक्षण इकाई को प्रस्तुत की जाए।

(3) समिति बाल गृह के परिसर में, या बाल गृह के निकट किसी स्थान पर, या देखभाल और संरक्षण के लिए जरूरतमंद बालकों के लिए अधिनियम के अधीन संचालित किसी भी संस्थान में उपयुक्त परिसर में अपनी बैठकें आयोजित करेगी।

(4) समिति यह सुनिश्चित करेगी कि जब कार्यवाही चल रही हो, तब कोई भी ऐसा व्यक्ति उस समय कक्ष में उपस्थित न रहे, जिसका मामले से कोई संबंध न हो:

परंतु समिति, बाल अधिकारों और किशोर न्याय के क्षेत्र में अनुसंधान, नीतिगत कार्य और व्यवहार में संलग्न व्यक्तियों को प्रपत्र 48 में एक वचनपत्र प्रस्तुत करने के बाद अनुमति दे सकती है।

(5) समिति यह सुनिश्चित करेगी कि केवल वही व्यक्ति, जिनकी उपस्थिति में बच्चा सहज महसूस करता है, जिसमें परिवार का कोई सदस्य, अभिभावक, मित्र या बच्चे के भरोसे का कोई रिश्तेदार और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम, 2020 के अधीन समिति द्वारा नियुक्त सहायक व्यक्ति शामिल है, को समिति की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाएगी, जैसा कि समिति उचित समझे।

(6) समिति का कम से कम एक सदस्य आपातकालीन किसी भी मामले का संज्ञान लेने के लिए हमेशा उपलब्ध या सुलभ रहेगा और विशेष किशोर पुलिस इकाई या जिले की स्थानीय पुलिस या बाल देखरेख संस्थान को आवश्यक निर्देश जारी करेगा। इस प्रयोजन के लिए, समिति के अध्यक्ष समिति के सभी

सदस्यों, अध्यक्ष सहित, के लिए मासिक ड्यूटी रोस्टर तैयार करेंगे, जो रविवार और छुट्टियों सहित सभी दिनों में उपलब्ध और सुलभ होंगे। रोस्टर में लिंक सदस्य का विवरण शामिल होगा, जिससे तब संपर्क किया जा सके, जब ड्यूटी रोस्टर का सदस्य अवकाश पर जाता है या सुलभ नहीं है।

(दो) रोस्टर को सभी पुलिस थानों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट, बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई और विशेष किशोर पुलिस इकाई को अग्रिम रूप से परिचालित किया जाएगा।

(तीन) समिति के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, जिला मजिस्ट्रेट समिति के किसी सदस्य को कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करेंगे।

(चार) अवकाश का लाभ लेने का इच्छुक सदस्य, जो कि अध्यक्ष के अलावा है, समिति के अध्यक्ष को लिखित में सूचित करेगा और यह भी उल्लेख करेगा कि क्या ऐसा सदस्य समिति की बैठक या ड्यूटी रोस्टर या दोनों से अवकाश ले रहा है, और उसकी एक प्रति जिला बाल संरक्षण इकाई को अवकाश लागू होने से पहले कम से कम तीन कार्य दिवस पूर्व अग्रेषित करेगा।

(पांच) अवकाश का लाभ लेने का इच्छुक अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट को लिखित में सूचित करेगा और यह भी उल्लेख करेगा कि अध्यक्ष ड्यूटी रोस्टर या समिति की बैठक दोनों से अवकाश ले रहा है और जिला बाल संरक्षण इकाई को उसकी एक प्रति अवकाश लागू होने से पहले कम से कम तीन कार्य दिवस पूर्व अग्रेषित करेगा।

(छह) यदि अध्यक्ष या सदस्य तीन से अधिक बैठक से अवकाश का लाभ उठा रहे हैं, तो जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति ली जाएगी और जिला बाल संरक्षण इकाई और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को जानकारी दी जाएगी।

7 समिति सभी कार्य दिवसों पर न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के कार्य समय के अनुरूप कम से कम छह घंटे के लिए बैठकें आयोजित करेगी, जब तक कि जिला विशेष में लंबित मामलों की संख्या कम नहीं हो और संबंधित राज्य सरकार ने इस विषय में कोई आदेश जारी न किया हो:

परंतु राज्य सरकार, जिले में लंबित मामलों की संख्या, जिले के क्षेत्र या भू–भाग, जनसंख्या घनत्व या किसी कारक पर विधिवत विचार करने के बाद राजपत्र में अधिसूचना द्वारा जिले में एक से अधिक समितियों का गठन कर सकती है।

8 देखभाल और संरक्षण के लिए किसी जरूरतमंद बालक या बालकों की सूचना मिलने पर, यदि परिस्थितियां ऐसीं हों कि बालक या बालकों को समिति के समक्ष पेश नहीं किया जा सकता, समिति बालक या बालकों तक पहुंचने के लिए, स्वतः जाएगी और ऐसे बालक या बालकों हेतु सुविधाजनक और सुरक्षित स्थान पर यथाशीघ्र ऐसी अवधि के भीतर, जो ऐसे बालक के बारे में सूचना प्राप्त करने के समय से 24 घंटे से अधिक नहीं हो, अपनी बैठक आयोजित करेगी। इस प्रयोजन के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई इस तरह के आउटरीच को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

9 बालक के साथ संवाद करते समय, समिति के सभी सदस्य अपने आचरण और दृष्टिकोण के माध्यम से बालकों के अनुकूल तकनीकों का उपयोग करेंगे, जिसमें बच्चे को संबोधित करते समय उपयुक्त शरीर के हाव–भाव अपनाना, चेहरे के भाव, आंखों के संपर्क, स्वर का उतार–चढ़ाव और ध्वनि की मात्रा, अभियोगात्मक या प्रतिकूल शब्द, जो बच्चे की गरिमा या आत्मसम्मान को प्रभावित करने की प्रवृत्ति रखते हैं, से बचते हुए बालक के साथ आवश्यक जानकारी साझा करना और भागीदारी तकनीकें, जो बालकों को अपनी समस्याओं से संबंधित विचार व्यक्त करना अनुज्ञात करती हैं, का प्रयोग करना सम्मिलित है।

10 समिति अपनी बैठकें बाल अनुकूल परिसर में आयोजित करेगी, जो किसी भी तरह से न्यायालय कक्ष की तरह नहीं दिखेगा और बैठने की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि समिति बालक से आमने–सामने बात कर सके।

11 समिति एक उठे हुए आसन पर नहीं बैठेगी और वहां कोई बाधाएं, जैसे कि साक्षियों का कठघरा या समिति और बालकों के बीच श्लाका (बार) नहीं होंगी।

12 राज्य सरकार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से समिति को आवश्यक अधोसंरचनात्मक ढाँचा और कर्मचारी उपलब्ध कराये जायेंगे, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:

(क) एक अच्छी तरह से सुसज्जित, बिजली, प्रकाश और पंखों सहित समिति कक्ष या बैठक हॉल ;

(ख) बालकों या माता–पिता के बीच व्यक्तिगत बातचीत के लिए कक्ष ;

(ग) बालकों के लिए प्रतीक्षालय ;

(घ) माता–पिता और आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय ;

(ङ) अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के लिए अलग–अलग कक्ष;

(च) एक अभिलेख कक्ष;

(छ) मामला कार्यकर्ताओं और परिवीक्षा अधिकारियों के लिए कक्ष;

(ज) विधिक सेवा अधिवक्ता के लिए कक्ष;

(झ) परामर्श और मार्गदर्शन इकाई के लिए कक्ष;

(ञ) सुरक्षित पेयजल सुविधा और स्वच्छ शौचालय ;

(ट) समिति कक्ष, कक्षों, कार्यालयों के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियां, मेज, फाइल कैबिनेट, कंप्यूटर कुर्सियां आदि;

(ठ) सूचना प्रौद्योगिकी आधारित लॉजिस्टिक सहायता, जैसे कि प्रिंटर के साथ कंप्यूटर सेट, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं, स्कैनर के साथ फोटोकॉपी मशीन, इंटरनेट ब्रॉडबैंड कनेक्शन के साथ टेलीफोन, प्रतीक्षालय के लिए टेलीविजन; और

(ड) आवश्यक कर्मचारीवृंद, जैसे कि एक सचिव, एक कल्याण अधिकारी, एक स्टेनो–टाइपिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर, दो सहायक और एक परिचारक।

(तेरह) समिति, एक बच्चे के लिए एक समय में एक कार्यवाही करेगी और किसी भी स्थिति में एक ही समय में कई मामलों में कार्यवाही करने के लिए उन्हें सदस्यों के बीच वितरित करके या उप–समितियों का गठन करके कार्यवाही नहीं करेगी।

(चौदह) अध्यक्ष सहित समिति के सदस्य द्वारा कोई भी असहमतिपूर्ण राय, असहमत सदस्य के हस्ताक्षर के साथ आदेश पत्र पर अभिलिखित की जाएगी।

(पंद्रह) समिति की कार्यवाही के लिए गणपूर्ति कम से कम तीन सदस्य होंगे:

परंतु यदि कार्यवाही के दौरान कोई भी सदस्य या अध्यक्ष अनुपस्थित हो, समिति द्वारा पारित प्रत्येक आदेश के लिए आदेश पत्र में उसे अभिलिखित किया जाएगा:

परंतु यह और कि जहां यथास्थिति, सदस्य या सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के कारण गणपूर्ति नहीं की जा सकती है, वहां ऐसे सदस्य या सदस्यों का कार्यकाल अस्थायी रूप से तब तक बढ़ाया जा सकेगा जब तक कि रिक्त पद भर नहीं जाता है या अधिकतम छह माह की अवधि के लिए, जो भी पहले हो।

अध्यक्ष सहित समिति के सदस्य का कार्यकाल पूर्ण होने की स्थिति में, जिला मजिस्ट्रेट को, ऐसे सदस्य या अध्यक्ष के कार्यकाल को, ऐसे समय तक, जब तक सदस्य की विधिवत नियुक्ति की जाती है, बढ़ाने की शक्ति होगी और वह इस संबंध में राज्य के महिला और बाल विकास विभाग को यथाशीघ्र और कार्यकाल के ऐसी वृद्धि के चौबीस घंटे के भीतर सूचित करेगा, ताकि इन नियमों के नियम 16 के उप–नियम 12 के तहत आवश्यक विस्तार आदेश जारी किए जा सकें।

(सोलह) कार्यकाल पूर्ण होने या त्यागपत्र या सेवा–समापन या किसी अन्य कारण से पद छोड़ने वाला अध्यक्ष या समिति का सदस्य, बालकों के मामलों और समिति के कामकाज से संबंधित सभी प्रतिवेदन, अभिलेख, केस फाइलें, रजिस्टर, पत्र और अन्य सभी दस्तावेजों को जो उसके पास है, समिति के सचिव, जो बालकों के मामलों और समिति और उसके कामकाज से संबंधित सभी अभिलेखों, केस फाइल, रजिस्टर, पत्र और अन्य सभी दस्तावेजों के संरक्षक हैं, को सौंप देगा।

(सत्रह) जिला बाल संरक्षण इकाई बायो–मैट्रिक या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति अभिलेख को एकत्रित करेगी और अध्यक्ष सहित समिति के प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का मासिक प्रतिवेदन जिला मजिस्ट्रेट और राज्य के महिला और बाल विकास विभाग को प्रस्तुत करेगी।

18. समिति के सचिव की भूमिका और जिम्मेदारियां.–

(1) प्रत्येक समिति को अपने दैनिक कार्यों के क्रियान्वयन और प्रबंधन के लिए एक सचिव प्रदान किया जाएगा।

(2) जिला बाल संरक्षण इकाई किसी व्यक्ति को समिति के सचिव के रूप में नियुक्त करेगी, जो समिति के सभी कार्य दिवसों पर समिति में पूर्ण कार्य समय पर उपलब्ध रहेगा।

(3) समिति का सचिव अपने कार्यों, जैसे कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किए जा सकते हैं, का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए समिति की सहायता और

समर्थन करेगा, परंतु समिति की कार्यवाही या समिति के अन्य न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं करेगा।

(4) समिति का सचिव निम्नलिखित कार्य करेगा, अर्थात् –

(एक) समिति के प्रत्येक बैठक दिवस के लिए एक दिवस–कार्य सूची संधारित करना और समिति के समक्ष दिवस–कार्य नस्ती प्रस्तुत कर समिति के समक्ष दी गई तारीख पर सूचीबद्ध मामलों को प्रस्तुत करना;

(दो) समिति के निर्णयों के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई करना;

(तीन) समिति को उनके अवलोकन और आगे के निर्देशों के लिए कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(चार) जब भी और जैसी भी आवश्यकता होने पर, जिला बाल संरक्षण इकाई या अन्य विभागों या अन्य एजेंसियों और व्यक्तियों के साथ समन्वय करना;

(पांच) जब भी और जैसी भी आवश्यकता होने पर, परिवीक्षा अधिकारियों, मामला कार्यकर्ताओं, बाल कल्याण अधिकारियों और देखरेख और संरक्षण की जरूरतमंद बालकों या पीड़ित बालकों की आवश्यकता से संबंधित मामलों में गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय करना।

(छह) जब भी और जैसी भी आवश्यकता होने पर, अन्य बोर्ड और समितियों के साथ समन्वय करना;

(सात) समिति की सभी आवश्यक रिपोर्ट तैयार करना और संबंधित अधिकारियों के साथ उन्हें साझा करना;

(आठ) जिला बाल संरक्षण इकाई के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए, अध्यक्ष सहित समिति के सभी सदस्यों और समिति से संबद्ध अन्य कर्मियों के लिए उपस्थिति रजिस्टर संधारित करना;

(नौ) समिति के एक रोस्टर को संधारित रखना और इसे पुलिस थानों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/महानगर मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट, बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई और विशेष किशोर पुलिस इकाई को संचारित करना और इसे समिति के सूचना–पटल पर भी प्रदर्शित करना;

(दस) समिति के अभिलेखों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना और समिति के द्वारा संधारित, बालकों और समिति के कामकाज के मामलों से संबंधित अभिलेखों, केस फाइलों, रजिस्टरों, पत्रों और अन्य सभी दस्तावेजों का संरक्षक होना;

स्पष्टीकरणः अभिलेखों के संरक्षक से अभिप्राय बालकों के मामलों या समिति से संबंधित अभिलेख, केस फाइल, रजिस्टर, पत्र और अन्य सभी दस्तावेजों को समिति के परिसर में सुरक्षित स्थान पर रखने से है।

(ग्यारह) समिति को आवश्यक अधोसंरचना और मानव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ संपर्क करना;

(बारह) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन समिति के लोक सूचना अधिकारी के रूप में कार्य; तथा

(तेरह) समिति के कार्यों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना, जैसा कि समिति या जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा सौंपा जा सकता है।

19. समिति के अतिरिक्त कार्य और जिम्मेदारियां.–

(1) अधिनियम की धारा 30 के अधीन समिति के कृत्यों और उत्तरदायित्वों के अतिरिक्त, समिति अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जो कृत्य करेगी, वे इस प्रकार होंगेः

(एक) समिति जिस भी मामले में कार्य करेगी, उस प्रत्येक मामले के सार के साथ–साथ दस्तावेज़ तैयार करना और मामले के विस्तृत अभिलेख प्ररूप 15 में रखना;

(दो) बालकों और वयस्कों को अपने सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, समिति के परिसरों में किसी प्रमुख स्थान पर सुझाव पेटी या शिकायत निवारण पेटिका रखना, जो जिला मजिस्ट्रेट या उनके द्वारा नामित व्यक्ति द्वारा संचालित की जाएगी;

(तीन) देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के लिए अपनी अधिकारिता में चलाई जा रही बाल देखरेख संस्थाओं में बाल समितियों का निर्बाध कार्यकरण सुनिश्चित करना; ताकि उक्त बाल देखरेख संस्थाओं के कार्यों और प्रबंधन में बालकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

(चार) बालकों की सुझाव पुस्तिका की एक माह में कम से कम एक बार समीक्षा करना;

(पांच) स्वयं को प्राप्त हुए देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के विषय में तिमाही सूचना प्ररुप 16 में मामलों के निपटान के स्वरुप, लंबित मामलों और ऐसे मामलों के लंबित रहने के कारणों के विषय में समस्त संगत विवरण के साथ जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित करना;

(छह) जहां कहीं भी आवश्यक हो, वहां देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों की प्रगति की निगरानी करने के लिए, उन बालकों को प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड जारी करना;

(सात) एक रजिस्टर या सॉफ्टवेयर का उपयोग करके एक डिजीटल प्रारूप जो इस तरह के उद्देश्य के लिए राज्य सरकार द्वारा विकसित किया जा सकता है, में निम्नलिखित अभिलेख संधारित रखना:

(क) किसी दिन में सूचीबद्ध मामलों और अगली तारीख में प्रत्येक मामले में कार्यवाही, जिसमें समिति के समक्ष की दैनिक कार्य सूची शामिल है, की प्रविष्टियां;

(ख) समिति के समक्ष लाए गये बालकों की प्रविष्टियां और विवरण तथा बाल देखरेख संस्था का विवरण जहां बालकों को रखा गया है या वह पता जहां बालकों को भेजा गया है;

(ग) अभ्यर्पण विलेख का निष्पादन;

(घ) संस्थानों के भ्रमण सहित आने–जाने का विवरण;

(ङ) दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रुप से मुक्त घोषित किए गए बालक;

(च) प्रायोजन में रखे गए या रखे जाने के लिए अनुशंसित बालक;

(छ) व्यक्तिगत या सामूहिक पालन–पोषण देखरेख में रखे गए बालक;

(ज) बालक, जिनके संबंध में
अनुवर्ती कार्यवाही (फॉलो अप) की जाना है;

(झ) पश्चातवर्ती देखरेख में रखे गए बालक;

(ञ) समिति का निरीक्षण अभिलेख;

(ट) समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का अभिलेख;

(ठ) प्राप्त और प्रेषित पत्राचार;

(ड) कोई अन्य अभिलेख या रजिस्टर, जिसकी समिति को आवश्यकता हो।

(आठ) बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 और इसके संशोधन, बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा सुसंगत राज्य नियम, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, एच.आई.व्ही. और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 और ऐसे अन्य कानूनों, जिनका बालकों के अधिकार पर प्रभाव हो, के उपबंधों से स्वयं को जागरुक करना तथा यह

सुनिश्चित करना कि समिति के समस्त आदेश ऐसे कानूनों के अनुरूप हों;

(नौ) बच्चों की भलाई, व्यक्तिगत देखरेख योजनाओं और बच्चों की अन्य आवश्यकताओं, सेवाएं जो उनके लिए उपलब्ध और सुलभ हों, संस्थानों को बाल अनुकूल स्थान बनाने और बच्चों के पुनर्वास और प्रत्यावर्तन से जुड़े अन्य मुद्दों, जैसे कि समय–समय पर आवश्यकता अनुभव हो सकती है, पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए, बाल देखभाल संस्थाओं के प्रभारी व्यक्तियों, संबंधित गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मामला कार्यकर्ताओं, बाल कल्याण अधिकारियों, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, मानव तस्कर विरोधी इकाई के अधिकारियों तथा ऐसे अन्य व्यक्तियों और ऐजेंसियों के साथ जैसा कि अपेक्षित हो, के साथ आवधिक बैठकों में भागीदारी करना;

(दस) अपने क्षेत्राधिकार में गुमशुदा बालकों के संबंध में जानकारी रखना और आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करना;

(ग्यारह) परिवीक्षा अधिकारी और संबंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी के परामर्श से, विधि, मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन व मनोचिकित्सा के क्षेत्र के विशेषज्ञों व विख्यात संस्थाओं की सूची तथा दुभाषिए, जो अपनी सेवाएं देने के इच्छुक हों, का पैनल तैयार व संधारित करना;

(बारह) अधिनियम के अध्याय नौ के अधीन, किसी बालक के विरूद्ध किसी अपराध से संबंधित किसी जानकारी या शिकायत को स्वप्रेरणा से विचार में लेना तथा बालक के निकटतम पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को या जिला बाल संरक्षण अधिकारी को बालक को मुक्त कराने या बरामद करने के लिए तुरंत कार्यवाही करने या पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध दांडिक कार्रवाई को प्रारंभ करने हेतु पत्राचार करना या ऐसी अन्य कार्रवाई के लिए, जो आवश्यक हो, जिसमें श्रम, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण विभाग और बालक की देखभाल और संरक्षण में संलग्न कोई अन्य एजेन्सी सम्मिलित हैं, के साथ समन्वय करना भी शामिल है:

परंतु समिति, पुलिस और जिला बाल संरक्षण इकाई को उसे आवधिक रूप से ऐसे मामले पर प्रस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगी।

परंतु यह भी कि जहां अभिकथित अपराधी भी एक बालक है, वहां समिति आगे की कार्यवाही के लिए समुचित बोर्ड को सूचित करेगी।

(तेरह) समिति की अनुमति के बिना देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालक की पहचान प्रकट करने के लिए मीडिया या व्यक्ति के विरूद्ध पुलिस शिकायत दर्ज करवाना, जहां कि ऐसे प्रकटन से बालक के सर्वोत्तम हित को हानि पहुंचना संभाव्य हो।

(चौदह) अपने क्षेत्राधिकार के भीतर देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों की बाल देखभाल संस्थाओं का मासिक भ्रमण करना, इन भ्रमण के दौरान बाल समितियों के साथ वार्तालाप करना तथा बालकों की राय के आधार पर, संस्था में सुधार के लिए यथोचित निर्देश देना।

(पन्द्रह) देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालक को आवश्यकतानुरूप निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त हो, यह सुनिश्चित करने के लिए, निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने वाली राज्य या जिला या विकास खण्ड स्तर के विधिक सेवा प्राधिकरण या मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति या गैर–सरकारी संगठन के साथ, जैसा कि आवश्यक लगे एवं करना संभव हो, समन्वय और सम्पर्क करना।

(सोलह) समिति के समक्ष प्रस्तुत देखभाल व संरक्षण की जरूरतमंद बालक के जन्म के विलंबित पंजीयन की कार्यवाही तथा यथा उपबंधित निम्नानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी करना –

(क) समिति के पास एक पीठ के रूप में उसकी अधिकारिता के भीतर, बालक के संबंध में जन्म और मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 के अधीन जन्म पंजीयक की शक्तियां समझी जाएंगी तथा समिति अपने द्वारा किए गए आयु निर्धारण के आधार पर एक जन्म प्रमाण पत्र जारी करेगी, यदि ऐसा जन्म प्रमाण पत्र पूर्व से अस्तित्व में नहीं है;

(ख) समस्त जारी किए गए आदेश और प्रमाण–पत्र, समिति के कम से कम तीन सदस्यों, जिसमें अध्यक्ष सम्मिलित है, के कोरम द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए;

(ग) ऐसे जन्म प्रमाण पत्र की एक प्रति समिति के अभिलेख में रखी जाएगी तथा एक प्रति बालक को उपलब्ध कराई जाए; और

(घ) जन्म पंजीयन के लिए बालक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा:

परंतु राज्य सरकार ऐसे नियमों के प्रवृत्त होने से छह माह के भीतर इस संबंध में जन्म और मृत्यु कार्यालय और समिति के बीच सम्पर्क स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी तथा समस्त संबंधितों द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रिया जारी कर सकती है।

(सत्रह) एच.आई.वी. और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 की धारा 16 की उप–धारा (1) और (2) के अनुसार एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित किसी बालक की संपत्ति के अभिरक्षक के रूप में कार्य करना।

अध्याय–5

देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के संबंध में प्रक्रिया

20. समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना.–

(1) देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को कार्य–समय के दौरान समिति के बैठक स्थल पर समिति के समक्ष और कार्य–समय के बाद डयूटी रोस्टर के अनुसार समिति के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगाः

परंतु जहां बालक या बालकों को समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सकता वहां समिति उस स्थान पर पहुंचेगी और ऐसे स्थान पर बैठक आयोजित करेगी, जो ऐसे बालक या बालकों के लिए आरामदायक और सुरक्षित हो।

(2) जो कोई भी बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत करता है, वह प्ररूप 17 में रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें बालक तथा जिन परिस्थितियों में वह पाया गया उन परिस्थितियों के ब्यौरे का उल्लेख किया जायेगा।

(3) यदि बालक चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ है, तो देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के संपर्क में आने वाला व्यक्ति या संगठन चौबीस घंटे के भीतर समिति को उस बालक की फोटो के साथ लिखित रिपोर्ट भेजेगा और उस बालक के चिकित्सीय रूप से स्वस्थ होते ही उसे इस आशय के चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगाः

परंतु जहा समिति ऐसे बालक के बारे में सूचना प्राप्त होने पर उस बालक के पास पहुंचना उचित समझती हो, तो ऐसा करेगी और उस स्थान पर जहां बालक निवासरत है या उसका चिकित्सीय उपचार चल रहा है, बालक से बातचीत करेगी और ऐसी बातचीत को समिति के समक्ष बालक की प्रस्तुति माना जाएगा।

(4) बालक के साथ बातचीत करने के पश्चात् समिति बालक को माता–पिता या संरक्षक के पास या बाल गृह या उपयुक्त व्यक्ति या उपयुक्त सुविधा की अभिरक्षा में रखने के लिए निर्देश जारी कर सकेगी :

परन्तु जिले में बाल गृह या एक उपयुक्त सुविधा के अभाव में, बालक को नजदीकी जिले के बाल गृह या एक उपयुक्त सुविधा में रखा जा सकता है।

परंतु यह भी, यदि समिति अधिनियम के अधीन बालक को देखभाल और संरक्षण का जरूरतमंद नहीं पाती है तो वह कारणों को अभिलिखित करते हुए मामले का निपटान करेगी।

(5) समिति या ड्यूटी पर उपस्थित समिति का सदस्य, बालक को बाल गृह में रखे जाने का आदेश प्ररूप–18 में जारी करेगा और ऐसे प्रत्येक आदेश में उस आगामी तारीख, जिस पर कि बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है और जो कि उस आदेश की तारीख के 15 दिनों से अधिक नहीं होगी, का उल्लेख रहेगा।

(6) समिति या कर्तव्य पर उपस्थित समिति के सदस्य उनके समक्ष प्रस्तुत किये गए बालक की तात्कालिक चिकित्सीय जांच की आवश्यकता होने पर ऐसी जांच के आदेश जारी करेंगे।

(7) परित्यक्त या गुमशुदा या अनाथ बालक के मामले में जांच कार्य लंबित रहने के समय बालक की अंतरिम अभिरक्षा प्रदान करने के सम्बंध में आदेश जारी करने के पहले समिति यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे बालक के विषय में जानकारी अभिहित पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए।

(8) समिति यथास्थिति जांच कार्य लंबित रहने के समय या बालक के प्रत्यावर्तन के समय, उसके माता–पिता, संरक्षक या किसी उपयुक्त व्यक्ति की देखरेख में बालक को रखने के लिए प्ररूप–19 में आदेश करते हुए ऐसे माता–पिता, संरक्षक या उपयुक्त व्यक्ति को प्ररूप–20 में वचनबंध पर हस्ताक्षर करने को कह सकेगी।

(9) जब कभी समिति किसी बालक को किसी संस्था में रखे जाने का आदेश देती है तब जांच कार्य लंबित रहने के समय अल्पकालिक स्थापन के प्ररूप 18 में जारी किये गए आदेश की प्रति बाल देखरेख संस्था और बालक के माता पिता, संरक्षक और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के ब्यौरे के साथ ऐसी संस्था के प्रभारी अधिकारी को भेजी जाएगी। ऐसे आदेश की एक प्रति जिला बाल संरक्षण इकाई को भी भेजी जाएगी :

परंतु जहां कोई बालक एच.आई.व्ही./एड्स से पीड़ित है वहां समिति के आदेश में बाल देखभाल संस्था से अपेक्षा होगी कि वह एच.आई.व्ही. या एड्स से पीड़ित बालक की देखभाल, सहायता और उपचार के लिए एच.आई.व्ही/एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 की धारा 18 के अधीन जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन करें :

परंतु यह भी कि विशेष आवश्यकता वाले बालक की स्थिति में समिति के आदेश में बाल देखभाल संस्था से यह अपेक्षा होगी कि वह मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और उनके अधीन बनाए गए नियमों की अपेक्षाओं का पालन करे।

21. जांच की प्रक्रिया.–

(1) समिति उन परिस्थतियों की जांच करेगी जिनमें बालक को प्रस्तुत किया गया है, समस्त संबंधित पक्षकारों जिसमें बालक, माता पिता या संरक्षक यदि कोई है, सम्मिलित है, को सुनेगी तथा तदनुसार निर्णय लेगी और ऐसे बालक को देखभाल और संरक्षण का जरूरतमंद बालक घोषित करेगी :

परंतु बालक के साथ प्रथम बातचीत के समय समिति यह पता लगाएगी कि बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के पूर्व, पुलिस द्वारा हवालात या जेल में तो नहीं रखा गया था या उसके साथ दुर्व्यवहार या शोषण तो नहीं किया गया था और प्रस्तुति में भी कोई विलम्ब तो नहीं किया गया था।

(2) यदि आवश्यक हुआ तो अधिनियम की धारा 94 के अनुसार आयु निर्धारण के लंबित रहने के समय, समिति अपनी अधिकारिता का अभिनिश्चय करने के उद्देश्य से प्रथम दृष्टया बालक की आयु अवधारित करेगी।

(3) जब बालक को समिति के समक्ष लाया जाता है, तब समिति प्ररूप–21 में आदेश के माध्यम से अधिनियम की धारा 36 की उप–धारा (2) के अधीन सामाजिक अन्वेषण करने के लिए वह मामला किसी सामाजिक कार्यकर्ता या मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या किसी मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संगठन को सौंपेगी।

(4) समिति, उपयुक्त पुनर्वास योजना सहित व्यक्तिगत देखरेख योजना प्ररूप 7 में तैयार करने का निर्देश संबंधित व्यक्ति या संगठन को देगी। संस्थागत देखभाल में रहने वाले प्रत्येक बालक के लिए तैयार की जाने वाली यह व्यक्तिगत देखरेख योजना मामले के पूर्ववृत, बालक की परिस्थितियों और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर उसके पुनर्वास और पुनर्समेकन के उद्देश्य से तैयार की जाएगी।

(5) जांच कार्य से नैसर्गिक न्याय के आधारभूत सिद्धांतों की पूर्ति होगी और बालक एवं उसके माता–पिता या संरक्षक की सूचित भागीदारी सुनिश्चित होगी। बालक को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा और उसकी आयु और परिपक्वता के स्तर के अनुरूप उसके विचारों को भी ध्यान में रखा जाएगा। समिति के आदेश लिखित रूप में होंगे और उनमें कारणों का उल्ल्लेख किया जायेगा।

(6) समिति बालक से संवेदनशील और बाल–अनुकूल तरीके से साक्षात्कार करेगी और किसी भी प्रतिकूल या आरोप लगाने वाले शब्दों या बालक की गरिमा या आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेगी।

(7) समिति प्ररूप 19 के अनुसार बालक को निर्मुक्त करने या उसका प्रत्यावर्तन करने से पहले, दस्तावेजों और सत्यापन रिपोर्ट के माध्यम से अपनी संतुष्टि करेगी और यदि आवश्यक समझे तो, विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या किसी अन्य संबंधित विभाग या अभिकरण को दस्तावेजों की प्रमाणिकता के सत्यापन के लिए निर्देशित करेगी :

परंतु निर्मुक्ति या प्रत्यावर्तन के अंतरिम या अंतिम आदेश को पारित करने के पूर्व, समिति, बालक और बालक के साथ जुड़े अन्य व्यक्तियों के साथ हुयी उनकी बातचीत, बालक की सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट और ऐसी अन्य सामग्रियां तथा अभिलेख, जिन्हे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया हो, के आधार पर बालक की सुभेद्यता का मूल्यांकन करेगी और लिखित में कारणों के साथ निष्कर्ष पर पहुंचेगी।

(8) सामाजिक कार्यकर्ता या मामला कार्यकर्ता या संस्था या किसी गैर–सरकारी संगठन के बाल कल्याण अधिकारी द्वारा किया जाने वाला सामाजिक अन्वेषण प्ररूप 22 के अनुसार होगा और बालक की पारिवारिक स्थिति के मूल्यांकन का विस्तृत विवरण होना चाहिए तथा लिखित में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या बालक के परिवार में उसका प्रत्यावर्तन बालक के सर्वोत्तम हित में होगाः

परंतु जहां ऐसा बालक ऐसी माता का है, जो मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के अधीन वर्णित किसी स्थापना में मांनसिक बीमारी के लिए उपचार करा रही है तो सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट में माता की स्थिति पर एक रिपोर्ट तथा बालक को माता से पृथक करने का कारण, विशेषकर 3 वर्ष की आयु से छोटे बालक को, अंतर्विष्ट होना चाहिए।

(9) बालक को निर्मुक्त करने या उसका प्रत्यावर्तन करने से पहले समिति उस बालक और उसके माता पिता अथवा संरक्षक को परामर्शदाता के पास भेज सकेगी।

(10) समिति, अपने समक्ष प्रस्तुत किऐ गए बालकों के समुचित अभिलेख रखेगी जिनमें चिकित्सीय रिपोर्टें, सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट, कोई अन्य रिपोर्ट (टैं) और बालक के विषय में समिति द्वारा पारित आदेश सम्मिलित होंगे।

(11) जांच कार्य के लंबित रहने के सही मामलों में समिति बालक की उपस्थिति की अगली तारीख को अधिसूचित करेगी, जो पूर्व तारीख से पन्द्रह दिन से ज्यादा की नहीं होगी और ऐसी प्रत्येक तारीख को जांच कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता या मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या गैर–सरकारी संगठन से आवधिक स्थिति रिपोर्ट भी मांगेगी।

(12) जांच कार्य के लंबित रहने के सभी मामलों में, समिति बालक को प्रस्तुत किये जाने की पहली तारीख से शिक्षा व्यायसायिक प्रशिक्षण इत्यादि सहित बालक के पुनर्वास के उपाय करने के निर्देश उस व्यक्ति या संस्था को देगी जिसके पास बालकों को रखा गया है।

(13) जब समिति की बैठक जारी न हो तब समिति के किसी एक सदस्य द्वारा लिए गए किसी निर्णय का अनुसमर्थन समिति की अगली बैठक में किया जाएगा।

(14) किसी मामले के अंतिम निपटान के समय, अध्यक्ष सहित कम से कम तीन सदस्य उपस्थित होंगे और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा इन नियमों के नियम 17 के उप–नियम 6 के खंड (पपपद्ध के अधीन कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में अधिकृत सदस्य उपस्थित होगा।

(15) समिति एक निकाय के रूप में तालमेलपूर्ण ढंग से कार्य करेगी और इस प्रकार अपनी कोई उप समिति गठित नहीं करेगी।

(16) जहां किसी बालक को किसी अन्य जिले या राज्य या देश को प्रत्यावर्तित किया जाना हो, वहां समिति जिला बाल संरक्षण इकाई को यथापेक्षित आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के निर्देश देगी, जैसे कि आवश्यक समझी जाए, जैसे कि अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए विदेशी क्षेत्रीय रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों और विदेश मंत्रालय से संपर्क करना, किसी अन्य जिले या राज्य या देश की समकक्ष समिति या किसी अन्य स्वैच्छिक संगठन से संपर्क करना, जहां बालक को भेजा जाना है।

(17) मामले के अंतिम निपटान के समय, समिति निपटान आदेश में यथास्थिति सामाजिक कार्यकर्ता या मामले के कार्यकर्ता या संस्था या किसी गैर सरकारी संगठन के बाल कल्याण अधिकारी द्वारा प्ररूप 7 में तैयार की गई ऐसे बालक की व्यक्तिगत देखरेख योजना को शामिल करेगी।

(18) मामले का अंतिम निपटान करते समय, समिति मामले के निपटान की तारीख से अधिकतम एक मास की अवधि में बालक के अनुवर्तन की तारीख देगी और उसके बाद छह मास की अवधि तक मास में एक बार तथा उसके बाद कम से कम एक वर्ष या ऐसी अवधि तक, जिसे समिति उपयुक्त समझे, तीन मास में एक बार अनुवर्तन की तारीख देगी।

(19) जहां बालक किसी अन्य जिले का हो, वहां समिति आयु सम्बंधी घोषणा, और मामले की फाइल तथा व्यक्तिगत देखरेख योजना, संबंधित जिले की समिति को भेजेगी, जो कि व्यक्तिगत देखरेख योजना का अनुवर्तन इसी प्रकार करेगी, जैसा कि निपटान आदेश उसी ने पारित किया हो।

(20) व्यक्तिगत देखरेख योजना की निगरानी निपटान आदेश पारित करने वाली समिति द्वारा इस प्रयोजनार्थ प्ररूप 14 में जारी किये गये पुनर्वास कार्ड द्वारा की जायेगी और यह कार्ड व्यक्तिगत देखरेख योजना के क्रियान्वयन के अनुवर्तन के लिए उत्तरदायी समिति के अभिलेख का भाग होगा, ऐसा पुनर्वास कार्ड पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी द्वारा संधारित किया जाएगा।

(21) देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के संबंध में समिति द्वारा पारित सभी आदेश बालक की गोपनीयता और निजता का विधिवत ध्यान रखते हुए अभिहित पोर्टल पर अपलोड किये जाएंगे।

(22) जब कोई माता पिता या संरक्षक, अधिनियम की धारा 35 की उप–धारा (1) के अधीन किसी बालक को अभ्यर्पित करना चाहे, तब ऐसे माता–पिता या संरक्षक प्ररूप 23 में समिति को आवेदन प्रस्तुत करेंगे। जहां ऐसे माता–पिता या संरक्षक निरक्षरता या अन्य किसी कारण से आवेदन प्रस्तुत न कर पाएं, वहां समिति विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विधिक सहायता परामर्शी के माध्यम से उन्हें आवेदन प्रस्तुत करने में सहायता करेगी। अभ्यर्पण विलेख प्ररूप 24 के अनुसार निष्पादित किया जाएगा :

परंतु समिति यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे माता–पिता या संरक्षक को समिति द्वारा उनके आवेदन स्वीकृत करने के पूर्व आवश्यक परामर्श और जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।

(23) समिति अधिनियम की धारा 35 की उपधारा 3 के अधीन जांच शीघ्रतापूर्वक करायेगी और अभ्यर्पण की तारीख से साठ दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद अभ्यर्पित बालक को दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करेगी।

(24) अनाथ या परित्यक्त बालक के मामले में समिति बालक के माता–पिता या संरक्षकों को खोजने के सभी संभव प्रयास करेगी और ऐसी जांच पूरी होने पर, यदि यह सिद्ध हो जाता है कि बालक या तो ऐसा अनाथ या परित्यक्त है, जिसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, तो समिति उस बालक को दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करेगी।

(25) विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण सहित किसी बाल देखरेख संस्था को प्राप्त हुए परित्यक्त या अनाथ बालक के मामले में, ऐसा बालक चौबीस घंटे की अवधि में (यात्रा के लिए आवश्यक समय को छोडकर) प्ररूप 17 में रिपोर्ट के साथ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा और इस रिपोर्ट में बालक का विवरण और फोटो तथा उन परिस्थितियों का ब्यौरा दर्शाया जाएगा, जिन परिस्थितियों में वह बालक प्राप्त हुआ और बाल देखरेख संस्था या विशेषीकृत दत्तक ग्रहण

अभिकरण द्वारा उसी अवधि में ऐसी रिपोर्ट की प्रति स्थानीय पुलिस को भी प्रस्तुत की जाएगी।

(26) समिति अधिनियम की धारा 36 के अधीन जांच के लंबित रहने के समय बालक के लिए अल्पावधिक स्थापन एवं अंतरिम देखरेख आदेश प्ररूप–18 में जारी करेगी।

(27) समति, अनाथ या परित्यक्त बालक के ब्यौरे को अपलोड कराते हुए, यह अभिनिश्चय करने के लिए अभिहित पोर्टल का प्रयोग करेगी कि क्या परित्यक्त या अनाथ बालक कोई गुमशुदा बालक है।

(28) समिति, जोखिम कारकों पर विचार करने के बाद और बालक के सर्वोत्तम हित में उसके जैविक माता–पिता या विधिक संरक्षक (कों) का पता लगाने के प्रयोजनार्थ बालक प्राप्त होने के समय से बहत्तर घंटे की अवधि में अनाथ या परित्यक्त बालक का ब्यौरा और फोटो, व्यापक परिचालन वाले राष्ट्रीय समाचार–पत्रों में प्रकाशित किये जाने का निर्देश संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई को देगी।

(29) समिति, अधिनियम के उपबंधों के अनुसार जांच करने के पश्चात्, परित्यक्त या अनाथ बालक को दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करने वाला आदेश प्ररूप 25 में जारी करेगी और यह जानकारी प्राधिकरण को भेजेगी:

परंतु समिति यथास्थिति विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण या बाल देखरेख संस्था से बालक के दत्तक ग्रहण के लिए स्वतंत्र घोषित हो जाने के पश्चात्, दत्तक ग्रहण में व्यवस्थापन के संबंध में अनुवर्ती रिपोर्ट चाहेगी और ऐसी अनुवर्ती रिपोर्ट को प्रथम छह माह की अवधि के लिए प्रति माह और उसके पश्चात् प्रत्येक तीन माह में, न्यूनतम एक वर्ष के लिए या ऐसे समय तक मांगी जाएगी, जैसा कि समिति उचित समझे।

(30) जहां बालक के माता–पिता का पता लगा लिया जाता है, वहां बालक के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया इन नियमों के नियम 87 के अनुसार होगी।

(31) समिति, बालक के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् बाल देखभाल संस्था से बालक को निर्मुक्त करने का एक आदेश पारित करेगी और सुनिश्चित करेगी कि बालक को आवश्यक परागर्श और जानकारी प्रदान की गयी है, जो निर्बाध पारगमन के साथ ही, आवश्यकता होने पर पश्चात्वर्ती कार्यक्रम के तहत स्थापन में सहायक हो सकती है।

22. मामलों का लंबित रहना.–

(1) समिति, प्रत्येक मामले का 'मामला निगरानी पत्र' रखेगी और यदि किसी मामले में एक से अधिक बालक हों तो प्रत्येक बालक के लिए पृथक पत्र प्रयोग किया जाएगा। यह मामला निगरानी पत्र प्ररूप–26 में होगा। उक्त प्ररूप प्रत्येक मामले की फाइल में सबसे ऊपर रखा जाएगा और इसमें समय–समय पर अद्यतन ब्यौरा भरा जायेगा। जहां तक प्ररूप–26 में उल्लिखित जांच की प्रगति' का संबंध है, आगे दर्शाये गये बिन्दुओं पर विचार किया जाएगाः

(प) मामले के निपटान की समय–सीमा सुनवाई की पहली तारीख को निर्धारित की जाएगी;

(पप) 'जांच कार्य की प्रगति' के स्तंभ संख्या (2) में निर्धारित तारीख वह बाह्य सीमा होगी, जिसके भीतर स्तंभ संख्या (1) में दर्शाए गए चरण संपन्न करने होगें।

(2) समिति, लंबित मामलों की समीक्षा के लिए जिला मजिस्ट्रेट को त्रैमासिक रिपोर्ट प्ररूप–16 में प्रस्तुत करेगी।

(3) जिला मजिस्ट्रेट, प्रत्येक तिमाही में एक बार निरीक्षण को सम्मिलित करते हुए समिति के कार्यप्रणाली की समीक्षा और समिति की कार्यवाहियों में अध्यक्ष एवं सदस्यों की भागीदारी, पारित आदेशों के अवलोकन, सदस्यों और अध्यक्ष के विरूद्ध शिकायतों, उपस्थिति रिकार्ड और इस संबंध में राज्य बाल संरक्षण सोसायटी द्वारा विकसित प्रारूप में निर्धारित अन्य मापदण्डों के आधार पर उनके निष्पादन का वार्षिक मूल्यांकन भी करेगा तथा राज्य के महिला और बाल विकास विभाग के यथास्थिति, आयुक्त या संचालक के माध्यम से राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा :

परंतु जहां अधिनियम की धारा 27 की उप–धारा (7) के अधीन समिति के किसी सदस्य के विरूद्ध जांच की जाती है वहां ऐसी जांच के निष्कर्ष, उसके निष्पादन मूल्यांकन में अभिलिखित किए जाएंगे।

अध्याय 6

पुनर्वास और सामाजिक पुनर्संमेकन

23. बाल देखरेख संस्थाओं के पंजीकरण का तरीका.–

(1) देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों या विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए संस्थागत देखरेख सेवाएं चलाने वाली सभी संस्थाओं, चाहे वे संस्थाएं, पूर्णतः या आंशिक रुप से, सरकार द्वारा या स्वैच्छिक संगठन द्वारा, मध्यप्रदेश राज्य में संचालित की जा रही हों को, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन पंजीकृत या अनुज्ञप्ति प्राप्त होने का विचार किए बिना, अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन पंजीकृत किया जाएगा।

(2) ऐसी सभी संस्थाएं प्ररूप 27 में अपना आवेदन अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन, आयुक्त/संचालक, महिला और बाल विकास विभाग को अपने नियमों, उप–नियमों, संगम–ज्ञापन, नियंत्रक निकाय की सूची, पदाधिकारियों की सूची, न्यासियों की सूची, पिछले तीन वर्षों के तुलन–पत्र, संस्था द्वारा प्रदान की गई सामाजिक या सार्वजनिक सेवा के अभिलेख इत्यादि की एक प्रति और संगठन के मुख्य पदाधिकारी की ओर से पूर्व में दोष–सिद्धि के पिछले अभिलेख या किसी अनैतिक कार्य या बालक से दुर्व्यवहार या बाल श्रमिक के नियोजन में संलिप्तता के विषय में अथवा उन्हें केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है, इस आशय की घोषणा के साथ, राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी।

(3) महिला और बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी और इस संबंध में प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के माध्यम से, यह सत्यापन करने के बाद कि अधिनियम और इन नियमों के अनुसार बालकों की देखरेख और संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन तथा आश्रय सुविधायें, व्यावसायिक सुविधायें और पुनर्वास के प्रावधान संस्था में मौजूद हैं, अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन ऐसी संस्था को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्ररूप 28 में जारी कर सकता है :

परंतु जिला बाल संरक्षण अधिकारी या इस संबंध में प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, पंजीयन चाह रही बाल देखरेख संस्था का, बालकों को आवश्यक देखरेख और संरक्षण प्रदान करने के लिए संस्था की क्षमता और सामर्थ्य, उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, अधिनियम तथा बच्चों के लिये प्रासंगिक केन्द्रीय और राज्य विधानों का अनुपालन, इस संबंध में उपलब्ध समस्त दस्तावेजी साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए, व्यक्तिगत रूप से भ्रमण करेंगे,

यथास्थिति, संबंधित समिति या बोर्ड, संस्थागत देखरेख हेतु प्रभारी परिवीक्षा अधिकारी और ऐसी संस्था पर क्षेत्राधिकार रखने वाली विशेष किशोर पुलिस इकाई से स्वतंत्र रिपोर्ट प्राप्त करेंगे और रिपोर्ट तैयार कर राज्य के संबंधित विभाग को सौंपेगे।

(4) जहां पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाली संस्था में पर्याप्त सुविधाएं मौजूद न हों, वहां राज्य सरकार अनंतिम पंजीकरण नहीं कर सकेगी और आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह समाप्त होने से पहले यह आदेश जारी करेगी कि वह संस्था अनंतिम पंजीकरण के लिए पात्र नहीं है।

(5) राज्य सरकार पंजीकरण के आवेदन पर निर्णय लेते समय निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कर सकेगीः

(एक) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन संगठन का पंजीकरण;

(दो) भौतिक अवसंरचना, जल तथा बिजली सुविधाओं, स्वच्छता और साफ–सफाई, मनोरंजन सुविधाओं के ब्यौरे;

(तीन) संगठन की वित्तीय स्थिति और पिछले तीन वर्षों के लेखों के लेखा–परीक्षित विवरण के साथ दस्तावेजों का रखरखाव;

(चार) संस्था या मुक्त आश्रय गृह चलाने का शासी निकाय का संकल्प;

(पांच) बालकों को चिकित्सीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक, परामर्श, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों आदि जैसी सेवाएं प्रदान करने की योजना, जिसमें निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का पालन, राज्य सरकार के शिक्षा विभाग तथा राज्य कौशल विकास निगम और आवासीय छात्रावासों के लिए उत्तरदायी अन्य विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन तथा अन्य विधानों के पालन की योजना भी शामिल है।

(छह) सुरक्षा, संरक्षा और परिवहन की व्यवस्थाएं;

(सात) संगठन द्वारा चलाई जाने वाली अन्य सहायता सेवाओं का ब्यौरा;

(आठ) बालकों को आवश्यकता–आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिए अन्य सरकारी, गैर–सरकारी, कॉर्पोरेट और अन्य सामुदायिक एजेंसियों के साथ संयोजन तथा नेटवर्क का ब्यौरा;

(नौ) विद्यमान कर्मचारियों की अर्हताओं और अनुभव सहित उनका ब्यौरा;

(दस) विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के अधीन पंजीकरण और उपलब्ध निधियों का ब्यौरा, यदि कोई हो और पिछले तीन वर्षों का सम्परीक्षित लेखा;

(ग्यारह) संगठन के मुख्य पदाधिकारी की ओर से पूर्व में दोष–सिद्धि का कोई अभिलेख या किसी अनैतिक कार्य या बच्चे के खिलाफ किसी अपराध में संलिप्तता के विषय में घोषणा; और

(बारह) अधिनियम और इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी राज्य के सम्बंधित विभाग द्वारा यथा विहित कोई अन्य मानदंड।

(6) महिला एवं बाल विकास विभाग प्रत्यक्ष रूप से या जिला बाल संरक्षण अधिकारी के माध्यम से जहां प्रावधिक पंजीयन किया गया हो, वहां एक विस्तृत निरीक्षण करेगा या अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन पंजीयन के पश्चात् सुविधाओं, कर्मचारियों, अवसंरचना तथा देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास और पुर्नसमेकन सेवाओं के मानकों का अनुपालन और संस्था या संगठन का प्रबंधन जैसा कि अधिनियम और इन नियमों के अधीन अधिकथित किया जाए, वार्षिक रूप से समीक्षा करेगाः

परन्तु कोई भी अधिकारी, जिसे इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन प्रावधिक या अन्यथा पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए कहा गया हो, वह बाल देखरेख संस्था में व्यक्तिगत भ्रमण के आधार पर इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करेगा और यथास्थिति संबंधित समिति या बोर्ड, संस्थागत देखरेख से संबंधित परिवीक्षा अधिकारी, संबंधित विशेष किशोर पुलिस इकाई और संबंधित जिला निरीक्षण समिति की रिपोर्ट के साथ, विभाग प्रमुख, महिला एवं बाल विकास विभाग, को प्रस्तुत करेगा।

(7) यदि इस अधिनियम की धारा 54 या इस नियम के उप–नियम (6) के अधीन किए गए निरीक्षण या वार्षिक समीक्षा से यह ज्ञात हो कि अधिनियम और इन नियमों में यथा निर्धारित देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास तथा पुनर्समेकन सेवाओं और संस्था के प्रबंधन के मानकों का अनुपालन असंतोषजनक है या सुविधाएं अपर्याप्त हैं, तो महिला एवं बाल विकास विभाग, संस्था के प्रबंधन को नोटिस देगा और सुनवाई का अवसर देने के बाद यथास्थिति विस्तृत निरीक्षण या वार्षिक समीक्षा की तारीख से साठ दिनों की अवधि में यह घोषणा कर सकता है कि संस्था या संगठन का पंजीयन, नोटिस में विनिर्दिष्ट तारीख से प्रत्याहत या रद्द हो जाएगा और उक्त तारीख से वह संस्था इस अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन पंजीकृत संस्था नहीं रह जाएगी।

(8) जब कोई संस्था अधिनियम के अधीन पंजीकृत संस्था न रह जाए या यथा–निर्धारित समयावधि में पंजीकरण के लिए आवेदन करने में विफल हो जाए या उसे अनंतिम पंजीकरण प्रदान न किया जाए, तब इस अधिनियम और इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी विभाग निम्नलिखित में से कोई उपाय करेगा, जैसा वह उचित समझेः

(एक) इस अधिनियम और इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी विभाग के निर्देश पर, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त संस्था और संस्था में रखे गये बालकों के प्रबंधन का प्रभार लिया जा सकता है अथवा ऐसा प्रभार, जिसमें उक्त बाल देखरेख संस्था की निधियों, आस्तियों और अनुदान से सम्बंधित अन्य विषयों का स्थानांतरण व प्रबंधन शामिल है, किसी अन्य संस्था को सौंपने का निर्णय लिया जा सकता है;

(दो) यथास्थिति, बोर्ड या समिति के आदेश से उसमें रखे गए बालकों को अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन पंजीकृत किसी अन्य संस्था को स्थानांतरण; और

(तीन) यथास्थिति, बोर्ड या समिति के आदेश से बालकों को पोषण देखरेख या वैकल्पिक देखरेख के किसी अन्य अभिज्ञात स्वरूप में स्थापन करना।

(9) ऐसी कोई विद्यमान बाल देखरेख संस्था, जो बाल देखरेख संस्था के रूप में निरंतर कार्य करने की इच्छुक नहीं है, उसके पंजीयन का समर्पण करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को एक आवेदन प्रस्तुत करेगी और न्यूनतम छह मास का अग्रिम नोटिस विभाग को देगी।

(10) समस्त संस्थाओं के लिए पंजीकरण की अवधि समाप्त होने से तीन मास पूर्व पंजीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा और यदि वे संस्थायें पंजीकरण की अवधि समाप्त होने से पहले पंजीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन नहीं कर पाती हैं, तो संस्था अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन पंजीकृत संस्था नहीं रह जाएगी और उस स्थिति में इस नियम के उप–नियम (8) के उपबंध लागू होंगे।

(11) संस्था के पंजीकरण के नवीकरण के आवेदन का निपटान, ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से साठ दिनों की अवधि के भीतर किया जाएगाः

परंतु नियत अवधि के भीतर पंजीकरण के नवीकरण के आवेदन का निपटान न होने को, ऐसे आवेदन के सम्यक रूप से निपटान तक, आवेदक संगठन के अनंतिम पंजीकरण के परिणाम के रूप में समझा जाएगा, बशर्ते आवेदक संगठन के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज न हो या कोई प्रतिकूल

रिपोर्ट जिसमें पंजीकरण का नवीकरण चाह रहे संगठन की साख और क्षमता पर युक्तियुक्त संदेह प्रकट न किया गया हो।

(12) पंजीकरण के नवीकरण पर निर्णय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अथवा राज्य शासन के निर्देश पर किसी अन्य अधिकारी द्वारा की गयी बाल देखरेख संस्था की वार्षिक समीक्षा, जिला व राज्य निरीक्षण समितियों द्वारा उस वर्ष, जिसमें नवीकरण हेतु मांग की गयी है, किए गए निरीक्षण प्रतिवेदनों को सम्मिलित करते हुए, आधारित होगा।

(13) केन्द्र सरकार, आवेदन पत्रों की प्राप्ति और उन पर कार्यवाही करने तथा पंजीकरण को प्रदान करने या निरस्त करने के लिए एक आदर्श ऑनलाइन प्रणाली तैयार करने में सहायता करेगी और अंतरिम अवधि में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मौजूदा प्रणालियां जारी रहेंगी ।

(14) किसी नई संस्था को पंजीकरण प्रदान करने पर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्ररूप–46 पर आधारित समीक्षा भ्रमण प्रारुप का उपयोग करते हुए त्रैमासिक आधार पर प्रथम वर्ष में चार अनुवर्ती भ्रमण किए जाएंगे और इसमें बालक के साथ वार्तालाप करने के लिए एक चेक–लिस्ट सम्मिलित रहेगी।

(15) अधिनियम के अधीन पंजीकृत किसी बाल देखरेख संस्था में अनुचित कार्यपद्धति, निधियों के दुरूपयोग या बालकों को प्रदान की जाने वाली देखरेख की खराब गुणवत्ता के बारे में कोई शिकायत प्राप्त होने पर, जिला मजिस्ट्रेट संस्था का मूल्यांकन करने के लिए एक जांच–समिति गठित करेगा और तीस दिनों के भीतर महिला एवं बाल विकास विभाग को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(16) अधिनियम की धारा 41 के उल्लंघन पर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी या अधिनियम और इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अधिसूचित किसी अधिकारी द्वारा, पुलिस को शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

(17) किसी संस्था का पंजीकरण मात्र, उस संस्था को राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से अनुदान प्राप्त करने का हकदार नहीं बनाएगा।

(18) बालकों की देखरेख और संरक्षण के लिए अधिनियम के अधीन पंजीकृत संस्थाओं द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया :–

(एक) पंजीकरण प्रदान किये जाने पर संस्था, समस्त बालकों को समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी, जिसमें वे बालक सम्मिलित हैं जो आवेदन की तारीख में संस्था में निवास कर रहे हैं और जो उसके पश्चात् संस्था में

रखे गये है, भले ही उनकी वर्तमान आयु कुछ भी हो। वैकल्पिक रूप से, समिति ऐसी संस्था के परिसर में एक बैठक आयोजित कर सकती है।

(दो) पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान या अनंतिम पंजीकरण के दौरान या पंजीकरण के पूर्ण होने पर, ऐसी संस्था में अधिनियम की धारा 2 की उप–धारा (14) में यथा परिभाषित, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले नए बालक को प्रवेश पर संबंधित संस्था द्वारा समिति के समक्ष लाया जाएगा।

(तीन) पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं द्वारा संस्था में निवासरत समस्त बालकों की एक रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही में प्ररूप–40 के अनुसार, समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई को जानकारी हेतु प्रस्तुत की जाएगी।

24. खुला आश्रय गृह.–

(1) अधिनियम और इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वयं अथवा स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से, लड़के, लड़कियों और ट्रांसजेंडर बालकों के लिए पृथक–पृथक खुला आश्रय गृह स्थापित कर सकता है।

(2) खुला आश्रय गृह स्थापित करने के इच्छुक या पहले से खुला आश्रय गृहों का संचालन कर रहे सभी संगठन और व्यक्ति रजिस्ट्रीकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को प्ररूप–27 में आवेदन करेंगे।

(3) आवेदक खुला आश्रय गृह खोलने की आवश्यकता की रिपोर्ट और उसके साथ उस स्थान पर जिस स्थान पर खुला आश्रय गृह स्थापित कराने का प्रस्ताव है, बालकों की संख्या दर्शाते हुए, बालकों की स्थिति का सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगे और समुचित पुलिस सत्यापन और यथावश्यक अन्य जांच कार्य के बाद उस संगठन या व्यक्ति का चयन खुला आश्रय गृह चलाने के लिए किया जा सकता है।

(4) खुला आश्रय गृहों का रजिस्ट्रीकरण, अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के उपबंधों के अनुसार प्रारूप–28 में किया जाएगा।

(5) खुला आश्रय गृहों में प्रदान की जाने वाली सेवाओं में दिवा देखरेख और रात्रि आवास सुविधाओं सहित भोजन, कपड़े धोने और शौचालय सुविधा तथा राज्य सरकार द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली अन्य सुविधाएं सम्मिलित की जा सकेंगी।

(6) किसी खुला आश्रय गृह की क्षमता इतनी होनी चाहिए कि उसमें एक बार में 25–50 बच्चों को रखा जा सके और उसमें रसोईघर, भोजन परोसने व करने

की सुविधाएं, स्नानगृह और शौचालय, लॉकर्स और मनोरंजन सुविधाएं सम्मिलित होना चाहिए।

(7) जिन मामलों में खुला आश्रय गृह की प्रभारी एजेंसी पाए कि किसी बालक को अल्पकालिक देखरेख और चौबीस घंटे से अधिक के लिए संरक्षण की आवश्यकता है तो ऐसे बालक को आगे के उपयुक्त उपायों के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है।

(8) खुला आश्रय गृह किसी भी बालक को किसी भी समय प्रवेश देने से मना नहीं करेंगे।

(9) प्रत्येक खुला आश्रय गृह अपने यहां सेवाएं पाने वाले बालकों के विषय में, प्ररूप–29 में मासिक सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई और समिति को भेजेगा।

25. **पालन पोषण देखरेख.–**

(1) महिला एवं बाल विकास विभाग देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को समिति के आदेश के माध्यम से संक्षिप्त या विस्तृत अवधि के लिए, सामूहिक पालन पोषण देखरेख सहित पालन पोषण देखरेख में रख सकेगा।

(2) जिला बाल संरक्षण इकाई किसी जिले में पालन पोषण देखरेख कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए नोडल प्राधिकरण होगी।

(3) किसी बालक को पालन पोषण देखरेख में रखे जाने से संबंधित सभी निर्णय समिति द्वारा लिए जाएंगे। छह वर्ष या इससे अधिक आयु–वर्ग के बालकों को इन नियमों के नियम–47 के उप नियम (1) में उल्लिखित परिस्थितियों में पालन पोषण देखरेख में रखे जाने पर विचार किया जा सकेगा। छह वर्ष से कम आयु के बालकों को जहां तक संभव हो दत्तक ग्रहण में दिया जाएगा।

(4) समुदाय में रह रहे देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को भी, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्ररूप–31 में तैयार की गई बाल अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर, पालन पोषण देखरेख में रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।

(5) समिति पालन पोषण देखरेख के स्वरूप का निर्धारण करने से पहले बालक की व्यक्तिगत देखरेख योजना और बालक की आयु और परिपक्वता को विधिवत ध्यान में रखते हुए उसकी राय पर विचार करेगी। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान बालक को सूचित और तैयार किया जाएगा।

(6) बालक की आवश्यकताओं के अनुसार पालन पोषण देखरेख अल्पकालिक या दीर्घकालिक हो सकती है। अल्पकालिक पालन पोषण देखरेख की अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(7) दीर्घकालिक पालन पोषण देखरेख की अवधि एक वर्ष से अधिक होगी। यह अवधि पालन पोषण देखरेख प्रदान करने वाले माता–पिता या सामूहिक पालन पोषण देखरेख व्यवस्था के साथ बालक की अनुकूलता के मूल्यांकन के आधार पर बालक की आयु अठारह वर्ष हो जाने तक, समिति द्वारा समय–समय पर बढ़ाई जा सकती है।

(8) प्रत्येक बालक के पारिवारिक परिवेश में बढ़ने के अधिकार को मान्य करते हुए, यदि संभव हो सके तो बालक को उसके जैविक माता–पिता से पुनः मिलाने हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा और समिति यह सुनिश्चित करेगी कि समस्त सहोदरों का पालन पोषण देखरेख में स्थापन एक साथ किया जाए जब तक कि यह उनके सर्वोत्तम हित में न हो:

परंतु सहोदरों को पृथक करने का आदेश असाधारण परिस्थितियों और बच्चों के सर्वोत्तम हित में सकारण किया जाएगा और ऐसा आदेश यदि पारित कर दिया जाता है तो इसमें सहोदरों की नियमित भेंट सम्मिलित होगी, जिसे जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सुकर बनाया जाएगा।

(9) बालक को पालन पोषण देखरेख में रखने से पहले समिति जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से पालन पोषण देखरेख परिवार के सम्बंध में सिफारिशों सहित गृह अध्ययन रिपोर्ट प्ररूप 30 में प्राप्त करेगी। जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा गृह अध्ययन रिपोर्ट पन्द्रह दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

(10) विशेष जरूरतों वाले बालकों को या तो पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण देखेरेख में रखे जाने पर विचार किया जा सकेगा, परंतु पोषक परिवार की गृह अध्ययन रिपोर्ट में उस परिवार की उपयुक्ता का समर्थन किया गया हो या सामूहिक देखरेख व्यवस्था में ऐसे बालकों की देखरेख की सुविधाएं मौजूद हों।

(11) पालन पोषण देखरेख का आदेश पारित करते समय समिति यह सुनिश्चित करेगी कि किसी पालन पोषण करने वाले परिवार में बालकों की संख्या जिसमें पालन पोषण देखरेख प्रदाता की जैविक संतनान सम्मिलित है, चार से अधिक नहीं होगी और किसी समूह पालन पोषण देखरेख सेटिंग में बालकों की कुल संख्या आठ से अधिक नहीं होगी, सिवाय सहोदरों के पोषण देखरेख में रखे जाने की स्थिति में। किसी एकल पालन पोषण देखरेखकर्ता के पास रखे गए

बालकों की संख्या दो से अधिक नहीं होगी, जिसमें देखरेख देने वाले की जैविक संतान सम्मिलित है। परंतु एकल पुरूष देखरेख प्रदाता किसी बालिका की पालन पोषण देखरेख का पात्र नहीं होगा।

(12) जिला बालक संरक्षण इकाई, पोषक परिवार का चयन करते समय निम्न पर विचार करेगी, अर्थात :–

(एक) एकल वयस्क या पति–पत्नी दोनों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है;

(दो) एकल वयस्क या पति–पत्नी दोनों उस बालक का पालन पोषण करने के लिए इच्छुक होने चाहिए;

(तीन) एकल वयस्क की आयु पैंतीस वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और उनका शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए;

(चार) पति–पत्नी के मामले में, प्रत्येक की आयु पैंतीस वर्ष या उससे ऊपर या दोनों की संयुक्त आयु 70 वर्ष से कम नहीं और 110 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा उनका शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए;

(पांच) पालन–पोषण देखरेख प्रदाता या परिवार की आमदनी इतनी होनी चाहिए कि वे बालक की जरूरतों की पूर्ति कर सकें;

(छह) पोषक परिवार रहवास में रह रहे उस परिवार के सभी सदस्यों की चिकित्सकीय रिपोर्ट प्राप्त की जानी चाहिए, जिनमें ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएन्सी वायरस (एचआईवी), तपेदिक (टीबी) और हैपेटाइटिस–बी इत्यादि शामिल हैं, ताकि यह अवधारित किया जा सके कि वे चिकित्सीय रूप से स्वस्थ हैं, परंतु ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएन्सी वाइरस (एच.आई.व्ही) को प्रकट करना ऐच्छिक है तथा पोषक परिवार के सदस्यों को एच.आई.व्ही. प्रास्थिति को प्रकट करने के लिए विवश नहीं किया जाएगा, सिवाय ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएन्सी वाइरस एंड एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएन्सी सिंड्रोम (प्रिवेन्शन एण्ड कंट्रोल) एक्ट, 2017 की धारा 8 के अनुसार;

(सात) पोषण देखरेख प्रदाता या पोषक परिवार के पास पर्याप्त स्थान और आधारभूत सुविधाएं होनी चाहिए;

(आठ) किसी भी पोषण देखरेख प्रदाता या पोषक परिवार के सदस्य का पुलिस द्वारा यथासत्यापित आपराधिक रिकार्ड नहीं होना चाहिए;

(नौ) किसी भी पोषण देखरेख प्रदाता या पोषक परिवार के सदस्य का बालकों के दुरूपयोग या बाल अधिकारों का उल्लंघन करने का रिकार्ड नहीं होना चाहिए ;

(दस) पोषक परिवार में स्थायी भावनात्मक परिवेश हो;

(ग्यारह) पोषण देखरेख प्रदाता या परिवार की आय बालक की आवश्यकताओं की पूर्ति करने योग्य हो तथा पोषक देखरेख संधारण भुगतान या प्रायोजकता पर निर्भर न हों;

(बारह) पोषक पालक माता–पिता में से प्रत्येक की आयु 35 वर्ष से कम नहीं और 55 वर्ष से अधिक नहीं हो परंतु ऊपरी आयु सीमा को शिथिल किया जा सकेगा यदि यह पाया जाए कि व्यक्ति पोषित बालक या बालकों के साथ उत्साह और ऊर्जा के साथ क्रियाकलापों में भागीदारी करने के लिए पर्याप्त स्वस्थ हो और ऐसे अपवाद के कारण, बालक को रखने का निश्चय करते समय विचार के लिए, समिति को भेजी जाने वाली रिपोर्ट की अनुशंसाओं के भाग में सम्मिलित हों।

(13) जिला बाल संरक्षण इकाई सामूहिक पालन पोषण देखरेख व्यवस्था का चयन करते समय निम्नलिखित निर्देशी मानदंडों पर विचार करेगी :–

(एक) अधिनियम के अधीन, जैसा राज्य सरकार द्वारा नियत हो, सामूहिक व्यवस्था का रजिस्ट्रीकरण;

(दो) समिति द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता;

(तीन) बाल संरक्षण नीति का होना; और

(चार) बालकों के लिए पर्याप्त स्थान और समुचित सुविधाएं।

(14) पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण व्यवस्था के चयन की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

(15) समिति बालक को पालन पोषण देखरेख में स्थापन का अंतिम आदेश प्ररूप–32 में पारित करेगी, जिसमें बालक को पालन पोषण देखरेख में स्थापन की अवधि विनिर्दिष्ट की जाएगी। अंतिम आदेश, गृह अध्ययन रिपोर्ट और जिला बाल संरक्षण इकाई की अनुशंसाओं की प्राप्ति के पन्द्रह दिनों के भीतर पारित किया जाएगा।

(16) पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण देखरेख प्रदाता बालक की पालन पोषण देखरेख के लिए प्ररूप–33 में वचनबंध पर हस्ताक्षर करेंगे।

(17) जिला बाल संरक्षण इकाई पालन पोषण देखरेख में स्थापन किए गए प्रत्येक बालक का अभिलेख प्ररूप–34 में संधारित करेगी।

(18) पोषण देखरेख स्थापन पश्चात् अनुवर्तन निम्नलिखित रीति में अनुसरित होगा:–

(एक) जिला बाल संरक्षण इकाई स्थापन के प्रथम सप्ताह में बालक और पालन पोषण प्रदाता से भेंट करेगी।

(दो) जिला बाल संरक्षण इकाई के कम से कम दो कर्मचारीवृन्द प्ररूप–35 के अनुसार पोषक परिवारों या पालन पोषण देखरेख प्रदाता के पास बालक के हाल–चाल की जांच करने के लिए मासिक भ्रमण करेंगे और ऐसे भ्रमण के एक सप्ताह के भीतर समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

(19) पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण देखरेख प्रदाता निम्नलिखित करेंगेः–

(एक) पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आश्रय और शिक्षा प्रदान करना;

(दो) बालक के समग्र शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए देखरेख तथा उपचार उपलब्ध कराना;

(तीन) शोषण, दुव्यर्वहार, हानि, उपेक्षा और दुरूपयोग से संरक्षण सुनिश्चित करना;

(चार) आयु के अनुसार उपयुक्त मनोरंजन, पाठ्येत्तर कार्यकलापों, जैसे खेलकूद, संगीत, नृत्य, नाटक, कला आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराना;

(पांच) बालक की रूचि के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना;

(छह) बालक और उसके जैविक परिवार या संरक्षक की निजता का आदर करना और स्वीकार करना कि उनके विषय में प्रदान की गई कोई भी जानकारी गोपनीय है तथा बिना पूर्व–सहमति और समिति से आवश्यक अनुमति के, किसी तीसरे पक्ष के समक्ष प्रकट नहीं की जाएगी;

(सात) आपात परिस्थितियों में उपचार सुनिश्चित कराना तथा जैविक परिवार और समिति को इस बात की जानकारी देना, जो कि आवश्यक होने पर उपयुक्त आदेश पारित कर सकेगी;

(आठ) बालक के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए समिति के परामर्श से बालक और उसके जैविक परिवार के बीच संपर्क हेतु सहायता;

(नौ) बालक की प्रगति के विषय में जानकारी समय–समय पर समिति तथा बालक के जैविक परिवार को प्रदान करना तथा उनसे विचार–विमर्श करना तथा समिति के निर्देशानुसार बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत करना; और

(दस) यह सुनिश्चित करना कि बालक का पता–ठिकाना सदैव ज्ञात रहे, जिसमें पते में परिवर्तन, अवकाश–योजनाएं और बालक के भाग जाने की घटनाओं की सूचना समिति को देना सम्मिलित है।

(20) समिति यह सुनिश्चित करेगी कि जैविक पालक (कों) या विधिक अभिभावक को उक्त बालक के पालन पोषण देखरेख स्थापन के बारे में परामर्श दिया जाए और ऐसे स्थापन के पूर्व उनकी सहमति ले ली जाए, जब तक कि समिति द्वारा जैविक पालकों या विधिक अभिभावक को अयोग्य घोषित न कर दिया जाए।

(21) राज्य का संबंधित विभाग, इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर अधिनियम एवं नियमों के अनुरूप पालन पोषण देखरेख दिशानिर्देश बनाएगा।

(22) **बालक की पालन पोषण देखरेख की समाप्ति हेतु निम्नलिखित प्रकिया का पालन किया जाएगा :–**

(एक) समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई की अनुशंसाओं और बालक के दृष्टिकोण पर विचार करने के पश्चात बालक को पालन पोषण देखरेख स्थापन निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकेगी :–

(क) जब बालक की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो जाए;

(ख) जब बालक को उसके जैविक परिवार में प्रत्यावर्तित किया जा सकता हो और प्रत्यावर्तन बालक के सर्वोत्तम हित में हो;

(ग) जब बालक को दत्तक ग्रहण हेतु एक परिवार को संदर्भित किया जाये;

(घ) जब पोषक परिवार में समस्याएं हों, जैसे किसी पारिवारिक सदस्य की मुत्यु, वित्तीय कठिनाईयां या परिवार संरचना में परिवर्तन जिनका परिवार सामना नहीं कर सकता है और जो बालक की भलाई प्रभावित कर सकता हो;

(ड) जब पोषक परिवार या समूह पोषण देखरेख प्रदाता और बालक, स्थापन पश्चात् परामर्श सत्रों के उपरांत भी समायोजन करने में असमर्थ हो;

(च) जब पोषक परिवार या समूह पोषण देखरेख प्रदाता, उनकी पारिवारिक परिस्थितियां या किसी अन्य परिस्थितियों में परिवर्तन हो जाने के कारण पोषण देखरेख कार्यक्रम जारी रखना न चाहते हों;

(छ) पोषक परिवार या समूह पोषण देखरेख प्रदाता के विरूद्ध रिपोर्ट या शिकायतों की दशा में या प्ररूप–35 में अभिलिखित मासिक

निरीक्षण, पोषण गृह में पोषित बालक की उपेक्षा, शारीरिक, लैंगिक या भावनात्मक दुरूपयोग को इंगित करता हो तो बालक को तत्काल देखेरख से हटा लिया जाएगा और इसके बाद समिति एक जांच संस्थित करेगी और जहां आवश्यक हो वहां प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को अनुशंसा करेगी।

(दो) समिति, पोषक परिवार या समूह पोषण देखरेख प्रदाता को लिखित में एक सप्ताह का नोटिस देगी तथा और स्थापन समाप्ति से पूर्व पोषक परिवार या समूह पोषण देखरेख प्रदाता और बालक के मत को विचार में लेते हुए, एक जाँच करेगी।

(तीन) वापसी या समाप्ति के करणों के आधार पर, समिति पोषक परिवार को, पोषक परिवारों की सूची से हटाने का आदेश या समूह पोषक देखरेख व्यवस्था के रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने की अनुशंसा कर सकती है।

26. **प्रायोजन.**–

(1) महिला और बाल विकास विभाग विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांतों के साथ एक प्रायोजन कार्यक्रम तैयार करेगा जिसमें निम्न सम्मिलित हो सकते हैं :

(एक) व्यक्ति से व्यक्ति को प्रायोजन;
(दो) सामूहिक प्रायोजन;
(तीन) सामुदायिक प्रायोजन;
(चार) प्रायोजन के माध्यम से परिवारों में निवासरत बच्चों को सहायता; और
(पांच) बाल देखरेख संस्थानों में रहने वाले, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता
वाले बालकों या कानून के उल्लंघन में पाए जाने वाले या कथित रूप से पाए जाने वाले बालकों, जिन्हें परिवारों में प्रत्यावर्तन किया जा रहा हो, को सहायता।

(2) यह प्रायोजन कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा क्रियांवित किया जाएगा, जो किसी बालक के प्रयोजन के लिए इच्छुक व्यक्तियों या परिवारों या संस्थानों का पैनल उपलब्ध कराएगी।

(3) जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शिक्षा, चिकित्सीय सहायता, पोषण, व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि जैसे रूचि के क्षेत्रों तथा प्रायोजन के स्वरूप के अनुसार प्रायोजकों को सूचीबद्ध किया जाएगा।

(4) जिला बाल संरक्षण इकाई इस पैनल का विवरण अनुमोदन के लिए प्रायोजन और पोषण देखरेख अनुमोदन समिति के पास भेजेगी और अनुमोदित होने पर यथास्थिति बोर्ड, समिति या बालक न्यायालय को अग्रेषित किया जाएगा।

(5) यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, स्व–प्रेरणा से या इस विषय में आवेदन प्राप्त होने पर किसी बालक को प्रायोजन में स्थापन हेतु, प्रायोजन उलब्धता को पैनल से सत्यापन उपरांत, बालक को प्रायोजन में स्थापन का आदेश प्ररूप–36 में पारित कर सकेंगे।

(6) जिला बाल संरक्षण इकाई, व्यक्तिगत प्रायोजन के मामले में बालक के नाम से एक खाता खोलेगी जो अधिमान्य रूप से माता द्वारा संचालित किया जाएगा, और धन का अंतरण, सीधे जिला बाल संरक्षण इकाई के बैंक खाते से बालक के खाते में किया जाएगा।

(7) प्रायोजन की अवधि सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी किन्तु यथास्थिति समिति, बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा सम्यक जांच और इस सम्बंध में जिला बाल संरक्षण इकाई की अनुशंसाओं, यदि कोई हो, पर विचारण के पश्चात उसे आगे बढ़ाया जा सकेगा।

27. **संस्थागत देखरेख छोड़कर जाने वाले बालकों की पश्चातवर्ती** देखरेख.–

(1) ऐसे बालकों के मामलों में जिन्हें 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर बाल देखरेख संस्थाओं को छोड़ना पड़ता है या जो किसी समय किसी बाल देखरेख संस्था में निवास कर चुके है और उन्होंने 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है किन्तु 21 वर्ष की आयु और आपवादिक मामलों में 25 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है तो राज्य सरकार उनकी शिक्षा की व्यवस्था करके, उन्हें रोजगार के योग्य कौशल सिखाकर तथा समाज की मुख्य धारा में उनके पुर्नसमेकन को सुकर बनाने के लिए उन्हें रहने का स्थान उपलब्ध कराकर उनके लिए कार्यक्रम तैयार करेगी। पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम में संस्थागत देखरेख, गैर संस्थागत देखरेख मॉडल और कोई अन्य नवाचार मॉडल सम्मिलित होगा जैसा कि राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाए।

(2) बाल देखरेख संस्था को छोड़कर जाने वाले किसी भी बालक अथवा विषम परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे व्यक्ति के बालक या आश्रित को यथास्थिति समिति या बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा प्ररूप–37 के अनुसार आदेश पर इक्कीस वर्ष की आयु होने तक पश्चातवर्ती देखरेख का लाभ दिया जा सकेगा। आपवादिक परिस्थितियों में पश्चातवर्ती देखरेख को व्यक्ति के पच्चीस वर्ष की आयु पूरी होने तक या तो यथास्थिति बोर्ड या समिति या

बालक न्यायालय के आदेश द्वारा या जिला बाल संरक्षरण अधिकारी की अनुशंसा पर राज्य सरकार के निर्णय के आधार पर विस्तारित किया जा सकेगा।

(3) जिला बाल संरक्षण इकाई शिक्षा, चिकित्सीय सहायता, पोषण, व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि जैसे रूचि के क्षेत्र के अनुसार पश्चातवर्ती देखरेख प्रदान करने के इच्छुक संगठनों, संस्थाओं और व्यक्तियों की सूची तैयार व संधारित करेगी तथा उस सूची को यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय और सभी बाल देखरेख संस्थाओं को उनके अभिलेख में रखे जाने के लिए भेजेगी।

(4) परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता बालक से परामर्श के साथ निर्मुक्ति–पश्चात योजना तैयार करेगा और उस योजना को बोर्ड या समिति को बालक द्वारा बाल देखरेख संस्था छोड़े जाने से तीन मास पूर्व, बालक की जरूरतों के आधार पर तैयार पश्चातवर्ती देखरेख योजना, की सिफारिश करते हुए भेजेगा।

(5) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय निर्मुक्ति–पश्चात योजना की निगरानी करते समय पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम की प्रभावोत्पादकता की जांच करेंगे, विशेषकर इस संदर्भ में कि क्या इस कार्यक्रम का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा रहा है जिसके लिए यह देखरेख प्रदान की गई है और ऐसे पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम के परिणामस्वरूप बालक द्वारा की गई प्रगति की भी जांच करेंगे और इस संबंध में दिए गए आवेदन पर या स्वयं भी, यहां तक कि मामले के अंतिम निपटान के पश्चात किसी व्यक्ति के संबंध में पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम में उपांतरण के लिए आदेश पारित कर सकेगा।

(6) पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम में रखे गये बालकों को राज्य सरकार उनके आवश्यक खर्चों के लिए निधियां उपलब्ध कराएगी जो सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएंगी।

(7) पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम में प्रदान की जाने वाली सेवाओं में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जा सकेगा –

(एक) जहां कहीं संभव हो, वहां छह से आठ व्यक्तियों के समूहों के लिए अस्थायी आधार पर सामुदायिक आवास;

(दो) व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान वृत्तिका या उच्चतर शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति और व्यक्ति को रोजगार मिलने तक सहायता का उपबंध करना;

(तीन) राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम, भारतीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान और केन्द्रीय और राज्य सरकारों के ऐसे अन्य कार्यक्रमों, कारपोरेट आदि के साथ समन्वय से, कौशल प्रशिक्षण और वाणिज्यिक स्थापनाओं में रोजगार दिलाने की व्यवस्था करना;

(चार) ऐसे व्यक्तियों से उनकी पुनर्वास योजनाओं के विषय में विचार विमर्श करने के लिए उनके साथ नियमित रूप से संपर्क में रहने वाले परामर्शदाता की व्यवस्था करना;

(पांच) उनकी ऊर्जा को सकारात्मक माध्यम उपलब्ध कराने और उनके जीवन में आए संकटों से पार पाने में उनकी सहायता करने के लिए सृजनात्मक कार्यकलापों की व्यवस्था करना;

(छह) पश्चातवर्ती देखरेख में रखे गए और उद्यमी कार्यकलापों की स्थापना के आकांक्षी व्यक्तियों के लिए जिला उद्योग केन्द्रों की, विशेषतः बैंक को स्वीकार्य स्कीमों के माध्यम से ऋणों या सहायता की व्यवस्था;

(सात) बालिकाओं के रूकने और विवाह के लिए, पूर्व से विवाहित या गर्भवती बालिकाओं के ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा, किसी न्यायालयीन कार्यवाही में भागीदारी या प्रतिनिधित्व, यदि अपेक्षित हो, की व्यवस्था;

(आठ) नियोजन और उद्यम अवसरों को सुंकर बनाने की सेवाएं;

(नौ) नशीली दवाओं के व्यसन के उपचार और स्वास्थ्य लाभ हेतु साथियों का समर्थन; और

(दस) कठिन परिस्थितियों वाले व्यक्तियों के बालकों या आश्रितों को पश्चातवर्ती देखरेख सहायता के प्रावधानों का विस्तार किया जाना;

(8) राज्य सरकार, पुरूष, महिला और ट्रांसजेंडर प्रत्येक के लिए पृथक से या तो स्वयं या गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य में कम से कम एक पश्चातवर्ती देखरेख आवासीय सुविधा उन बालकों के सामाजिक पुर्नसमेकन को सुकर बनाने के उद्देश्य से स्थापित और संधारित करगी, जिन्हें विशेष गृह या सुरक्षा के स्थान या बाल गृह से संस्थागत आधारित जीवन से समाज की मुख्य धारा में निर्मुक्त किया गया है।

(9) 18 और 21 वर्ष की आयु के बीच के लड़कों, लड़कियों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए, अस्थायी आधार पर, पश्चातवर्ती देखरेख आवसीय या समूह आवासीय सुविधायें स्थापित की जाएंगी।

(10) पश्चातवर्ती देखरेख आवासीय सुविधाएं निम्न कार्य करेंगीः–

(क) व्यक्तिगत योग्यताओं के विकास के लिए आवास, संधारण, शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना;

(ख) उनके व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास को समर्थ बनाना और ऐसी सेवाएं और अवसर उपलब्ध कराना जो सम्मान के साथ और विधि का पालन करने वाले नागरिक के रूप में पुर्नसमेकित करने के लिए उन्हें समर्थ बनाए;

(ग) आपराधिक उपेक्षा, दुरूपयोग और शोषण से संरक्षण सुनिश्चित करना तथा नकारात्मक प्रभावों में आने से निवारित करना;

(घ) किसी व्यक्ति द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम करने के मामले में, राज्य सरकार शिक्षा, शासकीय छात्रावासों या अन्य समुचित संस्थाओं में, जहां वे उपलब्ध हों, में आवास तथा भोजन के व्ययों की पूर्ति करेंगी;

(ड.) बोर्ड या समिति द्वारा मान्य सामाजिक या स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की सेवाएं, योग्य व्यक्तियों के रूप में प्राप्त करना, जो पश्चातवर्ती देखरेख सेवाओं को, परिवीक्षा और केस वर्क की उपलब्ध सेवाओं के पूरक के रूप में उपलब्ध कराने के लिए योग्य है।

(11) ऐसा व्यक्ति जो नियोजित हो गया है, उसे ऐसे नियोजन या 25 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर, इस तारीख से छह माह के भीतर, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, सुविधा को छोड़ने तथा समुदाय में स्वतंत्र जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित और मदद की जाएगी

(12) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बालक को पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम में स्थापन के लिए प्ररूप–37 में एक आदेश पारित करेगी और ऐसे आदेश की एक प्रति जिला बाल संरक्षण इकाई और राज्य सरकार को भेजी जाएगी जो पश्चातवर्ती देखरेख व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

(13) जिला बाल संरक्षण इकाई अपने क्षेत्राधिकार में, राज्य सरकार या गैर–सरकारी संगठनों द्वारा प्रबंधित पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम की निगरानी करेगी।

(14) राज्य सरकार अन्य राज्य और केन्द्र की स्कीमों तक पहुंच को सुकर बनाएगी जिससे पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम का लाभ ले रहे व्यक्ति, उनके अधीन लाभ, आजीविका अवसर तथा रोजगार प्राप्त करने में समर्थ हो जाए। जिला बाल संरक्षण इकाई यह सुनिश्चित करेगी कि उनके जिलों में पश्चातवर्ती देखरेख में व्यक्तियों की ऐसी योजनाओं और अवसरों तक पहुंच हो जाए।

(15) मध्यप्रदेश की राज्य सरकार, इन नियमों की अधिसूचना के प्रकाशन के तीन माह के भीतर उसके पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम और दिशानिर्देश को तैयार करेगी और उन्हें अधिसूचित करेगी।

28. **बाल देखरेख संस्थाओं का प्रबंधन और उनकी मॉनीटरिंग.–**

(1) बाल देखरेख संस्थाओं के कार्मिकों की संख्या दायित्वों, पदों, कार्यसमय और जिन बालकों के लिए उन कार्मिकों को कार्य करना है, उन बालकों की श्रेणी के अनुसार अवधारित की जाएगी।

(2) बाल देखरेख संस्था के कर्मचारी प्रभारी व्यक्ति के नियंत्रण और समग्र पर्यवेक्षण के अधीन होंगे, जो अधिनियम और इन नियमों की सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार आदेश द्वारा उनके विशिष्ट दायित्व तथा जिम्मेदारियां अवधारित करेगा।

(3) कर्मचारियों की प्रत्येक श्रेणी में पदों की संख्या संस्था की क्षमता के आधार पर निर्धारित की जाएगी तथा संस्था की क्षमता में वृद्धि के अनुपात में यह संख्या भी बढ़ेगी।

(4) यदि बाल देखरेख संस्थाओं में बालिकाएं रह रही हों तो केवल महिला प्रभारी और कर्मचारी नियुक्ति की जाएंगी।

(5) बाल देखरेख संस्था से जुड़ा कोई भी व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी सिद्ध न हुआ हो या किसी अनैतिक कार्य या बालक से दुव्यर्वहार या बालश्रमिक के नियोजन या नैतिक अधमता के अपराध में संलिप्त न रहा हो या अपने कार्यकाल के दौरान किसी राजनैतिक दल का पदाधिकारी न रहा हो।

(6) पुलिस के सत्यापन के बिना कोई भी व्यक्ति किसी बाल देखरेख संस्था में नियुक्त नहीं किया जाएगा और न ही कार्य करेगा।

(7) पचास बालकों की क्षमता वाली संस्था में कर्मचारियों संबंधी सुझावपरक मानक निम्नानुसार होंगे :–

क्र.	कार्मिक/कर्मचारिवृंद	संख्या
1.	प्रभारी व्यक्ति (अधीक्षक)	1
2.	परिवीक्षा अधिकारी/बाल कल्याण अधिकारी/मामला कार्यकर्ता (गैर–सरकारी संगठन)	3
3.	परामर्शदाता/मनोवैज्ञानिक/मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ	2
4.	हाउस मदर/हाउस फादर	4

5.	शिक्षक / ट्यूटर	2 (अंशकालिक)
6.	चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सक)	1 (बुलाए जाने पर)
7.	अर्ध–चिकित्सीय कर्मचारी / स्टाफ नर्स / नर्सिंग अर्दली	1
8.	स्टोर कीपर–सह–लेखाकार	1
9.	कला व शिल्प और कार्यकलाप अध्यापक	1 (अंश कालिक)
10.	पी.टी. अनुशिक्षक–सह–योग प्रशिक्षक	1 (अंश कालिक)
11.	रसोइया	2
12.	सहायक	2
13.	हाउस कीपिंग	2
14.	वाहन चालक	1
15.	माली	1 (अंशकालिक)

(8) जिन संस्थाओं में शिशुओं को रखा गया है, उन संस्थाओं के मामले में आवश्यकतानुसार आयाओं और अर्ध–चिकित्सीय कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी।

(9) बाल देखरेख संस्था के स्वरूप और अपेक्षा के अनुसार बालकों की संख्या, आयु वर्ग, शारीरिक और मानसिक स्थिति, अपराध की श्रेणी के आधार पर पृथक्करण सुविधा और संस्था की अवस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कार्मिक तैनात किए जाएंगे।

(10) नियुक्त या तैनात किए जाने वाले सुरक्षा कार्मिक बालकों से संवेदनशील व्यवहार के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित और अभिमुखीकृत होंगे तथा अधिमानतः पूर्व–सैनिक या अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त कार्मिक या पुनर्स्थापन महानिदेशालय के माध्यम से होंगे।

(11) सुरक्षा कार्मिकों के पास शस्त्र या बंदूकें नहीं होंगी किन्तु वे आपात परिस्थिति से निपटने, हिंसा पर काबू पाने और बालकों को संस्था से भागने से रोकने, तलाशी और खोज तथा सुरक्षा निगरानी कार्यकलाप चलाने के लिए प्रशिक्षित और विशेष कौशलों से सम्पन्न होंगे।

29. **सुरक्षित स्थान.–**

(1) राज्य सरकार पुरूषों के लिए राज्य के पांच जिलों के एक समूह के लिए कम से कम एक सुरक्षित स्थान और महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए राज्य में कम से कम एक सुरक्षित स्थान स्थापित करेगी।

(2) नियम 29(1) के होते हुए भी कोई स्थान या संस्था जो पुलिस लॉक–अप या जेल न हो, जिसे पृथक से स्थापित किया हो या किसी सम्प्रेषण गृह में या विशेष गृह में संलग्न हो और जिसका प्रभारी, विधि का उल्लंघन करने के आरोपी बालक या विधि का उल्लंघन करते पाए गए बालक को ऐसी कालावधि और प्रयोजन के लिए, जिसे बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए, किसी विशिष्ट बालक हेतु सुरक्षित स्थान के रूप में राज्य सरकार द्वारा अभिहित किया जा सकेगा।

(3) सुरक्षित स्थान के रूप में अभिहित किसी भी स्थान में यह सुनिश्चितता रहेगी कि 18 वर्ष की आयु के ऊपर के व्यक्ति को जिसे बोर्ड या न्यायालय द्वारा उसमें रखने के लिए निदेशित किया गया हो, बालक के साथ नहीं रखा जाए तथा व्यवस्था ऐसी हो कि वे किसी भी परिस्थिति में एक दूसरे के सम्पर्क में न आएं।

(4) राज्य सरकार, सुरक्षित स्थान में रखे गए किसी बालक या व्यक्ति को अधिनियम और इन नियमों के अधीन बाल देखरेख संस्थाओं के लिए विहित सुविधाओं और सेवाओं के अतिरिक्त ऐसी सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराएगी जैसा कि बोर्ड या बालक न्यायालय के आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए।

(5) सुरक्षित स्थान में रखे गए 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों के लिए पोषण और आहार पैमाना ऐसा होगा जैसा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख द्वारा सुरक्षित स्थान में निवास कर रहे व्यक्तियों की आयु प्रोफाईल, स्वास्थ्य और चिकित्सीय स्थिति को दृष्टि में रखते हुए समय समय पर अधिसूचित किया जाए।

(6) सुरक्षित स्थान न तो जेल जैसा दिखेगा और न ही संचालित होगा। यद्यपि निवास कर रहे बालकों और व्यक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित स्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त सुरक्षा और सुरक्षित व्यवस्थाएं तथा मेकेनिज्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

(7) राज्य सरकार, यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा दिए गए निदेश और सुझावों पर आधारित आवश्यक सुधार करेगी।

30. उपयुक्त सुविधा.–

(1) बोर्ड या समिति, सरकार या किसी गैर–सरकारी संगठन से आवेदन प्राप्त होने पर उस सुविधा को उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रदान करेंगी, परंतु यह

कि उस सुविधा का प्रबंधक विशिष्ट प्रयोजन या सामूहिक पालन पोषण देखरेख के लिए किसी बालक को प्राप्त करने के लिए अस्थायी रूप से इच्छुक हो। बोर्ड या समिति जब कभी उपयुक्त सुविधा की आवश्यकता उद्‌भूत होती हो, संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई से अनुशंसाएं भी प्राप्त कर सकेंगी या जिला बाल संरक्षण इकाई किसी संस्था या संगठन के आवेदनों को, उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता हेतु अनुशंसाओं सहित बोर्ड या समिति को अग्रेषित कर सकेगी।

(2) मान्यता के लिए आवेदन के साथ नियमों, उप–नियमों, संगम–ज्ञापन, नियंत्रक निकाय, पदाधिकारियों की सूची, न्यासियों की सूची, पिछले तीन वर्षों के तुलन–पत्र, संस्था या संगठन द्वारा प्रदान की गई सामाजिक या सार्वजनिक सेवा के पिछले अभिलेख इत्यादि प्रत्येक की एक प्रति प्ररूप 38 में भेजी जाएगी।

(3) उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता के लिए कोई सुविधाः
(एक) बालक की देखरेख और संरक्षण के आधारभूत मानकों की पूर्ति करेगीः
(दो) अपने पास रखे गए बालक को आधारभूत सेवाएं प्रदान करेगी;
(तीन) अपने पास रखे गए किसी बालक से किसी भी प्रकार की क्रूरता या शोषण या उपेक्षा या किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होने देगी;
(चार) बोर्ड या समिति द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन करेगी; और
(पांच) उस उद्‌देश्य की पूर्ति करेगी, जिसके लिए उस संस्था या संगठन को बोर्ड या समिति द्वारा उपयुक्त सुविधा हेतु मानयता दी गयी है।

(4) बोर्ड या समिति यह सुनिशिचित करने के लिए समुचित निरीक्षण और जांच के बाद कि इन नियमों के अनुसार बालकों की देखरेख संरक्षण के लिए उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन तथ आश्रय सुविधाओं, व्यावसायिक सुविधाओं और पुर्नवास के विशेष संदर्भ में प्रावधान संस्था में मौजूद हैं तथा यथाउपलब्ध अन्य सामग्री पर विचार के आधार पर ऐसी संस्था या संगठन को उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्ररूप 39 में प्रदान कर सकेंगेः

परंतु यह कि ऐसी संस्था या संगठन से जुड़ा कोई भी व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी सिध्द न हुआ हो या किसी अनैतिक कार्य या बालक से दुर्व्यवहार या बाल श्रमिक के नियोजन या नैतिक अधमता के अपराध में संलिप्त न रहा हो।

(5) बोर्ड या समिति किसी संस्था या संगठन की मान्यता के आवेदन पर निर्णय, आवेदन प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि में लेंगे।

(6) उपयुक्त सुविधा के रूप में किसी संस्था या संगठन की मान्यता आरंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए होगी, जिसे इस नियम के उप–नियम (4) के अनुसार आगे और तीन वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकेगा।

(7) यदि बोर्ड या समिति प्रदान की जा रही देखरेख और संरक्षण, या उस सुविधा में मौजूद दशाओं, या अधिनियम के अधीन मान्यता–प्राप्त संस्था या संगठन के प्रबंधन के मानक से संतुष्ट न हों या अधिनियम की धारा 54 के अधीन नियुक्त की गई निरीक्षण समिति की किसी प्रतिकूल रिपोर्ट पर या किसी अन्य कारण से वे किसी भी समय, कारण सहित आदेश द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में उस संस्था या संगठन की मान्यता को बोर्ड या समिति के आदेश में विनिर्दिष्ट तारीख से प्रत्याहृत कर सकेंगे और वह संस्था या संगठन अधिनियम और इन नियमों के अधीन उपयुक्त सुविधा नहीं रहेंगे।

(8) जहां बोर्ड या समिति द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रत्याहृत कर ली गई हो, वहां इस तथ्य की सूचना बालक न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी तथा ऐसी संस्था या संगठन के पास रखे गए बालकों को बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय द्वारा किसी अन्य उपयुक्त सुविधा या किसी अन्य बाल देखरेख संस्था में स्थानांतरित किया जाएगा।

(9) बोर्ड या समिति द्वारा अनुमोदित सुविधाओं की सूची, बोर्ड या समिति के कार्यालय में रखी जाएगी और समय–समय पर, जब कभी ऐसी सूची में नई सुविधा को जोड़ने या हटाने पर, सूची बालक न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई तथा राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी को भेजी जाएगी।

(10) किसी संस्था या संगठन को निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी, जो कि इस प्रकार होंगे:

(एक) अल्पकालिक देखरेख;

(दो) चिकित्सीय देखरेख उपचार और विशेषीकृत उपचार;

(तीन) मनचिकित्सीय और मानसिक स्वास्थ्य देखरेख;

(चार) नशा–मुक्ति और पुर्नवास;

(पांच) शिक्षा;

(छह) व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास;

(सात) गवाह संरक्षण; और

(आठ) सामूहिक पालन पोषण देखरेख।

(11) उपयुक्त सुविधा द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में निम्न सम्मिलित हो सकेंगी–

(एक) भोजन, वस्त्र, जल, स्वच्छता और साफ–सफाई;

(दो) परामर्श सहित मानसिक स्वास्थ्य कार्यकलाप;

(तीन) प्रथमोपचार सहित चिकित्सीय सुविधाएं और विशेषीकृत उपचार में सहायता;

(चार) औपचारिक आयु यथोचित शिक्षा, जिसमें बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 और संबंधित राज्य शिक्षा नियम, नीति और मार्गदर्शी मानदण्डों और मानकों के अनुसार सेतु शिक्षा और सतत् शिक्षा तथा जीवन कौशल शिक्षा सम्मिलित है;

(पांच) मनोरंजन, खेलकूद, ललित कलाएं और सामूहिक कार्यकलाप; और

(छह) समूह कार्य गतिविधि।

(12) किसी बालक को उपयुक्त सुविधा में उतनी अवधि के लिए रखा जाएगा, जितनी अवधि बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय को उपयुक्त प्रतीत हो।

31. उपयुक्त व्यक्ति.–

(1) वह व्यक्ति जो आवश्यक अवधि के लिए किसी बच्चे को देखभाल, संरक्षण अथवा उपचार हेतु अस्थायी रूप से लेने के लिऐ उपयुक्त हो, उसे बोर्ड अथवा समिति द्वारा, ऐसे व्यक्ति के साख के सत्यापन और पुलिस सत्यापन के पश्चात एक उपयुक्त व्यक्ति के रूप में मान्य किया जा सकेगा। जिला बाल संरक्षण इकाई उन व्यक्तियों की पहचान करेगी जिन्हें उपयुक्त व्यक्तियों के रूप में मान्य किया जा सके और उसे बोर्ड या समिति को अग्रेषित करेगी

(2) बोर्ड या समिति, स्वयं या जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से उपयुक्त व्यक्ति के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए उनकी सक्षमता ओर योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए समय–समय पर उपयुक्त व्यक्ति की पहचान और छंटनी करेगी तथा ऐसी छंटनी निग्नलिखित गानदंडों के आधार पर की जाएगी, –

(एक) यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस सत्यापन, कि ऐसा व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का आरोपी अथवा किसी अनैतिक कार्य अथवा बाल शोषण के कार्य अथवा बाल–श्रम रोजगार अथवा नैतिक चरित्रहीनता के किसी अपराध में संलग्न नहीं है;

(दो) भिन्न–भिन्न प्रयोजनों के लिए समुचित प्रकार की विशेषज्ञता जिसके लिए उपयुक्त व्यक्ति नियुक्त किए जा सके;

(तीन) व्यावसायिक अर्हताएं, यदि प्रयोजन को समुचित रूप से पूर्ण करने के लिए अपेक्षित है, जिसके लिए व्यक्ति को उपयुक्त व्यक्ति के रूप में मान्य किया जा रहा है;

(चार) बालकों से व्यवहार करने का समुचित अनुभव;

(पांच) विशिष्ट प्रयोजन के लिए बोर्ड या समिति द्वारा यथा अवधारित उपयुक्त व्यक्ति का उत्तरदायित्व लेने का इच्छुक।

(3) बोर्ड अथवा समिति, उपलब्ध कराई गई देखभाल तथा संरक्षण के स्तर से अथवा किसी अन्य कारण से असंतुष्ट होने पर, किसी भी समय, बोर्ड अथवा समिति के आदेश पर विनिर्दिष्ट तारीख से एक उपयुक्त व्यक्ति के रूप में किसी व्यक्ति की मान्यता को वापस लेने के तर्कसंगत आदेश द्वारा वापस ले सकते हैं।

(4) जहां किसी उपयुक्त व्यक्ति की मान्यता बोर्ड द्वारा अथवा समिति द्वारा वापिस ली जाती है, इसकी सूचना बालक न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई और जिला संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी और ऐसे उपयुक्त व्यक्ति के पास रखे गए बच्चे को बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय द्वारा किसी अन्य उपयुक्त व्यक्ति के अथवा उपयुक्त सुविधा के साथ अथवा किसी बाल देखभाल संस्था के पास रखा जाए।

(5) बोर्ड अथवा समिति द्वारा मान्यता प्राप्त उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बोर्ड तथा समिति के कार्यालय और बालक न्यायालय में रखी जाएगी तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को भेजी जाएगी।

(6) जहां बच्चे को दूरी/अथवा विषम समय या किसी प्राकृतिक आपदा या अन्य आकस्मिक परिस्थिति की वजह से किसी बाल देखभाल संस्था में नहीं भेजा जा सकता, बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय, जहां कहीं अपेक्षित हो, ऐसे मामलों में बच्चे को एक उपयुक्त व्यक्ति के संरक्षण में रख सकता है।

(7) उपयुक्त व्यक्तिः

(एक) बच्चे को लेने की क्षमता तथा इच्छा रखेगा; तथा

(दो) बच्चे की देखभाल और संरक्षण की बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

(8) बच्चे की आवश्यकता के आधार पर तथा उपयुक्त व्यक्ति के परामर्श से बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय बच्चे की उस अवधि को निर्धारित करेंगे जिसमें बच्चा उपयुक्त व्यक्ति के पास रहेगा, इस नियम के उप–नियम 9 में निर्दिष्ट सीमा के अधीन।

(9) बच्चे को 30 दिन से अधिक अवधि के लिए किसी योग्य व्यक्ति के संरक्षण में नहीं रखा जाएगाः

परंतु ऐसे मामलों से जहां योग्य व्यक्ति की देखभाल एवं अभिरक्षा रखे गये देखरेख और सरंखण की आवश्कता वाले बालक को और अधिक देखभाल की जरूरत है, समिति इस तरह के बच्चों को पालन पोषण देखभाल में रखने पर विचार कर सकती है या ऐसे बच्चे के लिये अन्य पुनर्वास विकल्प पर विचार कर सकती हैः

परंतु ऐसे मामलों में जहां योग्य व्यक्ति के अधीन विधि विवादित बच्चे की स्थापन अवधि 30 दिन से ज्यादा हो बोर्ड अथवा बालक न्यायालय बच्चे के संबंध में अगले आदेशों के लिए मामले को समिति को भेज सकेंगे।

32. **भौतिक अवसंरचना.–**

(1) प्रत्येक संस्था में आवास निम्नलिखित मानदंड के अनुसार होगा, अर्थातः–

(एक) संप्रेषण गृहः

(क) लड़कियों तथा लड़कों के लिए पृथक संप्रेक्षण गृहः

(ख) शारीरिक और मानसिक स्थिति तथा किए गए अपराध की प्रकृति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए उनके आयु वर्ग अधिमानतः 7–11 वर्ष, 12–16 वर्ष तथा 16–18 वर्ष के अनुसार बच्चों का वर्गीकरण तथा पृथक्कीकरण।

(दो) विशेष गृह :

(क) 10 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियों तथा 11 से 15 एवं 16–18 वर्ष के आयु वर्गों के लड़कों के लिए पृथक विशेष गृहः

(ख) बच्चों की आयु और अपराध की प्रकृति तथा उनकी मानसिक और शारीरिक और मानसिक स्थिति के आधार पर वर्गीकरण तथा पृथक्कीकरण,

(तीन) सुरक्षा का स्थान :

(क) जघन्य अपराध करने के आरोपी 16–18 वर्ष की आयु वर्ग के बालकों के लिए, जिनकी जांच लंबित है

(ख) जांच के समापन पर जघन्य अपराध में लिप्त पाए जाने वाले 16–18 वर्ष के आयु वर्ग के बालकों के लिए,

(ग) 18 वर्ष से कम आयु में किए गए अपराध के आरोपी 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्त्यिों के लिए, जिनकी जांच लंबित है।

(घ) जांच पूरी होने पर अपराध में लिप्त पाए जाने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु व्यक्तियों के लिए,

(ड.) इस अधिनियम की धारा 18 की उप धारा (1) के खंड (छ) के अधीन बोर्ड के आदेशों के अनुसार बालकों के लिए,

(चार) बाल गृह :

(क) जबकि 10 वर्ष से कम आयु के बालक और बालिकाएं एक ही गृह में रखे जा सकते हैं, 7–10 वर्ष की आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों के लिए पृथक स्नान करने और सोने की सुविधाएं रखी जाएंगी,

(ख) 7–11 वर्ष और 12–18 वर्ष के आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों के लिए पृथक बाल गृह,

(ग) शिशुओं के लिए उचित सुविधाओं के साथ छह वर्ष की आयु तक के बालकों के लिए पृथक सुविधाएं,

(2) बाल देखभाल संस्थाएं बाल अनुकूल होंगी तथा वे किसी भी प्रकार से कारावास अथवा हवालात जैसी नही दिखेंगी।

(3) प्रत्येक बाल देखभाल संस्था स्टाफ, और इनमें रह रहे बालकों दोनों के उपयोग के लिए इस अधिनियम की एक प्रति तथा राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों को रखेगी।

(4) प्रत्येक बाल देखभाल संस्था में संस्था के प्रबंधन के लिए तथा गृह में प्रत्येक बालक की प्रगति की निगरानी के लिए एक प्रबंधन समिति होगी।

(5) विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए तथा देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के लिए बाल देखभाल संस्थाएं प्रतिपादित मानदंड के अनुसार पृथक परिसरों से कार्य करेंगी।

(6) 50 बालकों वाली प्रत्येक संस्था में भवन अथवा आवास हेतु सुझाए गए मानदंड इस प्रकार हो सकते है :

1.	2 शयनशाला (डोरमेटरी)	प्रत्येक 25 बालकों के लिए 1000 वर्ग फिट की अर्थात 2000 वर्ग फिट
2.	2 कक्षाएं	25 बालकों के लिए 300 वर्ग फिट अर्थात 600 वर्ग फिट
3.	रोगी कक्ष/प्राथमिक उपचार कक्ष	प्रत्येक 10 बालकों हेतु 75 वर्ग फिट अर्थात 750 वर्ग फिट
4.	रसोई	250 वर्ग फिट
5.	भोजन कक्ष	800 वर्ग फिट
6.	भंडार गृह	250 वर्ग फिट
7.	मनोरंजन कक्ष	300 वर्ग फिट
8.	पुस्तकालय	500 वर्ग फिट
9.	5 स्नान घर	प्रत्येक 25 वर्ग फिट अर्थात 125 वर्ग फिट
10.	8 शौचालय	प्रत्येक 25 वर्ग फिट अर्थात 200 वर्ग फिट
11.	कार्यालय कक्ष	(क) 300 वर्ग फिट (ख) प्रभारी व्यक्ति कक्ष 200 वर्गफिट
12.	परामर्श और मार्गदर्शन कक्ष	120 वर्ग फिट
13.	कार्यशाला	प्रति प्रशिक्षु 75 वर्ग फिट की दर से 15 बालकों के लिए 1125 वर्ग फिट
14.	प्रभारी व्यक्ति हेतु आवास	(क) प्रत्येक 250 वर्ग फिट के 2 कक्ष (ख) रसोई 75 वर्ग फिट (ग) स्नानघर सह शौचालय 50 वर्ग फिट
15.	किशोर न्याय बोर्ड अथवा बाल कल्याण समिति हेतु 2 कक्ष	प्रत्येक 300 वर्ग फिट अर्थात 600 वर्ग फिट
16.	खेल का मैदान	कुल बालकों की संख्या के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र
17.	लॉकर (व्यक्तिगत सामान रखने हेतु)	एक प्रति बालक
	कुल	8745 वर्ग फिट

(7) प्रभारी व्यक्ति संस्था में रहेगा तथा उसे क्वार्टर उपलब्ध कराया जाएगा और यदि वह विधिमान्य कारणों से बाल देखभाल संस्था में रहने में समर्थ नहीं है, तो प्रभारी व्यक्ति द्वारा नामित, संस्था का कोई अन्य वरिष्ठ स्टाफ सदस्य संस्थान में रहेगा और बालकों की समग्र देखभाल का पर्यवेक्षण करने तथा किसी संकट अथवा आपातकाल के मामले में प्रभारी व्यक्ति से सलाह कर निर्णय लेने की स्थिति में होगा। परंतु जब कभी प्रभारी व्यक्ति संस्था के किसी अन्य व्यकित को संस्थान में रहने हेतु नामित करेगा, तत्काल इसकी लिखित सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई को दी जाएगी।

(8) दुर्घटनाओं से बचने के लिए उचित या फिसलन रहित फर्श रखने होंगे।

(9) उचित प्रकाश, सर्दियों में परिसर को गर्म रखने और गर्मियों में ठंडा करने के प्रबंध, वातायन, सुरक्षित पेयजल, साफ–सफाई वाले और जेंडर सुलभ और आयु अनुसार उचित तथा निःशक्तता अनुकूल शौचालय तथा बार्बड तार की बाड़ वाली ऊंची दीवारें होंगी।

(10) इस अधिनियम के अधीन सभी संस्थाएं:

(एक) प्राथमिक उपचार किट, रसोई घर में अग्निशामक, मनोरंजन कक्ष, व्यावसायिक प्रशिक्षण कक्ष, शयनागार, भंडार कक्ष तथा परामर्श कक्ष का प्रावधान करेंगी;
(दो) इलेक्ट्रिकल स्थापनाओं की आवधिक जांच करेंगे;
(तीन) उचित भंडारण तथा खाद्य वस्तुओं की जांच सुनिश्चित करेंगी; तथा
(चार) जल भंडारण तथा आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए उद्यत प्रबंध सुनिश्चित करेंगी।

(11) निःशक्त बालकों को विशेष अवसंरचनात्मक सुविधाएं तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। ये सुविधाएं तथा उपकरण विशेषज्ञों अथवा अनुभवी व्यक्तियों के मार्गदर्शन में डिजाइन की जाएंगी।

(12) अन्य संभार और कार्यात्मक आवश्यकताएं, जिन्हें उपलब्ध कराया जाएगा, में निम्नलिखित सम्मिलित होगा:

(एक) कम्प्यूटर सेट;
(दो) फोटोकॉपीयर;
(तीन) प्रिंटर, स्कैनर–सह–फैक्स;
(चार) इंटरनेट सुविधा सहित दूरभाष;
(पांच) वेब कैमरा;

(छह) पदाधिकारियों हेतु फर्नीचर, अभिलेख रखने की अलमारियां, वर्क स्टेशन, चिकित्सा कक्ष के लिए पहियादार कुर्सी तथा स्ट्रेचर्स;

(सात) अध्ययन और भोजन हाल हेतु कुर्सियां तथा मेज;

(आठ) प्रोजेक्टर।

33. कपड़े, बिस्तर, टायलेट्रीज़ तथा अन्य वस्तुएं:

1. कपड़े तथा बिस्तर मापदंड और जलवायु की परिस्थितियों अनुसार होंगे। प्रत्येक बालक की आवश्यकतायें तथा कपड़ों और बिस्तर हेतु न्यूनतम मानक इस प्रकार होंगे:–

क. लड़कियों के लिए कपड़े		
क्र.	वस्तु	प्रति बाल प्रमात्रा
1.	ब्लाउज/कुर्ता/टी शर्ट/इंडो वेस्टर्न टॉप	प्रवेश के समय 3 और तत्पश्चात प्रत्येक 6 माह बाद 2
2.	स्कर्ट/शॉर्ट्स/जीन्स	प्रवेश के समय 3 और तत्पश्चात प्रत्येक 6 माह बाद 2
3.	पेन्ट्स/जीन्स/पारंपरिक पहनावा– सलवार या चूड़ीदार	प्रवेश के समय 3 और तत्पश्चात प्रत्येक 6 माह बाद 2
4.	उचित आयु के अनुसार अधोवस्त्र	प्रति तिमाही 3 सेट
5.	सेनेटरी पैड्स	बड़ी लड़कियों के लिए प्रति वर्ष 12 पैक्स एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पैड्स
6.	ऊनी स्वेटर्स (पूरी बाजू वाले)	प्रति वर्ष 2 स्वेटर
7.	ऊनी स्वेटर्स (आधे बाजू के)	प्रति वर्ष 2 स्वेटर
8.	ऊनी शाल	प्रति वर्ष 1
ख. लड़कों के लिए कपड़े		
क्र.	वस्तु	प्रति बाल प्रमात्रा
1.	कमीज/टी–शर्ट/पारंपरिक पहनावा	प्रवेश के समय 3 तथा तत्पश्चात प्रत्येक छह मास के बाद 2
2.	शॉर्ट्स/हाफ पैंट्स	प्रवेश के समय 3 तथा छोटे बालकों के लिए तत्पश्चात प्रत्येक छह मास के बाद 2
3.	पैंट्स/जीन्स/पारंपरिक पहनावा	प्रवेश के समय 3 तथा बड़े बालकों के लिए प्रत्येक छह मास में 2
4.	आयु अनुसार उचित अधोवस्त्र	प्रति तिमाही 3 सेट
5.	ऊनी जर्सियां/जैकेट्स (पूरी बाजू की)	वर्ष में 2
6.	ऊनी जर्सियां (आधी बाजू की)	वर्ष में 2
7.	ऊनी टोपियां	एक वर्ष में 1
8.	रात्रि में पहनने के लिए कुर्ता पायजामा	प्रत्येक छह मास में 2 सेट

ग. विविध वस्तुएं		
1.	स्लीपर	प्रवेश के समय 1 जोड़ी तत्पश्चात प्रति छह मास बाद
2.	सैंड्लस, फ्लोट्र्स, चप्पल	प्रवेश के समय 1 जोड़ी तत्पश्चात प्रति छह मास बाद
3.	खेल के जूते	प्रवेश के समय 1 जोड़ी तत्पश्चात प्रति एक वर्ष बाद 1 जोड़ी.
4.	स्कूल गणवेश	स्कूल जाने वाले बालकों हेतु 3 सेट प्रति वर्ष
5.	स्कूल बैग	स्कूल जाने वाले बालकों के लिए प्रत्येक छह मास पर 1
6.	स्कूल के जूते	स्कूल में प्रवेश के समय 1 जोड़ी तत्पश्चात प्रत्येक छह मास के बाद 1 जोड़ी
7	गर्मी हेतु टोपी/कैप	01 प्रति वर्ष
8.	सर्दी हेतु गर्मी टोपी	01 प्रति वर्ष
9.	बरसाती या छाता	01 प्रति वर्ष
10.	खेलकूद व व्यायाम हेतु ट्रेक सूट	01 प्रति वर्ष
11.	लेखन सामग्री/शिक्षा किट	आवश्यकतानुसार

घ. बिस्तर

क्र.	वस्तु	प्रत्येक बाल को उपलब्ध कराई जाने वाली प्रमात्रा
1.	गद्दा	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात प्रत्येक वर्ष बाद 1
2.	सूती दरी/मैट/कारपेट	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात प्रति 2 वर्ष बाद 2
3.	बिछाने की सूती चादरें	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात प्रति 6 माह बाद 1
4.	रुई का तकिया	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात प्रति 1 वर्ष बाद 1
5.	तकिया कवर	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात प्रति 1 वर्ष बाद 1
6.	सूती कंबल/खेस	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात प्रति 2 वर्ष बाद 1
7.	रूई भरी हुई रजाई	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात प्रति 1 वर्ष बाद 1 (ठंडे क्षेत्र में कंबलों के अतिरिक्त)
8.	मच्छरदानी	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात प्रति 6 माह बाद 1
9.	सूती तौलिया	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात प्रत्येक 3 मास बाद 1

(2) उपरोक्त वर्णित के अतिरिक्त, प्रत्येक बालक को तीन वर्षों में एक बार, यथोचित समारोह के अवसरों पर उपयोग करने हेतु उसकी पसंद के भारतीय अथवा पश्चिमी परिधान जैसे शेरवानी सेट, ब्लेज़र सहित सूट, लहंगा–चोली, ब्लाउज़ सहित साड़ी, इत्यादि उपलब्ध कराया जाएगा।

(3) संस्था से संबद्ध प्रत्येक अस्पताल में, जहां भर्ती रोगियों की चारपाई का प्रावधान है, निम्नलिखित मानदंडों का अनुपालन किया जाएगा :

क्र.	रात्रि के कपड़े तथा बिस्तर	आपूर्ति हेतु मापदंड
1.	गद्दा	3 वर्ष में प्रति बिस्तर एक
2.	बिछाने की सूती चादरें	प्रतिवर्ष प्रति बिस्तर चार
3.	तकिया	प्रति दो वर्ष में प्रति बिस्तर एक
4.	तकिया कवर	प्रति वर्ष प्रति बिस्तर चार
5.	ऊनी कम्बल	प्रति 2 वर्ष में प्रति बिस्तर एक
6.	पायजामे तथा ढीली कमीजें (लड़कों हेतु अस्पताल प्रकार की)	प्रति वर्ष प्रति बालक 3 जोड़ी
7.	लड़कियों के लिए स्कर्ट और ब्लाउज अथवा सलवार कमीज	प्रति वर्ष प्रति बालक 3 जोड़ी
8.	सूती दरी	प्रत्येक 3 वर्ष में प्रति बिस्तर एक

(4) **टॉयलेट्री** : बाल देखरेख के प्रत्येक निवासी को निम्नलिखित मानदंड के अनुसार तेल, साबुन तथा अन्य सामग्री जारी की जाएगी :

क्र.	मद	प्रति बालक जारी की जाने वाली मात्रा
1.	बालों के बनाव श्रृंगार के लिए बालों का तेल	प्रति मास 100 एम.एल.
2.	प्रसाधन साबुन/तरल हैंडवाश	प्रति मास 75 ग्राम की दो टिकिया
3.	टूथ ब्रश	प्रति 3 मास में 1
4	जीभी	प्रति 03 मास में 1
5.	टूथ पेस्ट	प्रति मास 100 ग्राम की (ट्यूब)
6.	कंघा	प्रत्येक 3 मास में एक

7.	शैम्पू सैशे	मास में 8 (10 मिलिग्राम/प्रति सैशे और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त
8.	नहाने का साबुन– प्रतिमास 125 ग्राम की दो टिकिया	और आवश्यकता 3 वर्ष अतिरिक्त
9.	बालों की क्लिप/बैंड	3 मास में 2 बैंड
10.	नेल कटर	बालक को आवश्यकता के अनुसार उपल्ब्ध कराया जाएगा।
11.	मॉश्चराइचर्स अथवा कोल्डक्रीम (सर्दियों में) और सनस्क्रीन	मास में 250 मिलीग्राम
12.	टेल्कम पाउडर	आवश्यकता के अनुसार

(5) कपड़े ओर तौलिया, बिछाने वाली चटाई आदि धोने के लिए निम्नलिखित मापदंड अपनाए जाएंगे:

(एक) धुलाई का साबुनः एक मास के लिए 3 साबुन (125 ग्राम) अथवा समकक्ष कपड़े धोने का पाउडर;

(दो) केवल सफेद कपड़ों के लिए अपेक्षित सीमा में कपड़ों को सफेद करने अथवा विरंजित करने का पाउडर।

अस्पताल के कपड़े धुलाई के समय अन्य कपड़ों के साथ मिलाए नहीं जाने चाहिए तथा यदि आवश्यक हो, तो अधीक्षक अस्पताल के कपड़ों की धुलाई के लिए अलग से उक्त मदें जारी कर सकता है। अधीक्षक यथापेक्षित कपड़े धोने की मशीनें लगवा सकता है।

34. **स्वच्छता और साफ–सफाई.**–

(1) प्रत्येक बाल देखभाल संस्था में निम्नलिखित सुविधाए होंगी, अर्थात

(एक) रसोई घर, शयनागार, मनोरंजन कक्षों आदि जैसे आसानी से पहुंचने वाले परिसरों में अनेक स्थलों पर पर्याप्त उपचारित पेयजल, जल शोधक लगाए जाएंगे;

(दो) नहाने और कपड़े धोने, परिसर के रखरखाव और साफ–सफाई के लिए गर्म पानी सहित पर्याप्त पानी की व्यवस्था;

(तीन) नियमित रखरखाव सहित समुचित जल निकास प्रणाली;

(चार) कचरे के निस्तारण की व्यवस्था;

(पांच) मच्छरदानी अथवा विकर्षक उपलब्ध कराकर मच्छरों से संरक्षण;

(छह) वार्षिक कीट नियंत्रण;

(सात) सात बालकों के लिए कम से कम एक, शौचालय के अनुपात में पर्याप्त रोशनी और हवादार शौचालयों की पर्याप्त संख्या;

(आठ) दस बालकों के लिए कम से कम एक, स्नानागार के अनुपात में पर्याप्त रोशनी और हवादार स्नानागार की पर्याप्त संख्या;

(नौ) कपड़ों की धुलाई और उनके सूखने के लिए प्र्याप्त स्थान;

(दस) धुलाई की मशीन जहां संभव हो;

(ग्यारह) साफ और मक्खियों के प्रवेश रहित रसोई और बर्तनों को धोने के लिए पृथक स्थान;

(बारह) प्रत्येक माह में दो बार बिस्तरों तथा नियमित आधार पर कपड़ों को सुखना;

(तेरह) चिकित्सा केन्द्र में साफ–सफाई का रखरखाव;

(चौदह) घर के सभी फर्शों को प्रतिदिन झाड़ना व पोंछना;

(पन्द्रह) प्रतिदिन शौचालयों और स्नानघरों को दो बार साफ करना अथवा धोनां;

(सोलह) सब्जियों और फलों की उचित धुलाई तथा भोजन बनाने का स्वच्छ तरीका;

(सत्रह) प्रत्येक भोजन बनाने के उपरांत रसोई स्लैब, फर्शों तथा गैस की सफाई;

(अठारह) प्रत्येक खाद्य वस्तु और अन्य आपूर्तियों की देखरेख के लिए साफ और कीटरहित भंडार;

(उन्नीस) वर्ष में कम से कम एक बार बिस्तरों को संक्रमण रहित करना;

(बीस) सांसर्गिक अथवा संक्रामक रोग के मामले में प्रत्येक रोगी को छुट्टी मिलने के उपरांत रोगी कक्ष अथवा पृथक कक्ष का धूम्रीकरण; और

(इक्कीस) चिकित्सा केन्द्र में साफ–सफाई।

35. दिनचर्या.–

(1) प्रत्येक संस्थान में बाल समिति के परामर्श से किशोरों या बालकों के लिए दिनचर्या विकसित होगी, जिसे संस्थान में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) दिनचर्या में अन्य बातों के साथ–साथ नियमित और अनुशासित जिंदगी, व्यक्तिगत साफ–सफाई, शारीरिक व्यायाम, योग, शैक्षणिक कक्षाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सुव्यवस्थित मनोरंजन और खेल, नैतिक शिक्षा, सामूहिक क्रियाकलाप, प्रार्थना और सामुदायिक गायन और रविवारों और छुट्टियों तथा राष्ट्रीय छुट्टियों, त्यौहारों, जन्मदिवसों के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे।

(3) प्रवेश दिए गए समस्त नए बालकों को दिनचर्या के बारे में बाल देखरेख संस्था के स्टाफ द्वारा प्रथम दिन जानकारी जानकारी दी जाएगी और उन्हें ऐसी दिनचर्या का पालन करने के लिए उन्मुख किया जाएगा।

36. **पोषण और आहार मानक.–**

संस्था द्वारा निम्नलिखित पोषण और आहार मानकों का अनुसरण किया जाएगा, अर्थातः–

(1) बालकों को नाश्ते सहित दिन में चार बार भोजन दिया जाएगा।

(2) संतुलित आहार तथा न्यूनतम पोषण मानकों के अनुसार स्वाद में भिन्नता सुनिश्चित करने के लिए पोषण विशेषज्ञ या चिकित्सक की सहायता से व्यंजन सूची तैयार की जाएगी।

(3) प्रत्येक संस्था नीचे यथा–विनिर्दिष्ट निर्धारित न्यूनतम पोषण मानकों और आहार मानकों का कड़ाई से पालन करेगी।

क्र.	आहार की वस्तुओं के नाम	प्रतिदिन प्रति बालक मानक
1.	चावल / गेहूं / रागी / ज्वार	600 ग्राम (16 से 18 वर्ष की आयु वर्ग को 700 ग्राम) जिसमें कम से कम 100 ग्राम या तो गेहूं या रागी या ज्वार या चावल हो।
2.	दाल / राजमा / चना	120 ग्राम
3.	खाद्य तेल	25 ग्राम
4.	प्याज	25 ग्राम
5.	नमक	25 ग्राम
6.	हल्दी	05 ग्राम

7.	धनिया बीज चूर्ण	05 ग्राम
8.	अदरक	05 ग्राम
9.	लहसुन	05 ग्राम
10.	इमली/आमचूर्ण	05 ग्राम
11.	दूध (नाश्ते में)	150 ग्राम
12.	सूखी मिर्च	05 ग्राम
13.	पत्तेदार सब्जियाँ पत्ता रहित सब्जियाँ	100 ग्राम 130 ग्राम
14.	दही या छाछ	100 ग्राम/मिली लीटर
15.	सप्ताह में एक बार चिकन अथवा अंडा चार दिन प्रति सप्ताह अथवा बालक की खाने की आदत के अनुरूप	115 ग्राम
16.	गुड़ और मूंगफली अथवा पनीर/न्यूट्री नगेट्स (केवल शाकाहारी को)	सप्ताह में एक बार प्रत्येक को 60 ग्राम (पनीर 100 ग्राम)
17.	चीनी	40 ग्राम
18.	चाय/कॉफी	5 ग्राम
19.	सूजी/पोहा	150 ग्राम
20.	रागी	150 ग्राम
	50 बालकों के लिए निम्नलिखित मदें प्रतिदिन	
21.	काली मिर्च	25 ग्राम
22.	जीरा बीज	25 ग्राम
23.	काला चना दाल	50 ग्राम
24.	सरसों बीज	50 ग्राम
25.	अजवायन	50 ग्राम
26.	गरम मसाला	10 ग्राम
27.	खोपरा	150 ग्राम
28.	खसखस	150 ग्राम
29.	मूंगफली तेल	500 ग्राम
30.	ब्रेड	500 ग्राम
31.	दूध	500 ग्राम
32.	खिचड़ी	300 ग्राम
	अन्य मदें	
33.	केवल कुकिंग हेतु एल पी गैस	

(2) बालकों को अवकाशों, त्यौहारों, खेलकूद और सांस्कृतिक दिवस तथा राष्ट्रीय उत्सव समारोह तथा बाल देखरेख संस्थान द्वारा अधिसूचित अन्य अवसरों पर विशेष भोजन कराया जाएगा।

(3) शिशुओं और बीमार बालकों को उनकी आहारीय अपेक्षा पर चिकित्सक की सलाहनुसार विशेष आहार प्रदान किया जाएगा।

(4) लौह और फॉलिक एसिड संपूरकों की आवश्यकता सहित प्रत्येक बालक की जरूरत को ध्यान में रखा जाएगा।

(5) दिन के लिए व्यंजन की सूची बाल समिति के परामर्श से तैयार की जाएगी तथा भोजन कक्ष में प्रदर्शित की जाएगी।

(6) आहार में भिन्नता मौसमी तथा क्षेत्रीय भिन्नताओं के अनुसार हो सकती है, सुझायी गई आहार किस्में नीचे दी गयी हैः

(एक) तूर (अरहर), मूंग (हरा चना) तथा चना (काबुली चना) उदाहराणार्थ दाल किस्में वैकल्पिक रूप से दी जाए;

(दो) गैर–शाकाहारी दिवसों पर शाकाहारी बालकों को या तो, प्रति व्यक्ति 60 ग्राम गुड़ और 60 ग्राम मूंगफली लड्डू के आकार में या कोई अन्य स्वीट डिश या 100 ग्राम पनीर या न्यूट्री नगेट्स दी जाएगी;

(तीन) मेथी (फेनूग्रीक), पालक (स्पाइनेच), सरसों (सरसों की पत्तियां), अथवा कोई अन्य साग आदि जैसी पत्तेदार सब्जियां भी सप्ताह में एक बार दी जा सकती है। यदि किसी संस्था से कोई किचन गार्डन संबद्ध है तो पत्तेदार सब्जियाँ उगाई तथा दी जानी चाहिये तथा अधीक्षक को सब्जियों की विभिन्न किस्में देने की कोशिश करनी चाहिए तथा यह कोशिश करनी चाहिए कि ये सब्जियां कम से कम एक सप्ताह में दोहरायी नहीं जाएं;

(चार) मौसमी फल पर्याप्त मात्राओं में गैर–दोहराव तरीके से उपलब्ध कराए जाएंगे;

(पांच) प्रभारी व्यक्ति, व्यक्तिगत मामलों में जब उसके द्वारा आवश्यक समझा जाए अथवा संस्था के चिकित्सक की सलाह पर इस शर्त के अध्यधीन कि निर्धारित मानक अधिक नहीं हैं, आहार के मानदंड में अस्थायी परिवर्तन कर सकता है।

(7) भोजन का समय और सूची :

(एक) नाश्ता–7:30 बजे (पूर्वान्ह) से 8:30 बजे (पूर्वान्ह)

(क) उपमा, गेहूं अथवा रागी से बनी चपातियां या अन्य कोई आहार;

(ख) गोंगूरा या ताजा करी पत्ता या ताजा धनिया या नारियल की चटनी आदि, दाल या सब्जी एक डिश के रूप में दी जा सकती;

(ग) दूध;

(घ) पर्याप्त मात्रा में कोई मौसमी फल

(दो) दोपहर का भोजन 12:30 बजे से 1:30 बजे अपरान्ह तथा रात्रि का भोजन–7:00 अपरान्ह–8:00 अपरान्ह

(क) चावल या चपात्तियां या दोनों का संयोजन;

(ख) सब्जी करी;

(ग) सांभर या दाल;

(च) छाछ या दही

(8) अन्य

(एक) मौसम पर निर्भर करते हुए, प्रभारी व्यक्ति को खाद्य के वितरण के समय में परिवर्तन करने का विवेकाधिकार होगा;

(दो) संस्था के चिकित्सक की सलाह पर या प्रभारी व्यक्ति के विवेकाधिकार पर, प्रत्येक रोगी बालक जिसे नियमित भोजन लेने से मना किया जाता है, उसकी बीमारी को ध्यान में रखते हुए, रोगी बालक के लिए मानदंड अनुसार चिकित्सा आहार जारी किया जा सकता है;

(तीन) दूध, अंडे, चीनी तथा फलों जैसे पोषण का अतिरिक्त आहार नियमित आहार के अलावा संस्था के चिकित्सक की सलाह पर जारी किया जाएगा। वजन बढ़ाने अथवा अन्य स्वास्थ्य कारणों के लिए तथा दैनिक राशन की परिगणना के प्रयोजनार्थ बीमार बालकों को दिन में दिए जाने वाले निर्धारित आहार से बाहर रखा जाएगा।

(चार) राष्ट्रीय त्यौहारों तथा त्यौहारों के अवसर पर समय समय पर बाल देखभाल संस्था के प्रभारी व्यक्ति द्वारा निर्धारित दर पर बाल देखभाल संस्था में बालकों को विशेष दोपहर का भोजन अथवा रात्रि का भोजन उपलब्ध कराया जाए, जिसके अंतर्गत,–

(क) गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)

(ख) स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)

(ग) महात्मा गांधी जन्म दिवस (2 अक्टूबर)

(घ) अम्बेंडकर जयंती

(ङ) बाल दिवस (14 नवम्बर)

(च) राष्ट्रीय त्यौहार,

(छ) स्थानीय त्यौहार
(ज) बाल देखभाल संस्था का वार्षिक दिवस
(झ) राज्य विशिष्ट अवसर/दिवस भी है।

37. चिकित्सा देखभाल.–

(1) सभी बाल देखभाल संस्थाओं में, एक चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में कम से कम एक दिवस पर निर्धारित घंटों हेतु और उपचार हेतु जब कभी आवश्यक हो कॉल पर उपलब्ध रहेंगे।

(2) सभी बाल देखभाल संस्थाओं में नर्स या अर्ध–चिकित्सीय कार्मिक 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।

(3) प्रत्येक बाल देखभाल संस्थाः

(एक) प्रवेश के 24 घंटों के भीतर या विशेष मामलों में या चिकित्सा आपातकाल के दौरान, तुरंत, चिकित्सा अधिकारी द्वारा संस्था में दाखिल प्रत्येक बालक की चिकित्सा जांच की व्यवस्था करेगी।

(दो) तबादले से पूर्व 24 घंटो के भीतर, तबादले के समय चिकित्सा अधिकारी द्वारा बालक की चिकित्सा जांच की व्यवस्था करेगी।

(तीन) मासिक चिकित्सीय जांच के आधार पर प्रत्येक बालक का चिकित्सा अभिलेख रखेगी तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगी।

(चार) चिकित्सा अभिलेख में वजन और लंबाई का अभिलेख, बीमारी और उपचार तथा अन्य शारीरिक अथवा मानसिक समस्याओं का अभिलेख सुनिश्चित करेगी;

(पांच) दंतों की जांच, आंखों की जांच तथा त्वचा समस्याओं के लिए स्क्रीनिंग तथा बालकों के उपचार सहित त्रैमासिक चिकित्सा जांच की सुविधाएं रखेगी;

(छह) प्राथमिक उपचार किट रखने के लिए तथा समस्त स्टाफ को प्राथमिक उपचार करने में प्रशिक्षित करेगी,

(सात) बालकों के प्रतिरक्षण टीकाकरण के लिए आवश्यक प्रबंध करेगी;

(आठ) सांसर्गिक अथवा संक्रामक रोगों के प्रकोप के मामले में निवारक उपाय करेगी;

(नौ) बीमार बालकों को सतत् चिकित्सा पर्यवेक्षक के अधीन रखेगी;

(दस) बालक के माता–पिता या संरक्षक की पूर्व सहमति के बिना शल्य चिकित्सा तब तक नहीं करेगी जब तक माता–पिता को ढूंढ पाना कठिन हो तथा चिकित्सा अधिकारी की राय में किसी बालक की स्थिति ऐसी है कि उसकी शल्य चिकित्सा में विलंब होने से बालक को अनावश्यक पीड़ा होने, उसके स्वास्थ्य को क्षति पहुंचने या जीवन को खतरे की संभावना हो या संस्था के प्रभारी अधिकारी की इस आशय की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना उसका शल्य उपचार नहीं करेगी;

(ग्यारह) संस्था प्रत्येक बाल को नियमित परामर्श प्रदान करेगी या इसका प्रबंध करेगी और जिनको आवश्यकता हो उनके लिए विशिष्ट मानसिक स्वास्थय हस्तक्षेप, जिसके अंतर्गत संस्था के परिसर में परामर्श सत्रों के लिए पृथक कमरे और जहाँ जरूरत हो वहाँ, विशिष्ट मानसिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों को रेफर करना शामिल हैं, को सुनिश्चित करेगी;

(बारह) ऐसे बालक, जिन्हें विशेष नशीले पदार्थों का सेवन छुड़ाने तथा पुनर्वास कार्यक्रम की जरूरत है, को अर्हता प्राप्त कार्मिकों द्वारा चलाए जा रहे उपयुक्त केंद्रों में भेजेगी, जहां कि इन कार्यक्रमों में संबंधित बालक की आयु, लिंग तथा अन्य विनिर्देशों के अनुरूप अपनाया जाएगा;

(4) पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) यूरीन रूटीन, एचआईवी {एच.आई.वी./एड्स (रोकथाम व नियंत्रण) अधिनियम 2017 के पालन में}, वी.डी.आर.एल., हेपेटाइटस–बी तथा हेपेटाइटस–सी जांच तथा एलर्जी या नशीले पदार्थों के व्यसन का आधारभूत अन्वेषण, बालक की जांच करने के पश्चात चिकित्सक के सुझाव अनुसार संस्था में प्रवेश के समय सभी बालकों के लिए आयोजित किया जाएगा।

(5) गर्भावस्था या यौनिक अपराधों के पीड़ितों की बीमारियों की जांच की जाएगी यदि बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के आदेश द्वारा अपेक्षित हो। ऐसे मामलों में जिला बाल संरक्षण इकाई, यदि आवश्यक हुआ तो गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन को सुसाध्य बनाएगी।

(6) राज्य सरकार, बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से चिकित्सा अधिकारी की अनुशंसा पर आनुवांशिक समस्याओं, प्रतिरक्षण–समझौता बीमारियों, शारीरिक तथा मानसिक अक्षमताओं जैसी विशेष समस्याओं के बालकों हेतु व्यवस्था करेगी। ये बालक विशेष देखभाल गृहों अथवा अस्पतालों में रखे जाएंगे तथा आवश्यक चिकित्सकीय/ मनोवैज्ञानिक तथा मानसिक सहायता या उपचार उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) कौमार्यता प्राप्त कर चुकी सभी लड़कियों में लौह की कमी का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य मूल्यांकन किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो आवश्यक आहारीय योजना तथा दवाओ को आहार विशेषज्ञ तथा नियुक्त चिकित्सक द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

(8) प्रत्येक बालक की मानसिक–सामाजिक रूपरेखा का बाल देखभाल संस्था द्वारा रखरखाव किया जाएगा तथा प्रत्येक मास इसे अद्यतन किया जाएगा। जब आवश्यक होगा विशेष प्रेक्षणों का अभिलेख रखा जाएगा। संस्था का प्रभारी व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि अनुशंसाओं का विधिवत अनुपालन हो।

38. **मानसिक स्वास्थ्य.–**

(1) किसी संस्था में माहौल शोषण से मुक्त रखा जाना चाहिए जिससे कि बालक अपनी परिस्थितियों का सामना कर सके और पुनः आत्म विशवास प्राप्त कर सके।

(2) प्रत्येक बाल देख रेख संस्था में चिकित्सा संबंधी अंतःक्षेप हेतु एक बाल–अनुकूल स्थान सृजित किया जाएगा, जिसमें भयहीन वातावरण, अनुकूल परिवेश, सामान्य माहौल तथा स्रोत उपलब्धता रहें। ऐसी बाल अनुकूल अवसंरचना स्थान में निम्न सम्मिलित होंगे:

(एक) समुचित गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला को साध्य बनाने के लिए भौतिक परिवेश और

(दो) प्रोत्साहन करने वाला, सहायता करने वाला और संवेदनशील स्टाफ।

(3) बालक के व्यक्तिगत विवरण के संबंध में समस्त मामलों पर गोपनीयता रखी जाएगी और बालक को इस बारे में आश्वस्त किया जाएगा जिससे कि बालक के साथ घष्ठिता और विश्वास बन सके। बाल देखरेख संस्था में बालक की सहजता को सुनिश्चित करते हुए गैर–आलोचनापूर्ण और अग्रसक्रिय पहल अपनाई जाएगी।

(4) बालक के लिए आवश्यक किसी भी जोखिम पूर्ण व्यवहार, मानसिक आघात, मानसिक स्वास्थ्य चिंताएं या विकार या व्यसन संबंधी देखरेख या मनोवैज्ञानिक देखरेख और उपचार या थैरेपी का दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए तथा प्रभारी अधिकारी को इसके पर्यवेक्षण और प्रबंधन के लिए मार्गदर्शित किया जाएगा।

(5) अनुवर्ती योाजना के साथ उपचार संबंधी अंतःक्षेपों (व्यक्तिगत तथा समूह) की एक संक्षेपिका को बाल देखरेख संस्था मे संधारित किया जाएगा।

(6) समस्त बाल संरक्षण संस्थाओं में, व्यक्तिगत या समूह उपचार के सहयोग से परस्पर संवादात्मक, भागीदारी व्यवस्था एवं समर्थकारी परिवेश को, ऐसे उपचार के जरूरतमंद बालकों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उपचार संबंधी समूह अंतःक्षेप को इस प्रयोजन के लिए प्रशिक्षित या अनुभवी परामर्शदाताओं द्वारा संचालित किया जाना चाहिए।

(7) किसी संस्था मे बालक की देखरेख में अंतर्वलित समस्त व्यक्ति एक समर्थकारी परिवेश बनाने में भागीदारी करेंगे और आव यकतानुसार थरेपिस्ट के सहयोग से कार्य करेंगे।

(8) प्रत्येक बालक के लिए परिवेश आधारित अंतःक्षेप और व्यक्तिगत थेरेपी अनिवार्य है तथा समस्त संस्थाओं में इसे उपलब्ध कराया जाएगा।

स्पष्टीकरणः– इस उपनियम के प्रयोजन के लिए परिवेश आधारित अंतःक्षेप, पुनः निरोग होने की एक प्रक्रिया है, जो किसी संस्था में संस्कृति और परिवेश को समर्थ बनाने से प्रारंभ होती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रत्येक बालक की योग्यताओं का पता लगाया जाता है तथा उनके पास चुनाव करने और अपनी जिंदगी के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार है और इस प्रकार, वे अपने नकारत्मक अनुभवों से परे अपना विकास और पहचान स्थापित करते हैं, ऐसे अंतःक्षेप का बालक पर महत्वपूर्ण भावनात्मक प्रभाव होता है।

(9) व्यक्तिगत थेरेपी एक विशेषीकृत प्रक्रिया है तथा प्रत्येक संस्था द्वारा इसके लिए महत्वपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य अंतःक्षेप के रूप में व्यवस्था की जायेगी।

(10) प्रत्येक संस्था में बालक के लिए विशेषीकृत तथा नियमित व्यक्तिगत थेरेपी के लिए प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए, जो बालमार्गदर्शन केंद्रों, मनोविज्ञान और मनःचिकित्सा विभागों जैसे बाह्य अभिकरणों अथवा इस तरह के सरकारी और गैर–सरकारी अभिकरणों से भी प्राप्त की जा सकती है।

(11) प्रत्येक केस–फाइल में आवश्यकतानुरूप मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की अनुशंसाओं को रखा जाएगा।

(12) किसी भी बालक को बिना मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन तथा प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा रोग निदान किए, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दवा नहीं दी जाएगी।

(13) केवल प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारिवृंद द्वारा ही बालकों को दवाएं दी जाएंगी, न कि गृह के अन्य किसी स्टाफ द्वारा।

(14) प्रत्येक बाल देखरेख संस्था, मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम 2017 के उपबंधों का अनुसरण करेगी और इस नियमों के उपबंध तदनुसार समझे जाएंगें।

39. **शिक्षा.**—

(1) प्रत्येक बाल देखरेख संस्था समस्त बालकों को उनकी आयु या सामर्थ्य के अनुसार, आवश्यकतानुसार, संस्था के भीतर या बाहर उनके विद्यमान शैक्षणिक मानदंडों और मानकों के अनुसार बालक के सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार पर सम्यक विचार के साथ तथा 6 से 14 वर्ष की आयु के बीच के बालकों या प्राथमिक शिक्षा के पूर्ण होने तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा प्रदान करेगी।

(2) विभिन्न शैक्षणिक अवसर, जिनमें विद्यालय, ब्रिज विद्यालय मुक्त विद्यालय, अनौपचारिक शिक्षा तथा जहां आवश्यक हो, विशेष शिक्षाविदों से शिक्षा सम्मिलित है, उपलब्ध कराए जाएंगे।

(3) जहां कहीं आवश्यक हो, संस्थाओं के विद्यालय जाने वाले बालकों को अतिरिक्त प्रशिक्षण सेवा प्रदान की जाएगी। यह सेवा स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित कर के अथवा प्रशिक्षण केंद्रों या ट्यूटरों से संपर्क करके प्रदान की जाएगी।

(4) विशेषीकृत प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों को शारीरिक अथवा मानसिक विशेष जरूरतों वाले बालकों की शैक्षणिक जरूरतों की पूर्ति करने हेतु नियुक्त किया जाएगा। व्यक्तिगत देखभाल योजना में सीखने की विकृति की पहचान की जाएगी और मूल्यांकन किया जाएगा तथा सूचना दी जाएगी। प्रशिक्षित पेशेवर व्यक्तियों द्वारा बालकों को आगामी सहायता दी जाएगी।

(5) शिक्षा कार्यक्रम की निरतंरता और बालकों की उपस्थिति शिक्षा विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवधिक आधार पर सुनिश्चित की जाएगी।

(6) बालक को वे छात्रवृत्ति, अनुदान और स्कीमें तथा प्रायोजकता प्राप्त करने में साहयता प्रदान की जाएगी, जिनका वह हकदार है।

(7) निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनयम, 2009 और केन्द्र या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन 6 से 14 वर्ष की आयु के बीच के बालकों के लिए फीस और यूनीफार्म के क्रय, स्कूल बैग, जूते, स्टेशनरी, पुस्तकें, रेनकोट आदि के लिए समस्त आवश्यक सहायता दी जाएगी।

40. **व्यावसायिक प्रशिक्षण.**—

(1) प्रत्येक बाल देखभाल संस्था बालकों को, देखभाल संस्था के भीतर अथवा बाहर उनकी आयु, कौशल, अभिरूचि, और योग्यता के अनुसार लाभादायक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

(2) व्यावसायिक प्रशिक्षण में व्यावसायिक चिकित्सा, कौशल और अभिरूचि आधारित प्रशिक्षण शामिल होगा, जिसका उद्देश्य पाठ्यक्रम के समापन पर उपयुक्त प्लेसमेंट करना है। व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले वरीय रूप में सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान पाठ्यक्रम के समापन पर एक प्रमाणपत्र देंगे।

परंतु यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे प्रमाण पत्र से बालक पर कोई कलंक न लगता हो तथा इसे बालक की निजता और गोपनीयता के सिद्धांत के अनुसार संवेदनशीलता और सम्मान के साथ तैयार किया जाए।

(3) जहां व्यावसायिक प्रशिक्षण देखभाल वाली संस्था के परिसर से बाहर देने की पेशकश की जाती है, वहां बालकों, विशेष कर उन बालाकें को, जो जोखिम में है, उचित सुरक्षा आयोजना और सेवाओं के साथ ऐसे कार्यक्रमों हेतु मार्गरक्षण किया जाएगा।

(4) कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बालकों का अभिलेख रखा जाएगा तथा प्रत्येक बालक के द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में रिपोर्ट, तिमाही आधार पर यथा स्थिति बोर्ड, समिति या बालक न्यायालय को प्रस्तुत की जाएगी।

(5) बाल देखरेख संस्था, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जन शिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारतीय कौशल विकास संस्थान, नेहरू युवा केन्द्र, अशासकीय संगठन, सरकारी और निजी संगठन या उद्यमों, कारपोरेट सेक्टर तथा प्लेसमेंट ऐजेन्सियों से नेटवर्क रखेगी। वे राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों यथा ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास विभाग, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण, गरीबी उन्मूलन तथा श्रम या अन्य संबंधित विभागों की योजनाओं के लाभ प्राप्त करेंगी, जैसे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना।

41. मनोरंजन सुविधाएं.–

(1) समस्त बाल देखरेख संस्थाओं में समस्त बालकों को मार्गदर्शित मनोरंजन का उपबंध उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) मनोरंजन सुविधाओं में इंडोर खेल और आउटडोर खेल, योग तथा ध्यान लगाना, संगीत, टेलीविजन, पिकनिक और बाहर ले जाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बागवानी और पुस्तकालय आदि सम्मिलित किए जाएंगे।

(3) आउटडोर खेल–कूद और क्रीड़ा के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

(4) पिकनिक और बाहर घूमने जाने में शिक्षा मेला अथवा विज्ञान मेला, संग्रहालय, तारामंडल, वनस्पति बगीचा, जन्तु बगीचा, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के स्थान आदि सम्मिलित किए जाऐं।

(5) त्यौहारों अथवा राष्ट्रीय उत्सवों पर प्रतिभा दिखाने के लिए प्रत्येक तिमाही मे एक बार सांस्कृतिक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

(6) प्रत्येक बाल देखरेख संस्था में एक आयु अनुसार पुस्तकालय होगा और वहाँ क्षेत्रीय भाषा, में पुस्तकें, अखबार, बालकों की पत्रिकाएं, पहेली पुस्तकें, तस्वीर पुस्तकें, ब्रेल लिपि में पुस्तकें, आडियो और वीडियो उपकरण आदि होंगे और अधिनियम और इन नियमों के बाल–अनुकूल रूप उन्हें पुस्कालय में उपलब्ध कराये जायेंगे।

(7) बालकों को माली द्वारा दी जा रही तकनीकी जानकारी के साथ बागवानी के लिए घर में स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

(8) प्रत्येक बालक को हीलिंग प्रक्रिया में वृद्धि करने के लिए मनोरंजन कार्यकलापों की सूची में संगीत, नृत्य और कला–थेरेपी को सम्मिलित किया जा सकेगा।

(9) कार्यकलापों की नियमितता को, यदि आवश्यक हो तो संस्थाओं और गैर–सरकारी संगठनों की सहायता से बनाए रखा जाएगा तथा आव यकता होने पर यथास्थिति, बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय को तिमाही आधार पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

42. प्रबंधन समिति.–

(1) प्रत्येक बाल देखभाल संस्था में संस्था के प्रबंधन के लिए तथा प्रत्येक बालक की प्रगति की मॉनीटरिंग करने के लिए एक प्रबंधन समिति होगी।

(2) व्यक्तिगत देखभाल योजनाओं के अनुसार, उचित देखभाल और उपचार सुनिश्चित करने के संबंध में, बालाकों का, उनकी आयु, अपराध की प्रकृति अथवा अपेक्षित देखभाल के प्रकार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा देखभाल में रहने की अवधि के आधार पर समूह बनाया जाएगा।

(3) प्रबंधन समिति में निम्नानुसार सम्मिलित होंगेः–

(एक) सरकार द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी (जिला बाल संरक्षण इकाई) – **अध्यक्ष;**

(दो) स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठन द्वारा संचालित संस्थाओं के लिएः बोर्ड प्रमुख या कायकारी समिति या शासी निकाय प्रमुख– **अध्यक्ष**

(तीन) भारसाधक व्यक्ति– **सदस्य सचिव;**

(चार) परिवीक्षा अधिकारी अथवा बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्ता–**सदस्य;**

(पांच)चिकित्सा अधिकारी– **सदस्य;**

(छह) मनोचिकित्सक अथवा परामर्शदाता– **सदस्य;**

(सात) कार्यशाला पर्यवेक्षक अथवा व्यावसायिक अनुदेशक– **सदस्य;**

(आठ) अध्यापक– **सदस्य;**

(नौ) बोर्ड अथवा समिति के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य– **सदस्य;**

(दस) प्रत्येक बाल समिति से दो बाल प्रतिनिधि– **सदस्य;**

(ग्यारह)स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठन द्वारा संचालित संस्थाओं के लिए जिला बालक संरक्षण इकाई के एक प्रतिनिधि समिति के सदस्य होंगे। ;

(बारह)अध्यक्ष की सहमति से कोई अन्य विशेष आमंत्रित सदस्य जैसे कि अधिकारता के अंदर का क्लस्टर समन्वयक जहां कि संस्था स्थित है या संचालनालय व्यावसायिक शिक्षा का एक सदस्य.

(4) प्रबंधन समिति की निम्नलिखित पर विचार–विमर्श करने तथा समीक्षा के लिए प्रत्येक मास में कम से कम एक बार बैठक होगीः

(एक) संस्था में देखभाल, आवास, कार्यकलाप के क्षेत्र तथा पर्यवेक्षण के प्रकार अर्थात अपेक्षित अंतःक्षेप;

(दो) चिकित्सा सुविधाएं और उपचार;

(तीन) भोजन, पानी, स्वच्छता और साफ–सफाई की स्थितियां;

(चार) मानसिक स्वास्थ्य अंतःक्षेप;

(पांच) बालकों की व्यक्तिगत समस्यायें तथा संस्थागत समायोजन;

(छह) व्यक्तिगत देखभाल योजनाओं की तिमाही समीक्षा;

(सात) विधायी सहायता सेवाओं का प्रावधान;

(आठ) रोजगार के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और अवसर;

(नौ) शिक्षा और जीवन कौशल विकास कार्यक्रम;

(दस) सामाजिक समायोजन, मनोरंजन, समूह कार्य गतिविधियों, मार्गदर्शन और परामर्श देना;

(ग्यारह)बालकों की जरूरतों के लिए आवासीय कार्यक्रमों की प्रगति, समायोजन और उपांतरण;

(बारह) पश्चातवर्ती देखभाल सेवाओं के सहयोग से दो वर्षों की अवधि में, निर्मुक्ति पश्चात अथवा पुनर्स्थापन के पश्चात, पुनर्वास कार्यक्रम की योजना तथा यथास्थिति अनुवर्ती कार्रवाई;

(तेरह) निर्मुक्ति पूर्व अथवा पुनर्स्थापन पूर्व तैयारी;

(चौदह) निर्मुक्ति अथवा पुनर्स्थापन;

(पन्द्रह) निर्मुक्ति पश्चात अथवा पुनर्स्थापन के पश्चात अनुवर्ती कार्रवाई;

(सोलह) उपलब्ध अवसंरचना और सेवाओं सहित देखभाल के न्यूनतम मानक;

(सत्रह) दैनिक दिनचर्या;

(अठारह) बालक के आवासीय जीवन में शिक्षा, व्यावसायिक क्रियाकलापों, मनोरंजन और अभिरूचि जैसी सामुदायिक भागीदारी तथा स्वैच्छिक प्रतिभागिता;

(उन्नीस) इस अधिनियम और नियमों के अधीन विधिवत हस्ताक्षरित या मोहरयुक्त यथापेक्षित सभी रजिस्टरों को संस्था द्वारा रखरखाव करना, तथा मासिक समीक्षा बैठकों में रजिस्टरों की जांच करना तथा सत्यापित करना;

(बीस) बालकों की समितियों से संबंधित मामले;

(इक्कीस) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अनुसार बालक देखरेख संस्था का पालन; और

(बाईस) अन्य कोई विषय जिसे भारसाधक व्यक्ति उठाना चाहे।

(5) प्रबंधन समिति प्रत्येक संस्था में एक शिकायत और निवारण तंत्र की स्थापना करेगी तथा कार्यालय सेट–अप से पृथक बालकों की सुगमता से पहुंच वाले स्थान पर तथा प्रत्येक संस्था बालकों के आवास अथवा कमरों अथवा शयन कक्ष के नजदीक बालकों के लिए सुझाव पेटिका लगाएगी, और ऐसी पेटिका ऐसे स्थान पर लगायी जायेगी जो निगरानी मे न हो और गोपनीयता को बनाए रखे।

(6) बालकों की सुझाव पेटिका की चाबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की अभिरक्षा में रहेगी तथा बाल समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक सप्ताह इसकी जांच की जाएगी।

(7) यदि कोई समस्या अथवा सुझाव हो, जिस पर तुरंत ध्यान देना अपेक्षित हो, तो प्रबंधन समिति का अध्यक्ष इस पर विचार–विमर्श करने के लिए एक आपात बैठक बुलाएगा।

(8) आपातकालीन बैठक के कोरम के लिए पांच सदस्य होंगे जिसमें यथास्थिति, बाल समितियों के दो सदस्य, प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, बोर्ड या समिति का सदस्य तथा बाल देखभाल संस्था का भारसाधक व्यक्ति होगा।

(9) संस्था के भारसाधक व्यक्ति के विरूद्ध गंभीर आरोप अथवा शिकायत के मामले में, ऐसा व्यक्ति आपातकालीन बैठक का हिस्सा नहीं होगा तथा प्रबंधन समिति के अन्य उपलब्ध सदस्य को उसके स्थान पर बैठक में सम्मिलित किया जाएगा।

(10) सुझाव पेटिका के माध्यम से प्राप्त सभी सुझाव तथा आपातकालीन बैठक में लिए गए निर्णयों के परिणामस्वरूप की गई कार्रवाई अथवा की जाने वाली अपेक्षित कार्रवाई प्रबंधन समिति की मासिक बैठकों में विचार–विमर्श तथा पुनर्विलोकन के लिए रखी जाएगी।

(11) प्रत्येक संस्था में बालक सुझाव पुस्तिका संधारित की जाएगी जहां शिकायतों और प्रबंधन समिति द्वारा तथा की गई कार्रवाई विधिवत अभिलेख की जाएगी तथा ऐसी कार्रवाई और अनुवर्ती कार्रवाई प्रबंधन समिति की प्रत्येक मासिक बैठक के उपरांत बाल समितियों को सम्प्रेषित की जाएंगी।

(12) बोर्ड अथवा समिति मास में कम से कम एक बार बालकों की सुझाव पेटिका का पुनर्विलोकन करेगी।

(13) शिकायत पेटिका समिति के अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को सुलभ होगी।

(14) प्रत्येक बाल देखरेख संस्था के पास एक बाल संरक्षण और सुरक्षा नीति होगी।

43. बाल समितिः–

(1) प्रत्येक संस्था का प्रभारी व्यक्ति, बालकों के भिन्न भिन्न आयु समूहों के बालकों के लिए बालक समिति स्थापित करने को सुकर बनायेंगे, जो 6 से 10 वर्ष, 10 से अधिक किन्तु 16 से कम वर्ष और 16 से 18 वर्ष के बालकों के लिए होंगी तथा यह बाल समितियां बालकों द्वारा ही गठित की जाएंगी।

(2) ऐसी बाल समितियों को निम्नलिखित कार्यकलापों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा :

(एक) संस्था की स्थिति में सुधार;

(दो) पालन किए जा रहे देखभाल के मानकों की समीक्षा करना;

(तीन) दैनिक दिनचर्या तथा आहार मापदंड तैयार करना;

(चार) शैक्षणिक, व्यावसायिक और मनोरंजन योजनाओं का विकास करना;

(पांच) संकट प्रबंधन में परस्पर सम्मान करना तथा परस्पर सहायता करना,

(छह) समकक्षों और देखभाल कर्ताओं द्वारा शोषण की रिपोर्ट करना;

(सात) वॉल–पेपर्स अथवा न्यूज लेटरों अथवा पेंटिंग, अथवा संगीत अथवा थियेटर के माध्यम से उनके विचारों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति;

(आठ) प्रबंधन समिति के माध्यम से संस्था का प्रबंधन।

(3) भारसाधक व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि प्रतिमास बाल समिति की बैठक की जाए तथा उनके कार्यकलापों और कार्यवाहियों को अभिलिखित किया जाए और उसे प्रबंधन समिति की मासिक बैठक में रखा जाए।

(4) भारसाधक व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि बाल समितियों को अनिवार्य सहायता तथा सामग्रियां, जिनमें लेखन सामग्री, स्थान तथा कारगर कार्यकरण के लिए मार्गदर्शन सम्मिलित है, उपलब्ध कराई जाएगी।

(5) भारसाधक व्यक्ति जहां तक व्यवहार्य हो, बाल समितियों की स्थापना करने तथा कार्यकरण हेतु बाल प्रतिभागिता विशेषज्ञों अथवा स्थानीय स्वैच्छिक संगठनों से सहायता मांग सकेगा।

(6) स्थानीय स्वैच्छिक संगठन अथवा बाल प्रतिभागिता विशेषज्ञ निम्नलिखित में बाल समितियों की सहायता करेंगे :–

(एक) अपने नेता को निर्वाचित करना और निर्वाचन संचालित करने के लिए अनुसरित की जाने वाली प्रकिया बनाना

(दो) निर्वाचन और मासिक बैठकों का आयोजन;

(तीन) बाल समितियों के कार्यकरण हेतु नियम बनाना तथा इनका पालन करना;

(चार) अभिलेखों और बाल सुझाव पुस्तिका तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों का रखरखाव करना; और

(पांच) कोई अन्य अभिनव कार्यकलाप।

(7) प्रबंधन समिति बाल समितियों की स्थापना तथा कार्यकरण पर भारसाधक व्यक्ति से रिपोर्ट मांगेगी, अपनी मासिक बैठकों में इन रिपोर्टों की समीक्षा करेगी तथा

आवश्यक कार्रवाई करेगी अथवा इन्हें बोर्ड या समिति के समक्ष रखेगी, जहां कहीं आवश्यक हों।

44. राज्य और जिला निरीक्षण समितियां तथा उनके कृत्य :

(1) राज्य सरकार मध्यप्रदेश राज्य के लिए एक राज्य निरीक्षण समिति और प्रत्येक जिले के लिए एक जिला स्तर की निरीक्षण समिति का गठन करेगी।

(2) राज्य निरीक्षण समिति मे अधिकतम सात सदस्य होगें, जिनमें राज्य सरकार, राज्य बाल संरक्षण आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, स्वैच्छिक संगठनों से, चिकित्सा क्षेत्र के और अन्य विशेषज्ञ, तथा प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी का सदस्य सचिव, राज्य निरीक्षण समिति का अध्यक्ष होगा और मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी का कार्यकम प्रबंधक, राज्य निरीक्षण समिति का सदस्य सचिव होगा।

(3) राज्य निरीक्षण समिति प्ररूप–46 में राज्य में अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2) के अधीन यथापरिभाषित बाल देखभाल संस्थाओं का निरीक्षण करेगी।

(4) राज्य निरीक्षण समिति यह तय करने के लिए कि संस्था में देखभाल और संरक्षण के जरूरत मंद बालक के निवासरत है, संस्था में रहने वाले बालकों का औचक निरीक्षण करेगी तथा क्षेत्र में अधिकारिता रखने वाली समिति को यह अवधारित करने के लिए सम्मिलित करेंगी क्या ऐसी संस्था में निवास करने वाले बालक अधिनियम की धारा 2(14) के अधीन देखरेख और संरक्षण के जरूरत मंद है या नहीं।

(5) राज्य निरीक्षण समिति अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए विभाग के प्रमुख सचिव को रिपोर्ट भेजेगी।

(6) राज्य निरीक्षण समिति अधिनियम के उपबंधों तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार संस्थाओं के सुधार और विकास के लिए अनुशंसाएं करेगी तथा राज्य बाल संरक्षण समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई को इसे उपयुक्त कार्रवाई के लिए भेजेगी।

(7) राज्य निरीक्षण समिति अपने बालकों का कल्याण सुनिश्चित करने तथा उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उनसे बातचीत करेगी ।

(8) जिला निरीक्षण समिति निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी :

(एक)अध्यक्ष – जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट का प्रतिनिधि जो अनुविभागीय मजिस्ट्रेट की रैंक से नीचे का न हो।

(एक) बोर्ड या समिति का एक सदस्य,

(दो) सदस्य सचिव के रूप में जिला बाल संरक्षण अधिकारी,

(तीन) चिकित्सा अधिकारी

(चार) बाल अधिकारों, देखभाल, संरक्षण और कल्याण में कार्यरत सिविल समिति का एक सदस्य,

(पांच) मनोविज्ञानी या मनो–सामाजिक विशेषज्ञ को अधिमानता देते हुए एक मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जिसके पास बालकों के साथ कार्य करने का अनुभव हो,

(छह) कोई अन्य सदस्य जिसे जिला मजिस्ट्रेट उचित समझे।

(9) जिला निरीक्षण समिति टेम्पलेट के रूप में प्ररूप–46 का उपयोग करते हुए जिले में समस्त बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण करेगी,

(10) जिले में बालकों को रखने की सुविधाओं का निरीक्षण प्रति तीन माह में कम से कम एक बार किया जाएगा।

(11) जिला निरीक्षण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा राज्य सरकार को निष्कर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा अधिनियम के उपबंधों तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार बाल देखभाल संस्थाओं में सुधार और विकास हेतु सुझाव भी देगी।

(12) जिला निरीक्षण समिति संस्था में अपने भ्रमण के दौरान मे बालकों का कल्याण सुनिश्चित करने तथा उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उनसे बातचीत करेगी।

(13) जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला निरीक्षण समिति की रिपोर्ट पर आवश्यक अनुवर्ती कार्यवाही करेगी।

(14) राज्य सरकार, इन नियमों के प्रकाशन से तीन माह के भीतर राज्य और जिला निरीक्षण समिति के कार्यकरण के लिए उपबंधों के अधीन प्रक्रियात्मक दिशानिर्देश जारी करेगी।

45. मूल्यांकन और निगरागी

(1) प्रतिष्ठित अकादमिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के सामाजिक कार्य के स्कूल, प्रबंधन संस्थाओं, विशेष रूप से इस प्रयोजनार्थ गठित बहु–संकाय समिति या

म.प्र. में निवासरत उच्चतम न्यायालय अथवा अन्य किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधी ों आदि जैसी संस्थाअें तथा अभिकरणों के माध्यम से तीन वर्ष में एक बार केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन गठित बोर्ड, समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाइयों, रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं, अथवा मान्यता प्राप्त उपयुक्त सुविधाओं तथा व्यक्तियों, प्रस्तुतकर्ता अभिकरणों, प्रस्तुतकर्ता अधिकारियों, जिला बाल संरक्षण इकाईयों, राज्य तथा जिला स्तरीय निरीक्षण समितियों, चयन समिति, उच्च स्तरीय समिति के कार्यकरण का मूल्यांकन किया जाएगा।

(2) उक्त उप–नियम (1) के अनुसार मूल्यांकन के निष्कर्ष विभिन्न संरचनाओं के कामकाल को सुदृढ़ करने तथा सुधार करने के संबंध में केंद्रीय तथा राज्य सरकारों से साझा किए जायेंगे।

(3) मूल्यांकन के निष्कर्षों के आधार पर, राज्य सरकार अधिनियम और इन नियमों के अधीन सृजित विभिन्न संविधिक और गैर–संविधिक निकायों के कार्यकरण में सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

(4) मूल्यांकन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ कोई भी व्यक्ति, बिना राज्य सरकार की लिखित अनुमति के किसी से भी तथ्यों और निष्कर्षों को प्रकट नहीं करेगा।

(5) राज्य सरकार निम्नलिखित गठन के साथ एक बहु–संकाय मूल्यांकन और मॉनीटरिंग समिति का गठन करेगी–

(एक)	मध्यप्रदेश शासन का मुख्य सचिव	–. अध्यक्ष
(दो)	अधिनियम और इन नियमों के क्रियान्वयन से संबंधित विभाग का प्रमुख सचिव	– सदस्य सचिव
(तीन)	चयन समिति का अध्यक्ष	– सदस्य
(चार)	मध्यप्रदेश में निवासरत उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश	– सदस्य
(पांच)	सदस्य राचिव द्वारा नामनिर्दिष्ट ऐसे कोई तीन व्यक्ति जो या तो मूल्यांकन विशेषज्ञ, विश्वसनीय बाल संरक्षण विशेषज्ञ या शिक्षाविद् हो या मध्यप्रदेश में स्थित किसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था, सामाजिक कार्य स्कूल या विश्वविद्यालय या प्रबंधन संस्थान या विधि महाविद्यालय या विधि विश्वविद्यालय से समबद्ध हो।	– सदस्य

(6) समिति वर्ष में कम से कम एक बार बैठक करेगी और ऐसी रीति में एक व्यापक मूल्यांकन करेगी जो उचित समझा जाए तथा एक रिपोर्ट देगी जिसमें वे कार्यवाहियां प्रस्तावित होंगी जो राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में किशोर न्याय प्रशासन प्रणाली की दक्षता को सुधारने के अनुक्रम में आवश्यक हो।

(7) ऐसी समिति की अवधि उसके गठन की तारीख से पांच वर्ष होगी तथा राज्य सरकार इस समिति के कार्यकरण के व्ययों का वहन करेगी एवं गैर शासकीय सदस्यों को ऐसे पारिश्रमिक का भुगतान करेगी जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समुचित समझा जाए।

अध्याय–7
दत्तकग्रहण

46. **दत्तक ग्रहण संबंधित रिपोर्ट करना :** बाल कल्याण समिति, दत्तक ग्रहण विनियमों में उपलब्ध प्रारूपों में, दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित बालकों से संबंधित आंकड़े एवं निर्णय हेतु लंबित मामलों को प्राधिकरण तथा संबंधित राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण को, जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायता से ऑनलाईन भेजेगी।

47. **बालक जो दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित किए जाने के बाद दत्तक ग्रहण नहीं किए गए हैं, पोषण देखरेख के लिए पात्र होंगे:**

बालकों के निम्नलिखित प्रवर्गों का निम्नलिखित परिस्थितियों में पोषण देख–रेख के लिए विचार किया जाएगा:

(1) 0–6 वर्ष के आयु वर्ग के ऐसे बालक, जिन पर समिति द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त किए जाने हेतु विचार किया जा रहा है तथा जिन्हें दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित किया गया है, को जहां तक संभव होगा पोषण देखरेख में स्थापन पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे बालकों को दत्तक ग्रहण विनियमों के अनुसार दत्तक ग्रहण के माध्यम से एक स्थायी परिवार उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण की अनुशंसा पर, 6 से 8 वर्ष की आयु वर्ग के दत्तक ग्रहण योग्य बालकों का, दत्तक ग्रहण हेतु समिति द्वारा विधि मुक्त घोषित किये जाने के पश्चात्, 02 वर्ष की अवधि में देश के भीतर या देश के बाहर दत्तक ग्रहण में स्थापन नहीं हो पाता है, तो ऐसे बालक, यथास्थिति, परिवार पोषण देखदेख अथवा समूह पोषण देखरेख में समिति द्वारा स्थापन हेतु पात्र होंगे।

(3) जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण की अनुशंसा पर समिति द्वारा 8 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बालकों को, जो विधिक रूप से दत्तक ग्रहण के लिए मुक्त हैं, किंतु एक वर्ष की अवधि में जिनका स्थापन दत्तक ग्रहण में न किया गया हो, यथास्थिति, परिवार पोषण देखरेख अथवा समूह पोषण देखरेख में स्थापन हेतु पात्र होंगे।

(4) आयु को न देखते हुए निर्योग्यताओं के साथ व विशेष आवश्यकताओं वाले बालक, जैसा कि प्राधिकरण द्वारा जारी दत्तक ग्रहण विनियमन में उल्लेखित है, जिनका एक वर्ष की अवधि में देश के भीतर अथवा विदेश में बाल कल्याण समिति द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त किये जाने के बाद भी दत्तक ग्रहण में स्थापन न हो पाया हो, ऐसे बालक जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी की अनुशंसा पर समिति द्वारा,

यथास्थिति, परिवार पोषण देखरेख अथवा समूह पोषण देखरेख में स्थापन के पात्र होंगे, बशर्ते की पोषण देखरेख परिवार की गृह अध्ययन रिपोर्ट उनकी उपयुक्तता हेतु अनुकूल हो तथा समूह व्यवस्था में ऐसे बालकों हेतु देखरेख की सुविधाएं हों।

48. **दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण देखरेख के स्थान पर परिवार पोषण देखरेख में बालक का दत्तक ग्रहण :**

(1) जहां बालक दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण देखरेख के स्थान पर न्यूनतम तीन वर्षों तक किसी परिवार पोषण देखरेख में रहा हो, पोषण देखरेख करने वाला परिवार दत्तक ग्रहण के लिए आवेदन कर सकता है तथा उस बालक के दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित होने तथा बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में पंजीकृत होने के बाद, दत्तक ग्रहण विनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उस परिवार को बालक के दत्तक ग्रहण करने में वरीयता दी जाएगी।

(2) जहां कोई बालक पोषण देखरेख परिवार के साथ न्यूनतम दो वर्षों के लिए रहा हो और बालक से भेंट करने या उस पर दावा करने के लिए कोई जैविक परिवार नहीं आता है, तो समिति गुमशुदा बालकों के लिए इन नियमों में परिभाषित प्रक्रिया के अनुसार बालक के जैविक परिवार/विधिक संरक्षक को खोजना जारी रखेगी।

(3) यदि बालक के जैविक परिवार/विधिक संरक्षक को खोजा न जा सका हो, तो समिति बालक को परित्यक्त या अनाथ के रुप में दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से स्वतंत्र स्वतंत्र घोषित करते हुए, प्ररूप–25 में एक आदेश जारी करेगी और यह जानकारी प्राधिकरण को भेजेगी।

49. **न्यायालय के समक्ष प्रकिया :**

(1) संबंधित न्यायालय से दत्तक ग्रहण आदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण विनियम में यथाप्रदत्त प्रक्रिया के समान होगी।

(2) न्यायालय, दत्तक ग्रहण आदेश के लिए आवेदन के प्रयोजनार्थ सिविल प्रकिया संहिता, 1908 (1908 का 5) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में निर्धारित प्रक्रिया के लिए बाध्य नहीं होगा। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा दत्तक ग्रहण विनियम में यथानिर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

50. **आवेदनों के निपटान की अवधि :**

(1) न्यायालय, अधिनियम की धारा 61 की उप–धारा (2) में यथाप्रदत्त, आवेदन को प्रस्तुत करने की तारीख से दो मास की अवधि में दत्तक ग्रहण आदेश जारी

करने हेतु आवेदन का निपटान करेगा तथा जहां ऐसे मामलों में सामान्यतः क्षेत्राधिकार रखने वाले न्यायालय का न्यायाधीश एक मास से अधिक अवधि तक उपलब्ध न हो, वहां ये आवेदन उपलब्ध वरिष्ठतम न्यायाधीश द्वारा निर्धारित समय–सीमा में निपटाए जाएंगे।

(2) बालक की पहचान को अनावृत करने वाली दत्तक ग्रहण संबंधी कोई सूचना अथवा न्यायालय आदेश को किसी भी पोर्टल पर, दत्तक ग्रहण विनियम में यथानियत को छोड़कर, अपलोड नहीं किया जाएगा।

51. **दत्तक बालक के संरक्षण के लिए विशेष उपबंध :**

(1) दत्तक बालक के विरुद्ध किए गए किसी अपराध के मामले में, अन्य बालकों पर लागू विधि के अनुसार ही कार्यवाही की जाएगी।

(2) दत्तक ग्रहण का विच्छिन्न और विघटन, प्राधिकरण द्वारा बनाए गए दत्तक ग्रहण विनियम के अनुसार होंगे:

परंतु जहां किसी बालक को विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा वापस ले लिया जाता है, वहां ऐसा अभिकरण, स्थापन, परामर्श और पुनर्वास के संबंध में आगामी आदेश हेतु, बिना समय व्यतीत किए बालक को संबंधित समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा:

परंतु यह भी कि जब एक परामर्शदाता प्रमाणित कर देता है कि वह बालक किसी अन्य दत्तकग्रहण के लिए तैयार है तथा ऐसा प्रमाण पत्र विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा समिति को प्रस्तुत किया जाता है, इसके बाद ही उक्त बालक के आगामी दत्तक ग्रहण स्थापन हेतु विचार किया जाएगा।

52. **विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण से बाल देखरेख संस्थाओं का संयोजनः**

दत्तक ग्रहण के प्रयोजनार्थ विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरणों के साथ बाल देखरेख संस्थाओं का संयोजन, इस अधिनियम की धारा 66 के प्रावधानों तथा दत्तक ग्रहण विनियम द्वारा शासित किया जाएगा।

53. **प्राधिकरण के अतिरिक्त कृत्यः**

प्राधिकरण इस अधिनियम की धारा 68 में विनिर्दिष्ट कृत्य के अलावा निम्नलिखित कृत्यों के अनुपालन को निष्पादित करेगा; अर्थात् –

(1) प्राधिकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण अथवा केंद्रीय प्राधिकरण अथवा संबंधित सरकारी विभागों अथवा भारतीय राजनीतिक मिशन के माध्यम से किसी अनिवासी भारतीय अथवा भारत के विदेशी नागरिक अथवा विदेश में रहने वाले

विदेशी से आवेदन प्राप्त करना तथा इस अधिनियम की धारा 59 की उपधारा (5) के अधीन प्रक्रिया करना;

(2) इस अधिनियम की धारा 59 की उपधारा (12) के संबंध में, किसी विदेशी अथवा एक वर्ष या इससे अधिक, भारत में निवासरत भारत के विदेशी नागरिक, जो भारत से किसी बालक के दत्तक ग्रहण में रूचि रखता हो, से आवेदन प्राप्त करना तथा प्राप्त आवेदनों को आगे प्रक्रियाधीन करना;

(3) देश के भीतर दत्तक ग्रहण के सभी मामलों में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना;

(4) देश के भीतर दत्तक ग्रहण के संबंध में बाल संरक्षण और सहयोग 1993 के हेग अभिसमय के अनुच्छेद 23 के अधीन अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण मामले में पुष्टिकरण प्रमाण पत्र जारी करना;

(5) भारत के अप्रवासन प्राधिकरण तथा अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण मामलों के बारे में बालक के प्रापक देश को सूचित करना;

(6) दत्तक ग्रहण प्रणाली में पारदर्शिता के लिए बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली का रख–रखाव करना;

(7) राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरणों तथा दत्तक ग्रहण और संबंधित मामलों के अन्य हितधारकों को प्रशिक्षणों, कार्यशालाओं, अभिज्ञता दौरों, परामर्शों, सम्मेलनों, सेमिनारों तथा अन्य क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से सहायता तथा मार्गदर्शन प्रदान करना;

(8) सरकारों तथा राज्य दत्तक ग्रहण संसाधनों अभिकरणों में समन्वय करना तथा उन्हें दत्तक ग्रहण संबंधित मामलों में सलाह देना;

(9) निम्नलिखित से संबंधित समान मानक तथा संकेतक स्थापित करना :

(i) अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों तथा नातेदारी दत्तक ग्रहण से संबंधित दत्तक ग्रहण प्रक्रिया;

;पपद्ध विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरणों तथा बाल देखरेख संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण बाल देखभाल मानक;

;पपपद्ध सेवा प्रदाताओं की मॉनीटरिंग तथा पर्यवेक्षण;

;पअद्ध दत्तक ग्रहण के मामले में दस्तावेज का मानकीकरण;

;अद्ध दत्तक ग्रहण को सुगम बनाने हेतु ऑनलाइन आवेदनों सहित सुरक्षा उपाय तथा नैतिक पद्धतियां।

(10) दत्तक ग्रहण संबंधी मामलों में अनुसंधान, दस्तावेजीकरण और प्रकाशन करना।

(11) बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में दत्तक ग्रहण के प्रयोजनार्थ बालकों तथा भावी दत्तक माता–पिता से संबंधित एक व्यापक केंद्रीकृत डेटाबेस का रख–रखाव करना,

(12) बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में दत्तक ग्रहण में रखे गए बालकों तथा दत्तक ग्राही माता–पिता से संबंधित गोपनीय केंद्रीकृत डेटाबेस का रखरखाव करना,

(13) स्वयं द्वारा अथवा इससे संबद्ध निकायों के माध्यम से दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए पक्ष–समर्थन, जागरूकता और सूचना, शिक्षा तथा संचार गतिविधियों का निष्पादन करना,

(14) हेग दत्तक ग्रहण अभिसमय के अधीन जहां कहीं आवश्यक हो, विदेशी केन्द्रीय प्राधिकरणों के साथ द्विपक्षीय करार करना, और

(15) अनिवासी भारतीयों अथवा भारत के विदेशी नागरिकों अथवा भारतीय बालकों के अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण के लिए विदेशी भावी दत्तक माता–पिता के आवेदनों को प्रक्रिया में लाने के लिए विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों को प्राधिकृत करना।

अध्याय–8

बालकों के विरूद्ध अपराध

54. बालकों के विरूद्ध अपराधों के प्रकरणों में प्रक्रिया :

(1) किसी बालक के विरूद्ध अपराध की शिकायत, बालक, परिवार, संरक्षक, बालक के मित्र अथवा अध्यापक, चाइल्ड लाइन सेवा अथवा किसी अन्य व्यक्ति अथवा बाल देखरेख संस्था अथवा संबंधित संगठन द्वारा की जा सकती है।

(2) किसी बालक के विरूद्ध संज्ञेय अपराध के संबंध में सूचना की प्राप्ति पर पुलिस तुरंत प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करेगी।

(3) किसी बालक के विरूद्ध असंज्ञेय अपराध की सूचना की प्राप्ति पर पुलिस दैनिक डायरी में प्रविष्टि करेगी, जिसे तुरंत संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजा जाएगा जो आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 155 की उप–धारा (2) के अधीन उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित करेगा।

(4) बालक के विरूद्ध अपराधों के सभी मामलों में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा जांच की जाएगी।

(5) जहां इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा कारित किया जाता है, जो किसी बाल देखरेख संस्था द्वारा जिसमें विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण या शैक्षणिक संस्था या अस्पताल या नर्सिंग होम या उपचार सुविधा सम्मिलित है, जिसमें पूर्णकालिक, अर्द्धकालिक या अस्थायी आधार, स्वैच्छिकया या संविदीय आधार पर नियोजित हो या प्रबंधन कर रहा हो, उसकी देखरेख या प्रभार में रखे गऐ बालक की शिकायत पर यथास्थिति समिति अथवा बोर्ड उस बालक की जिसके विरूद्ध ऐसा अपराध कारित किया जाना अभिकथित है, सुरक्षा, रक्षा, संरक्षण एवं बालक के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से समस्त या कोई एक समुचित आदेश पारित कर सकेगी :

(i) बालक या बालकों के समूह या समस्त बालकों, जिसके विरूद्ध अपराध का कारित किया जाना अभिकथित है जैसा भी प्रकरण हो को आवश्यकता अनुरूप, अधिनियम की धारा 96 के अनुसार इस अधिनियम के अधीन पंजीकृत किसी अन्य बाल देखरेख संस्था या विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण में स्थानान्तरण अथवा यथास्थिति माता–पिता या अभिभावकों या उचित व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।

(ii) बालक या बालकों जिसके विरूद्ध किसी अपराध का कारित किया जाना अभिकथित है, को किसी भी उचित सुविधा जिसमें आवासीय विद्यालय, आवासीय छात्रावास, अस्पताल, नर्सिंग होम, या उपपचार की सुविधा सम्मिलित है के लिएं स्थानांतरण आदेश दिया जा सकता है।

(iii) ऐसी संस्था या अभिकरण जिसमें स्कूल, अस्पताल, नर्सिंग होम या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन किसी अन्य उपचार सुविधा सम्मिलित हैयदि ऐसी संस्था या अभिकरणका प्रबंधन किसी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है या यथास्थिति समिति या बोर्ड या न्यायालय या राज्य सरकार के आदेश का पालन नही करती हो जैसा भी प्रकरण हो के पंजीकरण या अनुज्ञप्ति का निरस्तीकरण और मान्यता के प्रत्याहरण की राज्य सरकार को अनुशंसा करना,

(iv) ऐसी बाल देखरेख संस्था या विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण के प्रबंधन को प्रतिष्ठित स्वैच्छिक संगठन को जिसके पास ऐसी संस्था या अभिकरण को संचालित करने की क्षमता हो को किसी समझौता ज्ञापन के अधीन एक विशिष्ट समयावधि के लिए अपेक्षित उत्तरदायित्व रखने की उचित सुविधा के रूप में उक्त स्वैच्छिक संगठन को अंतरित करने और मान्य करने की अनुशंसा राज्य सरकार को करना।

परंतु किसी संस्था या अभिकरण के प्रबंधन को किसी स्वैच्छिक संगठन को अंतरण करने की दशा में, उसी बजट को जिसे सरकार उस संस्था या अभिकरणपर खर्च कर रही है, दोनों पक्षकारों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अधीन उनकी भूमिका और दायित्वों को निर्धारित करते हुए सहायता अनुदान के रूप में स्वैच्छिक संगठन को दिया जाएगा।

(v) ऐसी संस्था या अभिकरण या संस्था या अभिकरण के स्टाफ के विरूद्ध जांच और आपराधिक कार्यवाहियां पूर्ण होने तक अथवा इस सम्बंध में किसी उपयुक्त न्यायालय द्वारा कोई अन्य आदेश पारित होने तक, प्रबंधन की नियुक्ति या किसी प्रशासक या व्यक्तियों की समिति को अंतरिम रूप से ऐसी संस्था या अभिकरण का ऐसे समय तक प्रभार लेने की अनुशंसा राज्य सरकार को करना।

(vi) जहां अपराध सरकार द्वारा संचालित संस्था या अभिकरण में कारित किया जाना अभिकथित हो वहां जैसा भी मामला हो समिति या

डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, तत्समय प्रवृत विधि के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई के लिए डिस्ट्रिक्ट डिमजिस्ट्रेट और राज्य सरकार को अनुशंसा कर सकेगी।

(6) जहां किसी बाल देखरेख संस्था जिसमें विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण सम्मिलित है, में कार्यरत किसी व्यक्ति के विरूद्ध अधिनियम और नियमों के अधीन किसी अपराध के लिए, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई हो जैसा भी मामला हो वहां ऐसे व्यक्ति को राज्य सरकार या ऐसे अभिकरण या संस्था के प्रबंधन द्वारा आपराधिक प्रकरण के लबित रहने के दौरान बालक के साथ प्रत्यक्षतः कार्य करने से प्रतिषेद्ध किया जायेगा और यदि दोषसिद्ध ठहराया गया है तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा तथा किसी भी बाल देखरेख संस्था में नियोजित नहीं किया जाएगा।

(7) जहां किसी व्यक्ति को इस अधिनियम और नियमों के अधीन सेवा से पदच्युत किया गया हो अथवा दोषी पाया गया हो, वह आगे किसी भी नियुक्ति हेतु अपात्र होगा।

(8) किसी भी स्थिति में किसी बालक को पुलिस हवालात में नहीं रखा जाएगा अथवा जेल में बंद नहीं किया जाएगा।

(9) बालक और उसके परिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैरा–विधिक स्वयं सेवक या विधिक सेवा अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाएंगे।

(10) बच्चे की जरूरत का तत्काल आंकलन कर समिति या बोर्ड के बाल कल्याण अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी जैसा भी मामला हो या जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी या बाल देखरेख संस्था या गैर सरकारी संगठन के कल्याण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा भोजन, कपड़े, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता जैसी सुविधाएं तुरंत बच्चे को उपलब्ध कराई जाएगी।

(11) जब किसी बालक का लैंगिक शोषण हुआ हो,बालक को यथास्थिति नजदीक के जिला अस्पताल अथवा वन–स्टॉप सेन्टर, जैसा भी मामला हो यदि स्थानीय रूप से उपलब्ध हो, भेजा जा कर समस्त आवश्यक मदद और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 और उसके अधीन बनाए गए नियमों में यथाविनिर्दिष्ट मनोवैज्ञानिक और विधिक सहायता सम्मिलित है।

(12) बालकों के लिए विशेष कमरे जो निःशक्त बालकों के लिए भी सुलभ हों, प्रत्येक न्यायालय परिसर और बोर्ड में बाल पीड़ितों और गवाहों के लिए अलग स्थान की सुविधा के साथ नामित किए जाएंगे। जहाँ भी संभव हो,

अलग प्रवेश द्वार और जहां भी संभव हो, बालकों के साथ बातचीत करने के लिए वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं, ट्रायल या पूछताछ के दौरान आरोपी को बालक के संपर्क में आने से रोकने के लिए विभाजन या स्क्रीन, बालकों के मनोरंजन के लिए प्रावधान जैसे किताबें, खेल आदि की सुविधा हो। ट्रायल के दौरान के अतिरिक्त, बालकों के बयान और साक्षात्कार, ऐसे कमरों में, बाल–अनुकूल प्रक्रिया के माध्यम से दर्ज किए जाएंगे।

(13) निम्नलिखित शर्तों को सुनिश्चित करते हुए पीड़ित बालक/साक्षी का कथन अथवा साक्षात्कार लिया जाएगा :

(i) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट बालक का बयान बालकों के कमरे में या यदि संभव हो तो बालक के निवास स्थान में दर्ज करेगा, जिसमें घर या संस्था भी शामिल है जहां बालक रहता है।

(ii) बालक द्वारा दिए गए कथन को शब्दशः दर्ज किया जाएगा।

(iii) दंड प्रकिया संहिता, 1973 की धारा 164 की उप–धारा (1) के उपबंधों के अनुसार, ऑडियो–वीडियो साधनों द्वारा भी कथन दर्ज किया जा सकता है।

(iv) बालक के साथ माता–पिता या अभिभावक या सामाजिक कार्यकर्ता या सहायक व्यक्ति या कोई मित्र या रिश्तेदार होगा, जिस पर बालक को विश्वास या भरोसा हो।

(v) न्यायालय या बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि पीड़िता या गवाह की गवाही से संबंधित कार्यवाहियां ऐसी भाषा में संचालित की जाएं जो बालक के लिए सरल और सुबोध हो।

(vi) जहां आवश्यक हो वहां ऐसे अनुवादक या दुभाषिए की सहायता जिसे ऐसी अर्हता और अनुभव प्राप्त हो, ऐसी फीस के भुगतान पर जैसी कि विहित की जाए, बाल पीड़ितों और गवाहों को उपलब्ध कराई जाएगी।

(vii) निःशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 2 के खण्ड (ध) के तहत परिभाषित निःशक्तता वाले बालक और गवाह के लिए एक विशेष शिक्षक या बालक के संचार के तरीके से परिचित किसी व्यक्ति या उस क्षेत्र में विशेषज्ञ की सहायता, ऐसी अर्हता, अनुभव रखने वाले और ऐसी फीस के भुगतान पर जो बालक के साक्ष्य को दर्ज करने के लिए विहित की जाए, प्रदान किया जाएगा।

(14) समिति या बोर्ड या न्यायालय,जैसा भी मामला हो; लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम 2020के नियम 5के उप–नियम (1) के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संधारित सूची में से या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पैरा–लीगल स्वयंसेवक, को बालक हेतु सहायक व्यक्ति नियुक्त कर सकता है। सहायक व्यक्ति या पैरा लीगल वॉलंटियर विचारण पूर्व परामर्श प्रदान करेगा, बालक के बयान की रिकॉर्डिंग के लिए बालक के साथ जाएगा, बालक को अदालत के माहौल से परिचित कराएगा, बालक के लिए उपलब्ध सहायता, न्यायिक प्रक्रियाओं सहित मामले की कार्यवाही और संभावित परिणामों के बारे में सूचित करेगा। सहायक व्यक्ति या पैरा लीगल वॉलंटियर यह सुनिश्चित करेगा कि आरोपी के सापेक्ष बालक की कोई भी सुरक्षा संबंधी चिंता और जिस तरीके से बालक गवाही देना चाहता है, उससे संबंधित अधिकारीगण अवगत हों। सहायक व्यक्ति या पैरा लीगल वालंटियर वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं, जहां बालक कोर्ट या बोर्ड में आने के अनुभव से परेशान है।

(15) यदि पीड़ित बालक अथवा गवाह जिले अथवा राज्य अथवा देश से संबंधित नहीं है, बालक का कथन अथवा साक्षात्कार अथवा अभिसाक्ष्य वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से भी दर्ज किया जा सकेगा।

(16) जहां वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग संभव न हो वहां पीड़ित बालक या गवाह के लिए समस्त आवश्यक आवास, पीड़ित बालक या गवाह के लिए यात्रा व्यय तथा बालक के साथ रहने वाल संरक्षक या मित्र या बालक के रिश्तेदार और एक सहायक व्यक्ति को राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा वास्तविक व्यय प्रदान किया जाएगा।

(17) बाल गवाहों के साक्ष्य अभिलिखित करने के लिए प्रत्येक न्यायालय परिसर में जोखिमग्रस्त गवाहों के लिए पृथक कक्ष अभिहित किए जाएंगे।

(18) यथासंभव, बालक से संबंधित सुनवाई के दौरान, बाल अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित मानदंडों का अनुपालन किया जाए :–

(i) माता–पिता अथवा संरक्षक (को) हर समय बालक (यदि बालक के सर्वोत्तम हित में है) के साथ रहेंगे। यदि उक्त व्यक्ति हितों की अनदेखी करता है, तो बालक की पसंद पर अन्य व्यक्ति अथवा उपयुक्त व्यक्ति अथवा अभिज्ञात उपयुक्त संस्था का प्रतिनिधि या समिति अथवा न्यायालय द्वारा नियुक्त मनोवैज्ञानिक हर समय बालक के साथ रहेगा।

(ii) जहां कहीं भी आवश्यक हो, बालक को मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

(iii) ऐसी स्थिति में जहां न्यायालय कें संज्ञान में यह आया है कि पालक अथवा संरक्षक अपराध में लिप्त हैं अथवा जहां बालक को और अधिक आघात लगने का जोखिम हो, तो इसे न्यायालय के ध्यान में लाया जाने पर अथवा स्वयं अपने प्रस्ताव पर न्यायालय बालक को ऐसी अभिरक्षा अथवा देखभाल से बाहर लाए जाने अथवा ऐसी स्थिति से निकालने के लिए निर्देश देगा तथा बालक को तुरंत समिति के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

(iv) इस अधिनियम के अधीन बालक के साथ अपराधों के संबंध में पीड़ित की आयु के निर्धारण हेतु, इस अधिनियम की धारा 94 अंतर्गत अधिदेशित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।

(v) उपयोग की जाने वाली भाषाओं से बालक को परिचित कराया जाएगा तथा यदि आवश्यक हो अनुवादक तथा विशेष शिक्षकों उपलब्ध कराया जायेगा।

(vi) बालक का बयान अभिलेखित करने से पूर्व, न्यायालय सुनिश्चित करेगा कि बालक स्वैच्छिक रूप से बयान देने में समर्थ है।

(vii) मात्र बालक की आयु के आधार पर सुनवाई में साक्ष्य के रूप में बालक के किसी बयान की उपेक्षा नही की जाएगी।

(viii) बालक का सामना ऐसे चित्र या बयान से नहीं कराया जाएगा जिससे बालक के मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ने की संभावना हो।

(ix) साक्षात्कार की अवधि और साक्षात्कार में स्वीकार्य प्रश्नों की प्रकृति अधिक दबाव डालने वाली नहीं होगी और बालक के ध्यान अवधि के लिए उपयुक्त होगी।

(x) छोटे बालकों अथवा अन्यथा अक्षम बालक के मामले में, बातचीत और साक्ष्य के अभिलेखिकरण में वैकल्पिक तरीके जो डराने वाले न हो अपनाऐं जाएंगे न्यायालय यह सुनिश्चित करेगा कि सुनवाई के दौरान किसी भी स्तर पर में बालक अभियुक्त के सम्मुख न आए।

(xi) स्कूल से विशेष अनुमति एवं कक्षा से अनुपस्थिति के दिनों की उपचारात्मक कक्षाओं का प्रबंध स्कूल प्राधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

(19) यथास्थिति बालक का प्रतिनिधित्व

(i) बालक की पसंद के अधिवक्ता द्वारा,

(ii) लोक अभियोजक द्वारा, या

(iii) राज्य अथवा जिलाविधिक सेवा प्राधिकारण द्वारा पदाभिहित या सूचीबद्ध किसी अधिवक्ता द्वारा किया जाएगा।

(20) न्यायालय के सभी कार्मिकों और संबंधित अन्य लोगों को बाल–सुलभ प्रक्रियाओं, बच्चों की विशेष जरूरतों और बाल अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाए।

(21) **विचारण पूर्व और विचारण के दौरान और उसके पश्चात निम्न प्रक्रिया** का पालन किया जाएगा :

(i) बालक के प्रकरण में अन्वेषण अधिकारी या इस नियम के उप–नियम (14) के अधीन नियुक्त किया गया सहायक व्यक्ति समय–समय पर प्रकरण की प्रगति और न्यायिक कार्यवाही तथा इसके प्रभाव के बारे में बालक और अभिभावक को सूचित करेगा।

(ii) न्यायालय बालक या अभिभावक को इस नियम के उप नियम(19) के अधीन उसके लिए उपलब्ध विधिक विकल्पों से अवगत कराएगा।

(iii) पीड़ित बालक या गवाह को उसका दृष्टिकोण, अभिमत और विश्वास, बालक के स्वयं के शब्दों में अभिव्यक्त करने का अधिकार होगा और बालक के स्वयं के जीवन को प्रभावित करने वाले विनिश्चय जिसमें न्यायिक प्रक्रिया के अनुक्रम में लिए गए विनिश्चय सम्मिलित हैं, में योगदान देने का अधिकार होगा।

(iv) न्यायालय, पीड़ित बालक और गवाहों के लिए नियुक्त सहायक व्यक्ति के माध्यम से ऐसे बच्चे को पूर्व–विचारण, विचारण और अन्य प्रक्रियाओं में भाग लेने के बारे में सूचित निर्णय लेने में सहायता कर सकता है।

(v) विधि का उल्लंघन करने वाले बालक, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक, और ऐसा बालक जो अपराध से पीड़ित या उसका साक्षी है बालक की व्यक्तिगत परिस्थिति और त्वरित तथा विशेष आवश्यकताओं, आयु, लिंग, लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति, लैंगिक अभिन्यास, निःशक्तता यदि कोई हो, परिपकवक्ता और विकासात्मक दक्षताओं और योग्यताओं को ध्यान में रखते हुए समस्त विधिक कार्यवाहियों दौरान बालक से सम्मानीय रीति से व्यवहार किया जायेगा जो उसकी गरीमा और सुरक्षा के प्रति सम्मान करता हो।

(vi) गवाह सुरक्षा योजना, 2018 के अनुसार गवाहों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए समुचित उपाए किए जाएंगे।

(vii) न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रक्रम पर जहां पीड़ित बालक या गवाह जोखिम में माना गया हो वहां पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण या समिति जैसा भी मामला हो; बालक हेतु रक्षात्मक उपायों की व्यवस्था करेगी, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे,–

(क) न्यायिक प्रक्रिया के किसी भी बिन्दु पर किसी पीड़ित बालक या गवाह और अभियुक्त के प्रत्यक्ष सम्पर्क को टालना;

(ख) किसी सक्षम न्यायालय से निषेधाज्ञाआदेश का अनुरोध करना;

(ग) किसी सक्षम न्यायालय से अभियुक्त के लिए विचारण पूर्व निरूद्ध आदेश या यदि जमानत दे दी गई हो , तो , 'सम्पर्क नहीं' की सशर्त जमानत का अनुरोध करना;

(घ) प्रकटीकरण से बच्चे के ठिकाने की सुरक्षा करना;तथा

(ङ) सक्षम प्राधिकारियों या अभिकरणों से ऐसे अन्य संरक्षण उपायों का अनुरोध करना जिन्हें उचित समझा जाए।

स्पष्टीकरणः वयस्कों के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली में या किशोर न्याय प्रणाली के तहत प्रक्रियाओं के दौरान "न्याय प्रक्रिया" में अपराध का पता लगाना, शिकायत करना, जांच, अभियोजन, परीक्षण और परीक्षण के बाद की प्रक्रियाएं शामिल हैं।

(viii) अंतरिम और अंतिम प्रतिकर सम्बंधित न्यायालय द्वारा जैसा कि वह उचित समझे, दिया जा सकेगा और पीड़ित प्रतिकर योजना के अधीन निधि से राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा सकेगा। राज्य सरकार इस प्रयोजन के लिए किशोर न्याय निधि का उपयोजन करने के लिए समुचित उपबंध भी कर सकेगी।

55. **इस अधिनियम की धारा 74 के अधीन अपराध की दशा में प्रक्रिया :**

(1) अधिनियम और नियमों के प्रयोजनों के लिए, बालक की पहचान में बालक का परिवार,स्कूल, रिश्तेदार, आस–पड़ोस या ऐसी कोई अन्य सूचना सम्मिलित होगी जिससे बालक की पहचान प्रकट हो सकती है।

(2) जिला बाल संरक्षण इकाई, धारा 74 के उल्लंघन पर सतर्क रहेगी और क्षेत्राधिकार रखने वाले समिति या बोर्ड या न्यायालय जैसा भी मामला हो, को रिपोर्ट करेगी।

(3) जहां बालक की पहचान अधिनियम की धारा 74 की प्रक्रिया का अनुसरण किए बिना प्रकट की गई है वहां बोर्ड या समिति या न्यायालय

जैसा भी मामला हो, उल्लंघन के लिए उत्तरदायी व्यक्ति, अभिकरण, प्राधिकरण या संस्था के विरूद्ध शिकायतदर्ज करने हेतु पुलिस को सूचित करेगा तथा किसी व्यक्ति को बालक का नाम या पहचान को प्रकट करने वाले किसी विषय को किसी भी रीति में प्रकाशित करने से रोकने के लिए आदेश पारित करेगा।

(4) बालक के सर्वोत्तम हित में किसी बालक की पहचान को प्रकट करने वाली कोई भी सूचना किसी वेब–साईट,या पोर्टल या किसी भी अन्य सार्वजनिक स्थान पर, शासकीय पोर्टलों जैसे गुमशुदा बालकों या दत्तक ग्रहण को छोडकर, बोर्ड या समिति की लिखित अनुमति के बिना अपलोड नहीं की जाएगी।

(5) किसी विधिक कार्यवाही जिसमें कोई पीड़ित बालक या गवाह सम्मिलित है, बोर्ड या समिति, जैसा भी मामला हो कार्यवाहियों के रिकार्ड में बालक के नाम को छद्म नाम से प्रतिस्थापित करते हुए बालक की पहचान को छिपाएगी।

(6) अभियुक्त का नाम भी छिपाया जाएगा यदि अभियुक्त, बालक से संबंधित है या उससे जुड़ा है जिससे अभियुक्त के नाम के प्रकटन से बालक की पहचान प्रकट हो जाएगी।

(7) जहां किसी पुलिस अधिकारी ने धारा 74 के उप–खण्ड (2) के उल्लंघन मे कृत्य किया है वहां प्रभावित बालक या बालक की ओर से कोई भी व्यक्ति पुलिस को शिकायत कर सकेगा या यथास्थिति बोर्ड, समिति या न्यायालय में जा सकेगा।

(8) जिला बाल संरक्षण इकाई, सूचना विभाग और मध्य प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा अधिनियम की धारा 74के तहत विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों, बाल पीड़ितों या बाल गवाहों की पहचान के किसी भी अनुचित प्रकटीकरण को रोकने के लिए, मीडिया, पुलिस, और बाल देखरेख संस्थाओं के कर्मचारियों हेतु नियमित रूप से संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

56. अधिनियम की धारा 75 के अधीन अपराधों के प्रकरणों में प्रक्रियाः–

(1) अधिनियम की धारा 75 और इस नियम के अधीन प्रयोजनों के लिए हमला करने की क्रिया, बालक का परित्याग, दुर्व्यवहार, जोखिम में छोड़ देने या बालक की जानबूझकर उपेक्षा करना जैसे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बालको की तस्करी, बालकों के विरूद्ध हिंसा आदि को बालक के प्रति क्रूरता माना जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी बालक का विवाह

करना भी बालकों के साथ क्रूरता माना जाएगा और विवाह किए जाने वाले बालक के जोखिम की सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अथवा इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत अथवा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 (6 का 2007) के अधीन प्राधिकृत कोई अधिकारी बालक को समुचित निर्देश और पुनर्वासात्मक उपायों के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

(2) जब एक बालक के साथ क्रूरता का कार्य एक बाल देखरेख संस्था, या एक स्कूल, या किसी अन्य जगह पर जो बालक को देखरेख और संरक्षण प्रदान करने के लिए हो तब, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय जैसा भी मामला हो के द्वारा बालक और/या माता–पिता या अभिभावक के परामर्श के साथ उसके बेहतर हित को ध्यान में रखते हुए बालक के लिए वैकल्पिक पुनर्वास प्रदान किया जा सकता है।

(3) किसी बालक को जिसे तत्काल चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है, उसे बोर्ड या समिति के निर्देश पर किसी अस्पताल या क्लीनिक द्वारा अपेक्षित चिकित्सकीय देखभाल और उपचार या सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। त्वरित ध्यान न देने की विफलता के परिणामस्वरूप गंभीर चोट,अपरिवर्तनीय क्षति या जीवन को खतरा या मृत्यु को बालक के प्रति जानबूझकर की गयी उपेक्षा समझा जाएगा और विस्तृत जांच के पश्चात बोर्ड या समिति के निर्देश पर अधिनियम की धारा 75 के अधीन क्रूरता के समतुल्य माना जाएगा।

57. **अधिनियम की धारा 76 के अधीन अपराध के प्रकरण में प्रक्रियाः**

(1) कोई भी अभिकरण, बाल देखरेख संस्था, प्राधिकरण या किसी ऐसे बच्चे के बारे में जानकारी रखने वाला या उसके संपर्क में आने वाला व्यक्ति, जिसे बच्चे के भीख मांगने के लिए नियोजित या इस्तेमाल किये जाने की सूचना है, तुरंत पुलिस या चाइल्डलाइन को सूचित करेगा, जो ऐसे बच्चे को भीख मांगने की स्थिति से हटा सकता है और तुरंत बच्चे को समिति के समक्ष पेश कर सकता है।

(2) जहां भिखारियों और भिक्षावृत्ति से संव्यवहार करने का उत्तरदायित्व रखने वाले किसी विभाग द्वारा किसी अभियान के दौरान कोई बालक बरामद किया जाता है तो संबंधित अधिकारी बालक को समिति के समक्ष तत्काल प्रस्तुत करेगा और पुलिस को सूचना देगा। ऐसे बालक के माता–पिता को समिति के समक्ष उनके बालक की प्रस्तुति के बारे में सम्यक सूचना दी जाएगी।

(3) पुलिस, सूचना की प्राप्ति पर या स्व–प्रेरणा सेः–

(i) बालक के पूर्ववृत्तके बारे में पूछताछ करेगी और पता लगाएगी कि क्या बालक,माता–पिता या अभिभावक के साथ रह रहा है या गुमशुदा या घर से भागा हुआ बालक है या अपहरण अथवा मानव तस्करी का शिकार है।

(ii) बालक तथा बालक को साथ ले जा रहे व्यक्ति की पहचान, आयु और पितृत्व का निर्धारण करने के लिए दस्तावेजों को प्राप्त करेगा।

(iii) यह जांच करेगी कि क्या अन्य बालकों को भी भिक्षावृत्ति के लिए नियोजित किया गया है या उनका उपयोग किया गया है एवं तस्करी के प्रकरण का अन्वेषण करेगी तथा ऐसे समस्त बालकों को संरक्षण के लिए प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ की जानी चाहिए।

(4) इस अधिनियम की धारा 76 के अधीन अपराध का संज्ञान लेते हुये उस व्यक्ति से जिसने भिक्षावृत्ति के प्रयोजनों के लिए बालक को नियोजित किया है या उसका उपयोग किया है या बालक का जिसके पास वास्तविक प्रभार या नियंत्रण है, बालक द्वारा किए गए दावे के अनुसार या जैसा कि न्यायालय द्वारा अवधारित किया जाए, वसूली के प्रयोजन के लिए जांच कर सकेगी और इसकी वसूली के लिए समुचित निर्देश पारित कर सकेगी, जिससे कि यह दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 421 के अधीन जुर्माना हो।

58. **अधिनियम की धारा 77 के अधीन अपराध की दशा में प्रक्रिया :**

(1) जब कभी कोई बालक बिक्री के प्रयोजनार्थ सहित मादक लिकर अथवा स्वापक नशीले पदार्थों अथवा मनःप्रभावी पदार्थों अथवा तम्बाकू उत्पादों के प्रभाव में, संलिप्त पाया जाता हो, तो पुलिस इस बात की जांच करेगी कि बालक इस प्रकार के प्रभाव अथवा अधिकार में कैसें में आया तथा तुरंत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करेगी।

(2) वह बालक जिसको स्वापक नशीले पदार्थ अथवा मनःप्रभावी पदार्थ का सेवन कराया गया है अथवा इनके प्रभाव में आया पाया जाता है, उसे या तो बोर्ड या समिति, जैसा भी मामला हो, के समक्ष प्रस्तुत किया जाए तथा बोर्ड या समिति बालक के पुनर्वास एवं नशामुक्ति के संबंध में उचित आदेश पारित करेगी।

परंतु जहां ऐसे बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हो वहां बोर्ड सम्यक जांच और बालक की परिस्थितियों से संतुष्ट होने पर देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के रूप में समिति को आवश्यक कार्रवाई हेतु अंतरित करेगा या बालक को अस्पताल या सरकार द्वारा

अधिकृत या मान्यता प्राप्त संस्था से नशामुक्ति के लिए चिकित्सकीय उपचार में भेजने का निर्देश देगा या बालक को स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 64–ए के अधीन अभियोजन से प्रतिकर प्रदान करेगा।

परंतु यह और कि जहां ऐसे बालक को किसी समिति के समक्ष पेश किया जाता है, समिति बालक के पुनर्वास के लिए निर्देश पारित करेगी, जिसमें बालक की नशामुक्ति और इस उद्देश्य के लिए पहचान की गई एक उचित सुविधा में स्थानांतरण शामिल है।

(3) यदि कोई मादक लिकर अथवा स्वापक नशीले पदार्थ अथवा मनःप्रभावी पदार्थ अथवा तम्बाकू उत्पाद किसी बाल देखभाल संस्था में लेते हुए पाया जाता है, तो बालक को तुरंत बोर्ड या समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, केवल उन मामलों को छोड़कर जहां बालक बोर्ड या समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में नही है और उसे तत्काल चिकित्सकीय सहायता की आवश्कता है।

(4) बोर्ड या समिति जैसा भी मामला हो,तुरंत प्रथमसूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश जारी करेगी।

(5) बोर्ड या समिति उन परिस्थितियों, जिनमें ऐसे उत्पाद बाल देखभाल संस्था में प्रविष्ट हुए तथा बालक तक पहुंच के बारे में जांच के उपयुक्त निर्देश भी जारी करेगी तथा दोषी अधिकारियों एवं बाल देखभाल संस्था के विरूद्ध उचित कार्रवाई की अनुशंसा करेगी।

(6) बोर्ड या समिति, जैसा भी मामला हो, बालक को दूसरी बाल देखभाल संस्था में स्थानांतरण, के लिए भी निर्देश जारी करेगी।

(7) मादक लिकर, तम्बाकू उत्पाद की बिक्री करने वाली दुकानों को अपनी दुकान पर प्रमुख स्थान पर, संदेश प्रदर्शित करना चाहिए कि किसी बालक को मादक लिकरया तम्बाकू उत्पाद अथवा बिक्री करवाना एक दंडनीय अपराध है जो ऐसा कृत्य करेगा वो 7 वर्ष तक के सश्रम कठिन कारावास तथा एवं एक लाख रूपए तक के जुर्माने से दंडनीय होगा।

(8) समस्त तम्बाकू उत्पाद और मादक लिकर पर संदेश आवश्यक रूप से प्रदर्शित होना चाहिए कि, किसी बालक को मादक लिकरया तम्बाकू उत्पाद देना और बेचना एक दंडनीय अपराध है जो ऐसा कृत्य करेगा वो 7 वर्ष तक का कठोर कारावास और जुर्माना जो एक लाख रूपए तक का हो सकेगा, से दंडनीय होगा।

(9) अधिनियम के अधीन पंजीकृत या मान्यता प्राप्त किसी बाल देखभाल संस्था या कोई अन्य गृह अथवा किसी समिति अथवा बोर्ड के कार्यालय के 200 मीटर के भीतर मदांध करने वाली शराब, स्वापक नशे के पदार्थ अथवा मनःप्रभावी पदार्थ अथवा तम्बाकू उत्पादों को देना अथवा बेचना इस अधिनियम की धारा 77 के अधीन अपराध समझा जाएगा।

(10) राज्य सरकार स्वयं या किसी स्वैच्छिक संगठन या अस्पताल के माध्यम से प्रत्येक प्रशासनिक संभाग में बालकों के लिए कम से कम एक नशामुक्ति उपचार तथा पुनर्वास केंद्र स्थापित करेगी।

(11) राज्य सरकार बालक को शराब, तम्बाकू, स्वापक नशे या मनःप्रभावी पदार्थ के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के बारे में जागरूकता कार्यक्रम तथा पुनर्वासके उपाय, पुलिस, शिक्षा, आबकारी विभाग, शिक्षा विभाग और अन्यसम्बंधित विभागों के सहयोग से करेगी।

59. अधिनियम की धारा 78 के अधीन अपराध के प्रकरण में प्रक्रिया :

(1) जब कभी कोई बालक मादक लिकर,स्वापक नशीली दवाएं या मनःप्रभावी पदार्थ बेचता, ले जाता, आपूर्ति करता या तस्करी करता पाया जाता है तो पुलिस इस बात की जांच करेगी कि बालक को कैसे और किसके माध्यम से मादक लिकर, स्वापक नशीली दवाओं अथवा मनःप्रभावी पदार्थों के प्रभाव में आया तथा तुरंत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करेगी।

(2) ऐसा बालक, जिसके विरूद्ध अधिनियम की धारा 78 के अधीन अपराध कारित किया जाना अभिकथित है उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा,यदि बालक को देखरेख और संरक्षण की जरूरत है,तो बोर्ड उसे समिति के पास भेजेगा।

60. अधिनियम की धारा 79 के अधीन अपराध के प्रकरण में प्रक्रिया :

(1) ऐसे समस्त मामलों में जहां बालक अधिनियम की धारा 79 के अधीन अपराध का पीड़ित है वहां बालक को उसके पुनर्वास के लिए अधिनियम के अधीन प्रक्रिया के अनुसार समिति के समक्ष समुचित आदेश हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) जिला बाल संरक्षण इकाई श्रम विभाग और अन्य सम्बंधित विभागों के सहयोग से बाल कर्मचारियों के शोषण पर रोक के लिए जागरूकता कार्यकम संचालित करेगी।

61. अधिनियम की धारा 80 के अधीन अपराध के मामले में प्रकिया :

(1) जहां कोई अनाथ, परित्यक्त या छोड़ा गया बालक इस अधिनियम में प्रदत्त प्रक्रियाओं और नियमों का अनुपालन किये बिना दत्तक ग्रहण के

प्रयोजनार्थ पेश अथवा दिया अथवा लिया जाता है, तो पुलिस स्व–प्रेरणा से अथवा इस संबंध में सूचना की प्राप्ति पर तुरंत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करेगी।

(2) वह बालक जिसे दत्तक ग्रहण के प्रयोजनार्थ दिया अथवा लिया गया है, को तुरंत समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, जो ऐसे बालकों को किसी विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण में रखने सहित बालक के पुर्नवास हेतु उचित निर्देश पारित करेगी।

(3) जहां कहीं किसी मान्यता प्राप्त विशेषीकृत दत्त्कग्रहण अभिकरण अथवा ऐसे किसी अभिकरण से संबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिनियम की धारा 80 के अधीन कोई अपराध किया जाता है, तो समिति इन नियमों के नियम 54 के उनियम 5 के (i)से(v) में दिए गए प्रावधानों में से समस्त या किसी एक उपाय हेतु समुचित आदेश भी पारित कर सकती है।

62. अधिनियम की धारा 81 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया :

(1) किसी बालक को क्रय अथवा विक्रय किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अविलंब प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करेगी।

(2) प्राधिकरण द्वारा तैयार दत्तक ग्रहण विनियमो के अधीन तथा अनुमति प्राप्त को छोड़कर दत्तकग्रहण के विचार से किसी संबंधित दत्तकग्राही माता–पिता (ओं) अथवा बालक के माता–पिता अथवा संरक्षक अथवा संरक्षक अथवाविशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा दत्तकग्रहण शुल्क अथवा सेवा प्रभार अथवा बाल देखभाल संपत्ति के विषय में कोई परितोषिक देना अथवा देने पर सहमत होना, प्राप्त करना अथवा प्राप्त करने पर सहमत होना इस अधिनियम की धारा 81 तथा इस नियम के अधीन अपराध समझा जायेगा।

(3) क्रय अथवा विक्रय किये जाने के अध्याधीन कोई बालक अविलंब समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जायेगा, जो उस बालक के पुर्नवास के लिये उचित आदेश पारित करेगी।

(4) जहां किसी माता–पिता अथवा बालक के संरक्षक अथवा वास्तविक प्रभार रखने वाले व्यक्ति अथवा बालक के अभिरक्षक द्वारा इस अधिनियम की धारा 81 के अधीन कोई अपराध किया जाता है, समिति किसी बाल देखरेख संस्था अथवा उचित सुविधा अथवा किसी उपयुक्त व्यक्ति जैसा भी मामला हो के साथ बालक को रखने के लिये समुचित आदेश पारित करेगी।

(5) जहां विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा किसी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम अथवा मातृत्व गृह अथवा ऐसी किसी संस्था अथवा अभिकरण से संबद्ध व्यक्ति द्वारा अधिनियम की धारा 81 के अधीन कोई अपराध किया जाता है, तो समिति ऐसी बाल देखरेख संस्था अथवा विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा अस्पताल अथवा नर्सिंग होम अथवा मातृत्व गृह में रखे गये अन्य बालकों को जैसा भी मामला हो, किसी अन्य बाल देखरेख संस्था अथवा विशेषीकृत अभिकरण अथवा अस्पताल अथवा नर्सिंग होम अथवा मातृत्व गृह, में रखने के उचित आदेश पारित कर सकती है।

(6) समिति, राज्य सरकार से अनुशंसा करेगी कि लागू समय के लिये किसी विधि के अधीन ऐसे अभिकरण या संस्था का पंजीकरण या मान्यता या ऐसे किसी अस्पताल या नर्सिंग होम या मातृत्व गृह या ऐसे संबद्ध व्यक्ति का पंजीकरण या लाइसेंस भी वापस लिया जाये।

63. अधिनियम की धारा 82 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया :

(1) इस अधिनियम की धारा 82 के अधीन बालक को शारीरिक दंड देने की शिकायत, स्वयं बालक द्वारा अथवा उसकी ओर से किसी अन्य द्वारा की जा सकती है।

(2) प्रत्येक बाल देखरेख संस्था अपने भवन में एक प्रमुख स्थल पर शारीरिक दंड की शिकायतें प्राप्त करने के लिये शिकायत पेटिका रखेगी।

(3) शिकायत पेटिका प्रत्येक पन्द्रह दिवस में एक बार जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी।

(4) ऐसी सभी शिकायतें बाल देखरेख संस्था के नज़दीक प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष तुरंत प्रस्तुत की जायेगी तथा तत् संबंधित प्रतियां बोर्ड या समिति को भेजी जायेगी।

(5) न्यायिक मजिस्ट्रेट संबंधित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा मामले को जांच के लिए देगा तथा कोई शिकायत प्राप्त होने पर उचित उपाय करेगा।

(6) जहां प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट यह पाता है कि संस्था का प्रबंधन इस अधिनियम की धारा 82 की उप–धारा (3) के अधीन जांच में सहयोग अथवा न्यायालय के आदेशों का पालन नही कर रहा है, वहां प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट या तो स्वयं अपराध का संज्ञान लेगा अथवा प्र.सू.रि. दर्ज करनेका निर्देश देगा तथा संस्था के प्रबंधन के भारसाधक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

(7) बोर्ड या समिति, या राज्य सरकार बाल देखरेख संस्था में बालक के प्रति शारीरिक दण्ड की घटना के संबंध में आवश्य निर्देश जारी कर सकता है जिसका प्रबंधन द्वारा पालन किया जायेगा। ,

(8) गैर–अनुपालन के मामले में, बोर्ड स्वयं या समिति या राज्य सरकार की शिकायत पर इस अधिनियम की धारा 82 की उप–धारा (3) के अधीन प्र. सू.रि. दर्ज करने हेतु निर्देशित करेगा।

(9) जहां इस अधिनियम की धारा 82 की उप–धारा (2) के अधीन कोई व्यक्ति सेवा से पदच्युत अथवा बालकों के साथ सीधे कार्य करने से विवर्जित वर्जित किया गया हो, बालक को शारीरिक दण्ड देने के अपराध का दोषी पाया जाता है तो वह इस अधिनियम तथा नियमों के अधीन आगे कहीं नियुक्ति से निर्हित होगा।

64. अधिनियम की धारा 83 के अधीन अपराध के प्रकरण में प्रक्रिया :

(1) धारा 83 के प्रयोजनों के लिए, 'भर्ती' से अभिप्रेत है कोई प्रक्रिया जिसके द्वारा किन्हीं भी साधनों द्वारा बालक की अभिरक्षा प्राप्त की जाती है,जिसमें धमकी या बल प्रयोग या दबाव का कोई अन्य रूप या व्यपहरण या कपट या धोखा या शक्तियों का दुरूपयोग या प्रलोभन हो सकेगा जिसमें बालक पर नियंत्रण रखने वाले व्यक्ति की सहमति प्राप्त करने के लिए भुगतान या लाभ देना या प्राप्त करना सम्मिलित है।

(2) जब किसी ऐसे बालक के बारे में शिकायत या सूचना प्राप्त होती है जिसे भर्ती किया गया है या भर्ती किया जा रहा है, या किसी उग्रवादी समूह या केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार घोषित संगठन द्वारा किसी उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया गया है या इस्तेमाल किया जा रहा है, या किसी भी वयस्क या वयस्क समूह द्वारा अवैध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया गया है या इस्तेमाल किया जा रहा है, पुलिस तुरंत एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करेगी।

(3) बोर्ड, स्वयं या धारा 83 की उप–धारा (1) के तहत समिति से प्राप्त शिकायत पर, एक वयस्क या एक वयस्क समूह द्वारा अवैध गतिविधियों के लिए एक बालक के उपयोग के संबंध में, पुलिस को तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए निर्देश जारी कर सकता है।

(4) पुलिस इस बात की जांच करेगी कि बालक ऐसी स्थिति में कैसे आया।

(5) पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि क्या अन्य बालकों को भी भर्ती किया गया है या भर्ती किया जा रहा है या किसी उग्रवादी समूह या ऐसे संगठन द्वारा जिसे केन्द्र सरकार द्वारा इस प्रकार घोषित किया गया है, उपयोग कियागया है या उपयोग में लाया जा रहा है या किसी वयस्क या वयस्क समूह

द्वारा अवैध गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया गया है या लाया जा रहा है और ऐसे समस्त बालकों के संरक्षण की प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ की जानी चाहिए।

(6) बालक को बोर्ड के समक्ष तुरंत प्रस्तुत किया जाएगा जो सम्यक जांच तथा बालक की परिस्थितियों के बारे में संतुष्ट होने पर,उसे देखरेख और संरक्षण के लिए जरूरतमंद बालक के रूप में समिति को अंतरित करेगी।

(7) कोई बालक जिसे किसी गैर–राज्य, स्वम्भू उग्रवादी समूह या संगठन द्वारा भर्ती किया गया है या उसका उपयोग किया गया है या जिसका उपयोग किसी वयस्क या वयस्क समूह द्वारा अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, पुलिस या बोर्ड या समिति या किसी न्यायालय के समक्ष समर्पण कर सकेगा।

(8) कोई बालक जो उप–नियम (7) के अधीन समर्पण करता है, तो देखरेख और संरक्षण के लिए जरूरतमंद बालक समझा जाएगा तथा बोर्ड या न्यायालय उस बालक को समिति को अंतरित करने का आदेश देगा।

(9) बोर्ड या समिति बालक के पुनर्वास के लिए समुचित आदेश पारित करेगी, जिसमें बालक की सुरक्षित अभिरक्षा और संरक्षण तथा इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त उचित सुविधा तंत्र में अंतरण हेतु आदेश सम्मिलित है।

(10) बोर्ड या समिति बालक के संरक्षण,सुरक्षा और पुनर्वास के लिए बालक को जिले से बाहर या राज्य से बाहर अन्य राज्य में अंतरित करने पर भी विचार कर सकेगी।

अध्याय–9

विविध

65. बालक की आयु का निर्धारण :

(1) इस अधिनियम की धारा 94 और इस नियम में यथा अधिकथित आयु निर्धारण प्रक्रिया, किसी अपराध को कारित किए जाने के अधिकथित व्यक्ति या किसी अपराध के पीड़ित साथ ही अधिनियम के अधीन बालक की देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक होने का दावा करने वाले व्यक्ति की आयु, निर्धारित करने के लिए लागू की जाएगी।

(2) बोर्ड, समिति या न्यायालय, किसी ऐसे व्यक्ति की आयु निर्धारण के लिए यथाशीघ्र आयु निर्धारण के लिए कार्यवाही प्रारंभ करेगा जिसकी आयु संदेहास्पद है, अधिमानतः पर प्रथम प्रस्तुति के समय, और पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का इंतजार नहीं करेगा।

(3) बोर्ड या न्यायालय, जैसा भी मामला हो, द्वारा अपराध के अभिकथित व्यक्ति की आयु के निर्धारण को प्रारंभ करने के संबध में एक नोटिस पीड़ित या शिकायतकर्ता को आयु निर्धारण की आगामी तारीख का स्पष्ट उल्लेख करते हुए भेजा जाएगा। ऐसे पीड़ित या शिकायतकर्ता को उस व्यक्ति की आयु के संबंध किसी साक्ष्य को लाने का अवसर दिया जाएगा और ऐसे पीड़ित या शिकायतकर्ता को आयु निर्धारण प्रक्रिया में प्रभावी रूप से सम्मिलित होने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जिसमें आयु दस्तावेज, चिकित्सीय आयु रिपोर्ट के साथ–साथ आयु के आधार पर किसी गवाह की जांच, प्रतिपरीक्षण या पुनः परीक्षण करने का अवसर सम्मिलित है।

(4) यदि बोर्ड या समिति या न्यायालय को आयु के आधार पर किसी दस्तावेज की प्रामाणिकता के रांबंध गें कोई रांदेह है, तो वह ऐसे दस्तावेज को जारी करने वाले प्राधिकारी को दस्तावेज के समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के लिए नोटिस देगा और स्वयं को संतुष्ट करेगा कि, ऐसा दस्तावेज प्रामाणिक है और ऐसे दस्तावेज की प्रामाणिता पर विवाद करने वाले किसी भी संबंधित पक्ष को प्रतिपरीक्षण करने और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

(5) जहां विभिन्न स्कूलों के एक से ज्यादा जन्म प्रमाण पत्र हों, वहाँ बोर्ड या समिति या न्यायालय,जैसा भी मामला हो, ऐसे दस्तावेजों की विश्वसनीयता का निर्धारण करेगा और आदेश में लिखित रूप में विनिर्दिष्ट कारणों के साथ आयु तय करेगा।

(6) चिकित्सीय आयु निर्धारण तभी किया जाएगा जब यह स्थापित हो जाए कि अधिनियम की धारा 94 की उप–धारा (2) के खण्ड (i) और (ii) में उल्लेखित दस्तावेज अस्तित्व में नहीं है या सर्वोत्तम प्रयत्नों के बावजूद उस तक पहुंच नहीं है या प्रमाणिक न पाए जाने पश्चात् खारिज कर दिया गया है एवं किसी भी परिस्थिति में चिकित्सीय आयु निधारण, आयु से संबंधित किसी भी दस्तावेज की संपुष्टि हेतु नहीं किया जाएगा।

(7) न्यायालय या बोर्ड विधि के उल्लंघन के अभिकथित बालक के प्रयोजन के लिए, चिकित्सीय अभिमत में वर्णित निचली सीमा पर आयु निर्धारण हेतु विचार करेगा और यदि आवश्यक ,समझे तो लिखित कारणों के साथएक वर्ष की अवधि की छूट का लाभ प्रदान कर सकता है।

(8) आयु निर्धारण आदेश की एक प्रति ऐसे व्यक्ति को जिसकी आयु का विनिश्चय किया गया है या उस व्यक्ति के प्रतिनिधि को आदेश के दिन ही प्रदान की जाएगी। आदेश की प्रति, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या प्रकरण के अन्वेषण अधिकारी और संबंधित बाल देखरेख संस्था के प्रभारी या अन्य कोई स्थान जहाँ ऐसे बालक या व्यक्ति को रखा है, को भी उपलब्ध करायी जाएगी।

(9) यदि बोर्ड द्वारा किसी व्यक्ति की आयु अपराध के कारित होने की तारीख को 18 वर्ष या उससे अधिक पाई जाती है तो, बोर्ड आयु अधिकथित करते हुए एक आदेश पारित करेगा और आगामी समुचित कार्रवाई के लिए संबंधित न्यायालय को प्रकरण अग्रेषित करेगा। आदेश की एक प्रति उसी दिवस संबंधित व्यक्ति को दी जाएगी या अभिरक्षा वारंट के साथ संलग्न की जाएगी यदि व्यक्ति न्यायिक अभिरक्षा में है।

(10) न्यायालय, या बोर्ड या समिति, जैसा भी मामला हो, विधि अनुरूप किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई करने का आदेश पारित कर सकती है, जो किसी भी

रीति से हेर फेर, कपट, सबूत की कूट रचना करनेया आयु निर्धारण के दौरान झूठी गवाही देने में संलिप्त पाए जाते हैं।

(11) कोई भी चिकित्सीय आयु निर्धारण किसी न्यायालय या बोर्ड या समिति के आदेश के बिना नहीं किया जाएगा और आयु के निर्धारण के प्रयोजन के लिए ऐसे आदेश के बिना प्राप्त किसी भी चिकित्सा आयु रिपोर्ट पर विचार नहीं किया जाएगा।

(12) कोई भी पश्चातवर्ती आयु निर्धारण तब तक आदेशित नहीं किया जाएगा जब तक कि न्यायालय, बोर्ड या समिति ने कारणों को देते हुए एक लिखित आदेश से पूर्व की चिकित्सीय आयु रिपोर्ट को अस्वीकृत न कर दिया हो। किसी पश्चातवर्ती चिकित्सीय आयु निर्धारण का आदेश करते समय न्यायालय या बोर्ड या समिति ऐसी शर्तें अधिरोपित कर सकेगी जो उन चिंताओं पर ध्यान देती हो जिनके कारण से पूर्व चिकित्सीय आयु रिपोर्ट अस्वीकृत हुई।

(13) सजा में अधिनियम के अधीन छूट की अपेक्षा हेतु और विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के हित में समुचित आदेश पारित करने के लिए।इस नियम में निहित प्रावधान, उन निराकृत किए गए प्रकरणों पर भी लागू होंगे जहां अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार किशोरावस्था की स्थिति प्रावधानों के अनुसार अवधारित नहीं की गई है,

(14) आयु के संबंध में आदेश पारित करते समय, न्यायालय या बोर्ड, व्यक्ति की आयु के संबंध में निष्कर्ष अभिलिखित करेगा, जिसमें अपराध के कारित किये जाने की को व्यक्ति की आयु का उल्लेख यथासंभव निकटतम तक होगा और उसकी किशोरावस्था की स्थिति को घोषित करेगा।

(15) अस्थि परीक्षण की रिपोर्ट या सम्यक रूप से गठित चिकित्सीय बोर्ड की रिपोर्ट, न्यायालय या बोर्ड या समिति पर बाध्यकारी नहीं है। समुचित प्रकरणों में जहां कोई संदेह उत्पन्न होता हो वहां सम्यक रूप से गठित चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष और सदस्य या चिकित्सकों जिन्होंने अस्थि परीक्षण किया था, को रिपोर्ट की सत्यता और प्रमाणिकता और उसमें दिए गए अभिमत के बारे में साक्ष्य देने के लिए बुलाया जा सकेगा। ऐसे साक्ष्य के दौरान प्रभावित व्यक्ति या पक्षकार को सम्यक रूप से चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों का परीक्षण या

प्रतिपरीक्षण करने तथा तर्क रखने का अधिकार होगा। न्यायालय या बोर्ड या समिति रिपोर्ट से स्वयं को संतुष्ट करेगी और रिपोर्ट तथा अभिलेख पर रखे साक्ष्य, यदि कोई हों, के आधार पर आयु का विनिश्चय और घोषणा करेगी।

(16) एक व्यक्ति की चिकित्सीय रिपोर्ट, जिसकी आयु का परीक्षण चिकित्सा परीक्षणों के माध्यम से किया जाता है, उसमें निम्नलिखित आवश्यक जानकारी और दस्तावेज शामिल होंगे :

(i) उस व्यक्ति की तस्वीर, जिसकी आयु का अनुमान लगाया गया है;

(ii) जिस व्यक्ति की आयु का अनुमान लगाया गया है, उसका कम से कम एक पहचान चिन्ह;

(iii) वह तारीख, जिस पर चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष या चिकित्सक को अस्थि जाँच के मामले में किसी व्यक्ति के चिकित्सा आयु के आकलन, के लिए न्यायालय या बोर्ड या समिति का आदेश प्राप्त हुआ;

(iv) दिनांक, समय और स्थान जिस पर विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड के सदस्यों द्वारा विभिन्न परीक्षण किए गए थे;

(v) वे तारीखें जिन पर विभिन्न परीक्षणों और जाँच की पृथक रिपोर्ट चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष को सौंपी गई थी;

(vi) वह तिथि, समय और स्थान जहाँ चिकित्सा आयु के आंकलन पर परामर्श एवं अंतिम राय बनाने हेतु विधिवत् गठित चिकित्सा बोर्ड के सदस्य एकत्रित हुए थे; और

(vii) विधिवत् गठित चिकित्सा बोर्ड के सदस्यों और अध्यक्ष के हस्ताक्षर या उस चिकित्सक के हस्ताक्षर, जिसने अस्थि परीक्षण किया है।,

(17) जैसे ही चिकित्सा आयु आंकलन का आदेश प्राप्त होता है, चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष, चिकित्सा बोर्ड के समस्त अन्य सदस्यों को तुरंत सूचना देगा जो उनके द्वारा किए जाने वाले परीक्षण को करने की व्यवस्था करेंगे। विधिवत् गठित चिकित्सा बोर्ड के समस्त तीनों सदस्य उनके द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट उनके अभिमत के साथ अलग–अलग तैयार करेंगे। अध्यक्ष, समस्त सदस्यों के परामर्श उपरांत आयु पर अंतिम अभिमत देंगे। आयु पर अंतिम अभिमत देते

समय चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष उस तारीख का उल्लेख करेगा जिस दिवस को आयु की गणना की गई है।

(18) समस्त जिला शासकीय चिकित्सालयों में स्थायी आधार पर विधिवत् रूप से गठित चिकित्सा बोर्ड होगा, जिसमें तीन चिकित्सक होंगे, जिनमें एक रेडियोलॉजिस्ट या आर्थो–रेडियोलॉजिस्ट, एक दंत चिकित्सक और एक जनरल फिजीशियन सम्मिलित होगा। ऐसा चिकित्सा बोर्ड, उसके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रतिदिन उपलब्ध रहेगा। विधिवत् रूप से गठित चिकित्सा बोर्ड के किसी सदस्य के अनुपलब्ध होने की दशा में, उसके स्थान पर किसी अन्य योग्य चिकित्सक को प्रतिनियुक्त करना, शासकीय चिकित्सालय के प्रमुख का कर्तव्य होगा। चिकित्सा बोर्ड के सबसे वरिष्ठ सदस्य को चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष माना जाएगा।

66. बाल देखभाल संस्था के भारसाधक व्यक्ति के कर्त्तव्य :–

(1) भारसाधक व्यक्ति की प्राथमिक जिम्मेदारी बाल देखभाल संस्था का रखरखाव करना तथा बालकों को देखभाल और संरक्षण उपलब्ध कराना है।

(2) भारसाधक व्यक्ति, जब कभी बालकों या कर्मचारीवृंद द्वारा अपेक्षित होगा, उपलब्ध कराए जाने वाले परिसर में रहेगा तथा जहां परिसर में आवास की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी वहां, बाल देखभाल संस्था में ऐसा आवास उपलब्ध कराया जाने तक, भारसाधक व्यक्ति बाल देखभाल संस्था के अत्यधिक सामीप्य वाले स्थान पर रहेगा।

(3) प्रभारी व्यक्ति के साधारण कर्तव्य और कृत्य में निम्नलिखित शामिल होंगे :

(i) अधिनियम के प्रावधानों तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों और आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(ii) बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(iii) बालकों को घर जैसा वातावरण देना तथा प्यार, स्नेह, देखभाल

और उनकी चिंता करना;

(iv) बालकों का विकास और कल्याण का प्रयास करना;

(v) बालकों और स्टाफ के अनुशासन और कल्याण का पर्यवेक्षण और निगरानी करना;

(vi) प्रशिक्षण और उपचार कार्यक्रमों अथवा सुधारात्मक कार्यकलापों, सहित सभी कार्यकलापों, कार्यालयों तथा ऑप्रेशनों जैसा भी मामला हो, की योजना बनाना, क्रियान्वयन तथा समन्वय करना;

(vii) संस्था के चिकित्सा अधिकारी की सलाह पर सांसर्गिक अथवा संक्रामक रोग से पीड़ित किसी बालक को पृथक रखना;

(viii) जहां कहीं अपेक्षित हो किसी बालक को पृथक रखना, बालक के सर्वोत्तम हित के अनुरूप;

(ix) दैनिक दिनचर्या, कार्यकलापों का प्रेक्षण और अनुवर्ती कार्यवाही सुनिश्चित करना;

(x) गृह में स्थानीय तथा राष्ट्रीय उत्सव आयोजित करना;

(xi) बालकों के लिए दौरे या सैर अथवा पिकनिक आयोजित करना;

(xii) प्रत्येक सप्ताह बोर्ड अथवा समिति जैसा भी मामला हो को, बाल देखरेख संस्था के बालकों की सूची प्रारूप 40 में भेजना तथा यदि किसी बालक को बोर्ड अथवा समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने की कोई तारीख नहीं दी जाती है तो इसे बोर्ड अथवा समिति के ध्यान में लाना;

(xiii) कार्मिकों को कर्तव्यों का आवंटन;

(xiv) बाल देखरेख संस्था में देखभाल के मानकों का रखरखाव करना;

(xv) उचित भंडारण तथा भोजन सामग्री और परोसे गए भोजन का निरीक्षण करना;

(xvi) बाल देखरेख संस्था के भवनों और परिसरों का रखरखाव करना;

(xvii) बाल देखरेख संस्था में उचित साफ–सफाई बनाए रखना;

(xviii) परिसर में दुर्घटना और अग्निशामक उपाय, आपदा प्रबंधन उपलब्ध कराना तथा साथ ही प्राथमिक उपचार किट रखना;

(xix) पानी के भंडारण, पावर बैंक–अप, इन्वर्टरों, जनरेटरों के लिए अतिरिक्त प्रबंध करना;

(xx) उपकरण की सावधानीपूर्वक हैंडलिंग सुनिश्चित करना;

(xxi) उपयुक्त सुरक्षा उपाय नियोजित करना;

(xxii) बाल देखरेख संस्थाओं के दैनिक निरीक्षण और दौरों सहित आवधिक निरीक्षण आयोजित करना;

(xxiii) आकस्मिकताओं की पूर्ति करने हेतु शीघ्र कार्रवाई करना;

(xxiv) सभी अनुशासनिक मामलों की शीघ्र, दृढ़ और पर्याप्त हैंडलिंग सुनिश्चित करना;

(xxv) मामला फाइलों का उचित तथा समय से रखरखाव सुनिश्चित करना;

(xxvi) अधिनियम और इन नियमों के अधीन अपेक्षित सभी अभिलेखों और रजिस्टरों का रखरखाव करना;

(xxvii) बजट तैयार करना तथा वित्तीय मामलों पर पर्यवेक्षण और नियंत्रण रखना;

(xxviii) प्रबंधन समिति की बैठकें आयोजित करना तथा आवश्यक सहायता प्रदान करना;

(xxix) प्रबंधन समिति द्वारा सभी अभिलेखों तथा रजिस्टरों का मानक सत्यापन सुनिश्चित करना;

(xxx) जब कभी आवश्यक हो राज्य बाल संरक्षण समिति तथा जिला बाल संरक्षण समिति के साथ संपर्क बनाना, समन्वय तथा सहयोग करना;

(xxxi) यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक बालक को विधिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है तथा निःशुल्क विधिक सहायता और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिला बाल संरक्षण इकाई के विधिक–सह–परीवीक्षा अधिकारी अथवा जिला अथवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में के साथ समन्वय ;

(xxxii) बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय अथवा अन्य किसी न्यायालय के समक्ष ऐसी उपस्थिति की तारीख को, बालक की प्रस्तुति को सुनिश्चित करना तथा सुनिश्चित करना कि उक्त प्रयोजनार्थ तारीखें अभिलिखित की जाती हैं;

(xxxiii) बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं और बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता के कार्य भार को ध्यान में रखते हुए, संस्था में प्रवेशित प्रत्येक नए बच्चे को एक बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता नियुक्त करें;

(xxxiv) सुनिश्चित करना कि संस्थान में कार्यरत सभी स्टाफ और आगंतुकों को संस्था की बाल संरक्षण नीति का पालन करने के बारे में उचित रूप से सूचित और उन्मुख किया गया है।

(4) भारसाधक व्यक्ति जितनी बार संभव हो, बाल देखभाल संस्था का निरीक्षण करेगा परंतु दिन में दो बार से कम नहीं। भारसाधक व्यक्ति निरीक्षण के समय का अभिलेख रखेगा तथा साथ ही इस प्रयोजनार्थ विशेषकर निम्नलिखित के संबंध में रखी गई एक पृथक पुस्तिका में अपनी टिप्पणियां भी दर्ज करेगाः

(i) साफ–सफाई तथा स्वच्छता का रखरखाव;

(ii) व्यवस्था एवं अनुशासन का पालन;

(iii) भोजन की गुणवत्ता तथा मात्रा;

(iv) खाद्य वस्तुओं तथा अन्य प्रदायों की साफ–सफाई का अनुरक्षण;

(v) चिकित्सा केंद्र में साफ–सफाई तथा चिकित्सा देखभाल के प्रावधान;

(vi) बालकों तथा कर्मचारीवृंद का व्यवहार;

(vii) सुरक्षा प्रबंधन, और

(viii) फाइलों, रजिस्टरों तथा पुस्तकों का रखरखाव।

(5) भारसाधक व्यक्ति अपनी जानकारी में आने वाली किसी अनियमितता की तुरंत जांच करेगा और समाधान करेगा। कार्रवाई की तारीख, समय और प्रकृति, पुस्तिका में दर्ज की जाएगी।

(6) जहां तात्कालिक प्रकृति की कोई समस्या का दो दिवसों में कोई समाधान नहीं किया गया हो, तो बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय जैसा भी मामला हो और जिला बाल संरक्षण इकाई को भारसाधक व्यक्ति द्वारा सूचित किया जाएगा।

(7) यदि भारसाधक व्यक्ति अवकाश पर है अथवा अन्यथा उपलब्ध न हो, भारसाधक व्यक्ति का कर्तव्य भारसाधक व्यक्ति द्वारा यथाभिहित बाल कल्याण अधिकारी द्वारा निष्पादित किया जाएगा।

(8) भारसाधक व्यक्ति औपचारिक स्कूल या ओपन स्कूल या व्यावसायिक प्रशिक्षण के किसी भी संस्थान में नामांकन या प्रवेश से सम्बंधित मामलों में बालक के अभिभावक के रूप में कार्य करेगा, जहाँ बालक के जैविक माता–पिता या कानूनी अभिभावक उपलब्ध नहीं हैं।

(9) भारसाधक व्यक्ति किसी कानूनी कार्यवाही के प्रयोजनों के लिए संस्था में रहने वाले बालक की ओर से मुख्तारनामा या वकालतनामा पर हस्ताक्षर

करने का पात्र होगा।

(10) यह सुनिश्चित करना भारसाधक व्यक्ति की जिम्मेदारी होगी कि बाल देखभाल संस्थान के लिए एक बाल संरक्षण नीति तैयार की जाए और संस्था के प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए।

67. बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्ता के कर्तव्य :–

(1) बाल देखरेख संस्था का प्रत्येक बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्ता ,बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का कार्यान्वयन करेगा।

(2) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता बालक के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन तथा आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं तथा संगठनों के साथ संपर्क स्थापित करेगा।

(3) बाल कल्याण अधिकारी अथवा संस्था में उपलब्ध मामला कार्यकर्ता, किसी बालक को लेते समय, उसकी सुगमता के उद्देश्य से, लिए गए बालक के साथ बातचीत करेगा तथा उसे मित्र बनायेगा और बालक प्राप्त करने की प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेगा।

(4) पुलिस अथवा बाल कल्याण पुलिस अधिकारी से सूचना की प्राप्ति पर अथवा बाल देखरेख संस्था में बालक के पहुंचने पर बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्ता, तुरंत बालक व उसके परिवार सदस्यों, सामाजिक अभिकरणों तथा अन्य स्रोतों से व्यक्तिगत साक्षात्कारों के माध्यम से बालकों की सामाजिक जांच करेगा, पूर्ववृत् तथा बालक के परिवार इतिहास की जांच करेगा तथा ऐसी अन्य प्रासंगिक सामग्री को एकत्र करेगा एवं 15 दिन के भीतर बोर्ड अथवा समिति अथवा बालक न्यायालय को सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(5) बाल देखरेख संस्था में प्रत्येक नवीन प्रवेशित बालक, भारसाधक व्यक्ति द्वारा, बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्ता को सौंपा जाएंगा, जो सौंपे गए बालक की देखभाल और विकास, बालक के बारे में बोर्ड या

समिति या बालक न्यायालय को रिपोर्ट करने अथवा बाल देखरेख संस्था में बालक के अभिलेखों का रखरखाव और अद्यतन करने जैसे समस्त पहलुओं के लिए जिम्मेदार होगा।

(6) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता को बालक को सांपे जाने पर, बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता निम्नलिखित कार्य करेगा :

(i) बालक की मामला फाइल तैयार करना;

(ii) संरक्षात्मक अभिरक्षा कार्ड का रखरखाव करना;

(iii) बालक का चिक्रित्मा अभिलेख तैयार करना और उसका रखरखाव करना और सुनिश्चित करना कि बालक का उपचार बाधित अथवा उपेक्षित न हो;

(iv) बालक की सुरक्षा, कल्याण और विकास सुनिश्चित करने; बाल देखरेख संस्था में जीवन के साथ सामंजस्य के लिए बालक की सहायता करने के लिए बालक से प्रत्येक दिन मिलना। नए प्रवेशित बालक के साथ दिन में एक से अधिक बार मुलाकात की जाएगी;

(v) बालक की शिक्षा, व्यावसायिक स्थिति और कौशल और भावनात्मक स्थिति का पता लगाने के लिए शुरुआत के पांच दिनों में बालक के बारे में सूचना एकत्रित करना;

(vi) जरूरी चिकित्सा और मानसिक जांच कराना, बालक का मूल्यांकन और परीक्षा कराना;

(vii) रिपोर्टों का अध्ययन करना और बालक और उसके परिवार के सदस्यों के परामर्श से लंबित जांच की अवधि के दौरान बालक की केस फाइल में लगाने के लिए प्ररूप 7 में व्यक्तिगत देखरेख योजना तैयार करना। बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक या ऐसे अन्य व्यक्ति से

परामर्श कर सकता है;जैसा भी वह इस संबंध में आवश्यक समझे

(viii) व्यक्तिगत देखरेख योजना के, अनुसार बालक के लिए एक दिनचर्या तैयार की जाए और बालक को समझा दी जाए;

(ix) यह सुनिश्चित करना कि बालक तैयार की गई दिनचर्या की गतिविधियों का अनुपालन करे और इस संबंध में देखभालकर्ताओं से समय पर रिपोर्ट लेना:

(x) व्यक्तिगत देखरेख योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की आवधिक समीक्षा करना और यदि आवश्यक हो, प्रबंधन समिति के अनुमोदन से प्ररूप 7 में व्यक्तिगत देखरेख योजना और दिनचर्या में उचित अनुमोदन करना;

(xi) बालक की समस्याओं को हल करना और संस्थागत जीवन में उनकी कठिनाइयों का सहानुभूतिपूर्वक निपटान करना;

(xii) बालक से संबंधित अभिविन्यास, निगरानी, शिक्षा, व्यावसायिक एवं पुनर्वास कार्यक्रमों में भागीदारी करना और उन्हें सौंपे गए बालकों के संबंध में स्कूलों में अभिभावक– शिक्षक बैठकों में उपस्थित रहना;

(xiii) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय की कार्यवाही में उपस्थित रहना और सभी सूचनाएं उपलब्ध कराना और सभी रिपोर्ट जिनकी मांग की गई हो, दाखिल करना;

(xiv) आयु की घोषणा का आदेश प्राप्त होने पर, बालक की आयु के संबंध में अभिलेख में, यदि कोई परिवर्तन अपेक्षित हो, आवश्यक परिवर्तन करना और बालक की मामला फाइल में उक्त आदेश की प्रति लगाना;

(xv) रिहाई–पूर्व कार्यक्रम में भागीदारी करना और बालक की संपर्क

स्थापित करने में सहायता करना जो रिहाई के बाद बालक को भावनात्मक और सामाजिक समर्थन प्रदान कर सके;

(xvi) बालक की रिहाई के बाद उनसे संपर्क बनाए रखना और उन्हें सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना;

(xvii) बालक के पर्यवेक्षण के दौरान उनके आवास और नियोजन के स्थान या स्कूल जहां वह उपस्थित रहता है का भी नियमित दौरा करना और पर्यवेक्षण रिपोर्ट जैसा भी निर्देश दिया गया हो, रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(xviii) जहां कहीं भी संभव हो, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय जैसा भी मामला हो, से बाल देखरेख संस्था तक बालक के साथ जाना;

(xix) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के समक्ष बालक को पेश करने अथवा चिकित्सा उपचार की अगली तारीख का अभिलेख रखना और यह सुनिश्चित करना कि उक्त तारीख को बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के समक्ष अथवा चिकित्सा उपचार के लिए बालक को पेश किया जाए;

(xx) समय–समय पर यथाविनिर्दिष्ट रजिस्टरों का रखरखाव करना;

(xxi) बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

68. गृह माता या गृह पिता के कर्तव्य :–

(1) प्रत्येक गृह माता या गृह पिता प्रभारी व्यक्ति के निर्देशों का पालन करेगा/करेगी।

(2) गृह माता या गृह पिता के साधारण कर्तव्य, कार्य और उत्तरदायित्व निम्नलिखित होंगे:

(i) बाल देखरेख संस्था में प्रत्येक बालक के साथ प्यार और स्नेह

के साथ व्यवहार करना;

(ii) बालक की उचित देखरेख करना और उसका कल्याण सुनिश्चित करना;

(iii) प्रत्येक बालक को उनकी प्राप्ति पर सभी अपेक्षित आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, प्रसाधन सामग्री और दैनिक उपयोग के लिए अन्य वस्तुओं उपलब्ध कराएगा;

(iv) मानक अनुरूप और बालक की जरूरतों के अनुसार खाद्य आपूर्ति और सामान की पुनःपूर्ति करना;

(v) बालकों के बीच अनुशासन बनाए रखना;

(vi) यह सुनिश्चित करना कि बालक व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता बनाए रखें;

(vii) अनुरक्षण और सफाई की देखभाल करना और आस–पास स्वच्छता बनाए रखना;

(viii) प्रत्येक बालक की दैनिक दिनचर्या का दक्षतापूर्वक रीति से कार्यान्वयन और इसमें बालकों की सहभागिता सुनिश्चित करना;

(ix) बाल देखरेख संस्था में सुरक्षा और संरक्षा की देखभाल करनाः

(x) बालकों का, वे जब कभी बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के समक्ष पेश होने के अलावा अन्य किसी प्रयोजन से बाल देखरेख संस्था से बाहर जाते हैं, मार्गरक्षण कराना;

(xi) बाल कल्याण अधिकारी को सौंपे गए बालक के बारे में प्रभारी अधिकारी और बाल कल्याण अधिकारी को रिपोर्ट करना

(xii) उनके कर्तव्यों से संबधित रजिस्टरों का रखरखाव करना; और

(xiii) बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

69. परिवीक्षा अधिकारी के कर्तव्य :–

(1) अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (1) के खंड (ii) के अधीन पुलिस या बाल कल्याण अधिकारी से सूचना प्राप्त होने पर, बोर्ड से किसी औपचारिक आदेश की प्रतीक्षा किए बिना, परिवीक्षा अधिकारी तुरंत बालक और बालक के माता–पिता या अभिभावक को संपर्क करते हुए, बालक की उन परिस्थितियों की जांच करेगा जो बोर्ड द्वारा जांच पर प्रभाव डालती हैं और बोर्ड को प्ररूप 6 में सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(2) सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट में बढ़ाने और कम करने वाले कारकों सहित जोखिम का मूल्यांकन जिसमें उन परिस्थितियों को विशेष रूप से स्पष्ट किया गया हो जिनमें अवैध व्यापार करने वाले या दुरुपयोगकर्ताओं, वयस्क गिरोहों, नशीली दवाओं का सेवन करने वालों का पड़ोस में रहना, हथियारों तथा नशीली दवाओं तक पहुंच, आयु अनुचित व्यवहार और सूचना तथा सामग्री के प्रति अरक्षितता की जानकारी दी जाएगी।

(3) परिवीक्षा अधिकारी यथास्थिति बोर्ड, समिति या बालक न्यायालय, द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करेगा और अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों में निर्धारित किए गए कार्यों के अलावा, उसके निम्नलिखित सामान्य कर्तव्य, कार्य और जिम्मेदारियां होंगी:

(i) बालक और बालक के परिवार के सदस्यों या अभिभावक से बातचीत के आधार पर प्ररूप 6 में बालक का सामाजिक अन्वेषण करना;

(ii) यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय के समक्ष विधि विरोधी बालकों की कार्यवाही में उपस्थित रहना और जब कभी अपेक्षित हो, रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(iii) बालक की समस्याओं को स्पष्ट करना और संस्थागत जीवन में उनकी कठिनाइयों को हल करना;

(iv) अभिविन्यास, निगरानी, शिक्षा, व्यावसायिक और पुनर्वास कार्यक्रमों में भाग लेना;

(v) बालक और भारसाधक अधिकारी के बीच सहयोग और समझदारी स्थापित करना;

(vi) बालक की परिवार के साथ संपर्क विकसित करने में सहायता करना और परिवार के सदस्यों को भी सहायता प्रदान करना;

(vii) रिहाई–पूर्व कार्यक्रमों में भाग लेना और बालक को ऐसे संपर्क स्थापित करने में सहायता करना जो बालक को रिहाई के बाद भावनात्मक और सामाजिक समर्थन प्रदान कर सके;

(viii) सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट प्राप्त करने, पर्यवेक्षण और अनुवर्तन के लिए अन्य जिलों और राज्यों के परिवीक्षा अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करना;

(ix) बालकों के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन को सुकर बनाने और आवश्यक अनुवर्तन सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं और संगठनों से संपर्क स्थापित करना;

(x) बालक की रिहाई के पश्चात् नियमित अनुवर्ती कार्रवाई और उनकी सहायता और मार्गदर्शन करना और समाज की मुख्य धारा में उनकी वापसी को समर्थ और सुकर बनाना;

(xi) बालक के लिए व्यक्तिगत देखरेख योजना और रिहाई पश्चात् योजना तैयार करना;

(xii) जांच लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किए गए बालकों या निपटान आदेश अनुसार परिवीक्षा पर रखे गए बालकों की निगरानी करना और यथास्थिति, बोर्ड या बालक न्यायालय को अद्यतन रखना और आवधिक रिपोर्ट दाखिल करके बालक के बारे में सूचित करना;

(xiii) उनके पर्यवेक्षणाधीन बालक के आवास और नियोजन के स्थान या ऐसे विद्यालय का जिसमें बालक अध्ययन कर रहा है,

नियमित दौरा करना और प्ररूप 10 में आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(xiv) जहां कही संभव हो, बोर्ड के कार्यालय से, यथास्थिति, संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह, सुरक्षा के स्थान या उचित सुविधा तक बालक के साथ जाना;

(xv) सुरक्षा के स्थान में बालकों की प्रगति का आवधिक आधार पर मूल्यांकन करना और रिपोर्ट तैयार करना तथा उसे बालक न्यायालय को अग्रेषित करना;

(xvi) निगरानी प्राधिकारी के रूप में, जहां कहीं बालक न्यायालय द्वारा ऐसी नियुक्ति की गई हो, कार्यों का निर्वहन करना;

(xvii) दैनिक कार्यकलापों जैसे कि, किए गए दौरों, तैयार की गई सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट, किया गया अनुवर्तन और तैयार की गई पर्यवेक्षण रिपोर्टों का अभिलेख रखने के लिए एक डायरी या रजिस्टर का रखरखाव करना;

(xviii) सामुदायिक सेवाओं के विकल्प अभिनिर्धारित करना और बालकों के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन को सुकर बनाने के लिए स्वैच्छिक क्षेत्र के साथ संपर्क स्थापित करना;

(xix) बोर्ड, समिति, बालक न्यायालय या राज्य सरकार के निर्देश पर अथवा अपनी पहल पर भी, एक परिवीक्षा अधिकारी बालगृह या विशेषगृह या सुरक्षित स्थान पर जाकर बालकों के साथ बातचीत करे और पता लगाए कि क्या कोई बालक अधिनियम की धारा 97 के तहत रिहाई के लिए उपयुक्त है। उपयुक्त मामलों में, परिवीक्षा अधिकारी संस्था के प्रभारी व्यक्ति के साथ परामर्श करेगा, एक बालक के सभी अभिलेखों का अध्ययन करेगा और उसकी संस्था से रिहाई पर विचार हेतु, समिति या बोर्ड या बालक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक

रिपोर्ट तैयार करेगा; और

(xx) सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

70. पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी –

(1) सभी बाल देखरेख संस्थाओं में, सुरक्षा के स्थान सहित, पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी अभिहित किया जाएगा।

(2) पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी के पास अनिवार्यतः समाज कार्य या मानव संसाधन प्रबंधन या समाज शास्त्र या मनोविज्ञान में मास्टर डिग्री और पुनर्वास, रोजगार सृजन और संसाधन संघटन के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो।

(3) पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगाः

(i) उपयुक्त तंत्र के माध्यम से और बाल कल्याण अधिकारी, मामला कार्यकर्ता, परामर्शदाता और व्यावसायिक अनुदेशक के साथ परामर्श से बाल देखरेख संस्थाओं में स्थापन किए गए बालकों के कौशल और अभिक्षमता अभिनिर्धारित करना;

(ii) ऐसी सभी अभिकरण को जो पाठ्यक्रम के अंत में कार्य स्थापन के साथ व्यावसायिक और प्रशिक्षण सेवाएं प्रदान करती हैं, अभिनिर्धारित करना और उनसे संपर्क विकसित करना;

(iii) स्व–रोजगार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और सहायता प्रायोजित करने के लिए संसाधनों को संघटित करने के लिए व्यक्तियों, कॉर्पोरेटों, मान्यता प्राप्त संगठनों और निधियन करने वाले अन्य अभिकरणों का नेटवर्क बनाना;

(iv) बाल देखरेख संस्थाओं में आयु, अभिक्षमता, रुचि और क्षमता के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण इकाइयों की स्थापना करने के लिए व्यक्तियों, कॉर्पोरेटों, मान्यता प्राप्त संगठनों और निधियन करने वाले अन्य अभिकरणों की सहायता करना और उनके साथ

समन्वय करना;

(v) व्यावसायिक अनुदेशकों को संघटित करना जो बाल देखरेख संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करने के लिए सेवाएं प्रदान करते हैं;

(vi) स्व–रोजगार के लिए उद्यमशील कौशल विकसित करना और वित्तीय और विपणन समर्थन सुकर बनाना;

(vii) बालक के व्यक्तित्व लक्षणों तथा विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों के मामले में, अपराध की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए पुनर्वास योजना, तैयार करना;

(viii) प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड का रखरखाव करना और बालक द्वारा की गई प्रगति की नियमित आधार पर निगरानी करना और प्रबंधन समिति को ऐसी रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(ix) शिक्षा या व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा होने पर प्रमाणपत्र प्राप्त करने में बालक की सहायता करना;

(x) प्रत्येक पात्र और प्रशिक्षित बालक का उपयोगी स्थापन सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करना;

(xi) केंद्रीय और राज्य सरकार के अधीन उपलब्ध पुनर्वास कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में कार्यशालाएं आयोजित करना, और ऐसी योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता का प्रसार करना और पहुंच सुकर बनाना;

(xii) बालक को उपयोगी और जिम्मेवार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए व्यक्तित्व विकास, जीवन कौशल विकास, सामंजस्य कौशल, तनाव प्रबंधन और अन्य व्यावहारिक कौशल पर कार्यशालाएं आयोजित करना; और

(xiii) बालकों की नियमित निगरानी करने और यथापेक्षित कोई अन्य

सहायता प्रदान करने के लिए उन अभिकरणों का नियमित दौरा करना जहां उनका स्थापन किया गया है।

71. कार्मिक अनुशासन –

(1) बाल देखरेख संस्थाओं के कार्मिकों द्वारा की गयी कर्तव्य की कोई उपेक्षा या इन नियमों और आदेशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और भारसाधक व्यक्ति द्वारा गलती करने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी या कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

(2) बाल देखरेख संस्था का कोई भी कर्मचारी बाल देखरेख संस्था के भीतर किसी अनाधिकृत स्थान पर उपस्थित नहीं होगा।

(3) बाल देखरेख संस्था का कोई भी कर्मचारी संस्था में कोई भी निषिद्ध वस्तु नहीं लाएगा।

(4) बाल देखरेख संस्था का कोई भी कर्मचारी, भले ही उस समय वह ड्यूटी पर हो अथवा न हो, बाल देखरेख संस्था के परिसर में नशीली शराब, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू जैसा कोई व्यसनकारी पदार्थ अथवा कोई अन्य नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेगा अथवा किसी मादक पदार्थ के नशे में ड्यूटी के लिए रिपोर्ट नहीं करेगा।

(5) बाल देखरेख संस्था का कोई भी कर्मचारी किसी भी बालक को कोई वस्तु नहीं बेचेगा या लाभ के लिए किराए पर नहीं देगा या ऐसे बालक या उसके माता–पिता अथवा अभिभावक के साथ कोई व्यवसाय नहीं करेगा।

(6) बाल देखरेख संस्था का कोई भी कर्मचारी बाल देखरेख संस्था के परिसर में अपमानजनक या अशिष्ट भाषा का प्रयोग नहीं करेगा या आयु–अनुपयुक्त विषय पर चर्चा नहीं करेगा या अश्लील सामग्री नहीं देखेगा या अश्लील साहित्य नहीं पढ़ेगा।

72. सुरक्षा उपाय :–

(1) बाल देखरेख संस्था में रखे गए बालकों की श्रेणी, बालकों के आयु वर्ग, बाल देखरेख संस्था के प्रयोजन और जोखिम के कारकों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बाल देखरेख संस्था में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।

(2) सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त करते समय, पुनर्वास महानिदेशालय के माध्यम से या उनके द्वारा अनुसंशित अभिकरणों द्वारा भर्ती किए गए भूतपूर्व

सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

(3) लड़कियों को रखने वाली बाल देखरेख संस्था में, बाल देखरेख संस्था के भीतर महिला सुरक्षा गार्ड लगाए जाएंगे और पुरुष सुरक्षा गार्डों को बाहर से सुरक्षा के लिए लगाया जाएगा।

(4) किसी भी आपातकालीन परिस्थिति के लिए सुरक्षा कर्मियों को रिजर्व में भी रखा जाएगा।

(5) भारसाधक व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि हर समय निम्नलिखित सहित पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं :

(i) सुरक्षा भारसाधक और विभाग के परामर्श से भारसाधक व्यक्ति द्वारा अभिनिर्धारित किए जाने वाले सभी स्थानों पर अलग–अलग पालियों में पर्याप्त संख्या में गार्ड तैनात किए जाएंगे।

(ii) कोई भी बालक जो रात में चिकित्सा समस्या या किसी अन्य समस्या की शिकायत करता है, संबंधित देखेरेखकर्ता को रिपोर्ट करेगा। देखरेखकर्ता यथाअपेक्षित ऐसे आवश्यक उपाय करेगा और आपात स्थिति में संबंधित चिकित्सा अधिकारी या प्रभारी व्यक्ति को, जैसी भी आवश्यकता हो, सूचित करेगा जो तत्काल उपयुक्त उपाय करेगा।

(iii) भारसाधक व्यक्ति द्वारा ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जाएगा और बाल देखरेख संस्था परिसर में कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(6) प्रत्येक देखरेखकर्ता या बाल देखरेख संस्था का अन्य कर्मचारी, यदि उसे बालकों में अशांति की किसी घटना या संभावना का पता चलता है, उसे बिना समय गंवाए भारसाधक व्यक्ति के संज्ञान में लाएगा जो स्थिति की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक उपाय करेगा और ऐसी सूचना या घटना की जानकारी के साथ–साथ उसके द्वारा किए गए उपायों की

जानकारी लिखित में बोर्ड या समिति को देगा।

(7) भार साधक व्यक्ति बाल देखरेख संस्था का रात में, जितने अंतराल पर संभव हो सके, लेकिन सप्ताह में एक बार से अन्यून नहीं, औचक निरीक्षण करेगा। वह इस प्रयोजन के लिए उसके द्वारा रखे जा रहे रजिस्टर में अपने निरीक्षण के समय को अभिलेख करेगा और अपनी टिप्पणियां भी लिखेगा।

(8) बाल देखरेख संस्था के बाहर अशांति के मामले में, पाली प्रभारी तत्काल संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचना देगा।

(9) बाल देखरेख संस्था के भीतर हिंसा या अशांति के मामले में, पाली भारसाधक, भारसाधक व्यक्ति की अनुमति से पुलिस की सहायता लेगा। पाली भारसाधक पहले बालकों को चेतावनी जारी करेगा।

(10) प्राकृतिक आपदा या आग या ऐसी किसी दुर्घटना के मामले में, पाली भारसाधक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं के लिए यथाविकसित आपदा प्रबंधन नवाचार के अनुसार बालकों के निकास और सुरक्षा के लिए उपयुक्त उपाय करेगा।

(11) उक्त उपायों का अनुपालन करने के लिए अधिकारियों, बालकों और गार्डों को तैयार करने के लिए भारसाधक व्यक्ति द्वारा पूर्व में नोटिस दिए प्रत्येक तीन मास में एक बार व्यवहारिक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा

(12) बालकों की निजता और गरिमा को ध्यान में रखते हुए बाल देखरेख संस्था के सभी प्रवेश और निकास के सभी बिंदुओं, स्वागत कक्ष, गलियारों, रसोई, रसोई–भंडार या भंडार कक्ष, शयनागार, शौचालयों के प्रवेश एवं निकास बिंदुओं जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर सी.सी.टी.वी. कैमरों को लगाया जा सकता है।

(13) प्रत्येक बाल देखरेख संस्था में पर्याप्त संख्या में स्कैनर और मेटल

डिटेक्टर लगाए जाएं।

73. तलाशी और अभिग्रहण:–

(1) प्रभारी व्यक्ति या राज्य शासन द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, यदि आवश्यक हो, तलाशी लेगा और निषिद्ध वस्तुओं को, यदि पाई जाती हैं, अभिग्रहण करेगा।

(2) अभिग्रहण के मामले में निम्न प्रक्रिया होगी:

(i) तलाशी के दौरान पाई गई कोई भी निषिद्ध वस्तु अभिग्रहण की जाएगी और ऐसी जब्ती की सूची तैयार की जाएगी;

(ii) बालक से या शयनागार में हथियार, शस्त्र, हथियार के रूप में उपयोग किए जा सकने वाली वस्तुओं या आपराधिक गतिविधियों के लिए औजार या मादक पदार्थ पाए जाने के मामले में, भारसाधक अधिकारी ऐसी वस्तुओं की उपस्थिति और ऐसे कृत्य के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों का पता लगाने के लिए जाँच करेगा;

(iii) भारसाधक अधिकारी इस संबंध में पुलिस को रिपोर्ट देगा और शीघ्रातिशीघ्र बोर्ड या समिति को सूचित करेगा;

(iv) बोर्ड ऐसी रिपोर्ट या समिति द्वारा अग्रेषित की गई रिपोर्ट पर अभिग्रहण की गई वस्तुओं के निस्तारण के लिए उपयुक्त कार्रवाई शुरू कर कर सकता है;

(v) राज्य सरकार या जिला दण्डाधिकारी जिम्मेवार व्यक्ति के विरुद्ध, यदि ऐसा व्यक्ति बाल देखरेख संस्था का अधिकारी है या उस अभिकरण जिसके द्वारा वह व्यक्ति नियुक्त किया गया है या बाल देखरेख संस्था के विरुद्ध उचित कार्रवाई करेगा;

(vi) जिम्मेवार बालक के संबंध में कार्रवाई अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार की जाएगी।

(3) अभिग्रहण की गई सभी वस्तुओं को, इस बात की संतुष्टि होने के बाद कि अभिग्रहण की गई वस्तुओं की किसी अधिकारी के विरुद्ध किसी जांच या विभागीय कार्रवाई के लिए या किसी आपराधिक अन्वेषण और कार्यवाही में जरूरत नहीं होगी, सक्षम न्यायालय के आदेश पर नष्ट या निस्तारित कर दिया जाएगा।

74. बालकों का संस्थागत प्रबंधन :–

(क) **बालक को प्राप्त करना –**

(1) प्रत्येक बालक को बाल देखरेख संस्था के अधिकारी या बालक को प्राप्त करने के लिए प्रभारी व्यक्ति द्वारा विधिवत् प्राधिकृत ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा, जिसे प्राप्तकर्ता अधिकारी कहा जाएगा, प्राप्त किया जाएगा।

(2) प्राप्तकर्ता अधिकारी बालक की पहचान के संबंध में स्वयं का समाधान करेगा और किसी भी संदेह की दशा में, प्राप्तकर्ता अधिकारी तुरंत प्रभारी अधिकारी को सूचित करेगा जो अविलंब बोर्ड या समिति को सूचित करेगा और बालक को बिना किसी देरी के बोर्ड या ममिति के समक्ष पेश करेगा।

(ख) बाल देखरेख संस्था में आवास के प्रकार –

(1) कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों के मामले में, बाल देखरेख संस्था में बालकों के आवास तीन प्रकार के हैं:

(i) संरक्षणात्मक अभिरक्षा;

(ii) रात भर का संरक्षणात्मक आवास;

(iii) पुनर्वास आवास।

(2) देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के मामले में, बाल देखरेख संस्था में बालकों के आवास दो प्रकार के हैं:

(i) रात भर का संरक्षणात्मक आवास;

(ii) पुनर्वास आवास।

(ग) **संरक्षणात्मक अभिरक्षा –**

(1) ऐसे आवास के लिए, यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा विधिवत् हस्ताक्षर किया हुआ, प्रपत्र 41 में सरंक्षणात्मक अभिरक्षा कार्ड अपेक्षित होता है।

(2) ऐसे आवास की अवधि बोर्ड या बालक न्यायालय यथानिर्देशित या उनके द्वारा समय–समय पर यथाविस्तारित होगी।

(3) ऐसा आवास जांच के लंबन के दौरान होगा।

(घ) **रात भर का संरक्षणात्मक आवास –**

(1) ऐसे आवास का प्रयोजन बालक को आवास प्रदान करना और एक विकल्प प्रदान करके उसे पुलिस स्टेशन या किसी अन्य अनुपयुक्त स्थान पर पूरी रात रखने से निवारित करना है।

(2) इस तरह का आवास केवल शाम को 17:00 बजे के बाद और अगले दिन 14:00 बजे तक या छुट्टी के मामले में 24 घंटे से अधिक की अवधि के लिए या ड्यूटी रोस्टर पर कोई उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में होगा।

(3) प्राप्त करने वाले अधिकारी को बाल कल्याण अधिकारी द्वारा रात भर के अथवा 24 घंटे से अनाधिक अवधि के लिए संरक्षणात्मक आवास के लिए भेजे गए लिखित आवेदन पर बालक को बाल देखरेख संस्था में एक रात के आवास की अनुमति दी जाएगी। आवेदन के साथ उन परिस्थितियों को जिनमें बालक को पकड़ा या पाया गया है और बालक की चिकित्सा स्थिति दर्शाने वाले सुसंगत दस्तावेजों की प्रति होगी।

(4) बालक की पहचान के बारे में समाधान होने पर, प्राप्तकर्ता अधिकारी द्वारा बालक को प्राप्त किया जाएगा और प्ररूप 42 तीन प्रतियों में भरा जाएगा। प्ररूप की एक प्रति बाल देखरेख संस्था के अभिलेख के रूप में रखी जाएगी, एक प्रति बाल कल्याण अधिकारी को दी जाएगी और तीसरी प्रति बोर्ड या संबंधित समिति को उनके अभिलेख के लिए अग्रेषित की जाएगी।

(5) बालक को अगले दिन प्ररूप में दिए गए समय पर बाल कल्याण अधिकारी के प्रभार में सौंप दिया जाएगा और प्ररूप की प्रति में उक्त बाल कल्याण अधिकारी से प्राप्ति ली जाएगी।

(6) यदि बाल कल्याण अधिकारी निर्दिष्ट समय पर बालक का प्रभार नहीं लेता है, बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा ऐसे तथ्यों का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट के साथ बालक को संबंधित बोर्ड या समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(7) यह टिप्पणी करते हुए कि बालक को रात भर के संरक्षणात्मक आवास के लिए प्राप्त किया गया है, बालक के ब्यौरे, प्रवेश और छुट्टी रजिस्टर में प्रविष्ट किए जाएंगे।

(8) बालक की शारीरिक रूप से तलाशी ली जाएगी और उसका सभी व्यक्तिगत सामान, यदि कोई पाया जाता है, बाल कल्याण अधिकारी को जिसने बालक को प्रस्तुत किया है, सौंप दिया जाएगा और वह सभी वस्तुओं का अभिग्रहण करेगा और ऐसे अभिग्रहण की एक प्रति प्राप्तकर्ता अधिकारी को देगा।

(9) बालक को, उसकी प्राप्ति के समय पर ध्यान दिए बिना, खाने के लिए भोजन एवं पीने के लिए पानी प्रदान किया जाएगा।

(10) बालक को यथास्थिति स्वागत शयनागार या पृथक्करण इकाई में, रात के लिए रखा जाएगा।

(ङ) **पुनर्वास आवास –**

(1) बालक को ऐसे आवास के लिए समिति द्वारा बाल गृह में और बोर्ड या बालक न्यायालय द्वारा विशेष गृह या सुरक्षित स्थान में भेजा जाएगा।

(2) बालक को प्रपत्र 14 में पुनर्वास कार्ड जारी किया जाएगा जिसमें बालक के आवास की अवधि का उल्लेख होगा जब तक कि बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय द्वारा उस संबंध में विशिष्ट आदेश के द्वारा अवधि को कम न किया गया हो।

(च) **बालक को प्राप्त करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –**

(1) प्राप्तकर्ता अधिकारी बालक को प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन करेगा;

(i) बालक का पूरा व्यक्तिगत ब्यौरा प्रवेश और छुट्टी रजिस्टर में प्रविष्ट किया जाएगा। पुनर्वास आवास के मामले में, बालक की रिहाई की तारीख भी लिखी जाएगी;

(ii) बालक को तलाशी की आवश्यकता और प्रक्रिया को स्पष्ट करने के बाद और शिष्टता और सम्मान का पूरा ध्यान रखते हुए उसकी तलाशी ली जाएगी। बालिका की तलाशी महिला कर्मचारी द्वारा ही ली जाएगी;

(iii) बालक को, उसकी प्राप्ति के समय पर ध्यान दिए बिना, खाने के लिए भोजन एवं पीने के लिए पानी प्रदान किया जाएगा;

(iv) बालक को खराब स्वास्थ्य, चोट, मानसिक बीमारी, रोग या व्यसन जिसके लिए तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, चिकित्सा देखरेख प्रदान की जाएगी;

(v) बालक को विशेष रूप से चिन्हित शयनागार या वार्ड या

अस्पताल में, यदि उसके ऐसे संक्रामक या संचारी रोग से ग्रस्त होने की संभावना है जिसके लिए विशेष देखरेख और सावधानी की जरूरत है, विलग किया जाएगा;

(vi) बालक से परीक्षा या साक्षात्कार में उपस्थिति होने, परिवार के सदस्यों से संपर्क करने जैसी किसी तत्काल और अविलंब आवश्यकता के बारे में पूछा जाएगा।

परंतु प्राप्तकर्ता अधिकारी द्वारा इसके बारे में एक टिप्पणी या यह तथ्य कि ऐसी कोई जरूरत नहीं है, लिखा जाएगा और बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता जिसको बालक सौंपा गया है, प्रस्तुत करेगा। वही टिप्पण बालक की केस फाइल में भी रखा जाएगा।

(2) बाल देखरेख संस्था में प्राप्त किए गए प्रत्येक बालक को पहले चौदह दिनों तक इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से बनाए गए शयनागार में या पृथक्करण इकाई में रखा जाएगा ताकि बालक, बाल देखरेख संस्था के जीवन में समंजित हो सके।

(छ) बालक को प्राप्त करने के बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –

(1) यदि बालक रात में प्राप्त किया जाता है, उसी दिन या अगले दिन निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी :

(i) बालक का फोटो लिया जाएगा। एक फोटो बालक की केस फाइल में रखा जाएगा और दूसरा बालक के ब्यौरे के साथ सूचक कार्ड में चिपकाया जाएगा। एक प्रति क्रमांकित एलबम में रखी जाएगी और फोटो की एक प्रति बोर्ड या समिति को भेजने के साथ–साथ जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी और इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएगी;

(ii) बालक को स्नान कराया जाए और उसे साफ कपड़े प्रदान किए जाएं। देखरेखकर्ता इन नियमों के अनुसार बालक को प्रसाधन वस्तुएं, कपड़ों का नया सेट, बिस्तर और अन्य सामग्री एवं उपकरण देगा, जिनकी एक सूची उसकी केस फाइल में रखी जाएगी। सामानों की इन नियमों के अनुसार समय–समय पर पुनःपूर्ति की जाएगी;

(iii) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता नए भर्ती किए गए प्रत्येक बालक को बाल देखरेख संस्था और इसके कार्यकरण से, विशेषकर निम्नलिखित क्षेत्रों से, परिचित कराएगाः

(क) व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता और सफाई;

(ख) बाल देखरेख संस्था का अनुशासन और आचरण संहिता;

(ग) दैनिक नियमित कार्यकलाप और सहजात वार्तालाप; और

(घ) बाल देखरेख संस्था में अधिकार, उत्तरदायित्व और कर्तव्य।

(iv) बालक का चिकित्सा अधिकारी द्वारा परीक्षण किया जाएगा जो बालक के स्वास्थ्य की स्थिति और उसके शरीर पर कोई घाव या चिह्न और कोई अन्य टिप्पणी जिसे चिकित्सा अधिकारी ठीक समझे, को अभिलिखित करेगा और जिसकी एक प्रति बालक के चिकित्सा अभिलेख में रखी जाएगी;

(v) प्रभारी अधिकारी द्वारा बालक को एक बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता समानुदेशित किया

जायेगा।

(ज) **बालक को प्राप्त करने के चौदह दिन के भीतर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –**

(1) नियत बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता जितनी बार संभव हो सके, बालक से वार्तालाप करेगा।

(2) बालक को प्राप्त करने के दो दिन के भीतर, यदि अपेक्षित हो, उसके लिए पुनर्वास योजना तैयार करने में सहायता करने के लिए बालक के व्यक्तित्व और जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए उसकी शारीरिक, चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक स्थिति और उसकी व्यसन स्थिति समझने के लिए चिकित्सकों के पैनल द्वारा उसकी जांच की जाए।

(3) बालक को समानुदेशित किया गया बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता बालक के परिवार के सदस्यों के साथ भी, जहां कहीं उपलब्ध हैं, वार्तालाप करेगा। एक मामला पूर्ववृत्त प्ररूप 43 में तैयार किया जाएगा और बालक की केस फाइल में रखा जाएगा। इसके लिए जानकारी बालक के माता–पिता या अभिभावकों, घर, स्कूल, मित्रों, नियोक्ता और समुदाय सहित सभी संभव और उपलब्ध स्रोतों के माध्यम से एकत्रित की जाएगी।

(4) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता अन्य तकनीकी कर्मचारियों की सहायता से आयोजित की गई परीक्षाओं और साक्षात्कारों के आधार पर बालक के शैक्षिक स्तर और उसकी व्यावसायिक अभिरुचि का मूल्यांकन करेगा। इस संबंध में, बाहरी विशेषज्ञों और समुदाय आधारित कल्याण अभिकरणों, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों, बाल मार्गदर्शन चिकित्सालयों, अस्पतालों और अन्य सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों के साथ आवश्यक संपर्क स्थापित किए जाएंगे।

(झ) **पहले चौदह दिन की समाप्ति पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –**

(1) बालक को नियमित शयनागारों में से एक में स्थनांतरित किया जाएगा और शयनागार में एक विशिष्ट बिस्तर, अलमारी और अध्ययन मेज दी जाएगी।

(2) शयनागार का समानुदेशन निम्नलिखित के आधार पर किया जाएगा:

(i) आयु;

(ii) बालक द्वारा या उसके विरुद्ध किए गए अपराध की प्रकृति;

(iii) बालक की शारीरिक और मानसिक स्थिति;

(iv) बालकों को जिन्हें विशेष देखरेख की जरूरत है, अलग शयनागार में रखा जाएगा।

(3) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता द्वारा बालक के मामला पूर्ववृत्त, शिक्षा एवं व्यावसायिक अभिरुचि के आधार पर प्ररूप 7 में बालक की व्यक्तिगत देखरेख योजना तैयार की जाएगी। पुनर्वास आवास के मामले में, देखरेख योजना आवास की संपूर्ण अवधि के लिए निरूपित की जाएगी और पुनर्वास के लिए सेतु पाठ्यक्रम, औपचारिक, अनौपचारिक या सतत् शिक्षा सहित बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा दिया गया कोई या सभी निदेश आवश्यक रूप से शामिल किए जाएंगे।

(4) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता व्यक्तिगत देखरेख योजना की समीक्षा करेगा और अपनी स्वयं की टिप्पणियों, बालक और उसके शिक्षकों या अनुदेशकों के साथ वार्तालाप और गृह माता या गृह पिता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड में अपना मत लिखेगा।

(5) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता बाल देखरेख संस्था में बालक के सामने आई कोई भी कठिनाई को दूर करने के लिए किए गए उपायों के बारे में टिप्पण के साथ अभिलेख

भी रखेगा।

(6) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता उसी प्रकार बाल देखरेख संस्था में सुविधाओं के बारे में बालक द्वारा की गई शिकायत के साथ–साथ उस पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पण के साथ अभिलेख रखेगा।

(7) व्यक्तिगत देखरेख योजना की शुरुआत के तीन मास में प्रत्येक पखवाड़े में और उसके बाद प्रत्येक मास में समीक्षा की जाएगी। इसकी कारगरता और अपर्याप्तता के बारे में ऐसे मत के कारणों के साथ रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

(ञ) **तीन मास बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –**

(1) बालक की व्यक्तिगत देखरेख योजना मे लिखित उद्देश्यों और लक्ष्यों के विशेष संदर्भ में बालक की प्रगति की जांच की जाएगी। बालक की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड में लिखी जाएगी।

(2) तिमाही प्रगति रिपोर्ट को प्रबंधन समिति के अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) प्रबंधन समिति द्वारा विचार–विमर्श के बाद, व्यक्तिगत देखरेख योजना में उपयुक्त रूप से संशोधन किया जाएगा। बालक की दिनचर्या और बालक के पुनर्वास के प्रति उपागम में भी उपयुक्त रूप से संशोधन किया जाएगा। ऐसी संशोधित देखरेख योजना और दिनचर्या का अभिलेख बालक की केस फाइल में रखा जाएगा। प्रगति की समीक्षा की जाएगी और प्ररूप 14 में पुनर्वारा कार्ड में रिकार्ड की जाएगी।

(ट) रिहाई–पूर्व योजना –

(1) रिहाई–पूर्व योजना का सु–विचारित कार्यक्रम और बाल गृहों,

बिशेष गृहों और सुरक्षा के स्थान से छुट्टी किए गए मामलों का अनुवर्तन बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के निदेशों के अनुसार सभी संस्थाओं में आयोजित किया जाएगा।

(2) बालक द्वारा बिना अनुमति के बाल देखरेख संस्था छोड़ने या संस्था के भीतर कोई अपराध करने की स्थिति में, प्रभारी अधिकारी द्वारा पुलिस और परिवार को, यदि पता हो, सूचना दी जाएगी और बालक को खोजने के लिए किए गए प्रयासों सहित, यदि बालक लापता है, परिस्थितियों की विस्तृत रिपोर्ट यथास्थिति, बोर्ड या समिति वा बालक न्यायालय को भेजी जाएगी।

(ठ) **बाल देखरेख संस्था में दिनचर्या –**

(1) प्रत्येक बालक और कार्मिक, बाल देखरेख संस्था के किसी भी अधिकारी या गृह के प्रतिनिधि के आदेश का पालन करेगा और हमेशा अनुशासित रहेगा।

(2) प्रत्येक संस्था में बाल समिति के परामर्श से तैयार की गई एक दिनचर्या होगी जिसे संस्था में विभिन्न स्थानों पर विशिष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा।

(3) दिनचर्या में अन्य बातों के साथ–साथ विनियमित और अनुशासित जीवन, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सफाई, शारीरिक व्यायाम, योगा, शैक्षणिक कक्षाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, संगठित मनोरंजन एवं खेल, नैतिक शिक्षा, सामूहिक कार्यकलाप, प्रार्थना और सामुदायिक गायन और रविवार और छुट्टियों के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल होंगे ।

(ड) **बालक का व्यवहार –**

(1) बाल देखरेख संस्था में बालक अच्छे व्यवहार के नियमों और मानकों का अनुपालन करने के लिए अभिविन्यस्त और प्रशिक्षित

होंगे।

(2) प्रत्येक अस्वीकार्य व्यवहार का बाल समिति द्वारा संज्ञान लिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए बालक से स्पष्टीकरण देने को कहा जाएगा। बाल समिति उचित कार्रवाई करने के लिए प्रभारी अधिकारी को अनुशंसा कर सकती है। प्रभारी अधिकारी द्वारा चौबीस घंटे के भीतर रिपोर्ट की प्रति जिसमें घटना का विवरण और उस पर की गई कार्रवाई समाविष्ट होगी, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय को प्रस्तुत की जाएगी। रिपोर्ट की एक प्रति ऐसी घटनाओं के निवारण के लिए दीर्घकालीन कार्यनीति की आयोजना बनाने के लिए प्रबंधन समिति के समक्ष भी प्रस्तुत की जाएगी।

(3) रिपोर्ट की एक प्रति संबंधित बालक की केस फाइल में रखी जाएगी।

(4) प्रभारी अधिकारी, बाल समिति की अनुशंसाओं और बालक की सुरक्षा और सम्मान पर पूरा ध्यान देते हुए उल्लंघन के मामलों से उपयुक्त रूप से निपटेगा।

(5) प्रभारी अधिकारी स्थिति से निपटने के लिए परामर्शदाता या बाल कल्याण अधिकारी या केस वर्कर, बाल देखरेख संस्था से संबद्ध किसी गैर–सरकारी संगठन की सहायता ले सकता है।

(6) असाधारण अच्छा व्यवहार दर्शाने वाले बालक पर प्रभारी व्यक्ति द्वारा उपयुक्त पुरस्कार और प्रसुविधा देने के लिए विचार किया जाएगा और बालक की केस फाइल में इसके बारे में टिप्पण रखा जाएगा।

(ढ) **अस्वीकार्य व्यवहार से निपटने की रीति –**

(1) की गई कार्रवाई, उल्लंघन की प्रकृति और मात्रा एवं बालक की आयु के अनुरूप होगी और निम्नलिखित में से कोई एक हो

सकती है

(i) औपचारिक चेतावनी;

(ii) गृह व्यवस्था से संबंधित कार्य सौंपना;

(iii) लेखन आरोपण अर्थात् बार–बार यह लिखना कि उसके द्वारा उक्त व्यवहार की पुनरावृत्ति नहीं होगी; और

(iv) विशेषाधिकारों अर्थात् टेलीविज़न देखने की अनुमति, बाहरी कार्यकलापों के लिए जाने की अनुमति, खेल और मनोरंजन और अन्य मुख्य कार्यकलाप का समपहरण।

(2) कोई भी बालक शारीरिक दंड या बालक के सम्मान को प्रभावित करने वाले अपमानजनक व्यवहार सहित किसी भी मानसिक उत्पीड़न मे दंडित नहीं किया जाएगा।

(ण) **असाधारण अच्छा व्यवहार**– निम्नलिखित को अच्छा व्यवहार माना जाएगा, अर्थात् :

(i) एक माह से अधिक की अवधि में आंका गया, अनुशासन के नियमों का पालन करना और दिनचर्या का अनुपालन करना;

(ii) किसी अन्य बालक को अस्वीकार्य व्यवहार करने से रोकना या हिंसा का निवारण करना:

(iii) चेतावनी देकर कोई दुर्घटना घटित होने से रोकना, आपदा के मामले में अन्य बालकों को निकालना;

(iv) व्यवस्था बनाए रखने गें बाल देखरेख संस्था के किसी अधिकारी की सहायता करना। गृह प्रतिनिधियों के लिए, ऐसी परिस्थितियों में जो आपात स्थिति में विकसित हो सकती हैं, चेतावनी देने से पहले के व्यवहार पर विचार किया जाएगा;

(v) अशांति फैलाने या भाग जाने की किसी योजना के बारे में बाल

कल्याण अधिकारी को सूचना देना;

(vi) कोई प्रतिषिद्ध या निषिद्ध वस्तु के बारे में प्रभारी अधिकारी को सूचना देना या;

(vii) अभिघात से बाहर निकलने में दूसरे बालक की सहायता करना;

(viii) अपनी शिक्षा जारी रखने की परीक्षा, या व्यावसायिक या पुनर्वास पाठ्यक्रमों में असाधारण प्रदर्शन करना;

(ix) सकारात्मक और अनुकूलनीय व्यवहार;

(x) कोई अन्य अच्छा व्यवहार जो प्रभारी अधिकारी द्वारा असाधारण पाया गया हो।

(त) **असाधारण व्यवहार बनाए रखने के लिए पुरस्कार और प्रसुविधा –**

प्रभारी अधिकारी द्वारा, संस्था के प्रबंधन की तरफ से समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली दरों पर, पुरस्कार बालक को अच्छे कार्य और अच्छे व्यवहार के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया जाएगा और रिहाई के समय वह पुरस्कार उस बालक को लेने के लिए आने वाले उसके माता–पिता अथवा अभिभावक या बालक को स्वयं रसीद प्राप्त करने के बाद दिया जाएगा।

75. **प्रतिषिद्ध वस्तुएं –**

(1) कोई भी व्यक्ति बाल देखरेख संस्था में प्रतिषिद्ध वस्तुएं नहीं लाएगा, अर्थात् –

(i) किसी भी प्रकार की स्वापक वस्तुएं, मनःप्रभावी पदार्थ, शराब, गांजा, भांग, अफीम, स्मैक आदि;

(ii) किसी भी प्रकार की विस्फोटक, जहरीले पदार्थ, तेजाब और रसायन, चाहे वह तरल या ठोस किसी भी रूप में हो;

(iii) किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, अस्त्र–शस्त्र या हथियार, चाकू

और कटाई के सभी उपकरण और वस्तुएं जो किसी भी प्रकार के हथियार के रूप में उपयोग की जा सकती हैं;

(iv) किसी भी प्रकार की अश्लील सामग्री, वस्तु या पदार्थ;

(v) डोरी, रस्सी, जंजीर और किसी भी प्रकार के सामान जो डोरी या रस्सी या जंजीर के रूप में उपयोग किया जा सकता है;

(vi) लकड़ी, बांस, डंडा, लाठी, सीढ़ी, ईंट, पत्थर और किसी भी प्रकार की मिट्टी;

(vii) ताश और जुआ खेलने की अन्य सामग्री;

(viii) तम्बाकू से बनी वस्तुएं, पान मसाला या इसी प्रकार की वस्तु;

(ix) दवाइयां जो विशिष्ट रूप से विनिर्दिष्टित नहीं की गई हैं;

(x) इस निमित्त केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश के द्वारा विनिर्दिष्टित अन्य कोई वस्तु।

(2) बालक से अभिग्रहित सभी सोना–चांदी, धातु, सिक्के, आभूषण, गहने, मुद्रा नोट, प्रतिभूतियां और मोबाइल फोन, डिजिटल कैमरा, आई–पैड आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणो सहित सभी प्रकार की मूल्यवान वस्तुएं सुरक्षित अभिरक्षा में जमा की जाएंगी और अभिग्रहण हेतु इन नियमों के नियम 73 में निर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।

(3) प्रतिषिद्ध वस्तुओं का निपटान इन नियमों के नियम 73 के अनुसार किया जाएगा।

76. तलाशी लेने और निरीक्षण के समय पाई गई वस्तुएं –

(1) प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि संस्था में प्राप्त किए जाने वाले प्रत्येक बालक की तलाशी ली जाए, उसके व्यक्तिगत सामान का निरीक्षण किया जाए और उसके पास पाए गए किसी धन या मूल्यवान वस्तु को उस प्रभारी अधिकारी की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाए। बालिकाओं की तलाशी के मामले में, महिला कर्मचारी द्वारा ही तलाशी ली जाएगी। किसी भी बालक के पास पाए धन, बहुमूल्य वस्तुओं और

अन्य वस्तुओं का अभिलेख प्रत्येक संस्था में "व्यक्तिगत सामान रजिस्टर" में रखा जाएगा जिसमें वस्तुओं का विवरण अंतिर्विष्ट होगा।

(2) व्यक्तिगत सामान रजिस्टर में प्रत्येक बालक के संबंध में की गई प्रविष्टियां एक साक्षी की उपस्थति में बालक को पढ़कर सुनाई जाएंगी और ऐसी प्रविष्टयों के सही होने के प्रतीक के रूप में साक्षी के हस्ताक्षर लिए जाएंगे और इन प्रविष्टियों पर प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षर किए जाएंगे।

77. वस्तुओं का निपटान –

(1) बालक के धन यां मूल्यवान वस्तुओं का निम्नलिखित रीति से निपटान किया जाएगा, अर्थात् :

(i) संस्था में बालक को प्राप्त करने पर, प्रभारी अधिकारी बालक की धनराशि को बालक के खाते में जमा कराएगा और यदि बच्चे के पास बैंक खाता नहीं है, तो प्रभारी अधिकारी बच्चे के लिए एक बैंक खाता खुलवाएगा और जब तक ऐसा खाता नहीं खोला जाता है, तब तक वह धन को उचित रिकॉर्ड में रखेगा;

(ii) मूल्यवान और अन्य वस्तुएं, यदि कोई हैं, सुरक्षित अभिरक्षा में रखी जाएंगी;

(iii) जब ऐसे बालक को एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरित किया जाता है, तब उसका धन, मूल्यवान और अन्य वस्तुएं, संपूर्ण और सही विवरण के साथ, बालक के साथ उस संस्था के प्रभारी अधिकारी को स्थानांतरित किए जाएंगे, जिसमें उस बालक का स्थनांतरण किया गया है;

(iv) ऐसे बालक की रिहाई के समय, सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई उसकी मूल्यवान और अन्य वस्तुएं और बालक के नाम में जमा धनराशि यथास्थिति उसके माता–पिता या अभिभावक को, सौंपी जाएगी और इस विषय में रजिस्टर में प्रविष्टि की जाएगी और माता–पिता या अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे;

(v) जब संस्था में किसी बालक की मृत्यु हो जाती है, तब मृतक द्वारा छोड़ी गई मूल्यवान और अन्य वस्तु और बालक के नाम में जमा धनराशि प्रभारी अधिकारी द्वारा बालक के माता–पिता या अभिभावक को सौंपी जाएगी;

(vi) ऐसे व्यक्ति से ऐसी धनराशि, मूल्यवान और अन्य वस्तुओं की प्राप्ति की रसीद ली जाएगी; और

(vii) यदि बालक की मृत्यु या उसके भाग जाने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर कोई दावेदार उपस्थित नहीं होता है, तो बालक की मूल्यवान और अन्य वस्तुएं और उसके नाम में जमा धनराशि का प्रबंधन समिति द्वारा लिए गए विनिश्चय के अनुसार निपटान किया जाएगा।

78. **मामले की फाइल का रखरखाव :–**

(1) बाल देखरेख संस्था में सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई प्रत्येक बालक की मामला फाइल गोपनीय होगी।

(2) मामला फाइल को बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के अवलोकन के लिए पेशी की प्रत्येक तारीख पर यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) मामला फाइल में निम्नलिखित जानकारी होगी, अर्थात्:

(i) पुलिस रिपोर्ट सहित बोर्ड या समिति के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति या अभिकरण की रिपोर्ट;

(ii) बालक के द्वारा या उसके विरुद्ध किए गए अपराध के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट;

(iii) फोटो पहचान पत्र, यदि उपलब्ध हो;

(iv) मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी की नियुक्ति का आदेश;

(v) मामला इतिवृत्त प्रपत्र;

(vi) बालक की किसी तात्कालिक जरूरत की रिपोर्ट;

(vii) प्रभारी अधिकारी, परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी, परामर्शदाता और मामला कार्यकर्ता की रिपोर्ट;

(viii) किसी पिछली संस्था में रखी गई बालक की केस फाइल, यदि

कोई हो तो;

(ix) बालक से प्रारंभिक वार्तालाप की रिपोर्ट, उसके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, समुदाय, मित्रों से प्राप्त जानकारी और विविध स्रोतों से प्राप्त जानकारी;

(x) बालक, उसके परिवार, स्कूल आदि के बारे में आगे की जानकारी का स्रोत;

(xi) संस्था के कर्मचारियों से प्राप्त पर्यवेक्षण रिपोर्ट;

(xii) चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त यथास्थिति नियमित स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट, नशामुक्ति कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट;

(xiii) मनो–सामाजिक प्रोफाइलिंग, नियमित परामर्श रिपोर्ट, जहां कहीं लागू हो, मानसिक स्वास्थ्य अंतक्षेप की कोई अन्य रिपोर्ट;

(xiv) बुद्धिलब्धि (आई.क्यू.) परीक्षा रिपोर्ट, अभिरुचि परीक्षा रिपोर्ट, ज्ञानात्मक मूल्यांकन, शैक्षणिक या व्यावसायिक परीक्षा(ओं), यदि आयोजित की गई है, की रिपोर्ट;

(xv) प्रशिक्षण और उपचार कार्यक्रम और विशेष सावधानियां रखे जाने के संबंध में अनुदेश ;

(xvi) व्यक्तिगत सामान रजिस्टर की प्रति;

(xvii) बालक की आयु घोषित करने वाले आदेश की प्रति;

(xviii) प्रदान की गई छुट्टियां और अन्य विशेषाधिकार;

(xix) पुनर्वास कार्ड ;

(xx) तिमाही प्रगति रिपोर्ट;

(xxi) यथाविहित रिहाई–पूर्व कार्यक्रम, रिहाई के उपरांत योजना और अनुवर्ती योजना सहित व्यक्तिगत देखरेख योजना और

उनमें आशोधन;

(xxii) देखरेख योजना की कारगरता के बारे में पाक्षिक और मासिक रिपोर्ट;

(xxiii) बालक के सामने आ रही कठिनाइयों का अभिलेख और उनका समाधन;

(xxiv) बालक की शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई का रिकार्ड;

(xxv) बालक द्वारा दिया गया फीडबैक;

(xxvi) छुट्टी और पर्यवेक्षणाधीन रिहाई;

(xxvii) ऐसे मुलाकाती की रिपोर्ट जो बालक से मुलाकात करते समय आपत्तिजनक प्रतिषिद्ध वस्तुओं के साथ पाया गया हो;

(xxviii) ऐसी वस्तुएं रखने के बारे बालक की रिपार्ट और इस बारे में की गई कार्रवाई रिपोर्ट;

(xxix) किसी अस्वीकार्य व्यवहार एवं परिणाम की रिपोर्ट;

(xxx) किसी असाधारण व्यवहार एवं परिणाम की रिपोर्ट;

(xxxi) विशेष उपलब्धियां और नियमों का उल्लंघन, यदि कोई हो;

(xxxii) बालक को पुरस्कार या उसके उपार्जन का टिप्पण और बालक या उसके माता–पिता या अभिभावक की प्राप्ति;

(xxxiii) रिहाई या वापसी आदेश;

(xxxiv) अनुरक्षण आदेश, यदि काई हो;

(xxxv) पुनर्वास अंतःक्षेप आवास के अंतर्गत बालकों के मामले में रिहाई की अनुपालना रिपोर्ट;

(xxxvi) रिहाई नहीं किए जा रहे बालक की रिपोर्ट और बालक की गैर–रिहाई के संबंध में जारी किए गए निदेशों की

अनुपलना रिपोर्ट;

(xxxvii) अनुवर्ती रिपोर्टें;

(xxxviii) वार्षिक फोटो;

(xxxix) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के निदेशानुसार रिहाई उपरांत मामलों की अनुवर्ती रिपोर्ट;

(xl) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय द्वारा बालक के मामले में मांगी किसी अन्य रिपोर्ट की प्रति;

(xli) टिप्पणियां, यदि कोई हों; और

(xlii) बच्चे से सम्बंधित कोई अन्य दस्तावेज जो इन नियमों में कहीं और निर्धारित किया गया है।

(4) बालक के चिकित्सा अभिलेख में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति, व्यसन की स्थिति और उपचार आदि के बारे में बालक की सभी रिपोर्ट और अभिलेख अंतर्विष्ट होंगे।

(5) केस फाइल के रखरखाव का उत्तरदायित्व बाल कल्याण अधिकारी या संबंधित मामला कार्यकर्ता का होगा।

(6) इन नियमों की अधिसूचना के एक वर्ष के भीतर, राज्य सरकार सभी बाल देखरेख संस्थानों द्वारा कम्प्यूटरीकृत रखरखाव और केस फाइलों के रखरखाव के लिए एक डिजिटल पोर्टल कार्यान्वित करेगी और इस तरह के डिजिटल पोर्टल को तैयार करते समय, राज्य सरकार बाल देखरेख संस्थानों से परामर्श करेगी।

(7) राज्य में सभी बाल देखरेख संस्थानों, बोर्डों, समितियों और बालक न्यायालयों को इस तरह के डिजिटल पोर्टल के लिए अनुकूलित पहुंच, जैसा उपयुक्त हो, प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार ऐसे डिजिटल पोर्टल के उपयोग के लिए सभी उपयोगकर्ताओं को तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी।

79. बालकों से मिलना और उनसे सूचना का आदान प्रदान करना –

(1) बाल देखरेख संस्थान में प्रत्येक बच्चे को माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों के साथ सप्ताह में कम से कम एक बार मिलने की अनुमति होगी और ऐसी प्रत्येक मुलाकात कम से कम एक घंटे की होगी;

परन्तु विशेष मामलों में, जहां माता–पिता या अभिभावक या रिश्तेदार किसी अन्य देश, राज्य या जिले से यात्रा कर आए हों, प्रभारी अधिकारी माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों को उनकी पहचान की पुष्टि पर उसी दिन अपने बच्चों के साथ मिलने की अनुमति दे सकता है।

(2) नए प्राप्त किए गए बालकों को उसके माता–पिता या अभिभावक या परिवार के सदस्य से उनके पहले भ्रमण पर किसी भी दिन मिलने की अनुमति होगी।

(3) ऐसे माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों को जहां ऐसे आगंतुकों पर बालक के साथ हिंसा, दुर्व्यवहार या उसका शोषण करने में शामिल होने का आरोप है या प्रतिषिद्ध वस्तुओं के लाने में संलिप्तता पाई गई है, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय या अन्य कोई न्यायालय द्वारा प्रदत स्पष्ट अनुमति के सिवाय और जब ऐसी मुलाकात बालक के परामर्शदाता द्वारा विशेष रूप से निदेशित नहीं की गई हो, मिलने की कोई अनुमति नहीं होगी।

(4) प्रत्येक बालक को अपने माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ ऑनलाइन संचार करने या उनको सप्ताह में दो पत्र लिखने की अनुमति होगी। ऑनलाइन संचार के लिए आवश्यक उपकरण, इंटरनेट कनेक्शन, पत्र के लिए लेखन और डाक सामग्री तथा पत्रों को पोस्ट करने में सहायता बाल देखरेख संस्थान द्वारा प्रदान की जाएगी।

(5) प्रभारी अधिकारी बालक द्वारा या बालक को लिखे गए किसी भी पत्र को पढ़ सकेगा और ऐसे कारणों से, जिन्हें बालक की केस फाइल में लिखा जाएगा के आधार पर, पत्र को सुपर्द करने या आगे भेजने से मना कर सकेगा। इसकी रिपार्ट तैयार की जाएगी और प्रबंधन समिति के समक्ष रखी जाएगी। रिपोर्ट की एक प्रति केस फाइल में रखी जाएगी और दूसरी प्रति बोर्ड या बालक न्यायालय या समिति को भेजी जाएगी।

(6) प्रत्येक बालक को बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय सौंपने के उद्देश्य से या प्रबंधन समिति या बाल समिति की किसी भी बैठक के लिए, जैसा भी मामला हो, कोई भी लिखित संचार लाने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे लिखित संचार के लिए, स्टेशनरी और

डाक, यदि आवश्यक हो, संस्था द्वारा प्रदान की जाएगी। अगर बालक इस तरह के संचार को लिखना नहीं जानता है तो उसे, इस तरह के संचार को लिखने के लिए या तो साथियों के माध्यम से या बाल देखरेख संस्था के किसी भी कर्मचारी के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी।

(7) प्रभारी अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या परिवीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में बालक को सप्ताह में एक बार दूरभाष पर उसके माता–पिता या अभिभावकों से बातचीत करने की अनुमति दे सकता है और ऐसे कॉल्स का विधिवत् अभिलेख रखा जाएगा।

(8) बालक से मुलाकात करने का इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति, मुलाकात से पहले प्रमाण के साथ अपना नाम व पता बताएगा जिसे आगंतुक पुस्तिका में लिखा जाएगा और आगंतुक द्वारा उसमें हस्ताक्षर किए जाएंगे। आगंतुक के पते एवं फोटो पहचान पत्र की प्रति मुलाकात से पहले ली जाएगी और संस्था द्वारा रख ली जाएगी। यदि आगंतुक अपना विवरण प्रकट नहीं करता है, उसे मुलाकात करने से मना कर दिया जाएगा।

(9) आगंतुक मुख्य द्वारा पर तलाशी के लिए स्वयं को प्रस्तुत करेगा, महिला आगंतुक की तलाशी केवल महिला कर्मचारी द्वारा ली जाएगी।

(10) प्रत्येक मुलाकात बाल देखरेख संस्था के परिसर में पूर्व–निर्धारित मुलाकात क्षेत्र में बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या बाल देखरेख संस्था के किसी अन्य अधिकारी की उपस्थिति में होगी, जो यह सुनिश्चित करेगा कि कोई अनियमितता या उल्लंघन न हो, और जो इस प्रकार उपस्थित रहेगा कि वह दोनों पक्षों के बीच किसी भी आपत्तिजनक या निषिद्ध वस्तु के होने वाले आदान प्रदान को देखने और रोकने में सक्षम हों और साथ ही मुलाकातों को उचित गोपनीयता और गरिमा प्रदान करें।

(11) प्रत्येक बालक की मुलाकात से पहले और बाद में आगंतुक की उपस्थिति में सावधानीपूर्वक तलाशी ली जाएगी। बालक के पास मुलाकात के लिए जाने से पहले कोई भी आपत्तिजनक और प्रतिषिद्ध वस्तु नहीं होनी चाहिए।

(12) यदि मुलाकात से पहले ली गई तलाशी में कोई आपत्तिजनक या प्रतिषिद्ध वस्तु पाई जाती है:

(i) उक्त वस्तु को जब्त कर लिया जाएगा;

(ii) प्रभारी व्यक्ति बालक तक वस्तु को पहुंचाने के लिए जिम्मेवार व्यक्ति(यों) का पता लगाने के लिए जांच करेगा;

(iii) यदि जिम्मेवार व्यक्ति(यों) बाल देखरेख संस्था के कर्मचारियों में से है, उनके विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाही की जाएगी;

(iv) जांच की एक विस्तृत रिपोर्ट और इसका परिणाम विभाग और बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय या सक्षम दाण्डिक क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय को अग्रेषित किया जाएगा और सम्बंधित बालक की केस फाइल में भी रखा जाएगा;

(v) किसी गैर–कानूनी वस्तु के पाये जाने के मामले में, जिसमें कानूनी कार्यवाही किया जाना न्यायसंगत हो, वस्तु और आगंतुक को निरुद्ध कर लिया जाएगा और पुलिस को सूचना दी जाएगी। आगंतुक और ऐसी वस्तु को पुलिस को सौंप दिया जाएगा;

(vi) ऐसे आगंतुक की एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और बालक की केस फाइल में रखी जाएगी ताकि भविष्य में ऐसे आगंतुक की पहचान, आवश्यक एहतियाती उपाय और यदि आवश्यक हो तो कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

(13) प्रत्येक बालक को निम्नलिखित के अधीन रहते हुए कानूनी परामर्शदाता से संवाद करने का हक होगा :

(i) तलाशी और जब्ती के नियम सभी कानूनी परामर्शदाताओं पर भी लागू होंगे;

(ii) ऐसा प्रत्येक साक्षात्कार बाल देखरेख संस्था के अधिकारी की नजर में होगा, यद्यपि वह सुरक्षित दूरी पर होगा ताकि वह सुनने के दायरे से बाहर रहे;

(iii) बालक के अधिवक्ता की हैसियत से उसका साक्षात्कार लेने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय या अन्य किसी न्यायालय जहाँ उस बालक का प्रकरण लंबित हो, द्वारा सत्यापित वकालतनामे की एक प्रति के साथ अपना नाम, पता और नामांकन संख्या देते हुए लिखित में आवेदन करेगा;

(iv) किसी भी बालक को, जो अपने लिये अधिवक्ता उपलब्ध नहीं होने

का दावा करता है, सम्बंधित विधिक सहायता प्राधिकरण के अधिवक्ताओं से, जो सामान्य कार्य प्रणाली में बाल देखरेख संस्था का दौरा करते हैं, या किसी अशासकीय संस्था के अधिवक्ताओं, जिन्हें बालकों को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु अधिकृत किया गया हो, से मिलने की अनुमति होगी।

(14) मुलाकातों से संबंधित इन प्रावधानों को बाल देखरेख संस्थानों के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक बड़े नोटिस बोर्ड पर हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा ताकि आगंतुकों को इन प्रावधानों के बारे में सूचित किया जा सके और इसे बाल देखरेख संस्थानों के प्रवेश द्वार पर तैनात कर्मचारी या सुरक्षा कर्मचारी द्वारा आगंतुकों को समझाया भी जाएगा, विशेष रूप से उन आगंतुकों को, जो अनपढ़ या अक्षम हो। प्रभारी व्यक्ति का मोबाइल और लैंडलाइन नंबर भी नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि कोई आगंतुक चाहे तो, इस तरह की मुलाकातों से जुड़ी किसी भी कठिनाई से उन्हें अवगत कराने हेतु बात कर सके।

(15) प्रभारी अधिकारी द्वारा सुरक्षा कर्मचारियों को इन प्रावधानों के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी और आगंतुकों के साथ विनम्र और एकाग्रचित्त व्यवहार पर उनका उन्मुखीकरण किया जाएगा।

80. बालक की मृत्यु –

बाल देखरेख संस्था में किसी बालक की मृत्यु होने अथवा आत्महत्या का कोई मामला होने की दशा में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी:

1. बाल देखरेख संस्था का प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि मृत्यु समीक्षा और शव परीक्षण की कार्यवाही यथाशीघ्र की जाए।

2. किसी प्राकृतिक कारण से या रोगग्रस्त होने के कारण किसी बालक की मृत्यु की दशा में, प्रभारी अधिकारी चिकित्सा अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करेगा जिसमें मृत्यु का कारण दर्शाया जाएगा और मृत्यु के बारे में लिखित सूचना तत्काल निकटवर्ती पुलिस थाने, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, जैसा भी मामला हो, उस बालक के माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों को और सम्बंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी को भेजी जाएगी।

3. मामला कार्यकर्ता या परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी को तुरंत सूचना दी जाएगी और प्रभारी अधिकारी तत्काल निकटवर्ती पुलिस थाने, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, जैसा भी मामला हो, मृतक बालक के माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों और सम्बंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी को सूचित करेगा।

4. यदि बाल देखरेख संस्था में प्रवेश पाने के चौबीस घंटे के भीतर किसी बालक की मृत्यु हो जाती है, तो बाल देखरेख संस्था का प्रभारी अधिकारी पुलिस और जिला चिकित्सा अधिकारी या निकटवर्ती सरकारी अस्पताल और ऐसे बालक के माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों और सम्बंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी को अविलम्ब सूचित करेगा।

5. बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी उस बालक की मृत्यु की परिस्थितियां रिकार्ड करेंगे और संबंधित मजिस्ट्रेट, पुलिस, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, और जिला चिकित्सा अधिकारी या निकटवर्ती सरकारी अस्पताल, जिसमें निरीक्षण और मृत्यु के कारण की जांच के लिए बालक के शव को भेजा गया

हो, को एक रिपोर्ट भेजेंगे। प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी मृत्यु के कारण के विषय में अपने विचार, यदि कोई हों, भी अभिलिखित करेंगे और इसे संबंधित मजिस्ट्रेट और पुलिस को देंगे।

6. बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी, ऐसे किसी बालक की मृत्यु के कारणों और अन्य ब्यौरों के संबंध में पुलिस या मजिस्ट्रेट द्वारा की जाने वाली किसी भी जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

7. जैसे ही मृत्यु समीक्षा पूरी हो जाती है, बालक का शव उसके माता–पिता या अभिभावक या रिश्तेदारों को सौंपा जाएगा या किसी दावेदार के उपस्थिति न होने की दशा में भविष्य

के संदर्भ के लिए बालक का फोटोग्राफ रखने के बाद उस बालक के ज्ञात धर्म के अनुसार बाल देखरेख संस्था के प्रभारी अधिकारी की देखरेख में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

इस संबंध में पूरी जानकारी यथास्थिति बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय और संबंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी को 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत की जाएगी और उसकी एक प्रति बच्चे की केस फाइल में रिकॉर्ड के लिए रखी जाएगी।

8 बालक से दुर्व्यवहार और उसका शोषण –

1.

(1) प्रत्येक संस्था में यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाएगी कि संस्था में किसी भी बालक के साथ कोई दुर्व्यवहार, उपेक्षा और दुराचार न हो और इसमें उन कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा जो दुर्व्यवहार, उपेक्षा और दुराचार का अर्थ और इनके प्रारंभिक संकेतों को और इन दुर्यवहारों से कैसे निपटते हैं, जानते हैं।

(2) किसी भी बाल देखरेख संस्था में बालकों की देखरेख और संरक्षण के उत्तरदायी व्यक्तियों द्वारा बालकों की उपेक्षा सहित उनके साथ शारीरिक, लैंगिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार की दशा में निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी अर्थात्:

(i) दुर्व्यवहार और शोषण की किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होने पर संस्था के किसी भी कर्मचारी द्वारा यह रिपोर्ट तत्काल प्रभारी अधिकारी को की जाएगी और यदि प्रभारी अधिकारी पर दुर्व्यवहार या शोषण करने का आरोप है, तो घटना की सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को दी जाएगी:

परन्तु कथित यौन अपराध के मामले में, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 19 की उप–धारा (1) के तहत प्रक्रिया का पालन किया जाएगा;

(ii) जब शारीरिक, लैंगिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार के आरोप की जानकारी प्रभारी अधिकारी को होती है, यथास्थिति बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जो परिणामस्वरूप, विशेष अन्वेषण या कार्रवाई का आदेश देगा;

(iii) यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय ऐसे मामले को दर्ज करने, ऐसी घटनाओं का सम्यक संज्ञान लेने और आवश्यक अन्वेषण करने के लिए स्थानीय पुलिस थाने को निदेश देगा;

(iv) यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय यह सुनिश्चित करने के सभी आवश्यक उपाय करेगा कि जांच पूरी हो और पीड़ित बालक को विधिक सहायता के साथ–साथ परामर्श उपलब्ध कराए जाएं;

(v) यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय ऐसे बालक को यथास्थिति, किसी अन्य संस्था या सुरक्षा के स्थान को

स्थनांतरित करेगी या उपयुक्त व्यक्ति की देखरेख में मुक्त करेगी;

(vi) संस्था का प्रभारी अधिकारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को भी सूचित करेगा और घटना और उस पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट की एक प्रति प्रबंधन समिति की अगली बैठक में उसके समक्ष प्रस्तुत करेगा;

(vii) संस्थाओं में बालकों की बाबत किए गए किसी अन्य अपराध की दशा में, यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय उसका संज्ञान लेगा और स्थानीय पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा किए जाने वाले आवश्यक अन्वेषण की व्यवस्था करेगा;

(viii) यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय दुर्व्यवहार और शोषण के तथ्यों की जांच करने के लिए प्रत्येक संस्था में गठित बाल समिति से परामर्श करने के साथ–साथ संस्था में बालकों के दुर्व्यवहार और शोषण के मामलों से निपटने से संबंधित स्वैच्छिक संगठनों, बाल अधिकार विशेषज्ञों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों व संकट मध्यक्षेप केंद्रों से सहायता प्राप्त कर सकेगा।

(3) सभी बाल देखरेख संस्थान यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधिकारियों और सुरक्षा कर्मचारियों सहित पूरे स्टाफ को वर्ष में कम से कम एक बार दुर्व्यवहार की रोकथाम, पहचान और रिपोर्टिंग पर प्रशिक्षित किया जाए।

82. रजिस्टरों का रखरखाव –

(1) कॉलम (3) में उल्लिखित व्यक्ति अधिनियम और इन नियमों के अधीन स्तंभ (2) में निहित रजिस्टरों और प्ररूपों का, जिसका अभिरक्षक स्तंभ (4) में उल्लिखित व्यक्ति होगा, निम्नानुसार रखरखाव करेगा:

क्र. सं.	रजिस्टर का प्ररूप	द्वारा रखरखाव किया जाएगा	अभिरक्षक
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	प्रवेश और छुट्टी रजिस्टर जो अभिरक्षा की प्रकृति में परिवर्तन संसूचित करेगा	बाल कल्याण अधिक्रारी/केस कार्यकर्ता/प्राप्तकर्ता अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
2.	कर्मचारियों और बालकों की उपस्थिति रजिस्टर	पाली प्रभारी	प्रभारी अधिकारी
3.	बजट विवरण फाइल	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
4.	प्रत्येक बालक की केस फाइल	बाल कल्याण अधिकारी/केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी
5.	रोकर बही	लेखा अधिकारी/खजांची	प्रभारी अधिकारी
6	बाल सुझाव पुस्तिका	बाल समिति	प्रभारी अधिकारी
7.	परामर्श रजिस्टर	परामर्शदाता	प्रभारी अधिकारी
8.	नशामुक्ति या कोई अन्य व्यसन मुक्ति कार्यक्रम नामांकन और प्रगति रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी
9.	प्रभार सौंपने का रजिस्टर	पाली प्रभारी	प्रभारी अधिकारी
10.	गृह व्यवस्था और सफाई रजिस्टर	गृह माता–पिता	प्रभारी अधिकारी
11.	निरीक्षण पुस्तिका	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
12.	विधिक सेवा रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी
13.	पुस्तकालय रजिस्टर	शिक्षक	प्रभारी अधिकारी
14.	लॉग बुक	चालक	प्रभारी अधिकारी
15,	भोजन रजिस्टर पोषण आहार फाइल	गृह माता–पिता	प्रभारी अधिकारी
16.	प्रत्येक बालक की चिकित्सा फाइल	स्टाफ नर्स	प्रभारी अधिकारी
17.	बैठक पुस्तिका	बाल कल्याण अधिकारी/केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी

18	बाल समितियों का कार्यवृत्त रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/ केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी
19.	प्रबंधन समिति का कार्यवृत्त रजिस्टर	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
20.	आदेश पुस्तिका	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
21.	व्यक्तिगत सामान रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/ केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी
22.	प्रस्तुति रजिस्टर	परिवीक्षा अधिकारी/बाल कल्याण अधिकारी/केस कार्यकर्ता	प्रभारी अधिकारी
23	कर्मचारी संचालन रजिस्टर	सुरक्षा प्रभारी	प्रभारी अधिकारी
24.	स्टॉक रजिस्टर	स्टोर कीपर–सह–लेखाकार	प्रभारी अधिकारी
25.	आगंतुक पुस्तिका	सुरक्षा गार्ड	मुख्य द्वारपाल

83. खुलापन और पारदर्शिता –

(1) समस्त बाल देखरेख संस्थाओं को राज्य सरकार, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय या प्रभारी अधिकारी की अनुमति से आगंतुकों के लिए खोला जाएगा। बोर्ड या समिति या प्रभारी अधिकारी स्वैच्छिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अनुसंधानकर्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों को अंदर आने की अनुमति दे सकते हैं और उसी तरह ऐसे अन्य व्यक्तियों को प्रबंधन समिति बालकों की सुरक्षा, कल्याण और हित का ध्यान रखते हुए उपयुक्त समझे, अनुमति दे सकती है।

(2) जहां इस नियम के उपनियम (1) में निर्दिष्ट अनुमति प्रभारी अधिकारी द्वारा दी जाती है, इस संबंध में बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय से प्राप्त आदेशों सहित ऐसी अनुमति की मासिक रिपोर्ट बनाई जाएगी और जिला बाल संरक्षण इकाई, राज्य बाल संरक्षण समिति, बोर्ड, समिति और बालक न्यायालय को प्रस्तुत की जाएगी।

(3) बाल देखरेख संस्था का प्रभारी अधिकारी स्थानीय समुदाय, विश्वसनीय परोपकारी संगठनों, कॉरपोरेट्स आदि की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा ताकि संस्था की स्थिति में सुधार लाने के लिए योगदान दिया जा सके या संस्था में रहने वाले बच्चों को इस तरह से

समर्थन दिया जा सके जो अधिनियम और इन नियमों के अनुरूप हो।

(4) प्रभारी अधिकारी आगंतुकों की टिप्पणियों का अभिलेख रखने के लिए संस्था के मुख्य प्रवेश द्वार पर आगंतुक पुस्तिका रखेंगे।

(5) प्रभारी अधिकारी, आगंतुकों को बाल देखरेख संस्था में भ्रमण के दौरान भ्रमण संबंधी कानूनी प्रावधानों और बालकों के साथ बातचीत करते समय बालकों की गरिमा, निजता और गोपनीयता बनाए रखने की आवश्यकताओं के बारे में सूचित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।

84. बाल देखरेख संस्था से बालक की रिहाई –

(1) बाल देखरेख संस्था का प्रभारी अधिकारी बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय द्वारा यथा आदेशित आवास की अवधि की समाप्ति पर रिहा किए जाने वाले बालकों के मामलों का रोस्टर रखेगा।

(2) बालक की रिहाई और रिहाई की सही तारीख की समयोचित सूचना बालक के माता–पिता या अभिभावक को दी जाएगी और माता–पिता या अभिभावक को उस तारीख को बालक का प्रभार लेने के लिए बाल देखरेख संस्था में बुलाया जाएगा और यदि आवश्यक हो, माता–पिता या अभिभावक की दोनों ओर की यात्रा और बालक की बाल देखरेख संस्था से यात्रा के वास्तविक व्यय का भुगतान बालक की रिहाई के समय प्रभारी अधिकारी द्वारा माता–पिता या अभिभावक को किया जाएगा ।

(3) यदि माता–पिता या अभिभावक, नियत तारीख को आने में और बालक का यथास्थिति प्रभार लेने में असफल रहते हैं, बालक को बाल देखरेख संस्था के मार्गरक्षी द्वारा ले जाया जाएगा; और बालिका के मामले में, उसे महिला मार्गरक्षी द्वारा ले जाया जाएगा जो उसे उसके माता–पिता/अभिभावक की अभिरक्षा में सौपेंगी।

(4) रिहाई या छुट्टी के समय, बालक को उपयुक्त कपड़ों का सेट, फूड पैकेट, पीने का पानी और आवश्यक प्रसाधन सामग्री दी जा सकेगी।

(5) रिहाई के तिथि को यदि बालक अठारह वर्ष की आयु पूरी करता है, उसका स्थापन, यदि वह पात्र है, बालक की सहमति और यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के अनुमोदन के अध्याधीन, पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम में किया जा सकेगा।

(6) रिहाई की तारीख रविवार या सार्वजनिक अवकाश वाले दिन पड़ने की दशा में, बालक को उससे पूर्वगामी दिन रिहाई दे दी जाएगी और छुट्टी

रजिस्टर में इस संबंध में एक प्रविष्टि की जाएगी।

(7) बाल देखरेख संस्था का प्रभारी व्यक्ति, उपयुक्त मामलों में, बालक को निर्वाह राशि के भुगतान के साथ–साथ राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित दर से रेलवे या सड़क परिवहन किराया, जैसा भी मामला हो, भुगतान का आदेश दे सकता है ।

(8) जहां किसी बालिका के पास रिहाई के बाद जाने का कोई स्थान नहीं होता है और वह आवास अवधि की समाप्ति के बाद भी बाल देखरेख संस्था में रुकने का अनुरोध करती है, प्रभारी अधिकारी, यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के अनुमोदन के अध्याधीन, सीमित समय के लिए जब तक उस बालिका कि लिए के लिए कोई अन्य उपयुक्त व्यवस्था नहीं कर ली जाती है या उसे पश्चातवर्ती देखरेख कार्यक्रम से नहीं जोड़ा जाता है, उसके आवास हेतु अनुमति दे सकेगा।

85. अनुमोदित स्थान पर लंबे समय तक चिकित्सा उपचार की आवश्यकता वाली बीमारी से पीड़ित बालक और मानसिक रूप से बीमार या शराब या अन्य नशीली दवाओं के आदी बालक का स्थानांतरण –

(1) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय ऐसे बालक को जो मानसिक रूप से रोगग्रस्त है या शराब या अन्य नशीली दवाओं या किसी अन्य मादक पदार्थ का आदी है, ऐसी उपयुक्त सुविधा जिसे यथास्थिति, चिकित्सा अधिकारी या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित किया गया है, में उपयुक्त उपचार एवं देखरेख हेतु या शेष अवधि के लिए, जिसके लिए बालक को रहना है, भेजेगा और ऐसा आदेश पारित करते समय बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, प्रत्येक पन्द्रह दिनों में बच्चे की प्रगति और स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगेगा और यदि आवश्यक समझा गया तो बच्चे से मिलने भी जा सकता है।

(2) जब बालक, रोग या शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ठीक हो गया हो, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, ऐसे बालक को उस देखरेख में जहाँ से उसे उपचार के लिए हटाया गया था, वापस रखे जाने का आदेश देगा, और यदि उस बालक को और अधिक समय तक

देखरेख में रखा जाना आवश्यक नहीं है तो बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय उसकी छुट्टी करने के आदेश कर सकेगा।

(3) राज्य सरकार अनन्य रूप से उपयुक्त आयु समूहों के आधार पर व्यसनी बालकों के लिए पर्याप्त संख्या में एकीकृत पुनर्वास केंद्र स्थापित करेगी।

8

बालक का स्थानांतरण –

6.

(1) जांच के दौरान, यदि यह पाया जाता है कि बालक बोर्ड या समिति के कार्यक्षेत्र से बाहर के स्थान का है, तो बोर्ड या समिति बालक के स्थानांतरण का आदेश करेगी और आदेश की एक प्रति जिसमें ऐसे स्थानांतरण के कारणों एवं परिस्थितियों को लेखबद्ध किया जाएगा, राज्य सरकार और जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजेगी।

(2) तदनुसार जिला बाल संरक्षण इकाई :

(i) स्थानान्तरण की सूचना, उस क्षेत्र पर अधिकारिता रखने वाले उपयुक्त बोर्ड या समिति को भेजे जहाँ बच्चे को स्थानान्तरित करने का आदेश दिया गया है; और

(ii) संस्था के प्रभारी अधिकारी को जहां बालक को स्थानांतरण आदेश के समय देखरेख और संरक्षण के लिए रखा गया है, सूचना की एक प्रति भेजेगी।

(3) बालक को सरकारी खर्च पर आदेश में विनिर्दिष्ट स्थान या व्यक्ति तक ले जाया जाएगा और बोर्ड या समिति द्वारा प्रतिदिन के आधार पर निर्धारित यात्रा भत्ते का भुगतान राज्य की उस जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जाएगा जिससे बालक का स्थानांतरण हुआ है।

(4) ऐसे स्थानान्तरण पर बालक के मामले की फाइल और अभिलेख बालक के साथ भेजे जाएंगे और उसकी एक प्रति बोर्ड या समिति, जैसा भी मामला हो, और संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा रखी जाएगी।

(5) जहां बालक किसी अन्य देश का नागरिक है, उस देश को छोड़कर जिसके साथ उसके नागरिकों की मुक्त आवाजाही पर एक विशेष संधि है, बोर्ड या समिति ऐसे बालक के पेश होने पर तुरंत राज्य सरकार को सूचित करेगी और राज्य सरकार, यथास्थिति, भारत सरकार के गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के परामर्श से तत्काल बच्चे के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया शुरू कर सकती है।

(6) किसी बच्चे के दूसरे देश में प्रत्यावर्तन के प्रयोजन के लिए बोर्ड या समिति या राज्य सरकार ऐसे मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठनों से सहायता ले सकती है जिनके पास ऐसी सहायता प्रदान करने के लिए अनुभव, आवश्यक संसाधन और सम्बन्ध हैं।

(7) प्रत्यावर्तन को अंतिम रूप दिया जाना लंबित रहने की अवधि के दौरान, बालक को बाल देखरेख संस्था में रखा जाएगा।

(8) दूसरे देश में बालक के प्रत्यावर्तन का समस्त व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

8 वापस भेजा जाना और अनुवर्तनः–

7.

(1) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, बालक और उसके माता–पिता या अभिभावक की सुनवाई के बाद और माता–पिता या अभिभावक होने का दावा करने वाले व्यक्तियों की पहचान के बारे में स्वयं को संतुष्ट करने के बाद बाल देखरेख संस्था में रखे गए ऐसे बालक की रिहाई के लिए प्ररूप 44 में आदेश देगी।

(2) बालक को वापस भेजे जाने का आदेश पारित करते समय, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय उपयुक्त मामले में बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के निदेश पर तैयार की गई गृह अध्ययन रिपोर्ट सहित परिवीक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या

मामला कार्यकर्ता की रिपोर्टों और बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज या रिपोर्ट पर विचार करेगा।

(3) वापस भेजे जाने के आदेश में परिवीक्षा अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या गैर–सरकारी संगठन द्वारा तैयार की गयी व्यक्तिगत देखरेख योजना सम्मिलित की जाएगी।

(4) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, बालक को वापस भेजे जाने का निदेश देते समय, जहां कहीं आवश्यक है, प्ररूप 45 में मार्गरक्षण के लिए आदेश पारित करेगा।

(5) पुलिस के अतिरिक्त, यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय, बालक को परिवार में वापस भेजे जाने के लिए गैर–सरकारी संगठनों या चाइल्ड लाइन का सहयोग लेगी।

(6) बालिकाओं के मामले में, बालिका को, कम से कम एक महिला अभिरक्षक के साथ भेजा जाएगा।

(7) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय द्वारा वापस भेजे जाने के आदेश की प्रति के साथ–साथ मार्गरक्षण आदेश की प्रति जिला बाल संरक्षण इकाई का भेजी जाएगी जो यात्रा और अन्य आकस्मिक खर्चों सहित बालक को वापस भेजे जाने के लिए राशि प्रदान करेगी।

(8) जब कोई बालक परिवार में वापस जाने की अनिच्छा प्रकट करता है, तो बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय इसके कारणों का पता लगाने के लिए बालक के साथ वार्तालाप करेगा और इस बात को दर्ज करेगा और बालक को परिवार में वापस जाने के लिए न तो बाध्य किया जाएगा और न ही समझाया जाएगा। बालक को ऐसी स्थिति में भी परिवार में वापस नहीं भेजा जाएगा जहां बाल कल्याण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता या मामला कार्यकर्ता या गैर–सरकारी संगठन यह सिद्ध करता हो कि बालक का परिवार में वापस जाना उसके हित में नहीं है। बालक

को ऐसे परिवार में भी वापस नहीं भेजा जाएगा जहां माता–पिता या अभिभावक बालक को वापस स्वीकार करने से इंकार करते हैं। ऐसे सभी मामलों में, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय पुनर्वास के वैकल्पिक साधन प्रदान करेगा।

(9) व्यक्तिगत देखरेख योजना के भाग के रूप में परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या सामाजिक कार्यकर्ता या गैर–सरकारी संगठन द्वारा एक अनुवर्ती योजना तैयार की जाएगी।

(10) अनुवर्ती रिपोर्ट में बालक को वापस भेजने के बाद उसकी स्थिति और बालक की असुरक्षा में आगे और कमी लाने के लिए आवश्यक उपायों का उल्लेख होगा।

8 किशोर न्याय निधि –

8.

(1) राज्य सरकार इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन आने वाले बालकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए किशोर न्याय निधि नामक निधि का सृजन करेगी।

(2) राज्य सरकार किशोर न्याय निधि के लिए पर्याप्त बजट आवंटन करेगी।

(3) इस अधिनियम के तहत या लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम या मध्य प्रदेश राज्य के भीतर बच्चों की सुरक्षा के लिए बने ऐसे अन्य कानूनों के तहत किसी भी कार्यवाही में किसी भी अदालत या बोर्ड या समिति द्वारा लगाए गए सभी आर्थिक दंड और जुर्माने की राशि को इस अधिनियम के तहत राज्य किशोर न्याय कोष में जमा किया जाएगा।

(4) किशोर न्याय निधि में दान, स्वैच्छिक अभिदान, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत अंशदान या निधि, चाहे किसी विशेष प्रयोजन के लिए या बिना किसी विशेष प्रयोजन के प्राप्त की जा सकेगी और ऐसी

निधि सीधे किशोर न्याय निधि में जमा की जाएगी।

(5) किशोर न्याय निधि का राज्य सरकार द्वारा उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए किया जा सकेगा अर्थात् :

(i) बाल देखरेख संस्थाओं की स्थापना और संचालन ;

(ii) बाल देखरेख संस्थाओं में बालकों के कल्याण के लिए अभिनव कार्यक्रमों को सहायता;

(iii) विधिक सहायता और समर्थन का सुदृढ़ीकरण ;

(iv) उद्यमशीलता सहायता, कौशल विकास या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना;

(v) अठारह वर्ष की आयु का होने पर बाल देखरेख संस्था छोड़कर जा रहे बालकों का एक मुश्त निर्वहन सहायता प्रदान करना;

(vi) ऐसे व्यक्तियों को जिन्होंने संस्थागत देखरेख में अठारह वर्ष की आयु पार कर ली है, जीवन की मुख्यधारा में पुनर्समेकन को समर्थन देने के लिए छोटे व्यापार शुरू करने के लिए पूंजी और अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए देखरेख सुविधाएं और उद्यमशीलता निधि प्रदान करना ;

(vii) पालन–पोषण देखरेख, प्रायोजकता और पश्चातवर्ती देखरेख प्रदान करना;

(viii) उग्रवादी समूहों और वयस्क समूहों से छूट, प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित बालकों सहित विशेष परिस्थितियों में रह रहे बालकों का पुनर्वास ;

(ix) बालक के विचारण, स्थानांतरण और बहाली के लिए यात्रा के खर्चों को पूरा करना, जिसमें पुलिस या चाइल्डलाइन या गैर–सरकारी संगठन के मार्गरक्षकों या बालक के माता–पिता या अभिभावक के खर्च शामिल हैं;

(x) बाल अनुकूल पुलिस थानों, बोर्डों, न्यायालयों और समितियों का सृजन करना;

(xi) बालकों की जरूरतों को समझने के लिए माता–पिता और देखरेखकर्ताओं की क्षमता निर्माण;

(xii) बाल अधिकारों और बालकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर जागरूकता विकास कार्यक्रम;

(xiii) बालकों के विरुद्ध अपराधों को पहचानने और उनकी रिपोर्ट करने के लिए समुदाय आधारित बाल संरक्षण कार्यक्रमों को तैयार करना;

(xiv) इस अधिनियम और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत समाविष्ट किए गए बालकों के लिए विशेषज्ञ व्यावसायिक सेवाएं, परामर्शदाता, अनुवादक, दुभाषिया, विशेष शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, व्यावसायिक प्रशिक्षक आदि प्रदान करना;

(xv) बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले बालकों सहित इस अधिनियम के अंतर्गत समाविष्ट किए गए बालकों को मनोरंजन सुविधाएं और उनके लिए पाठ्येत्तर गतिविधियाँ;

(xvi) कैंसर से पीड़ित बालकों को प्रशामक देखरेख और उनके माता–पिता को ठहरने की सुविधाएं ;

(xvii) गंभीर या जीवन रक्षक चिकित्सा उपचार;

(xviii) जेलों में वयस्कों के रूप में गलत तरीके से बंद किए गए बालकों को मुआवजा देना;

(xix) अधिनियम और नियमों या ऐसे कार्यक्रमों के तहत आने वाले बालकों के समग्र संवृधि, विकास और कल्याण का समर्थन करने के लिए कोई अन्य कार्यक्रम या गतिविधि जो राज्य

सरकार द्वारा बालकों के सर्वोत्तम हितों की सेवा के लिए उपयुक्त मानी जाती है।

(6) किशोर न्याय निधि का रखरखाव और संचालन इस अधिनियम के कार्यान्वयन से संबंधित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण समिति के माध्यम से किया जाएगा।

(7) मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण समिति, राज्य सरकार के अनुमोदन से, इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से छह महीने के भीतर, किशोर न्याय निधि के रखरखाव, संचालन और उपयोग को नियंत्रित करने के लिए वित्तीय नियम बनाएगी और जारी करेगी।

89. मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण सोसायटी :–

(1) राज्य बाल संरक्षण सोसायटी निम्नलिखित कार्य करेगी अर्थात् :

(i) राज्य में अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी और अधिनियम के अधीन अभिकरणों और संस्थाओं का पर्यवेक्षण और उनकी निगरानी करना;

(ii) बालकों की देखरेख और संरक्षण से संबंधित बाधाओं, मुद्दों और शिकायतों को हल करना;

(iii) यह सुनिश्चित करना कि इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन स्थापित सभी संस्थाएं अपने स्थान पर हैं और उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं;

(iv) विभिन्न जिलों में संस्थाओं के कार्यकरण पर विभिन्न जिला बाल संरक्षण इकाइयों से प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा करना और जहां कहीं आवश्यक है, बालकों के संरक्षण को सुकर बनाने के लिए कार्रवाई करना और जिला बाल संरक्षण इकाइयों के कार्यकरण की निगरानी करना;

(v) पालन–पोषण देखरेख, प्रायोजकता और पश्चातवर्ती देखरेख

के लिए कार्यक्रम तैयार करना;

(vi) बाल देखरेख संस्थाओं में और अन्य संस्थागत वे गैर–संस्थागत देखरेख के अधीन मृत्यु या आत्महत्या के मामलों की जांच करना, रिपोर्ट मंगाना और सिफारिशें करना;

(vii) राज्य और केंद्रीय सरकार के संबंधित विभागों और अन्य राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य बाल संरक्षण सोसाइटियों से अंतर–विभागीय समन्वय और संपर्क सुनिश्चित करना;

(viii) इस अधिनियम और इन नियमों के दक्षतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहे नागरिक समाज संगठनों के साथ नेटवर्क बनाना और समन्वय करना;

(ix) संस्थागत देखरेख और परिवार आधारित गैर–संस्थागत देखरेख में सभी बालकों का राज्य स्तरीय डाटा बेस का रखरखाव करना और इसका तिमाही आधार पर अद्यतनीकरण करना;

(x) राज्य स्तर पर बाल देखरेख संस्थाओं, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, मुक्त आश्रयों, उपयुक्त व्यक्तियों और उचित सुविधाओं, पंजीकृत पोषक माता–पिता, प्रायोजकों, पश्चात्वर्ती देखरेख संगठनों और अन्य संस्थाओं के डाटा बेस का रखरखाव;

(xi) राज्य स्तर पर चिकित्सा और परामर्श केंद्रों, नशा–मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों, मुक्त विद्यालयों, शिक्षा सुविधाओं, प्रशिक्षुता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और केंद्रों, प्रदर्शन कला, ललित कला जैसी मनोरंजन सुविधाओं और विशेष जरूरतों वाले बालकों के लिए सुविधाओं और ऐसी अन्य सुविधाओं के डाटा बेस का रखरखाव;

(xii) राज्य सरकार द्वारा स्थापित किशोर न्याय निधि की निगरानी करना और संचालित करना जिसमें यथास्थिति जिला बाल संरक्षण इकाइयों, विशेष किशोर पुलिस इकाइयों और पुलिस थानों को, निधियों का संवितरण शामिल है;

(xiii) राज्य बाल संरक्षण सोसायटी द्वारा प्राप्त की गई सभी निधियों जैसे कि किशोर न्याय निधि, केंद्र और राज्य सरकार की स्कीमों के अंतर्गत निधियां, के लिए अलग–अलग खातों का रखरखाव करना और उनकी लेखा परीक्षा कराना;

(xiv) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के विभिन्न पहलुओं पर विशेषकर विद्यमान संस्थागत ढांचों, पुनर्वास उपायों, शास्तियों, बालकों के बेहतर संरक्षण की प्रक्रियाओं के बारे लोगों में जागरूकता विकसित करना;

(xv) पक्षकारों के प्रशिक्षण और उनकी क्षमता निर्माण सहित अधिनियम और इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रम आयोजित और संचालित करना;

(xvi) बाल संरक्षण पर अनुसंधान कार्यक्रम कराना;

(xvii) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और विधि महाविद्यालयों के साथ समन्वय करना;

(xviii) अधिनियम और इन नियमों के दक्षतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए कोई अन्य कार्य।

(3) राज्य बाल संरक्षण सोसायटी का सदस्य–सचिव राज्य में अधिनियम और इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी होगा।

90. जिला बाल संरक्षण इकाई :–

(1) जिला बाल संरक्षण इकाई निम्नलिखित कार्य करेगी अर्थात् :

(i) बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए गए कानून का उल्लंघन करने वाले

बालकों के बारे में बोर्ड द्वारा भेजी गई तिमाही सूचना की रिपोर्टों और समिति द्वारा भेजी गई तिमाही रिपार्टों का रखरखाव;

(ii) बालकों के लिए व्यक्तिगत या सामूहिक परामर्श और सामुदायिक सेवाओं की व्यवस्था करना;

(iii) जघन्य अपराध में लिप्त कानून का उल्लंघन करने वाले सोलह से अठारह वर्ष की आयु वर्ग के बालकों के लिए बालक न्यायालय के निर्देश पर तैयार की गई व्यक्तिगत देखरेख योजना का अनुवर्तन करना;

(iv) सुरक्षित स्थान पर रखे गए बालकों की प्रत्येक वर्ष समीक्षा करना और यथास्थिति बोर्ड या बालक न्यायालय को रिपोर्ट अग्रेषित करना;

(v) ऐसे व्यक्तियों की जिन्हें निगरानी प्राधिकारी के रूप नियुक्त किया जा सकता है सूची का रखरखाव करना और ऐसे व्यक्तियों की सूची को बालक न्यायालय को भेजना जिसका प्रत्येक दो वर्ष पर अद्यतनीकरण किया जाएगा;

(vi) बाल देखरेख संस्थाओं से भाग गए बालकों का अभिलेख रखना;

(vii) जोखिम में रह रहे परिवारों और देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों की पहचान करना;

(viii) कठिन परिस्थतियों में रह रहे बालकों की संख्या का मूल्यांकन करना और कठिन परिस्थतियों में रह रहे बालकों की प्रवृत्ति और स्वरूप को मॉनीटर करने के लिए जिला–विशिष्ट डाटा बेस तैयार करना;

(ix) संसाधन निदेशिका तैयार करने और समय–समय पर समितियों

और बोर्डों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर बालकों से संबंधित सभी सुविधाओं का नियतकालिक और नियमित मानचित्र तैयार करना;

(x) बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय के आदेशों के अनुसार प्रयोजन, पालन–पोषण देखरेख और पश्चावर्ती देखरेख सहित गैर संस्थागत कार्यक्रमों का कार्यान्वयन सुकर बनाना ;

(xi) बालकों के परिवार में उनके वापस भेजे जाने के सभी स्तरों पर बालकों का स्थानांतरण सुकर बनाना;

(xii) अंतर–विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना और राज्य सरकार के संबंधित विभागों और राज्य की राज्य बाल संरक्षण सोसायटी और राज्य की अन्य जिला बाल संरक्षण इकाइयों से संपर्क बनाना;

(xiii) अधिनियम के अधीन, बाल संरक्षण एवं न्याय तक पहुंच हेतु कार्य कर रहे, नागरिक समाज के संगठनों के साथ नेटवर्क बनाना और समन्वय करना;

(xiv) बाल देखरेख संस्थाओं में और अन्य संस्थागत देखरेख के अधीन मृत्यु या आत्महत्या के मामलों की जांच करना, रिपोर्ट मंगाना और कार्रवाई करना और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(xv) बाल सुझाव पेटिका में मिली बालकों की शिकायतों और उनके सुझावों की जांच करना और उपयुक्त कार्रवाई करना;

(xvi) बाल देखरेख संस्थाओं की प्रबंधन समितियों में प्रतिनिधि होना;

(xvii) संस्थागत देखरेख में गुमशुदा बालकों के जिला स्तरीय डाटा वेस का रखरखाव करना और उसे नामनिर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड करना और मुक्त आश्रयों की सुविधा ले रहे बालकों

और पालन–पोषण देखरेख में रखे गए बालकों के जिला स्तरीय डाटा बेस का रखरखाव करना;

(xviii) जिला स्तर पर बाल देखरेख संस्थाओं, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, मुक्त आश्रयों, उपयुक्त व्यक्तियों और उचित सुविधाओं, पंजीकृत पोषक माता–पिता, पश्चातवर्ती देखरेख संगठनों और संस्थाओं आदि के डाटा बेस का रखरखाव करना और उसे बोर्डों या समितियों या बालक न्यायालयों, जैसा भी मामला हो, और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को अग्रेषित करना;

(xix) जिला स्तर पर चिकित्सा और परामर्श केंद्रों, नशा–मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों, मुक्त विद्यालयों, शिक्षा सुविधाओं, प्रशिक्षुता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और केंद्रों, प्रदर्शन कला, ललित कला जैसी मनोरंजन सुविधाओं और विशेष जरूरतों वाले बालकों के लिए सुविधाओं और ऐसी अन्य सुविधाओं के डाटा बेस का रखरखाव करना और उसे बोर्डों या समितियों या बालक न्यायालयों और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को अग्रेषित करना;

(xx) जिला स्तर पर विशेष शिक्षकों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, अनुवादक, दुभाषिया, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिकों या मनःसामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य विशेषज्ञों, जिन्हें कठिन परिस्थितियों में रह रहे बालकों के साथ कार्य करने का अनुभव है, सुविधाओं के डाटा बेस का रखरखाव करना और उसे बोर्डों या समितियों या बालक न्यायालयों और राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को अग्रेषित करना;

(xxi) जागरूकता विकसित करना और अधिनियम के अधीन पक्षकारों के प्रशिक्षण और उनकी क्षमता निर्माण सहित अधिनियम के

कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन करना;

(xxii) अधिनियम की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए जिला स्तर पर सभी पक्षकारों की तिमाही बैठकें आयोजित करना:

(xxiii) राज्य बाल संरक्षण सोसायटी को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(xxiv) बोर्ड या समिति में रिक्त पदों के बारे में, ऐसे पद रिक्त होने से छह माह पूर्व, राज्य सरकार को सूचित करना;

(xxv) जिला निरीक्षण समितियों की रिपोर्टों की समीक्षा करना और पक्षकारों के बीच समन्वय करके उठाए गए मुद्दों को हल करना ;

(xxvi) समितियों और बोर्डों को सचिवालयी कर्मचारी प्रदान करना ;

(xxvii) बाल देखरेख संस्थाओं के कार्यकरण में सुधार के लिए समुदाय और कॉर्पोरेट्स के साथ संपर्क सहित अधिनियम के दक्षतापूर्ण कार्यान्वयन के लिए सभी अन्य आवश्यक कार्य।

(xxviii) जिला बाल संरक्षण इकाई धारा 74 के उल्लंघन के प्रति सतर्क रहेगी और क्षेत्राधिकार वाली समिति या बोर्ड या न्यायालय, जैसा भी मामला हो, को रिपोर्ट करेगी।

(2) जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिले में अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी होगा।

91. विशेष किशोर पुलिस इकाई :–

(1) राज्य सरकार बालकों से संबंधित पुलिस के सभी कृत्यों का समन्वय करने के लिए प्रत्येक जिला और शहर में विशेष किशोर पुलिस इकाई गठित करेगी।

(2) एक अधिकारी जो उप पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे का न हो, जिला या शहर स्तर की विशेष किशोर पुलिस इकाई का प्रमुख होगा और दो

वेतनभोगी सामाजिक कार्यकर्ता होंगे जिनके पास बाल कल्याण या संरक्षण के क्षेत्र में काम करने का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव होगा, जिनमें से एक महिला होगी, प्रत्येक जिले या शहर में विशेष किशोर पुलिस इकाई में नियुक्त किए जाएँगे।

(3) जिले या शहर के प्रत्येक पुलिस थाने में कम से कम दो पुलिस अधिकारी, जो सहायक उप–निरीक्षक के पद से नीचे के न हों, अनन्य रूप से बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के रूप में नामित किए जाएंगे।

(4) राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों के लिए राजकीय रेलवे पुलिस की एक विशेष किशोर पुलिस इकाई होगी जो रेलवे चाइल्ड लाइन के सहयोग से कार्य करेगी।

(5) प्रत्येक शासकीय रेलवे पुलिस स्टेशन पर, शासकीय रेलवे पुलिस का कम से कम एक पुलिस अधिकारी, जो सहायक उप–निरीक्षक के पद से नीचे का न हो, अनन्य रूप से बच्चों से संबंधित मामलों से निपटने के लिए बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा। शासकीय रेलवे पुलिस के ऐसे विशिष्ट बाल कल्याण पुलिस अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर, शासकीय रेलवे पुलिस स्टेशन के साथ–साथ रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

(6) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या जिला स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई के अन्य पुलिस अधिकारियों के रूप में केवल उन्हीं पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाना चाहिए जिनमें बच्चों से संबंधित मामलों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल, संवेदनशीलता और व्यक्तित्व हो। ऐसे अधिकारियों को नियमित अंतराल पर बालकों से संबंधित कानूनों पर उचित प्रशिक्षण दिया जाएगा और बालकों से व्यवहार करने के लिए उन्मुखीकरण किया जाएगा।

(7) अनन्य बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के रूप में नामित पुलिस अधिकारियों को कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिए तैनात किया जाएगा, जब तक कि उन्हें इस अवधि से पहले पदोन्नत न किया जाए। स्थानान्तरण की स्थिति में ऐसे अधिकारियों को बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के पद पर ही अन्य पुलिस थानों में स्थानान्तरित किया जायेगा अथवा जिला स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई में पदस्थापित किया जा सकेगा।

(8) बच्चों के साथ बातचीत करने वाला पुलिस अधिकारी, जहां तक संभव हो, सादे कपड़ों में होगा, न कि वर्दी में और बालिका और ट्रांसजेंडर

बालक के साथ पेश आने के लिए महिला पुलिस कर्मियों को लगाया जाएगा।

(9) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या कोई अन्य पुलिस अधिकारी विनम्र और नरम तरीके से बात करेगा और बालक की गरिमा और उसका आत्मसम्मान बनाए रखेगा।

(10) जहाँ बच्चे को असुविधा पहुँचाने वाले प्रश्न पूछे जाने हैं, वहाँ ऐसे प्रश्न चतुराई से पूछे जाने चाहिए।

(11) जब किसी बालक के विरुद्ध अपराध के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है, प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति शिकायतकर्ता और पीड़ित बालक को सौंपी जाएगी और अन्वेषण पूरा होने के बाद, अन्वेषण की रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ों की एक प्रति शिकायतकर्ता या उसकी ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत किसी व्यक्ति या पीड़ित बालक को सौंपी जाएगी।

(12) किसी भी अभियुक्त या संभावित अभियुक्त को बालक के संपर्क में नहीं आने दिया जाएगा और जहां पीड़ित और कानून का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति दोनों ही बालक हैं, उन्हें एक दूसरे के संपर्क में नहीं लाया जाएगा।

(13) प्रत्येक जिला एवं शहर स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई के पास निम्नलिखित की सूची होगीः

(i) इसके विधिवत क्षेत्राधिकार में बोर्ड, बालक न्यायालय और बाल कल्याण समिति, बैठक के उनके स्थान, बैठक के घंटे, बोर्ड के मुख्य मजिस्ट्रेट और सदस्यों के नाम और संपर्क ब्यौरों, समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के नाम और संपर्क ब्यौरों;

(ii) इसके विधिवत क्षेत्राधिकार में जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों के संपर्क ब्यौरे और बाल देखरेख संस्थाओं पते और संपर्क ब्यौरे;

(iii) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चाइल्ड लाइन सहित रेलवे चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग और बालकों से संबंधित अन्य संस्थानों और विभागों के पते और संपर्क विवरण;

(iv) विशेष किशोर पुलिस इकाई के जिले या शहर या अधिकार क्षेत्र के भीतर, शासकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल पुलिस स्टेशनों में तैनात, सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के नाम और संपर्क विवरण।

(14) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी का नाम और संपर्क विवरण थाने में एक सहजदृश्य स्थान पर लगाया जाएगा और जिले के सभी पुलिस थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों और जिला स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारियों के नाम और संपर्क विवरण की सूची, विशेष किशोर पुलिस इकाई के राज्य नोडल प्रमुख द्वारा प्रत्येक तीन माह में मध्यप्रदेश राज्य में सभी बाल देखभाल संस्थानों, समितियों, बोर्डों और बालक न्यायालयों को प्रदत्त की जाएगी।

(15) जिला या शहर स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई शासकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल पुलिस थानों सहित पुलिस थानों में तैनात सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चाइल्ड लाइन सेवाओं, संबंधित बाल संरक्षण इकाई, बोर्ड, बालक न्यायालय और समितियों के साथ अपने अधिकार क्षेत्र में बच्चों के कल्याण से संबंधित मामलों में निकट समन्वय में काम करेगी।

(16) जिला स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ समन्वय करेगी ताकि जिले के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात पैरा–लीगल स्वयंसेवक सुचारू रूप कार्य कर सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि बालक पुलिस थाने से ही कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

(17) जिला या शहर स्तर की विशेष किशोर पुलिस इकाई में भौतिक आधारभूत संरचना का प्रावधान निम्नानुसार होगा :

(i) कम से कम 3 पोर्टा केबिन के साथ जिला या शहर स्तर की विशेष किशोर पुलिस इकाई का कार्यालय – 1

(ii) बैठक कक्ष – 1

(iii) मनोरंजन सुविधा और सहूलियतों के साथ बालकों हेतु अनुकूल स्थल– 1

(iv) निःशुल्क कानूनी सेवा कक्ष – 1

(v) परामर्श और मार्गदर्शन इकाई – 1

(vi) बालकों और उनके माता–पिता/अभिभावकों के लिए प्रतीक्षालय – 1

(vii) शौचालय – 2

(viii) पेयजल सुविधा –1

(ix) रिकॉर्ड रूम –1

(18) राज्य सरकार प्रत्येक जिला या शहर स्तर की विशेष किशोर पुलिस इकाई के लिए निम्नलिखित साजो–सामान और सूचना प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं के लिए प्रावधान करेगी :

(i) वाहन

(ii) यूपीएस और प्रिंटर सहित कंप्यूटर सेट

(iii) स्कैनर के साथ फोटोकॉपी

(iv) इंटरनेट ब्रॉडबैंड कनेक्शन के साथ टेलीफोन

(v) फैक्स मशीन

(vi) फर्नीचर अर्थात आवश्यकतानुसार कुर्सी, मेज, फाइल कैबिनेट आदि

(19) जिला या शहर स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई में उपलब्ध कराए गए कर्मचारी निम्नानुसार होंगे :

(i) कंप्यूटर–सह–डाटा एंट्री ऑपरेटर – 1

(ii) मल्टीटास्किंग स्टाफ – 1

(iii) ड्राइवर – 1

(iv) चपरासी – 2

(v) लेखाकार–सह–प्रशासनिक कर्मचारी – 1

(vi) हेड कांस्टेबल – 2, अधिमानतः एक महिला

(vii) असिस्टेंट सब–इंस्पेक्टर – 2

(viii) सब–इंस्पेक्टर– 1

(20) पुलिस थाने का प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि प्रमुख बाल संबंधित अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों की हिंदी और अंग्रेजी प्रतियां पुलिस थाने में पुलिस अधिकारियों के आसान संदर्भ और उपयोग के लिए पुलिस स्टेशन में उपलब्ध हैं और यह भी सुनिश्चित करेगा कि थाने के नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, परिवीक्षा अधिकारी, पैरा–लीगल स्वयंसेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पुलिस थानों, बोर्ड, समिति और बालक न्यायालय के लिए पैनल में नामित कानूनी सहायता वकीलों, प्रधान मजिस्ट्रेट और बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों, समिति के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों, बालक न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई के राज्य स्तरीय नोडल प्रमुख, जिला या शहर स्तर की विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रमुख और इसके दो सामाजिक कार्यकर्ता और चाइल्डलाइन के नाम और संपर्क विवरण थाने में सहजदृश्य जगह पर प्रदर्शित किए गए हैं और यह भी सुनिश्चित करेगा कि यह अद्यतन रहता है।

(21) पुलिस से एक राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी जो पुलिस उप महानिरीक्षक के पद से कम न हो, जिसे बच्चों से संबंधित मामलों से व्यवहार का अनुभव और रुचि हो, को राज्य द्वारा, अधिनियम और इन नियमों के तहत बालकों की देखभाल और संरक्षण के सभी मुद्दों पर पुलिस की भूमिका के समन्वय और उन्नयन के लिए नामित किया जाएगा।

(22) राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी निम्नलिखित कार्य भी करेगा :

(i) इन नियमों और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तरीय विशेष किशोर पुलिस इकाई के दो सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित पुलिस के कामकाज के लिए आवश्यक खर्चों का वार्षिक अनुमान तैयार करेगा और इस संबंध में राज्य सरकार से बात करेगा;

(ii) पुलिस अधिकारियों द्वारा अधिनियम और इन नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन और गैर–अनुपालन को संबोधित करने के लिए उचित उपाय करना;

(iii) इन नियमों के नियम 99 के तहत दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करना;

(iv) अधिनियम की धारा 74(2) को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासनिक उपाय करना;

(v) यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था स्थापित करना कि पुलिस अधिकारियों द्वारा अधिनियम और इन नियमों में निर्धारित समय के भीतर अंतिम रिपोर्ट दर्ज की जाती है;

(vi) सुनिश्चित करना कि सभी पुलिस स्टेशनों में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी नामित हैं और उन्हें केवल बालकों के लिए काम करने की अनुमति है और उन्हें कोई अतिरिक्त काम नहीं सौंपा जाता है;

(vii) बालकों से संबंधित मामलों से निपटने में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों और अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए कानूनी मार्गदर्शन की एक प्रणाली विकसित करना;

(viii) मध्यप्रदेश राज्य में पुलिस द्वारा अधिनियम और इन नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जिले के सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करना और पुलिस अधिकारियों द्वारा पालन किए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करना;

(ix) मध्यप्रदेश राज्य में पुलिस के कामकाज पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए गैर–सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों, बाल अधिकार कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और बाल अधिकार पेशेवरों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित करना और ऐसी समीक्षा बैठकों में उठाई गई चिंताओं को दूर करने के उपाय करना ;

(x) मध्यप्रदेश राज्य में बालकों के साथ पुलिस के कामकाज से संबंधित चिंता के विभिन्न मुद्दों के बारे में पुलिस विभाग में उच्च अधिकारियों को अवगत कराना और बालकों के हित में ऐसी चिंताओं को दूर करने के लिए उपाय सुझाना;

(xi) सुनिश्चित करना कि मध्यप्रदेश राज्य के सभी पुलिस स्टेशनों को पुलिस से संबंधित कानूनों और अदालती फैसलों और बालकों के साथ उनके व्यवहार के बारे में सूचित और अद्यतन रखा जाता है;

(xii) अधिनियम और इन नियमों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कोई अन्य कार्य करना।

(23) विशेष किशोर पुलिस इकाई के राज्य स्तर के नोडल अधिकारी को राज्य स्तर के नोडल अधिकारी के रूप में अपने कार्यों के निर्वहन में सहायता करने के लिए पुलिस या अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर या विश्वसनीय गैर–सरकारी संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों से सहायकों के एक पूल को प्रतिनियुक्त करने की स्वतंत्रता होगी।

(24) राज्य सरकार पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाइयों को बालकों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए, निरुद्ध किए गए या उनके प्रभार में रखे गए ऐसे बालक की उनके साथ रहने की अवधि के दौरान और बालक को यात्रा लागत और आपातकालीन चिकित्सा देखभाल सहित भोजन और बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान के लिए धन उपलब्ध कराएगी।

(25) यदि थाने में नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी महिला पुलिस अधिकारी नहीं है तो, पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी, एक बालिका

या ट्रांसजेंडर बालक के मामले में एक लिखित आदेश के माध्यम से, एक महिला पुलिस अधिकारी को अस्थायी रूप से बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए नामित करेगा और यह महिला पुलिस अधिकारी ही, बोर्ड या समिति या बालक न्यायालय में बालक के मामले के निपटारे की कार्यवाही तक इस बालक से व्यवहार करेगी।

(26) केंद्र सरकार के तहत पुलिस बल, जैसे रेलवे सुरक्षा बल, केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) आदर्श नियम, 2016 के प्रावधानों द्वारा शासित होंगे।

92. चयन समिति और इसकी अवसंरचना –

(1) राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए चयन समिति का गठन करेगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे अर्थात् :

(i) संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से अध्यक्ष के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश की नियुक्ति किया जाना;

(ii) पदेन सदस्य सचिव के रूप में जिला मजिस्ट्रेट;

(iii) जिला पुलिस अधीक्षक;

(iv) नागरिक समाज का एक प्रतिनिधि, जो बाल विकास या बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम सात साल की अवधि से काम कर रहा हो, लेकिन किसी भी बाल देखभाल संस्थान को नहीं चला रहा हो या उसका प्रबंधन नहीं कर रहा हो ;

(v) शैक्षणिक संस्थान या विश्वविद्यालय से एक प्रतिनिधि, जो अधिमानतः सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून के संकाय से हो और जिनके पास बच्चों के मुद्दों पर काम करने का विशेष ज्ञान या कम से

कम सात वर्ष का अनुभव हो ;

(2) यदि चयन समिति में कोई रिक्ति होती है, तो सदस्य सचिव अधिनियम को लागू करने वाली राज्य सरकार को सूचित करेगा, जो शेष अवधि के लिए रिक्ति को जल्द से जल्द भरने के लिए कदम उठाएगी।

(3) चयन समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति चार सदस्यों से कम नहीं होगी और जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निर्णय बहुमत से लिए जाएंगे और बहुमत न होने की स्थिति में अध्यक्ष की राय मान्य होगी।

(4) चयन समिति के सदस्य सचिव ऐसे समय पर बैठक बुलाएंगे जो चयन समिति के कार्यों को सुविधाजनक बनाने और चलाने के लिए आवश्यक हो। जिला बाल संरक्षण अधिकारी चयन समिति के सदस्य सचिव को सचिवालीय सहायता प्रदान करेगा।

(5) सदस्य सचिव जिला बाल संरक्षण अधिकारी की सचिवालीय सहायता से चयन प्रक्रिया के कार्यवृत्त और चयन समिति की अन्य बैठकों का रखरखाव करेगा।

(6) चयन समिति के गैर सरकारी सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित मानदेय एवं यात्रा भत्ते का भुगतान जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जायेगा।

(7) चयन समिति के कार्यों और कर्तव्यों के निर्वहन से संबंधित सभी संचार जिला बाल संरक्षण अधिकारी को संबोधित किए जाएंगे जो इसे सदस्य सचिव के समक्ष रखेंगे, जो तदुपरांत इसे चयन समिति के समक्ष रखेंगे।

(8) चयन समिति की बैठकों के सभी कार्यवृत्त, राज्य सरकार के सम्बंधित विभाग की वेबसाइट पर रखे जाएंगे।

93. बोर्ड के सदस्यों और समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का चयन –

(1) सदस्य सचिव पदधारी द्वारा पदभार छोड़ने के छह मास पहले से रिक्त होने वाले पद को भरने की प्रक्रिया जिला बाल संरक्षण अधिकारी के सचिवालीय सहयोग से शुरू करेगाः

परंतु यदि पद, समिति के अध्यक्ष या बोर्ड या समिति के सदस्य द्वारा त्यागपत्र देने या उसकी मृत्यु होने के कारण रिक्त होता है तो चयन समिति का सदस्य सचिव ऐसे रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया तत्कल शुरू करेगा।

(2) बोर्ड के सदस्यों या समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन के लिए, राज्य सरकार, संबंधित विभाग के आयुक्त या निदेशक, जैसा भी मामला हो, के माध्यम से कम से कम दो स्थानीय और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में और अधिनियम को लागू करने वाले विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से आवेदन मांगेगी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन की तिथि से कम से कम बीस दिन होगी।

(3) सदस्य सचिव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के सचिवालीय सहयोग से, प्राप्त हुए सभी आवेदनों की संवीक्षा करेगा और उन आवेदनों को जो पात्रता की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

परन्तु चयन समिति की बैठक से पहले पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची चयन समिति के साथ साझा की जाएगी।

(4) चयन समिति, उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनकी योग्यता, बालकों के साथ काम करने के अनुभव, एक लिखित परीक्षा, राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शन मूल्यांकन, यदि उम्मीदवार पहले से ही बोर्ड या समिति में सेवा कर चुका है, और उम्मीदवार के साथ व्यक्तिगत बातचीत के आधार पर करेगी।

(5) चयन समिति द्वारा चुना गया कोई व्यक्ति :

(i) ऐसे पूर्णकालिक पद का धारक नहीं होना चाहिए, जो अधिनियम और इन नियमों के अनुसार बोर्ड या समिति के कार्य के लिए व्यक्ति को आवश्यक समय और ध्यान देने की अनुमति न देता हो;

(ii) आवेदन करते समय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी बाल

देखरेख संस्था से न जुड़े हों या कोई अन्य हितों का टकराव न हो;

(iii) आवेदन करते समय किसी भी राजनीतिक दल या किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध किसी भी संगठन में कोई पद धारण न करता हो ;

(iv) दिवालिया न हो;

(v) यथास्थिति, बोर्ड या समिति के किसी अन्य सदस्य के साथ रक्त आधारित या वैवाहिक संबंध में न हों।

(6) जहां चयन समिति को किसी उम्मीदवार के दूसरे कार्यकाल के लिए आवेदन पर विचार करने की आवश्यकता है, वह निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर आवेदन का मूल्यांकन करेगी, अर्थात :

(i) यथास्थिति, जिला मजिस्ट्रेट या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार उम्मीदवार का प्रदर्शन मूल्यांकन, जिसकी प्रतियां चयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को सदस्य सचिव द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

(ii) दूसरे कार्यकाल की मांग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ या धारा 4 की उप–धारा (7) के तहत बोर्ड से व्यक्ति की सेवा–समाप्ति या धारा 27 की उप–धारा (7) के तहत समिति से व्यक्ति की सेवा–समाप्ति हेतु चयन समिति द्वारा प्राप्त और संबोधित, की गई शिकायतें यदि कोई हों; और

(iii) आवेदकों के साथ बातचीत।

(7) चयन समिति बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों या समिति के अध्यक्ष या सदस्यों के रूप में नियुक्ति के लिए, जैसा भी मामला हो, मूल्यांकन प्रक्रिया और मानदंडों के आधार पर योग्यता क्रम में नामों का एक पैनल का चयन और सिफारिश राज्य सरकार को करेगी।

(8) नामों के पैनल की सिफारिश करते समय चयन समिति, समिति के

अध्यक्ष, समिति के सदस्यों और बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों के पदों के लिए अलग–अलग पैनल तैयार करेगी।

(9) चयन समिति, प्रत्येक पद के लिए एक तीन सदस्यों का पैनल तैयार करेगी, जो तीन साल की अवधि के लिए वैध होगा, जिसे नियुक्ति की तारीख से एक निर्धारित अवधि के भीतर चयनित व्यक्तियों की गैर–रिपोर्टिंग या अन्यथा के कारण, ऐसी अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए वैध माना जाएगा ।

(10) अंतिम नामों की सूची चयन के समय उपस्थित चयन समिति के सभी सदस्यों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित की जाएगी और चयन समिति के सदस्य सचिव चयनित उम्मीदवारों की सूची प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर, यथास्थिति, बोर्ड या समिति के लिए चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अंतिम सूची राज्य सरकार को अग्रेषित करेंगे।

(11) यदि बोर्ड या समिति में कोई रिक्ति होती है, तो जिला बाल संरक्षण इकाई, बिना किसी देरी के, यथास्थिति, पैनल से या चयन के लिए नए विज्ञापनों के माध्यम से ऐसी रिक्ति को भरने के लिए राज्य सरकार को सूचित करेगी ।

(12) राज्य सरकार जिला बाल संरक्षण इकाई से ऐसी सूचना प्राप्त होने के तीस दिनों की अवधि के भीतर चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल के आधार पर रिक्तियों को भरेगी।

(13) यदि बोर्ड के किसी सदस्य या समिति के अध्यक्ष या सदस्य के खिलाफ कोई शिकायत की जाती है, तो जिला मजिस्ट्रेट राज्य सरकार के निर्देश के आधार पर और राज्य सरकार द्वारा जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद आवश्यक जांच करेगा :

परन्तु बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट के खिलाफ शिकायत, यदि कोई हो, विचार के लिए उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को अग्रेषित की जाएगी।

(14) जिला मजिस्ट्रेट राज्य सरकार के निर्देशानुसार एक महीने की अवधि के भीतर जांच पूरी करेंगे और दो महीने के भीतर उचित कार्रवाई करेंगे।

(15) यदि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज किया जाता है, तो राज्य सरकार नियुक्ति को उचित जांच के बाद एक कार्यकाल के लिए, जैसा उचित हो, निलंबित कर सकती है।

(16) यदि चयन समिति के संज्ञान में यह लाया जाता है कि इस प्रकार नियुक्त बोर्ड या समिति के किसी सदस्य ने चयन प्रक्रिया के समय अपनी शैक्षणिक योग्यता या अनुभव को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है,

तो राज्य सरकार चयन समिति द्वारा की गई उचित जांच के बाद और इस तरह के तथ्य की स्थापना पर, ऐसे सदस्य की नियुक्ति को शून्य घोषित करेगा और ऐसे सदस्य पर गलत बयानी और धोखाधड़ी के लिए उचित कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए आगामी कारवाई करेगी और ऐसे सदस्य से भुगतान किए गए मानदेय, यदि कोई हो, को उचित ब्याज के साथ वसूल करेगी।

(17) राज्य सरकार आवेदन और चयन के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित और उपयोग कर सकती है और सभी चयन एक खुले विज्ञापन के बाद और पारदर्शी प्रक्रियाओं के माध्यम से किए जाएंगे।

94. बालकों से व्यवहार करने वाले कार्मिकों का प्रशिक्षण –

(1) राज्य सरकार इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किए गए और कर्मचारीवृंद के प्रत्येक प्रवर्ग के कार्मिकों को उनके कानूनी उत्तरदायित्वों और विनिर्दिष्टित कार्य अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण देगी।

(2) प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित सम्मिलित होगा :

(i) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों की प्रस्तावना;

(ii) बाल कल्याण, देखरेख, संरक्षण और बाल अधिकार पर अभिविन्यास;

(iii) नए भर्ती किए गए कार्मिकों को प्रतिस्थापना प्रशिक्षण;

(iv) पुनश्चर्या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और कौशल उन्नयन कार्यक्रम, प्रलेखीकरण और अच्छी पद्धतियों की साझेदारी; और

(v) सम्मेलन, संगोष्ठियां और कार्यशालाएं।

(3) कार्मिकों की निम्नलिखित श्रेणियों को कम से कम पंद्रह दिन का प्रशिक्षण लेना होगा अर्थात् –

क्र. सं.	कार्मिक
1.	बालक न्यायालयों के न्यायाधीशों और किशोर न्याय बोर्डों के प्रधान मजिस्ट्रेट
2.	किशोर न्याय बोर्डों के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य
3.	बाल कल्याण समितियों के अध्यक्ष और सदस्य
4.	बाल कल्याण पुलिस अधिकारी और विशेष किशोर पुलिस इकाइयों के अन्य पुलिस अधिकारी
5.	राज्य बाल संरक्षण सोसायटियों और राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों के कार्यक्रम प्रबंधक और कार्यक्रम अधिकारी
6.	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों के कर्मचारी
7.	जिला बाल संरक्षण इकाइयों के विधि–सह–परिवीक्षा अधिकारी और बाल देखरेख संस्थाओं के परीवीक्षा अधिकारी और बाल कल्याण अधिकारी
8.	जिला बाल संरक्षण इकाइयों और राज्य बाल संरक्षण सोसायटियों के कर्मचारी
9	बाल देखरेख संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी (मुक्त आश्रयों सहित)

(4) राज्य सरकार अन्य कार्मिकों को जैसे कि सामाजिक कार्यकर्ताओं, केस वर्करों, पुनर्वास सह स्थापन अधिकारियों, देखरेवकर्ताओं, बाल देखरेख सस्थाओं के गृह माताओं और गृह पिताओं, बाल देखरेख सस्थाओं के सुरक्षा कर्मियों और अन्य कर्मचारियों, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं, सेतु पाठ्यक्रम के शिक्षकों, पहुंच कार्यकर्ताओं और सामुदायिक स्वयंसेवकों, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों के सामाजिक कार्यकर्ताओं, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों के निदेशकों या प्रभारियों, अधिनियम के अधीन बाल देखरेख संस्थाओं को चलाने के लिए पंजीकृत संगठनों के मुख्य कार्यकर्ताओं, मानसिक–स्वास्थ्य चिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों, मनोरोग–सामाजिक कार्यकर्ताओं, विधिक सेवा के अधिवक्ताओं, बालक न्यायालय और बोर्डों के स्टाफ, सुरक्षाकर्मियों, अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन गठित विभिन्न

समितियों और सोसायटियों के सदस्यों को भी प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

(5) राज्य सरकार, राज्य या जिला स्तर पर पक्षकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते समय, यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य बाल संरक्षण सोसायटी द्वारा विकसित किए जाने वाले प्रशिक्षण मॉड्यूल और प्रशिक्षण मैनुअल देश भर में प्रशिक्षण प्रक्रिया में एकरूपता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान या अपेक्षित विशेषज्ञता वाली संस्थाओं के परामर्श से तैयार किए जाएं।

(6) मध्यप्रदेश न्यायिक अकादमी, बालक न्यायालय के न्यायधीशों, बोर्डों के प्रधान मजिस्ट्रेटों व सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों, समिति के अध्यक्षों तथा अन्य सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए बाल मनोविज्ञान, बाल अनुकूल प्रक्रियाओं के उपयोग और बाल अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने, बालकों की देखरेख, उनके सरंक्षण और पुनर्वास पर प्रशिक्षण मॉड्यूल और प्रशिक्षण मैनुअल तैयार कर सकती है और राज्य स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सकती है।

(7) मध्यप्रदेश राज्य पुलिस अकादमी पुलिस और बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों और विशेष किशोर पुलिस इकाइयों के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के परामर्श से प्रशिक्षण मॉड्यूल और मैनुअल विकसित कर सकती है, जिसमें बाल मनोविज्ञान, निवारक रणनीतियाँ, बाल मित्रवत उपयोग, जांच और पुलिस प्रक्रिया और बालकों के अनुकूल वातावरण, बालकों की देखभाल, सुरक्षा और पुनर्वास सुनिश्चित करना शामिल हों, और राज्य स्तर पर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

(8) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, या तो राज्य स्तर पर या जिला स्तर पर अपने जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से, नियमित आधार पर विधिक सेवा अधिवक्ताओं और अर्ध–विधिक स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और पुनश्चर्या कार्यक्रम आयोजित करेगा।

(9) मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण समिति अपेक्षित विशेषज्ञता वाली संस्थाओं के परामर्श से एकीकृत बाल संरक्षण योजनान्तर्गत अपने अधिकारियों, परिवीक्षा अधिकारियों, जिला बाल संरक्षण अधिकारियों, संस्थागत और गैर–संस्थागत देखभाल के लिए उत्तरदायी संरक्षण अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जिला बाल संरक्षण इकाइयों से जुड़े अन्य संबंधित कर्मचारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

(10) मध्यप्रदेश राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण अपने कर्मचारियों, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों और बाल देखरेख संस्थाओं को केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा विकसित मॉड्यूल और मैनुअल के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान करेगी और नियमित रूप से आम जनता के लिए दत्तक ग्रहण पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगी।

95. लंबित मामले –

(1) किसी भी बालक को इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के लाभ से वंचित नहीं रखा जाएगा।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट लाभ ऐसे सभी व्यक्तियों को उपलब्ध होंगे जो अपराध घटित होने के समय बालक थे, यद्यपि वे जांच या विचारण लंबित होने के दौरान बालक नहीं रहे हैं।

(3) विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के निरोध या आवास या सजा की अवधि की संगणना करते समय, ऐसी सभी अवधियों की, जो बालक अभिरक्षा, निरोध, आवास या कारावास की सजा में पहले ही बिता चुका है, न्यायालय या बोर्ड के अंतिम आदेश में समाविष्ट की गई आवास या निरोध या कारावास की सजा की अवधि के रूप में गणना की जाएगी।

96. मध्यप्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा निगरानी –

बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 (2006 का 4) और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत और इन नियमों के तहत बनाए गए विभिन्न प्रावधानों के अधीन विनिर्दिष्ट कार्यों के अलावा, मध्य प्रदेश राज्य

बाल अधिकार संरक्षण आयोग राज्य सरकार के परामर्श से निम्नलिखित कार्य करता है, अर्थात :

आवश्यक मानव संसाधनों के साथ एक किशोर न्याय निगरानी प्रभाग की स्थापना करें। ऐसा किशोर न्याय निगरानी प्रभाग निम्नलिखित कार्य करेगा :

(1)

(i) अधिनियम के तहत बनाई गई संस्थाओं की स्थापना और कामकाज की समीक्षा;

(ii) बाल अधिकारों और जेंडर संवेदनशीलता पर सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री विकसित करना;

(iii) बालकों के सुधार और पुनर्वास के लिए प्रोटोकॉल विकसित करना;

(iv) बच्चों के खिलाफ अपराधों जैसे कि, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, तस्करी, बाल यौन शोषण और बाल विवाह सहित शोषण और बच्चों के खिलाफ हिंसा के अन्य पहलुओं की पहचान और रिपोर्टिंग के बारे में जागरूकता पैदा करना;

(v) बालकों के खिलाफ अपराधों पर पंचायती राज संस्थाओं और नगर निगमों के लिए संवेदीकरण कार्यशालाएं आयोजित करना, जिसमें उनके उन्नत संरक्षण के लिए अपराधों की पहचान और रिपोर्टिंग शामिल है।

(2) आयोग प्रत्येक जिले से, बाल संरक्षण के मुद्दों पर काम कर रहे गैर–सरकारी संगठनों को संबंधित जिले में अधिनियम के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं पर आयोग को तिमाही आधार पर इनपुट देने के लिए, सूचीबद्ध कर सकता है।

(3) आयोग एक शिकायत पंजीकरण और निवारण तंत्र विकसित करेगा और अधिनियम और इन नियमों के उल्लंघन के संबंध में की गई किसी भी

शिकायत की जांच, बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन निर्धारित तरीके से कर सकता है और राज्य सरकार या राज्य सरकार के किसी विशिष्ट विभाग को किए जाने वाले उपचारात्मक उपायों या कार्रवाई की सिफारिश कर सकता है।

(4) आयोग मध्यप्रदेश राज्य में अधिनियम और इन नियमों के कार्यान्वयन में सुधार के लिए वार्षिक आधार पर सिफारिशें जारी करेगा और ऐसे मुद्दों को हल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपायों का सुझाव देगा।

(5) राज्य सरकार आयोग से ऐसी अनुशंसा प्राप्त होने के तीन माह के भीतर की गई कार्रवाई और की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई का विवरण देते हुए एक कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को दाखिल करेगी।

(6) आयोग समय–समय पर विज्ञापन और सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से बालकों, माता–पिता और आम जनता में अपने कार्यों और शक्तियों के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और जानकारी प्रदान करेगा और इस उद्देश्य के लिए कार्यशालाओं या जनसुनवाई जैसे विशेष कार्यक्रम भी आयोजित कर सकता है।

97. गुमशुदा बालक के बारे में जांच -

